Rights to Publ
श्रीमन्त सठ -लक्ष्मीचंद्र जैन सा[illegible]द्धारक

सिद्धान्त ग्रंथमालासे प्रकाशनाधिकार प्राप्त

जीवराज जैन ग्रंथमाला

(धवला-पुष्प १६)

श्री भगवत्-पुष्पदन्त-भूतबलिप्रणीतः

षट्खंडागमः

वीरसेनाचार्य-विरचित-धवलाटीका-समन्वितः

तस्य पंचमखंडे वर्गणानामधेये

सत्कर्मान्तर्गतशेष-अष्टादश अनुयोगद्वारेषु

हिन्दी भाषानुवाद-तुलनात्मक टिप्पण-प्रस्तावनानेकपरिशिष्टैः सम्पादितानि

मोक्षादि-चतुर्दशानुयोगद्वाराणि

खंड-५ पुस्तक-१६

- ग्रंथसंपादकः -

स्व. डॉ. हीरालाल जैनः

- सहसंपादकौ -

पं. फूलचन्द्र सिद्धान्त शास्त्री स्व. पं. बालचन्द्र सिद्धान्त शास्त्री

- प्रकाशकः -

जैन संस्कृति संरक्षक संघ, सोलापुर.

निर्वाण संवत् २५२१ इ. सन् १९९५

विषय-सूची

	पृष्ठ
१ प्रस्तावना	
१ संपादकीय	१–२
२ विषय–परिचय	३–१४
३ विषय–सूची	१५–१८
२ मूल अनुवाद और टिप्पण	**३३७–५९३**
१ मोक्ष–अनुयोगद्वार	३३७–३३८
२ संक्रम–अनुयोगद्वार	३३९–४८३
३ लेश्या–अनुयोगद्वार	४८४–४८९
४ लेश्याकर्म–अनुयोगद्वार	४९०–४९२
५ लेश्यापरिणाम–अनुयोगद्वार	४९३–४९७
६ सातासात–अनुयोगद्वार	४९८–५०६
७ दीर्घ-ह्रस्व–अनुयोगद्वार	५०७–५११
८ भवधारणीय–अनुयोगद्वार	५१२–५१३
९ पुद्गलात्त–अनुयोगद्वार	५१४–५१५
१० निधत्त-अनिधत्त–अनुयोगद्वार	५१६
११ निकाचित-अनिकाचित–अनुयोगद्वार	५१७
१२ कर्मस्थिति–अनुयोगद्वार	५१८
१३ पश्चिमस्कन्ध–अनुयोगद्वार	५१९–५२१
१४ अल्पबहुत्व–अनुयोगद्वार	५२२–५९३
३ परिशिष्ट	**१–५४**
१ धवलाकार–प्रशस्तिः	१
२ पुस्तकप्रदातृ–प्रशस्तिः	१–३
३ अवतरणगाथा–सूची	४
४ ग्रंथोल्लेख	४–५
५ ग्रंथकारोल्लेख	५–६
६ परंपरागतउपदेश	६
७ उपदेश भेद	६–७
८ पारिभाषिक शब्दसूची	७–१०
९ षट्खंडागमसूत्र व धवलाटीकाके सोलहों भागोंकी सम्मिलित पारिभाषिक शब्दसूची	११–५४

❀ ❀ ❀

सम्पादकीय

मुझे आज बडी प्रसन्नता है कि जिस षट्खंडागम और उसकी टीका धवलाका सम्पादन प्रकाशन कार्य आजसे बीस वर्ष पूर्व सन् १९३८ में प्रारंभ हुआ था, वह आज प्रस्तुत भागके साथ संपूर्णताको प्राप्त हो रहा है। किन्तु ज्ञानकी दृष्टिसे यह कार्य केवल हमारे कर्तव्यकी प्रथम सीढी मात्र है। इस प्रकाशनके द्वारा इस महान् शास्त्रीय रचनाका मूल पाठ, उसका मूलानुगामी अनुवाद, यत्र तत्र विशेष स्पष्टीकरण व तुलनात्मक टिप्पण तथा कुछ ऐतिहासिक विवेचन व पारिभाषिक शब्दोंकी सूचियाँ मात्र प्रस्तुत की जा सकी हैं। हमारे विचारके अनुसार अभी इसके सम्बन्धमें विशेष रूपसे निम्न कार्य अवशिष्ट है:-

१-इसके मूल पाठका एक बार सावधानीसे मूडबिद्रीकी तीन उपलब्ध ताड़पत्रीय प्रतियोंसे मिलान व पाठभेदोंका अंकन। इस कार्यके लिये उक्त प्रतियोंके फोटोका भी उपयोग किया जा सकता है।

२-इसके विषयका समस्त जैन कर्मसिद्धान्तसम्बन्धी दिगम्बर और श्वेताम्बर तथा वैदिक व बौद्ध साहित्यके साथ तुलनात्मक अध्ययन व पाश्चात्यदर्शन प्रणालीसे उसका विवेचन।

३-सूत्रों और टीकाका प्राकृत भाषासम्बन्धी अध्ययन।

मुझे आशा है कि वर्तमान युगकी बढ़ती हुई ज्ञानपिपासा तथा विशेष अध्ययनकी ओर अभिरुचि व प्रोत्साहन को देखते हुए उक्त प्रवृत्तियोंको हाथ लगानेमें विलंब न होगा।

यद्यपि प्रत्येक भागके साथ भूमिकामें ग्रन्थसम्बन्धी ऐतिहासिक विवरण व विषय परिचय दिया गया है एवं परिशिष्टोंमें शब्द सूचियाँ, तथापि मेरा विचार था कि प्रस्तुत अन्तिम भागमें उक्त समस्त सामग्रीका पुनरावलोकन सहित संकलन दे दिया जाय। तदनुसार पारिभाषिक शब्दसूची संकलित करके इस भागके साथ प्रस्तुत की जा रही है। प्रस्तावनात्मक सामग्रीका भी संकलन कार्य चालू किया गया था। किन्तु इसी बीच मेरा स्वास्थ्य गिरने लगा और मुझे डाक्टरोंका आदेश मिला कि कुछ कालके लिये कठोर मानसिक व शारीरिक परिश्रम त्यागकर विश्राम किया जाय, नहीं तो प्रकृति और अधिक बिगड़नेका भय है। इस कारण उस सुविस्तृत भूमिकाका विचार छोड़कर एवं इस प्रकाशनमें अधिक विलंब उचित न समझकर इस भागको प्रकाशित किया जा रहा है। यदि विधि अनुकूल रहा तो उक्त कार्य भविष्यमें कभी पूर्ण करनेका प्रयत्न किया जायगा। आवश्यक ऐतिहासिक व विषय-परिचयसंबंधी जानकारी भिन्न भिन्न भागोंमें संगृहीत है ही।

इस समय स्वभावतः मेरी स्मृति इस संपादन प्रकाशनके गत बीस वर्षके इतिहास पर जा रही है। सफल और धन्य है वह श्रीमंत सेठ सिताबराय लक्ष्मीचन्द्र जी, भेलसा, की संपत्ति जिसके थोडेसे दानसे यह महान् शास्त्रोद्धारका कार्य हो सका। वे गजरथ महोत्सव कराने जा रहे थे कि मेरे परम सुहृत् बैरिस्टर जमुनाप्रसाद जैनने इटारसी परिषद्के अधिवेशनके समय उनकी सद्बुद्धिको यह मोड़ दिया। गजरथ आज भी चलाये जा रहे हैं और उनमें अपरिमित धन व्यय किया जा रहा है। पाठक विचार कर देखें कि आज दानकी प्रवृत्ति किस दिशामें सार्थक है। पश्चात् भेलसानिवासी श्रीमान् स्वर्गीय सेठ राजमलजी व श्रीमान् तखतमल जी (वर्तमान मध्य प्रदेशी मंत्रि-मण्डलके सदस्य) ने सेठ लक्ष्मीचन्द जी की उस

सद्बुद्धिको सुदृढ़ और व्यवस्थित करके दानकी रजिस्ट्री करा दी। सम्पादन कार्यके प्रारम्भमें अमरावती निवासी श्रीमान् स्वर्गीय सेठ पन्नालालजीका साहाय्य व प्रोत्साहन कभी भूला नहीं जा सकता। उन्होंने मानो इसी कार्यके लिये अपने मन्दिरजीके शास्त्र भंडारमें इस आगमकी पूर्ण प्रतिलिपि कराकर मँगा रखी थी। उसे तुरन्त उन्होंने मेरे सुपुर्द कर दिया। उनका यह कार्य उस समय कम साहसका नहीं था, क्योंकि भ्रान्तिवश हमारी विद्वत्समाजका एक दल इन ग्रन्थोंके प्रकाशन ही नहीं किन्तु किसी गृहस्थके द्वारा इनके अध्ययनका भी कट्टर विरोधी था और उस विरोधने क्रियात्मक रूप धारण कर लिया था। सेठ पन्नालालजी व अमरावती जैन पंचायतके अनुसार कारंजा जैन आश्रम तथा सिद्धान्त भवन, आरा, के अधिकारियोंने भी हमें उनकी प्रतियोंका उपयोग करनेकी सुविधा प्रदान की। प्रकाशन सम्बन्धी कागज, छपाई आदि विषयक कठिनाइयोंके हल करनेमें पं० नाथूराम जी प्रेमीका वरद हस्त सदैव हमारे ऊपर रहा। यही नहीं, बीचमें आर्थिक कठिनाईको दूर करने मुद्रण कार्य बम्बईमें कराने व अपने घर पर इसका दफ्तर रखनेमें भी वे नहीं हिचकिचाये।

मेरे सम्पादक सहयोगियोंमें से डा० ए० एन० उपाध्ये प्रारम्भसे अभी तक मेरे साथ हैं। पं० फूलचन्द जी शास्त्रीका सहयोग भी आदिसे, बीचमें कुछ वर्षोंके विच्छेदके पश्चात्, अभी भी मुझे मिल रहा है। पं० बालचन्द्र जी शास्त्रीका भी जबसे सहयोग प्राप्त हुआ तबसे अन्त तक निरन्तर निभता गया। स्वर्गीय पं० देवकीनन्दन जी शास्त्रीका भी आदिसे उनके देहावसान होने तक मुझे पूर्ण सहयोग मिलता रहा। पं० हीरालाल जी शास्त्रीका सहयोग इस कार्यके प्रारम्भमें बहुमूल्य रहा। किन्तु खेद है वह सहयोग अन्त तक न निभ सका। मैंने इन सब व्यक्तियों और घटनाओंका केवल संकेत मात्र किया है। तत्तत् सम्बन्धी आज सैकडों प्रिय-अप्रिय एवं साधक बाधक घटनाएँ मेरे स्मृति-पटल पर नाच रही हैं। किन्तु जिसका 'अन्त भला, वह सर्वांग भला' की उक्तिके अनुसार उस समस्त इतिहासमें मुझे माधुर्य ही माधुर्यका अनुभव हो रहा है।

जिन पुरुषोंका मैं ऊपर उल्लेख कर आया हूँ उन्हें किन शब्दोंमें धन्यवाद दूं? बस यही एक भावना और प्रार्थना है कि जिन-वाणीकी सेवामें उन्होंने अपना जैसा तन, मन, धन लगाया है, वैसा ही वे आजन्म लगाते रहें जिससे उनके ज्ञानावरणीय कर्मोंका क्षय हो और वे निर्मल ज्ञान प्राप्त कर पूर्ण आत्मकल्याण करनेमें सफल हों।

१-५-१९५८

हीरालाल जैन

विषय-परिचय

कर्मप्रकृतिप्राभृतके कृति आदि २४ अनुयोगद्वारोंमें से प्रथम १० अनुयोगद्वारोंका संक्षिप्त परिचय यथास्थान कराया जा चुका है। यहाँ मोक्ष अनुयोगद्वारसे लेकर शेष १४ अनुयोगद्वारोंका परिचय कराया जाता है।

११ मोक्ष– मोक्ष अनुयोगद्वारका विचार नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव इन चार निक्षेपों द्वारा करनेकी प्रतिज्ञा करके मात्र कर्मद्रव्यमोक्षका विशेष विचार प्रकृतमें किया गया है और शेष निक्षेपोंके व्याख्यानको सुगम बतलाकर छोड़ दिया गया है। कर्मप्रकृतियाँ मूल और उत्तरके भेदसे दो प्रकारकी हैं, इसलिए कर्मद्रव्यमोक्षके दो भेद हो जाते हैं–मूलप्रकृतिकर्मद्रव्य-मोक्ष और उत्तरप्रकृतिकर्मद्रव्यमोक्ष। ये दोनों भी देशमोक्ष और सर्वमोक्षके भेदसे दो दो प्रकारके हैं। किसी मूल या उत्तर प्रकृतिके प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंकी अपेक्षा एकदेशका अभाव होना देशमोक्ष है और किसी मूल या उत्तर प्रकृतिका प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंकी अपेक्षा सर्वथा अभाव होना सर्वमोक्ष है, इसलिए देशमोक्ष और सर्वमोक्ष ये दोनों ही प्रकृतिमोक्ष, स्थितिमोक्ष, अनुभागमोक्ष और प्रदेशमोक्ष इन चार भागोंमें विभक्त हो जाते हैं। खुलासा इस प्रकार है– विवक्षित प्रकृतिकी निर्जरा होना या उसका अन्य प्रकृतिरूपसे संक्रमित होना प्रकृतिमोक्ष कहलाता है। प्रदेशमोक्षका विचार प्रकृतिमोक्षके ही समान है। किसी भी प्रकृतिकी विवक्षित स्थितिका अभाव चार प्रकारसे होता है–अपकर्षण द्वारा, उत्कर्षण द्वारा, संक्रमणद्वारा और अधःस्थितिगलन द्वारा; इसलिए इन चारोंमेंसे किसी एकके आश्रयसे विवक्षित स्थितिका अभाव होना स्थितिमोक्ष कहलाता है। स्थितिके जघन्यादि सब विकल्पोंमें स्थितिमोक्षका विचार इसी प्रकार कर लेना चाहिए। अनुभागमोक्ष भी स्थितिमोक्षके समान चार प्रकारसे होता है, इसलिए अनुभागके भी उत्कृष्टादि सब भेदोंमें उक्त प्रकारसे अनुभाग-मोक्षको घटित करके बतलाया गया है।

यहाँ यह स्पष्ट कर देना आवश्यक प्रतीत होता है कि कर्मद्रव्यमोक्ष अनुयोगद्वारमें सम्यग्दर्शन आदि गुणोंके द्वारा जीवके बन्धसे मुक्त होने मात्रका विचार न करके प्रति समय बन्धको प्राप्त होनेवाले कर्मोंकी प्रकृति आदिका अभाव किस किस प्रकारसे होता रहता है इसका भी विचार किया गया है। जीवका कर्मोंसे छूटनेका क्रम एक प्रकारका ही है। यदि सम्यग्दर्शनादि गुणोंके द्वारा कर्मसे छुटकारा मिलता है तो नवीन बन्ध न होनेसे वह सर्वथा मुक्तिका कारण होता है इतना मात्र यहाँ विशेष है। इसी अभिप्रायको ध्यानमें रखकर नोआगमद्रव्यमोक्षके मोक्ष, मोक्षकारण और मुक्त ये तीन भेद किये गये हैं। जीव और कर्मोंका वियुक्त हो जाना मोक्ष है। सम्यग्दर्शन आदि मोक्षके कारण हैं और समस्त कर्मोंसे रहित अनन्त गुण युक्त शुद्ध बुद्ध आत्मा मुक्त है। मोक्ष अनुयोगद्वारमें इसका भी विस्तारके साथ विचार किया गया है।

१२ संक्रम– संक्रमका छह प्रकारका निक्षेप करके उसके आश्रयसे इस अनुयोगद्वारमें विचार किया गया है। क्षेत्र संक्रमका निर्देश करते हुए बतलाया है कि एक क्षेत्रका क्षेत्रान्तरको प्राप्त होना क्षेत्रसंक्रम है। इस पर यह शंका की गई कि क्षेत्र निष्क्रिय होता है, इसलिए उसका अन्य क्षेत्रमें गमन कैसे हो सकता है। इसका समाधान वीरसेनस्वामीने इस प्रकार किया है कि जीव और पुद्गल सक्रिय पदार्थ हैं, इसलिए आधेयमें आधारका उपचार करनेसे क्षेत्रसंक्रम बन जाता है। कालसंक्रमका निर्देश करते हुए बतलाया है कि एक काल गत होकर नवीन कालका

प्रादुर्भाव होना कालसंक्रम है। लोकमें हेमन्त ऋतु या ग्रीष्म ऋतु संक्रान्त हुई ऐसा व्यवहार भी देखा जाता है। यहाँ विवक्षित क्षेत्र और विवक्षित कालमें स्थित द्रव्यकी क्षेत्र और काल संज्ञा रख कर भी क्षेत्रसंक्रम और कालसंक्रम घटित कर लेना चाहिए, ऐसा वीरसेनस्वामीने सूचित किया है।

इस प्रकार संक्षेपसे छह निक्षेपोंका विचार करनेके पश्चात् विवक्षित अनुयोगद्वारमें कर्म-संक्रमको प्रकृत बतलाकर उसके चार भेद किये हैं-प्रकृतिसंक्रम, स्थितिसंक्रम, अनुभागसंक्रम और प्रदेशसंक्रम। एक प्रकृतिका अन्य प्रकृतिरूपसे संक्रान्त होना यह प्रकृतिसंक्रम है। इस विषयमें विशेष नियम ये हैं। यथा-किसी भी मूलप्रकृतिका अन्य मूलप्रकृतिरूपसे संक्रमण नहीं होता। उदाहरणार्थ, ज्ञानावरणका दर्शनावरणरूपसे संक्रमण नहीं होता। इसीप्रकार अन्य मूल प्रकृतियोंके विषयमें भी जानना चाहिये। उत्तर प्रकृतियोंकी अपेक्षा जिस मूल कर्मकी जितनी उत्तर प्रकृतियाँ हैं उनमें परस्पर संक्रमण होता है। उदाहरणार्थ, ज्ञानावरणकी पाँच उत्तर प्रकृतियाँ हैं, इसलिए उनका परस्परमें संक्रमण होता है। इसी प्रकार अन्य मूल प्रकृतियोंमेंसे जिसकी जितनी उत्तर प्रकृतियाँ हों उनके परस्पर संक्रमणके विषयमें यह नियम जानना चाहिये। मात्र दर्शनमोहनीयका चारित्रमोहनीयमें और चारित्रमोहनीयका दर्शनमोहनीयमें संक्रमण नहीं होता तथा चार आयुओंका भी परस्पर संक्रमण नहीं होता इतना यहाँ विशेष जानना चाहिए।

भागहारकी दृष्टिसे संक्रमके पाँच भेद हैं-अधःप्रवृत्तसंक्रम, विध्यातसंक्रम, उद्वेलना-संक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम। इनमेंसे प्रकृतमें इन अवान्तर भेदोंकी दृष्टिसे संक्रमका विचार न करके वीरसेन स्वामीने बन्धके समय होनेवाले इस संक्रमका स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय, काल, अन्तर और अल्पबहुत्व इन अनुयोगद्वारोंका आश्रय लेकर उत्तरप्रकृतिसंक्रमका विचार किया है।

स्वामित्वका निर्देश करते हुए बतलाया है कि पाँच ज्ञानवरण, नौ दर्शनावरण, बारह कषाय और पाँच अन्तरायका अन्यतर सकषाय जीव संक्रमक होता है। असाताका बन्ध करनेवाला जीव साताका संक्रामक होता है और साताका बन्ध करनेवाला सकषाय जीव असाताका संक्रामक होता है। दर्शनमोहनीय और चारित्रमोहनीयका परस्पर संक्रम नहीं होता यह तो स्पष्ट ही है। दर्शनमोहनीयका संक्रमके विषयमें यह नियम है कि सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव दर्शनमोहनीयका संक्रामक नहीं होता। सम्यक्त्वका मिथ्यादृष्टि जीव संक्रामक होता है। मात्र सम्यक्त्वका एक आवलि प्रमाण सत्कर्म शेष रहने पर उसका संक्रम नहीं होता। मिथ्यात्वका सम्यग्दृष्टि जीव संक्रामक होता है। मात्र जिस सम्यग्दृष्टिके एक आवलिसे अधिक सत्कर्म विद्यमान है ऐसा जीव इसका संक्रामक होता है। यही नियम सम्यग्मिथ्यात्वके लिये भी लागू करना चाहिए। पर इसका संक्रामक मिथ्यादृष्टि और सम्य-ग्दृष्टि दोनों होते हैं। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका उपशम और क्षय क्रियाका अन्तिम समय प्राप्त होने तक कोई भी जीव संक्रामक होता है। पुरुषवेद और तीन संज्वलनका उपशम और क्षयका प्रथम समय प्राप्त होने तक कोई भी जीव संक्रामक होता है। संज्वलन लोभका ऐसा जीव संक्रामक होता है जिस उपशामक और क्षपकने संज्वलन लोभके अन्तरका अन्तिम समय नहीं प्राप्त किया है। तथा जो अक्षपक और अनुपशामक है वह भी इसका संक्रामक होता है। चारों आयुओंका संक्रम नहीं होता ऐसा स्वभाव है। यशःकीर्तिको छोड़कर सब नामकर्मकी प्रकृतियोंका सकषाय जीव संक्रामक होता है। मात्र जिसके एक

आवलिसे अधिक सत्कर्म विद्यमान हैं ऐसा जीव इनका संक्रामक होता है। यशःकीर्तिका संक्रामक तब तक होता है जब तक पर भवसम्बन्धी नामकर्मकी प्रकृतियोंका बन्ध करता है। उच्चगोत्रका संक्रामक नीचगोत्रका बन्ध करनेवाला अन्यतर जीव होता है। मात्र एक आवलिसे अधिक सत्कर्मके रहते हुए उच्चगोत्रका संक्रामक होता है। नीचगोत्रका संक्रामक उच्चगोत्रका बन्ध करनेवाला अन्यतर जीव होता है। इस प्रकार सब प्रकृतियोंके स्वामित्वको जान कर काल आदि अनुयोगद्वारोंका विचार कर लेना चाहिए। मूलमें इनका विचार किया ही है, इसलिए विस्तार भयसे यहाँ उनका अलग अलग निर्देश नहीं करते हैं।

इस प्रकार प्रकृतिसंक्रमका विचार कर आगे प्रकृतिस्थानसंक्रमकी सूचना करते हुए बतलाया गया है कि ज्ञानावरणीय, वेदनीय, गोत्र और अन्तरायका एक एक ही संक्रमस्थान है। दर्शनावरणके नौ प्रकृतिक और छह प्रकृतिक ये दो संक्रमस्थान हैं। मोहनीयके संक्रम-स्थानोंका विचार कषायप्राभृतमें विस्तारके साथ किया है। नामकर्मकी पिण्डप्रकृतियोंके आश्रयसे स्थानसमुत्कीर्तना करनी चाहिए। इस प्रकार अलग अलग प्रकृतियोंके संक्रमस्थान जानकर उनके आश्रयसे स्वामित्व और काल आदि सब अनुयोगद्वारोंका विचार करनेकी सूचना करके यह प्रकरण समाप्त किया गया है।

आगे स्थितिसंक्रमका निर्देश करके उसकी प्ररूपणा इस प्रकार की है। स्थितिसंक्रम दो प्रकारका है-- मूलप्रकृतिस्थितिसंक्रम और उत्तरप्रकृतिस्थितिसंक्रम। स्थितिसंक्रम तीन प्रकारसे होता है। यथा-- स्थितिका अपकर्षण होने पर स्थितिसंक्रम होता है, स्थितिका उत्कर्षण होने पर स्थितिसंक्रम होता है और स्थितिके अन्य प्रकृतिको प्राप्त कराने पर भी स्थितिसंक्रम होता है। अपकर्षण की अपेक्षा संक्षेपमें स्थितिसंक्रमका विचार इस प्रकार है-- उदयावलिके भीतरकी सब स्थितियोंका अपकर्षण नहीं होता। उदयावलिके बाहर जो एक समय अधिक उदयावलिप्रमाण स्थिति है उसका अपकर्षण होता है। अपकर्षण होकर उसका एक समय कम आवलिके दो बटे तीन भागप्रमाण स्थितिको अतिस्थापनारूपसे रखकर एक अधिक तृतीय भागमें निक्षेप होता है। इससे आगेकी स्थितियोंका अपकर्षण होने पर एक आवलिप्रमाण अतिस्थापना प्राप्त होने तक उसकी वृद्धि होती है और निक्षेप उतना ही रहता है। इससे आगे अतिस्थापना अवस्थितरूपसे एक आवलिप्रमाण ही रहती है और निक्षेप उत्तरोत्तर बढता जाता है। उत्कर्षणके विषयमें यह नियम है कि उदयावलिके भीतरकी सब स्थितियोंका उत्कर्षण नहीं होता। एक समय अधिक उदयावलिकी अन्तिम स्थितिका उत्कर्षण होता है। किन्तु उसका नहीं बँधनेवाली स्थितिमें निक्षेप न होकर बँधनेवाली जघन्य स्थितिसे लेकर ऊपरकी सब स्थितियोंमें निक्षेप होता है। यह विधि उत्कर्षणको प्राप्त होनेवाली नीचेकी स्थितियोंकी कही है। ऊपरकी स्थितियोंका उत्कर्षण किस प्रकार होता है इसका विचार करने पर यदि यह जीव सत्कर्मसे एक समय अधिक स्थितिका बन्ध करता है तो पूर्वबद्ध कर्मकी अन्तिम स्थितिका उत्कर्षण नहीं होता, क्योंकि, यहाँ पर अतिस्थापना और निक्षेपका अभाव है। पूर्वबद्ध कर्मकी द्विचरम स्थितिका भी उत्कर्षण नहीं होता, क्योंकि, यहाँ पर भी अतिस्थापना और निक्षेप सम्भव नहीं हैं। इस प्रकार पूर्वबद्ध कर्मकी एक आवलि और एक आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण स्थितिके नीचे जाने तक जितने भी स्थितिविकल्प हैं उनका उत्कर्षण सम्भव नहीं। कारण वही है। हाँ उससे नीचे एक स्थितिके जाने पर जो स्थितिविकल्प स्थित है उसका उत्कर्षण हो सकता है और वैसी अवस्थामें एक आवलिप्रमाण अतिस्थापना होती है तथा

शेष आवलिका असंख्यातवाँ भाग निक्षेप होता है। इस प्रकार संक्षेपमें उत्कर्षणका निर्देश करके आगे निक्षेप और अतिस्थापनाका अल्पबहुत्व बतलाया गया है।

आगे उत्तरप्रकृतिसंक्रमके प्रमाणानुगमका निर्देश करते हुए वह उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्यके भेदसे चार प्रकारका बतलाया है। उदाहरणार्थ मतिज्ञानावरणका उत्कृष्ट स्थिति-संक्रम दो आवलि कम तीस कोडाकोडी सागर प्रमाण होता है, क्योंकि, किसी भी प्रकृतिका बंध होने पर एक आवलि काल तक उसका संक्रमण नहीं होता, इसलिए एक आवलि तो यह कम हो जाती है। इसके बाद उदयावलिको छोडकर शेष स्थितिका अन्य बंधको प्राप्त होनेवाली प्रकृतिमें संक्रमण होता है, इसलिए एक आवलि यह कम हो जाती है। इस प्रकार उक्त दो आवलियोंको छोडकर शेष सब स्थिति संक्रमणसे प्राप्त हो सकती है, इसलिए मतिज्ञानावरणकी उत्कृष्ट संक्रम-स्थिति दो आवलि कम तीस कोडाकोडी सागरप्रमाण कही है। पर उस समय उस कर्मकी स्थिति आवलि कम तीस कोडाकोडी सागरप्रमाण होती है, इसलिए उसका यत्स्थितिसंक्रम एक आवलि कम तीस कोडाकोडी सागरप्रमाण कहा है। इस प्रकार मूलमें मात्र मतिज्ञानावरणका उदाहरण देकर शेष कर्मोंके विषयमें उत्कृष्ट स्थितिउदीरणाके समान उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमके जाननेकी सूचना की है और जिन कर्मोंमें उत्कृष्ट स्थितिउदीरणासे भेद है उनका अलगसे निर्देश कर दिया गया है सो विचार कर उसे घटित कर लेना चाहिए। स्वतन्त्ररूपसे विचार किया जाय तो उसका तात्पर्य इतना ही है कि जो बन्धसे उत्कृष्ट स्थितिवाली प्रकृतियाँ हैं उनका उत्कृष्ट स्थितिसंक्रम दो आवलिकम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण प्राप्त होता है और उत्कृष्ट यत्स्थितिसंक्रम एक आवलि कम अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण प्राप्त होता है। परन्तु जो बन्धोत्कृष्ट स्थितिवाली प्रकृतियाँ न होकर संक्रमोत्कृष्ट स्थितिवाली प्रकृतियाँ हैं उनका उत्कृष्ट स्थितिसंक्रम तीन आवलि कम उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण प्राप्त होता है और उत्कृष्ट यत्स्थितिसंक्रम दो आवलि कम उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण प्राप्त होता है। मात्र दर्शनमोहनीयकी तीन प्रकृतियोंमें तथा आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृतिमें जो विशेषता है उसे अलगसे जान लेना चाहिए। चारों आयुओंका जो उत्कृष्ट स्थितिबन्ध है वही उनका उत्कृष्ट स्थितिसंक्रम है, क्योंकि, एक आयुका अन्य आयुमें संक्रम नहीं होता। मात्र इनकी यत्स्थिति एक आवलि कम उत्कृष्ट आबाधासहित अपनी अपनी उत्कृष्ट स्थितिप्रमाण कही है। इनकी उत्कृष्ट यत्स्थिति इतनी कैसे कही है इस विषयको श्वेताम्बर कर्मप्रकृतिके टीका में स्पष्ट किया है। उसका भाव यह है कि आयुबंध होने समय बन्धावलिप्रमाण काल जानेपर आयुबन्धके प्रथम समयमें बँधे हुए कर्मका उत्कर्षण होने पर उसकी आबाधासहित उत्कृष्ट यत्स्थिति उक्त कालप्रमाण प्राप्त होती है। यह एक समाधान है। तथा 'अथवा' कहकर दूसरा समाधान इसप्रकार किया है कि बंधावलिके बाद आयुकी निर्व्या-घातरूप अपवर्तना (अपकर्षण) भी सर्वदा संभव है, इसलिए उसकी अपेक्षा पूर्वोक्त प्रमाण यत्स्थिति जान लेनी चाहिए। अभिप्राय इतना ही है कि पूर्वकोटिकी आयुवाले मनुष्यके प्रथम त्रिभागमें परभवसंबंधी उत्कृष्ट आयुका बंध होने पर उसकी निषेक रचना तो नरकायु और देवायुकी तेतीस सागरप्रमाण तथा तिर्यंचायु और मनुष्यायुकी तीन पल्यप्रमाण ही रहती है। आबाधा-काल पूर्वकोटिका त्रिभाग इससे अलग है इसलिए इनका जो स्थितिबन्ध है वही स्थितिसंक्रम है। पर इनके बन्धके प्रथम समयसे लेकर एक आवलि काल जानेपर इन निषेकस्थितियोंमें बन्ध होते समय उत्कर्षण और बन्ध होते समय या बन्ध समयके बाद भी अपकर्षण होने लगता है। यतः इस उत्कर्षण और अपकर्षणमें एक स्थितिसे प्रदेश समूह उठकर दूसरी स्थितिमें निक्षिप्त होते

समय स्थितिके परिणाममें अबाधाकाल भी गर्भित है। पर यह उत्कर्षण और अपकर्षण बंधके प्रथम समयसे लेकर एक आवलिकाल तक सम्भव नहीं है। यही कारण है कि आयुकर्मकी यत्स्थिति कहते समय नरकायु आदिकी अपनी उत्कृष्ट स्थितिमें एक आवलिकम उत्कृष्ट आबाधाकाल भी सम्मिलित कर लिया है।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमके प्रमाणका अनुगम करनेके बाद जघन्य स्थितिसंक्रमके प्रमाणका निर्देश किया है। खुलासा इसप्रकार है– पाँच ज्ञानावरण, चक्षुदर्शनावरण आदि चार दर्शनावरण, सम्यक्त्व, संज्वलन लोभ, चार आयु और पाँच अन्तराय इनकी एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण स्थिति शेष रहने पर उदयावलिसे उपरितन एक समयमात्र स्थितिका अपकर्षण होता है, इसलिए इनका जघन्य स्थितिसंक्रम एक स्थितिप्रमाण है और यत्स्थितिसंक्रम समयाधिक एक आवलिप्रमाण है। स्त्यानगृद्धित्रिक, मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, नरकगतिद्विक, तिर्यंचगतिद्विक, एकेन्द्रिय आदि चार जाति, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण इनकी क्षपणा होनेके अन्तिम समयमें जघन्य स्थिति पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण होती है, इसलिए इनका जघन्य स्थितिसंक्रम उक्त प्रमाण कहा है। परन्तु क्षपणाके अन्तिम समयमें इनके उदयावलिमें स्थित निषेकोंका संक्रम नहीं होता, इसलिए उक्त कालमें उदयावलिके मिला देनेपर इनकी यत्स्थिति उदयावलि अधिक पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण होती है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि स्त्रीवेद और नपुंसकवेदकी यत्स्थिति उदयावलि अधिक न कहकर अन्तर्मुहूर्त अधिक कहनी चाहिए, क्योंकि, इन दोनों प्रकृतियोंकी क्षपणाकी समाप्ति अन्तरकरणमें रहते हुए होती है और अन्तरकरणका काल उस समय अन्तर्मुहूर्त शेष रहता है, इसलिए यह स्पष्ट है कि अन्तरकरणमें इनके प्रदेशोंका अभाव होनेसे यत्स्थिति इतनी बढ जाती है। निद्रा और प्रचलाकी स्थिति दो आवलि और एक आवलिका असंख्यातवाँ भाग शेष रहनेपर इनकी मात्र उपरितन एक स्थितिका संक्रम होता है ऐसा स्वभाव है, इसलिए इनका जघन्य स्थितिसंक्रम एक स्थिति और यत्स्थितिसंक्रम आवलिका असंख्यातवाँ भाग अधिक दो आवलि होता है। हास्यादि छहकी क्षपणाके अन्तिम समयमें जघन्य स्थिति संख्यात वर्षप्रमाण होती है, इसलिए इनका जघन्य स्थितिसंक्रम संख्यात वर्ष-प्रमाण होता है। पर इनकी क्षपणाकी समाप्ति भी अन्तरकरणमें रहते हुए होती है और उस समय अन्तरकरणका काल अन्तर्मुहूर्त शेष रहता है, इसलिए इनकी यत्स्थिति अन्तर्मुहूर्त अधिक संख्यात वर्ष होती है। क्रोधसंज्वलनका जघन्य स्थितिबन्ध दो महिना प्रमाण होता है, मान-संज्वलनका जघन्य स्थितिबन्ध एक महिनाप्रमाण होता है, मायासंज्वलनका जघन्य स्थितिबन्ध अर्ध मासप्रमाण होता है और पुरुषवेदका जघन्य स्थितिबन्ध आठ वर्षप्रमाण होता है। इन प्रकृतियोंके उक्त स्थितिबन्धमेंसे अलग अलग अन्तर्मुहूर्तप्रमाण आबाधाकालके कम कर देनेपर उनके जघन्य स्थिति संक्रमका प्रमाण आ जाता है जो क्रमशः अन्तर्मुहूर्त कम दो माह, अन्तर्मुहूर्त कम एक माह, अन्तर्मुहूर्त कम अर्ध मास और अन्तर्मुहूर्त कम आठ वर्षप्रमाण होता है। तथा इनका यत्स्थितिसंक्रम क्रमसे दो आवलि कम दो माह, दो आवलि कम एक माह, दो आवलि कम अर्धमास और दो आवलि कम आठ वर्षप्रमाण होता है, क्योंकि, अपना अपना जघन्य स्थितिबन्ध होनेपर उसका एक आवलि काल तक संक्रम नहीं होता, इसलिए अपने अपने जघन्य स्थितिबन्धमेंसे एक आवलि तो यह कम हो गई और संक्रम प्रारम्भ होने पर एक आवलि काल तक रहता है, इसलिए एक आवलि यह कम हो गई। अतः इन प्रकृतियोंके जघन्य

यत्स्थितिसंक्रमका प्रमाण अपने अपने जघन्य स्थितिबन्धमेंसे दो आवलि कम करने पर जो प्रमाण शेष रहे उतना प्राप्त होता है। अब रहीं शेष प्रकृतियां सो उनकी जघन्य स्थिति सयोगिकेवलीके अन्तिम समयमें अन्तर्मुहूर्तप्रमाण होती है, इसलिए वहाँ पर उसमेंसे उदयावलिप्रमाण स्थितिको छोडकर शेष स्थितिका संक्रमण सम्भव होनेसे उनका जघन्य स्थितिसंक्रम उदयावलि कम अन्तर्मुहूर्तप्रमाण और यत्स्थितिसंक्रम उदयावलिसहित अन्तर्मुहूर्तप्रमाण होता है। यहाँपर मूलमें इन प्रकृतियोंकी यत्स्थिति तथा स्त्यानगृद्धित्रिक आदि बत्तीस प्रकृतियोंकी यत्स्थिति नहीं बतलाई गई है। किन्तु वह सम्भव है, इसलिए हमने उसका अलगसे निर्देश कर दिया है। तथा मूलमें देवगति आदिका जघन्य स्थितिसंक्रम बतलाते समय जो प्रकृतियाँ परिगणित की गई हैं उनमें तीन अंगोपांग भी परिगणित किये जाने चाहिए, क्योंकि, इनका जघन्य स्थितिसंक्रम भी सयोगिकेवलीके अन्तिम समयमें होता है। आगे जो जघन्य स्थितिसंक्रमका स्वामित्व कहा है उससे भी यह बात स्पष्ट हो जाती है।

इस प्रकार प्रमाणानुगमका निर्देश करनेके बाद जघन्य और उत्कृष्ट भेदोंका आश्रय-कर स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल, नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर और अल्पबहुत्वका निर्देश करके भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धि इन अनुयोगद्वारोंका संक्षेपमें निरूपण किया है।

इस प्रकार स्थितिसंक्रमका विचार कर आगे अनुभागसंक्रमका प्रकरण प्रारम्भ होता है। इसमें सब कर्मोंको देशघाति, सर्वघाति और अघाति इन भेदोंमें विभक्तकर इनके आदि स्पर्धक परस्परमें किनके समान हैं और किनके किस क्रमसे प्राप्त होते हैं यह बतलाकर उत्कर्षणसे प्राप्त होनेवाला अनुभाग अनुभागसंक्रम है, अपकर्षणसे प्राप्त होनेवाला अनुभाग अनुभागसंक्रम है और अन्य प्रकृतियोंमें संक्रमण होकर प्राप्त होनेवाला अनुभाग अनुभागसंक्रम है इस अर्थपदका निर्देश किया गया है। यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि मूल प्रकृतियोंमें उत्कर्षण और अपकर्षण इन दो प्रकारोंसे और उत्तर प्रकृतियोंमें यथासम्भव तीनों प्रकारोंसे अनुभागसंक्रम होता है।

आगे अपकर्षणसे प्राप्त होनेवाले अनुभागसंक्रमका निर्देश करते हुए बतलाया गया है कि आदि स्पर्धकका अपकर्षण नहीं होता, क्योंकि, इसके नीचे जघन्य निक्षेप और जघन्य अतिस्थापनाका अभाव है। इसी प्रकार जघन्य निक्षेप और जघन्य अतिस्थापनाके अंतर्गत जितने स्पर्धक हैं उनका अपकर्षण नहीं होता। मात्र इनके ऊपर जो स्पर्धक अवस्थित हैं उनका अपकर्षण होता है, क्योंकि, इनकी अतिस्थापना और निक्षेप पाये जाते हैं। इतना निर्देश करनेके बाद यहाँ प्रकृत विषयमें उपयोगी अल्पबहुत्व दिया गया है।

आगे उत्कर्षणके विषयमें यह नियम दिया गया है कि चरम स्पर्धककी स्थापना और निक्षेप का अभाव है, इसलिए जघन्य निक्षेप और जघन्य अतिस्थापना प्रमाण स्पर्धक नीचे सर ककर जो स्पर्धक अवस्थित है उसका उत्कर्षण होता है। इसके आगे अपकर्षण और उत्कर्षणकी अपेक्षा निक्षेप और अतिस्थापनाका अल्पबहुत्व देकर अर्थपद समाप्त किया गया है।

आगे प्रमाणानुगम, स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, नाना जीवोंकी अपेक्षा काल, नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर, संन्निकर्ष, स्वस्थान अल्पबहुत्व और परस्थान अल्पबहुत्वका निर्देश करके कुछ अनुयोगद्वारोंका आश्रय लेकर भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धिका विचारकर अनुभागसंक्रमप्रकरण समाप्त होता है।

आगे संक्रमस्थानोंको सत्कर्मस्थानोंके अनुसार जाननेकी सूचना कर प्रदेशसंक्रमके विषयमें

कहा है कि एक उत्तर प्रकृतिके प्रदेशोंका अन्य सजातीय प्रकृतिमें संक्रमित होना प्रदेशसंक्रम कहलाता है। प्रदेशसंक्रम भी मूलप्रकृतियोंमें न होकर उत्तर प्रकृतियोंमें होता है। तदनुसार उत्तर प्रकृतिसंक्रमके पाँच भेद हैं– उद्वेलनसंक्रम, विध्यातसंक्रम, अधःप्रवृत्त संक्रम गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम। आगे ये संक्रम किस अवस्थामें और कहाँ होते हैं तथा किन प्रकृतियोंके कितने संक्रम होते हैं यह बतला कर इन संक्रमोंके अवहारकालके अल्पबहुत्वका निर्देश किया गया है। आगे स्वामित्व आदि अनुयोगद्वारोंका आश्रय लेकर भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धिसंक्रमका निर्देश करते हुए इस प्रकरणको समाप्त किया गया है।

१३ लेश्या– लेश्याका निक्षेप चार प्रकारका है– नामलेश्या, स्थापनालेश्या, द्रव्यलेश्या और भावलेश्या। यहाँ इन नामलेश्या आदि इन निक्षेपोंका स्पष्टीकरण करते हुए तद्व्यतिरिक्त द्रव्यलेश्याके विषयमें लिखा है कि चक्षु इन्द्रियद्वारा ग्राह्य पुद्गलस्कन्धोंके कृष्ण आदि छह वर्णोंकी द्रव्यलेश्या संज्ञा है। यहाँ इनके उदाहरण भी दिये गये हैं। भावलेश्याके आगम और नोआगम ये भेद करके नोआगम भावलेश्याका वही लक्षण दिया है जो सर्वत्र प्रसिद्ध है। प्रकृतमें नैगम–नयकी अपेक्षा नोआगमद्रव्यलेश्या और भावलेश्या प्रकृत है यह कहकर द्रव्यलेश्याके असंख्यात लोकप्रमाण भेद होने पर भी छह भेद ही क्यों किये गये हैं इसका स्पष्टीकरण किया गया है।

आगे शरीरके आश्रयसे किन जीवोंके कौन लेश्या होती है यह बतला कर छह शरीरोंकी द्रव्यलेश्याओंका अलग अलग विचार किया गया है। यद्यपि कृष्णादि द्रव्यलेश्याओंमें एक एक गुणकी मुख्यतासे नामकरण किया जाता है पर इसका यह अभिप्राय नहीं है कि इनमेंसे प्रत्येकमें एक एक गुण ही होता है, इसलिए आगे किस लेश्यामें किस क्रमसे कौन कौन गुण होते हैं इसका स्पष्टीकरण तालिका द्वारा कराया जाता है--

लेश्या नाम	१	२	३	४	५
कृष्णले०	शुक्ल	पीत	लाल	नील	कृष्ण
नीललेo	शुक्ल	पीत	लाल	कृष्ण	नील
कापोतलेo	शुक्ल	पीत	कृष्ण	लाल	नील
कापोतलेo	शुक्ल	कृष्ण	पीत	नील	लाल
कापोतलेo	कृष्ण	शुक्ल	नील	पीत	लाल
पीतलेo	कृष्ण	नील	शुक्ल	पीत	लाल
पद्मलेo	कृष्ण	नील	शुक्ल	लाल	पीत
पद्मलेo	कृष्ण	नील	लाल	शुक्ल	पीत
पद्मलेo	कृष्ण	नील	लाल	पीत	शुक्ल
शुक्ललेo	कृष्ण	नील	लाल	पीत	शुक्ल

इन लेश्याओंमेंसे जिसमें सर्व प्रथम गुणका निर्देश किया है वह उसमें सबसे स्तोक है और आगेके गुण उस लेश्यामें उत्तरोत्तर अनन्तगुणे हैं। कापोत और पद्मलेश्या तीन तीन प्रकारसे निष्पन्न होती हैं। शेष लेश्यायें एक ही प्रकारसे निष्पन्न होती हैं। तथा कापोत लेश्यामें द्विस्थानिक अनुभाग होता है और शेष लेश्याओंमें द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिक अनुभाग होता है।

मिथ्यात्व, असंयम, कषाय और योगसे उत्पन्न हुए जीवके संस्कारविशेषका नाम भाव-लेश्या है। द्रव्यलेश्याके समान ये भी छह प्रकारकी होती हैं। उनमेंसे कापोत लेश्या तीव्र होती है, नीललेश्या तीव्रतर होती है और कृष्णलेश्या तीव्रतम होती है। पीतलेश्या मन्द होती है, पद्मलेश्या मन्दतर होती है और शुक्ललेश्या मन्दतम होती है। ये छहों लेश्यायें षट्स्थानपतित हानि-वृद्धिको लिए हुए होती हैं। तथा इनमें भी कापोतलेश्या द्विस्थानिक अनुभागको लिए हुए होती है और शेष पाँच लेश्यायें द्विस्थानिक, त्रिस्थानिक और चतुःस्थानिक अनुभागको लिए हुए होती हैं। इस प्रकार इस अधिकारमें लेश्याओंका उक्त प्रकारसे वर्णन करके अन्तमें तीव्रता और मन्दताकी अपेक्षा अल्पबहुत्व बतला कर यह अधिकार समाप्त किया गया है।

१४ लेश्याकर्म– कृष्णादि लेश्याओंमेंसे जिसके आलम्बनसे मारण और विदारण आदि जिस प्रकारकी क्रिया होती है उसके अनुसार उसका वह लेश्याकर्म माना गया है। उदाहरणार्थ कृष्णलेश्यासे परिणत हुआ जीव निर्दय, कलहशील, रौद्र, अनुबद्धवैर, चोर, चपल, परस्त्रीमें आसक्त, मधु, मांस और सुरामें विशेष रुचि रखनेवाला, जिनशासनके सुननेमें अतत्पर और असंयमी होता है। इसी प्रकार अन्य लेश्याओंका अपने अपने नामानुरूप कर्म जानना चाहिए। इस प्रकार इस अधिकारमें लेश्याकर्मका विचार किया गया है।

१५ लेश्यापरिणाम– कौन लेश्या किस रूपसे अर्थात् किस वृद्धि या हानिरूपसे परिणत होती है इस बातका विचार इस अधिकारमें किया गया है। इसमें बतलाया है कि कृष्णलेश्या षट्स्थानपतित संक्लेशकी वृद्धि होने पर उसका अन्य लेश्यामें संक्रमण न होकर स्वस्थानमें ही संक्रमण होता है। मात्र विशुद्धिकी वृद्धि होने पर उसका अन्य लेश्यामें भी संक्रमण होता है और स्वस्थानमें भी संक्रमण होता है। इतना अवश्य है कि कृष्णलेश्यामेंसे नीललेश्यामें आते समय नियमसे अनन्तगुणहानि होती है। नीललेश्यामें संक्लेशकी वृद्धि होने पर स्वथान-संक्रमण भी होता है और नीलसे कृष्णलेश्यामें भी संक्रमण होता है। तथा विशुद्धि होने पर स्वस्थान संक्रमण भी होता है और नीललेश्यासे कापोतलेश्यामें भी संक्रमण होता है। मात्र नीललेश्यासे कृष्ण लेश्यामें जाते समय संक्लेशकी अनन्तगुणी वृद्धि होती है और नीलसे कापोत लेश्यामें आते समय संक्लेशकी अनन्तगुणी हानि होती है। इसी प्रकार शेष चार लश्याओंमें भी परिणामका विचार कर लेना चाहिए। इस प्रकार इस अधिकारमें परिणामका विचार कर तीव्रता और मन्दताकी अपेक्षा संक्रम और प्रतिग्रहके अल्पबहुत्वका विचार करते हुए इस अधिकारको समाप्त किया गया है।

१६ सातासात– इस अनुयोगद्वारका यहाँ पर पाँच अधिकारोंके द्वारा विचार किया गया है। वे पाँच अधिकार ये हैं–समुत्कीर्तना, अर्थपद, पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्व। समुत्कीर्तनामें बतलाया गया है कि एकान्त सात और अनेकान्त सातके भेदसे सात दो प्रकारका है। तथा इसी प्रकार एकान्त असात और अनेकान्त असातके भेदसे असात भी दो प्रकारका है। अर्थपदका निर्देश करते हुए बतलाया है कि जो कर्म सातरूपसे बद्ध होकर यथावस्थित

रहते हुए वेदा जाता है वह एकान्त सातकर्म है और इससे अन्य अनेकान्त सातकर्म है। इसी प्रकार जो कर्म असातरूपसे बद्ध होकर यथावस्थित रहते हुए वेदा जाता है वह एकान्त असात कर्म है और इससे अन्य अनेकान्त असातकर्म है। पदमीमांसामें इनके उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य पदोंके अस्तित्वकी सूचना मात्र की गई है। स्वामित्वमें इन उत्कृष्ट आदि भेद रूप एकान्त सात आदिके स्वामित्वका निर्देश किया गया है। तथा अन्तमें प्रमाणका विचार कर अल्पबहुत्वका निर्देश करते हुए इस अनुयोगद्वारको समाप्त किया गया है।

१७ **दीर्घ-ह्रस्व**– इसमें दीर्घको प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशके भेदसे चार प्रकारका बतला कर उनका बन्ध, उदय और सत्त्वकी अपेक्षा विचार किया गया है। सर्व प्रथम मूलप्रकृतिदीर्घके प्रकृतिस्थानदीर्घ और एकैकप्रकृतिस्थानदीर्घ ये दो भेद करके प्रकृतिस्थानका विचार करते हुए बतलाया है कि आठ प्रकृतियोंका बन्ध होने पर प्रकृतिदीर्घ और उससे न्यून प्रकृतियोंका बन्ध होने पर नोप्रकृतिदीर्घ होता है। इसी प्रकार उदय और सत्त्वकी अपेक्षा प्रकृतिदीर्घ और नोप्रकृतिदीर्घको घटित करके बतला कर उत्तर प्रकृतियोंमेंसे किस मूलकर्मकी उत्तर प्रकृतियोंमें बन्धादिकी अपेक्षा प्रकृतिदीर्घ सम्भव नहीं है और किसकी उत्तर प्रकृतियोंमें प्रकृतिदीर्घ और नोप्रकृतिदीर्घ सम्भव है यह बतलाया गया है। आगे स्थितिदीर्घ, अनुभागदीर्घ और प्रदेशदीर्घको भी बतलाया गया है।

आगे दीर्घके समान ह्रस्वके भी चार भेद करके उनका विचार किया गया है। उदाहरणार्थ बन्धकी अपेक्षा प्रकृतिह्रस्वका निर्देश करते हुए बतलाया है कि एक एक प्रकृतिका बन्ध करनेवालेके प्रकृतिह्रस्व होता है और इससे अधिकका बन्ध करनेवालेके नोप्रकृतिह्रस्व होता है। इस प्रकार मूल और उत्तर प्रकृतियोंका आलम्बन लेकर बन्ध, उदय और सत्त्वकी अपेक्षा दीर्घ और ह्रस्वके विचार करनेमें इस अनुयोगद्वारकी प्रवृत्ति हुई है।

१८ **भवधारणीय**– इस अनुयोगद्वारमें भवके ओघभव, आदेशभव और भवग्रहणभव ये तीन भेद करके बतलाया है कि आठ कर्म और कर्मोंके निमित्तसे उत्पन्न हुए जीवके परिणामको ओघभव कहते हैं। चार गति नामकर्म और उनसे उत्पन्न हुए जीवके परिणामको आदेशभव कहते हैं। इसके अनुसार आदेशभव चार प्रकारका है– नारकभव, तिर्यञ्चभव, मनुष्यभव और देवभव। तथा भुज्यमान आयु गलकर नई आयुका उदय होने पर प्रथम समयमें उत्पन्न हुए व्यञ्जन संज्ञावाले जीवके परिणामको या पूर्वशरीरका त्याग होकर नूतन शरीरके ग्रहणको भवग्रहणभव कहते हैं। प्रकृतमें भवग्रहणभवका प्रकरण है। यद्यपि जीव अमूर्त है फिर भी उसका कर्मके साथ अनादि सम्बन्ध होनेसे संसार अवस्थामें वह मूर्तभावको प्राप्त हो रहा है, इसलिए अमूर्त जीवका मूर्त कर्मके साथ बन्ध बन जाता है। ऐसा यह जीव शेष कर्मोंके द्वारा न धारण किया जाकर आयुकर्मके द्वारा धारण किया जाता है, अतएव भवधारणीय आयुकर्म ठहरता है। इसका पदमीमांसा, स्वामित्व और अल्पबहुत्वको आलम्बन लेकर विस्तारसे विचार वेदना अनुयोगद्वारमें किया है, इसलिए उस सब व्याख्यानको वहाँसे जान लेना चाहिए। इस प्रकार भवग्रहणभवके व्याख्यान करनेमें यह अनुयोगद्वार चरितार्थ है।

१९ **पुद्गलात्त**– इसमें पुद्गलके चार निक्षेप करके प्रकृतमें नोआगमतद्व्यतिरिक्त द्रव्यपुद्गलका विचार करते हुए बतलाया गया है कि पुद्गलात्त अर्थात् पुद्गलोंका आत्म-सात्कार छह प्रकारसे होता है–ग्रहणसे, परिणामसे, उपभोगसे, आहारसे, ममत्वसे और परिग्रहसे। इसका खुलासा करते हुए बतलाया है कि हाथ और पैर आदिसे ग्रहण किये गये

दण्ड आदि पुद्गल ग्रहणसे आत्तपुद्गल हैं। मिथ्यात्व आदि परिणामोंसे अपने किये गये पुद्गल परिणामसे आत्तपुद्गल हैं। उपभोगसे अपने किये गये गन्ध और ताम्बूल आदि पुद्गल उपभोगसे आत्तपुद्गल हैं। खान-पानके द्वारा अपने किये गये पुद्गल आहारसे आत्तपुद्गल हैं। अनुरागसे ग्रहण किये गये पुद्गल मनसे आत्तपुद्गल हैं और स्वाधीन पुद्गल परिग्रहसे आत्तपुद्गल हैं। इन सबका वर्णन इस अनुयोगद्वारमें किया गया है। अथवा पुद्गलात्तका अर्थ पुद्गलात्मा है। पुद्गलात्मासे रूपादि गुणवाला पुद्गल लिया गया है। अतः उसके गुणोंकी षट्स्थानपतित वृद्धि आदिका इस अनुयोगद्वारमें विचार किया गया है।

२० **निधत्त-अनिधत्त**– इस अनुयोगद्वारमें बतलाया है कि जिस प्रदेशाग्रका उत्कर्षण और अपकर्षण तो होता है पर उदीरणा और अन्य प्रकृतिरूपसे संक्रमण नहीं होता उसकी निधत्त संज्ञा है। प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशके भेदसे निधत्त भी चार प्रकारका है और अनिधत्त भी चार प्रकारका है। इस विषयमें यह नियम है कि दर्शनमोहनीयकी उपशामना या क्षपणा करते समय मात्र दर्शनमोहनीय कर्म अनिवृत्तिकरणमें अनिधत्त हो जाता है। अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करते समय मात्र अनन्तानुबन्धीचतुष्क अनिवृत्तिकरणमें अनिधत्त हो जाता है और चारित्रमोहनीयकी उपशामना और क्षपणा करते समय अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमें सब कर्म अनिधत्त हो जाते हैं। तथा अपने अपने निर्दिष्ट स्थानके पूर्व दर्शनमोहनीय, अनन्तानुबन्धीचतुष्क और शेष सब कर्म निधत्त और अनिधत्त दोनों प्रकारके होते हैं। यह अर्थपद है, इसके अनुसार चौबीस अनुयोगद्वारोंका आश्रय लेकर इस अनुयोगद्वारका कथन करना चाहिए।

२१ **निकाचित-अनिकाचित**– इस अनुयोगद्वारमें बतलाया है कि जिस प्रदेशाग्रका न तो अपकर्षण होता है, न उत्कर्षण होता है, न अन्य प्रकृतिरूपसे संक्रमण होता है और न उदीरणा होती है। जिसके ये चारों नहीं होते उसकी निकाचित संज्ञा है। यह प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशके भेदसे चार प्रकारका है। इसके विषयमें भी यह नियम है कि पूर्वोक्त प्रकारसे अनिवृत्तिकरणमें प्रवेश करने पर सब कर्म अनिकाचित हो जाते हैं। किंतु इसके पूर्व वे निकाचित और अनिकाचित दोनों प्रकारके होते हैं। इन निकाचित और अनिकाचित प्रदेशाग्रोंकी भी चौबीस अनुयोगद्वारोंके आश्रयसे प्ररूपणा करनी चाहिए। यहाँ उपशान्त, निधत्त और निकाचितके सन्निकर्षका कथन करते हुए बतलाया है कि जो प्रदेशाग्र अप्रशस्त उपशामनारूपसे उपशान्त है वह न निधत्त न निकाचित है। जो निधत्त प्रदेशाग्र है वह न उपशान्त है और न निकाचित है। तथा जो निकाचित प्रदेशाग्र है वह न उपशान्त और न निधत्त है। आगे अधःप्रवृत्तसंक्रमके साथ इन तीनोंके अल्पबहुत्वका निर्देश करके यह अनुयोगद्वार समाप्त किया गया है।

२२ **कर्मस्थिति**– इस अनुयोगद्वारके विषयमें दो उपदेशोंका निर्देश करके यह अनुयोगद्वार समाप्त किया गया है। पहला उपदेश नागहस्तिके मतके अनुसार निर्दिष्ट किया है और दूसरा उपदेश आर्यमंक्षुके मतका निर्देश करता है। नागहस्तिक्षमाश्रमणका कहना है कि कर्मस्थिति अनुयोगद्वारमें कर्मोंकी जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिके प्रमाणका कथन किया जाता है और आर्यमंक्षुका कहना है कि इसमें कर्मस्थितिके भीतर सञ्चित हुए सत्कर्मकी प्ररूपणा की जाती है।

२३ **पश्चिमस्कन्ध**– इस अनुयोगद्वारमें तीन भवोंमेंसे भवग्रहणभवको प्रकृत बतला कर चरम भवमें जीवके सब कर्मोंकी बंधमार्गणा, उदयमार्गणा, उदीरणामार्गणा, संक्रममार्गणा और

सत्कर्ममार्गणा इन पाँच मार्गणाओंका विचार किया जाता है यह बतलाया गया है। इसके आगे जीव सिद्ध होता है उसकी अंतर्मुहूर्त आयु शेष रह जाने पर तेरहवें गुणस्थानमें कर्मोंकी और आत्मप्रदेशोंकी किस क्रमसे क्या क्या क्रिया होती है तथा चौदहवें गुणस्थानमें यह जीव किस रूपसे कितने काल तक अवस्थित रहकर कर्मोंसे मुक्त होकर सिद्ध होता है यह बतलाया गया है। इस प्रकार इन सब बातोंका विवेचन करनेके बाद यह अनुयोगद्वार समाप्त किया गया है।

२४ अल्पबहुत्व— इस अनुयोगद्वारके प्रारम्भमें यह सूचना की गई है कि नागहस्ति भट्टारक इसमें सत्कर्मका विचार करते हैं। वीरसेन स्वामीने इस उपदेशको प्रवृत्तमान बतला कर इसके अनुसार सत्कर्मके प्रकृतिसत्कर्म, स्थितिसत्कर्म, अनुभागसत्कर्म और प्रदेशसत्कर्म ये चार भेद करके सर्वप्रथम मूल और उत्तर प्रकृतियोंकी अपेक्षा सत्कर्मका विचार किया है। उससे भी मूल प्रकृतियोंके स्वामित्वकी सूचना मात्र करके उत्तरप्रकृतियोंके स्वामित्वको विस्तारसे बतला कर एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल, अन्तर और स्वामित्वको स्वामित्वके बलसे जान लेनेकी सूचना करके स्वस्थान और परस्थान दोनों प्रकारके अल्पबहुत्वोंमें से परस्थान अल्पबहुत्वका ओघसे और चारों गतियोंके साथ असंज्ञी मार्गणामें विचार किया है। भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धि यहाँ पर नहीं हैं, अतः इनके विषयमें इतनी मात्र सूचना देकर प्रकृतिस्थानसत्कर्मके विषयमें लिखा है कि मोहनीयका कषायप्राभृतके अनुसार जानना चाहिए और शेष कर्मोंकी प्रकृतिस्थानप्ररूपणा सुगम है।

स्थितिसत्कर्मका विचार करते हुए मूलप्रकृतिस्थितिसत्कर्मका वर्णन सुगम कहकर उत्तर प्रकृतियोंके स्थितिसत्कर्मका जघन्य और उत्कृष्ट अद्धाच्छेद तथा जघन्य और उत्कृष्ट स्वामित्वका विस्तारसे विचार कर तथा एक जीवकी अपेक्षा काल आदि अनुयोगद्वारोंको स्वामित्वके बलसे जाननेकी सूचनामात्र करके अल्पबहुत्व दिया गया है।

यहाँ पर अद्धाच्छेदका विचार करते हुए 'जट्ठिदि' और 'जाओ ट्ठिदीओ' ये शब्द आये हैं। प्रायः अनेक स्थानों पर 'जं ट्ठिदि' भी मुद्रित है। पर उससे 'जट्ठिदि' का ही ग्रहण करना चाहिए। इन शब्दों द्वारा दो प्रकारकी स्थितियोंका निर्देश किया गया है। 'जट्ठिदि' शब्द 'यत्स्थिति' का द्योतक है और 'जाओ ट्ठिदीओ' से स्थगित निषेकोंका परिमाण लिया गया है। उदाहरणस्वरूप पाँच निद्राओंकी उत्कृष्ट यत्स्थिति पूरी तीस कोडाकोडी सागरप्रमाण बतलाई है और निषेकोंके अनुसार स्थितियाँ एक समय कम तीस कोडाकोडी सागरप्रमाण बतलाई हैं। अभिप्राय इतना है कि पाँच निद्राओंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होते समय उदय नहीं होता, इसलिए पूरी स्थिति तीस कोडाकोडी सागर होकर भी उस समय सब निषेक एक कम तीस कोडाकोडी सागरप्रमाण होते हैं, क्योंकि, अनुदयवाली प्रकृतियोंका एक निषेक उदय समयके पूर्व स्तिवुक संक्रमणके द्वारा अन्य प्रकृतिरूप परिणत होता रहता है, इसलिए इनकी यत्स्थिति तीस कोडाकोडी सागरप्रमाण होकर भी निषेकोंके अनुसार स्थिति एक समय कम होती है। यहाँ बन्धके समय आबाधा कालके भीतर प्राक्तनबद्ध कर्मोंके निषेकका सत्त्व होनेसे एक समय कम तीस कोडाकोडी सागरप्रमाण निषेक बन जाते हैं इतना विशेष जानना चाहिए। यहाँ पर विशेष नियम इस प्रकार जानना चाहिए।

१— जिन कर्मोंका स्वोदयसे स्थितिबन्ध होता है उनकी यत्स्थिति और निषेकोंके परिमाणके अनुसार स्थिति समान होती है। बन्धोत्कृष्ट स्थितिके समान ही उनका दोनों प्रकारका उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म होता है।

२– जिन कर्मोंका परोदयमें उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होता है उनकी उत्कृष्ट यत्स्थिति तो बन्धोत्कृष्ट स्थितिके ही समान होती है। मात्र निषेकोंके परिमाणके अनुसार उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म बन्धोत्कृष्ट स्थितिसे एक समय कम होता है।

३– जिन कर्मोंका स्वोदयमें उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमसे उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म प्राप्त होता है उनकी उत्कृष्ट यत्स्थितिसत्कर्म और निषेकोंके परिमाणके अनुसार उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म तज्जातीय कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे एक आवलि कम होता है। मात्र सम्यक्त्वका उक्त दोनों प्रकारका उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म अन्तर्मुहूर्त कम जानना चाहिए, क्योंकि, मिथ्यात्व गुणस्थानमें मिथ्यात्वका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होकर अन्तर्मुहूर्तमें सम्यक्त्व प्राप्त होनेपर मिथ्यात्वकी अन्तर्मुहूर्त कम उत्कृष्ट स्थितिका सम्यक्त्वरूपसे संक्रमण होता है।

४– जिन कर्मोंका परोदयमें उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमसे उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म प्राप्त होता है उनकी उत्कृष्ट यत्स्थिति तज्जातीय कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे एक आवलि कम होती है और निषेकोंके परिमाणके अनुसार उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म तज्जातीय कर्मके उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे एक समय अधिक एक आवलि कम होता है। मात्र सम्यग्मिथ्यात्वका उक्त दोनों प्रकारका उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म मिथ्यात्वके उत्कृष्ट स्थितिबन्धसे अन्तर्मुहूर्त कम जानना चाहिए। कारणका कथन स्पष्ट है।

५– चारों आयुओंका उत्कृष्ट आबाधा काल सहित उत्कृष्ट स्थितिबन्ध उत्कृष्ट यत्स्थितिसत्कर्म होता है और अपने अपने निषेकोंके परिमाणके अनुसार निषेकगत उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म होता है।

इसी प्रकार जघन्य स्थितिसत्कर्मके विषयमें भी अलग अलग प्रकृतियोंको ध्यानमें रखकर नियम घटित कर लेने चाहिए।

अनुभागसत्कर्मका विचार करते हुए पहले क्रमसे स्पर्धकप्ररूपणा, घातिसंज्ञा और स्थानसंज्ञाका प्ररूपणा करके जघन्य और उत्कृष्ट स्वामित्व और कुछ मार्गणाओंमें अल्पबहुत्वका विचार किया गया है।

अनुभागसत्कर्मके पश्चात् प्रदेशउदीरणाके आश्रयसे अल्पबहुत्व बतलाते हुए मूल और उत्तर प्रकृतियोंका आलम्बन लेकर वह बतलाया गया है। आगे उत्तरप्रकृतिसंक्रम, मोहनीय सम्बन्धी प्रकृतिस्थानसंक्रम, जघन्य स्थितिसंक्रम, अनुभागसंक्रम, जघन्य और उत्कृष्ट स्थितिके आश्रयसे प्रदेशसंक्रम और स्वतन्त्ररूपसे प्रदेशसंक्रमके अल्पबहुत्वका विचार करके प्रदेशसंक्रम अधिकारको पूर्ण किया गया है।

इसके पश्चात् पहले कहे गये लेश्या, लेश्यापरिणाम, लेश्याकर्म, साता-असाता, दीर्घ-ह्रस्व, भवधारण, पुद्गलात्त, निधत्त-अनिधत्त, निकाचित-अनिकाचित, कर्मस्थिति और पश्चिमस्कन्ध इन अनुयोगद्वारोंका पुनः पृथक्-पृथक् उल्लेख करके अलग अलग सूचनाएँ दी गई हैं। अन्तमें महावाचक क्षमाश्रमणके अभिप्रायानुसार अल्पबहुत्व अनुयोगद्वारके आश्रयसे सत्कर्मका विचार करते हुए उत्तरप्रकृतिसत्कर्म अल्पबहुत्वदण्डक, मोहनीय प्रकृतिस्थानसत्कर्म अल्पबहुत्व, उत्तरप्रकृतिस्थितिसत्कर्म अल्पबहुत्व, उत्तरप्रकृतिअनुभागसत्कर्म अल्पबहुत्व और उत्तरप्रकृतिप्रदेशसत्कर्म अल्पबहुत्व देकर अल्पबहुत्वके साथ चौबीस अनुयोगद्वार समाप्त करनेके साथ धवला समाप्त होती है।

❀ ❀ ❀

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ
मोक्ष-अनुयोगद्वार	**३३७-३३९**
मल्लिजिन की स्तुति	३३७
मोक्ष अनुयोगद्वार कहनेकी प्रतिज्ञा	३३७
मोक्षका चार प्रकारका निक्षेप और उनकी व्याख्या	३३७
कर्मद्रव्यमोक्षके चार भेद	३३७
प्रकृतिद्रव्यमोक्षके दो भेद तथा प्रत्येकके दो दो उत्तर भेद	३३७
प्रकृतिमोक्षका अर्थपद	३३७
स्थितिमोक्षके दो भेद और अर्थपद	३३७
अनुभागमोक्षका अर्थपद	३३८
प्रदेशमोक्षका अर्थपद	३३८
नोकर्मद्रव्यमोक्षके तीन भेद और उनकी व्याख्या	३३८
संक्रम-अनुयोगद्वार	**३३९-४८३**
मुनिसुव्रत नाथकी स्तुति	३३९
संक्रम अनुयोगद्वार कहनेकी प्रतिज्ञा	३३९
संक्रमका छह प्रकारका निक्षेप और उनकी व्याख्या	३३९
कर्मसंक्रमका प्रकरण है यह सूचित कर उसके चार भेदोंका निर्देश	३४०
प्रकृतिसंक्रमका अर्थपद	३४०
मूलप्रकृतिसंक्रमका निषेध	३४०
उत्तरप्रकृतिसंक्रमका स्वामित्व	३४०
एक जीवकी अपेक्षा काल	३४२
एक जीवकी अपेक्षा अन्तर	३४२
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	३४४
नाना जीवोंकी अपेक्षा काल	३४४
अल्पबहुत्व	३४४
प्रकृतिस्थानसंक्रमका विचार	३४६
स्थितिसंक्रमके दो भेद	३४७

विषय	पृष्ठ
उस विषयमें अर्थपद	३४७
अपकर्षणका स्वरूपनिर्देश	३४७
उत्कर्षणका स्वरूपनिर्देश	३४८
उत्तरप्रकृतिके आश्रयसे प्रमाणानुगम	३४९
स्वामित्वविचार	३५२
एक जीवकी अपेक्षा काल	३५४
एक जीवकी अपेक्षा अन्तर	३५६
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	३६१
नाना जीवोंकी अपेक्षा काल	३६२
नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर	३६३
अल्पबहुत्व	३६८
भुजगारसंक्रमविचार	३६९
एक जीवकी अपेक्षा काल	३७०
एक जीवकी अपेक्षा अन्तर	३७१
अल्पबहुत्व	३७२
पदनिक्षप संक्रमकी सूचना	३७३
वृद्धिसंक्रम	३७३
अनुभागसंक्रमविचार	३७४
आदिस्पर्धकनिर्देश	३७४
अर्थपद	३७५
प्रकृतोपयोगी अल्पबहुत्व	३७६
प्रमाणानुगम	३७७
स्वामित्व	३७७
एक जीवकी अपेक्षा काल	३८२
एक जीवकी अपेक्षा अन्तर	३८७
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	३८८
नाना जीवोंकी अपेक्षा काल	३८९
नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तर	३९१
सन्निकर्ष	३९२
अल्पबहुत्व	३९२
भुजगारसंक्रमका अर्थपद	३९८
एक जीवकी अपेक्षा काल	३९९

विषय	पृष्ठ
अल्पबहुत्व	४००
पदनिक्षेपमें स्वामित्व	४०१
अल्पबहुत्व	४०५
वृद्धिसंक्रममें स्वामित्व	४०६
एक जीवकी अपेक्षा काल	४०६
एक जीवकी अपेक्षा अन्तर	४०६
अल्पबहुत्व	४०७
प्रदेशसत्कर्ममें अर्थपद	४०८
उत्तरप्रकृतिसंक्रमके पाँच भेद	४०८
कितनी प्रकृतियोंके कितने संक्रम होते हैं इसका विचार	४०९
उद्वेलनप्रकृतियोंके उद्वेलनक्रमका निर्देश	४१९
पाँच संक्रमभागहारोंका अल्पबहुत्व	४२१
उत्तर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका स्वामित्व	४२१
जघन्य प्रदेशसंक्रमस्वामित्व	४३२
उत्तरप्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका काल	४४१
जघन्य प्रदेशसंक्रम तथा अन्य अनुयोग-द्वारोंके जाननेकी सूचना	४४२
उत्तर प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका अल्पबहुत्व	४४२
उत्तर प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेशसंक्रमका अल्पबहुत्व	४४८
भुजगारसंक्रममें स्वामित्व	४५३
एक जीवकी अपेक्षा काल	४५४
अल्पबहुत्व	४५९
पदनिक्षेपमें स्वामित्व	४६१
अल्पबहुत्व	४७९
वृद्धिसंक्रम	४८१
लेश्या-अनुयोगद्वार	**४८४-४८९**
अरजिनकी स्तुति	४८४
लेश्याका चार प्रकारका निक्षेप विचार	४८४
तद्व्यतिरिक्त द्रव्यलेश्याके छह भेदोंका विचार	४८४
प्रकृतमें नैगमनयकी अपेक्षा नोआगम द्रव्यलेश्या और नोआगम भावलेश्या का प्रकरण है इसकी सूचना	४८५
छह द्रव्यलेश्याओंका वर्णन	४८५
किस लेश्यामें किस क्रमसे कितने प्रभाणमें कौन कौन रंग होते हैं इसका विचार	४८७
भावलेश्याओंका विचार	४८८
लेश्याकर्म-अनुयोगद्वार	**४९०-४९२**
कुंथुजिनकी स्तुति	४९०
किस लेश्याका क्या कर्म है इसका विचार	४९०
लेश्यापरिणाम-अनुयोगद्वार	**४९३-४९७**
अभिनन्दनजिनकी स्तुति	४९३
लेश्यापरिणाम अनुयोगद्वारके कथनकी सार्थकता	४९३
छह लेश्याओंके परिणमनकी विधि	४९३
जघन्य और उत्कृष्ट संक्रम और प्रतिग्रहोंका तीव्र-मन्दताकी अपेक्षा अल्पबहुत्व	४९५
सातासात-अनुयोगद्वार	**४९८-५०६**
अजितजिनकी स्तुति	४९८
सातासातके पाँच अनुयोगद्वार	४९८
समुत्कीर्तना	४९८
अर्थपद	४९८
पदमीमांसा	४९८
स्वामित्व	४९९
प्रमाणानुगम	५०१
अल्पबहुत्व	५०२
दीर्घ-ह्रस्व-अनुयोगद्वार	**५०७-५११**
सम्भवजिनकी स्तुति	५०७
दीर्घके चार भेद	५०७
प्रकृतिदीर्घका विचार	५०७

११ मोक्खाणुयोगद्दारं

महुवरमहुवरवाउलविय्सियसियसुरहिगंधमल्लेहि ।
मल्लिजिणमच्चियूण य मोक्खणुयोगो परूवेमो ॥ १ ॥

मोक्खो त्ति अणुयोगद्दारे मोक्खो णिक्खिवियव्वो--णाममोक्खो ट्ठवणमोक्खो दव्वमोक्खो भावमोक्खो चेदि मोक्खो चउव्विहो। णाममोक्खो ट्ठवणमोक्खो आगमदो दव्वमोक्खो आगम-णोआगमभावमोक्खो च सुगमो। जो सो णोआगमदो दव्वमोक्खो♠ सो दुविहो कम्ममोक्खो णोकम्ममोक्खो चेदि। णोकम्ममोक्खो सुगमो। कम्मदव्वमोक्खो चउव्विहो पयडिमोक्खो ट्ठिदिमोक्खो अणुभागमोक्खो पदेसमोक्खो चेदि। पयडिमोक्खो दुविहो मूलपयडिमोक्खो उत्तरपयडिमोक्खो चेदि। तत्थ एक्केक्को दुविहो देसमोक्खो सव्वमोक्खो चेदि। तत्थ अट्ठपदं-- जा पयडी णिज्जरिज्जदि अण्णपयडिं वा संकामिज्जदि एसो पयडिमोक्खो णाम। एसो पयडिमोक्खो सुगमो, पयडिउदय-पयडिसंकमेसु अंतब्भावादो। ठिदिमोक्खो दुविहो उक्कस्सो जहण्णो चेदि। एत्थ अट्ठपदं। तं जहा-- ओकड्डिदा वि उक्कड्डिदा वि अण्णपयडिं संकामिदा

---

* मधुको करनेवाले भ्रमरोंसे व्याकुल ऐसे विकसित, धवल और सुगन्धित पुष्पमालाओंके द्वारा मल्लि जिनेन्द्रकी पूजा करके मोक्ष-अनुयोगद्वारकी प्ररूपणा करते हैं ॥ १ ॥

मोक्ष इस अनुयोगद्वारमें मोक्षका निक्षेप करना चाहिये-- वह मोक्ष नाममोक्ष, स्थापनामोक्ष, द्रव्यमोक्ष और भावमोक्षके भेदसे चार प्रकारका है। इनमें नाममोक्ष, स्थापनामोक्ष, आगमद्रव्यमोक्ष, आगमभावमोक्ष और नोआगमभावमोक्ष; ये सुगम हैं। जो नोआगमद्रव्यमोक्ष है वह दो प्रकारका है-- कर्ममोक्ष और नोकर्ममोक्ष। इनमें नोकर्ममोक्ष सुगम है। कर्मद्रव्यमोक्ष चार प्रकारका है-- प्रकृतिमोक्ष, स्थितिमोक्ष, अनुभागमोक्ष और प्रदेशमोक्ष। प्रकृतिमोक्ष दो प्रकारका है-- मूलप्रकृतिमोक्ष और उत्तरप्रकृतिमोक्ष। उनमें प्रत्येक देशमोक्ष और सर्वमोक्षके भेदसे दो प्रकारका है। उनमें अर्थपद बतलाते हैं-- जो प्रकृति निर्जराको प्राप्त होती है अथवा अन्य प्रकृतिमें संक्रान्त होती है, यह प्रकृतिमोक्ष कहलाता है। यह प्रकृतिमोक्ष सुगम है, क्योंकि, उसका अन्तर्भाव प्रकृति-उदय और प्रकृतिसंक्रममें होता है। स्थितिमोक्ष उत्कृष्ट और जघन्यके भेदसे दो प्रकारका है। यहां अर्थपद बतलाते हैं। वह इस प्रकार है-- अपकर्षणको प्राप्त हुई,

---

♠ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-का-ताप्रतिषु 'णोआगमदव्वमोक्खो' इति पाठः। ♣ मण्प्रतिपाठोऽयम्। अप्रतौ 'णाम सो सुगमो पयडि', कापतौ 'णाम पयडि,' ताप्रतौ 'णाम एसो सुगमो, पयडि' इति पाठः।

वि अधट्ठिदीए* णिज्जरिदा वि ट्ठिदी ट्ठिदिमोक्खो▣ । एदेण अट्ठपदेण उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णाजहण्णट्ठिदिमोक्खो परूवेयव्वो । अणुभागमोक्खे✡ अट्ठपदं । तं जहा- ओकड्डिदो उक्कड्डिदो अण्णपयडिं संकामिदो अधट्ठिदि✡गलणाए णिज्जिण्णो वा अणुभागो अणुभागमोक्खो । एदेण अट्ठपदेण उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णाजहण्णअणुभागमोक्खो परूवेयव्वो। पदेसमोक्खे✤ अट्ठपदं। तं जहा- अधट्ठिदि♠गलणाए पदेसाणं णिज्जरा पदेसाणमण्णपयडीसु संकमो वा पदेसमोक्खो णाम । एसो वि उक्कस्साणुक्कस्स-जहण्णाजहण्णभेदेण णेयव्वो ।

णोकम्मदव्वमोक्खो सुगमो। अधवा, णोआगमदो दव्वमोक्खो मोक्खो मोक्खकारणं मुत्तो चेदि तिविहो । जीव-कम्माणं वियोगो मोक्खो णाम । णाण-दंसण-चरणाणि मोक्खकारणं । सयलकम्मवज्जियो अणंतणाण-दंसण-वीरिय-चरण-सुहसम्मत्तादिगुणगणाइण्णो णिरामओ णिरंजणो णिच्चो कयकिच्चो मुत्तो णाम। एदेसिं तिण्णं पि णिक्खेव-णय-णिरुत्तिअणुयोगद्दारेहि हेउगब्भेहि परूवणा कायव्वा । एवं कदे मोक्खाणुओगद्दारं समत्तं होदि ।

उत्कर्षणको प्राप्त हुई, अन्य प्रकृतिमें संक्रान्त हुई, और अधःस्थितिके गलनेसे निर्जराको भी प्राप्त हुई स्थितिका नाम स्थितिमोक्ष है । इस अर्थपदके आश्रयसे उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य स्थितिमोक्षकी प्ररूपणा करना चाहिये । अनुभागमोक्षके सम्बन्धमें अर्थपदका कथन करते हैं । वह इस प्रकार है– अपकर्षणको प्राप्त हुआ, उत्कर्षणको प्राप्त हुआ, अन्य प्रकृतिमें संक्रान्त हुआ, और अधःस्थितिगलनके द्वारा निर्जराको भी प्राप्त हुए अनुभागको अनुभागमोक्ष कहा जाता है । इस अर्थपदके आश्रयसे उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य अनुभागमोक्षकी प्ररूपणा करना चाहिये । प्रदेशमोक्षके विषयमें अर्थपद कहते हैं । वह इस प्रकार है– अधःस्थितिगलनके द्वारा जो प्रदेशोंकी निर्जरा और प्रदेशोंका अन्य प्रकृतियोंमें संक्रमण होता है उसे प्रदेशमोक्ष कहा जाता है । इसको भी उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्यके भेदसे ले जाना चाहिये ।

नोकर्मद्रव्यमोक्ष सुगम है । अथवा नोआगमद्रव्यमोक्ष मोक्ष, मोक्षकारण और मुक्तके भेदसे तीन प्रकारका है । जीव और कर्मका पृथक् होना मोक्ष कहलाता है । ज्ञान, दर्शन और चारित्र ये मोक्षकारण हैं । समस्त कर्मोंसे रहित; अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्तवीर्य, चारित्र, सुख और सम्यक्त्व आदि गुणगणोंसे परिपूर्ण; निरामय, निरंजन, नित्य और कृतकृत्य जीवको मुक्त कहा जाता है । इन तीनोंकी ही प्ररूपणा हेतुगर्भित निक्षेप, नय और निरुक्ति अनुयोगद्वारोंसे करना चाहिये । ऐसा करनेपर मोक्ष-अनुयोगद्वार समाप्त होता है ।

---

* ताप्रतौ ' अवट्ठिदा वि ' इति पाठः । ▣ ताप्रतौ ' वि ट्ठिदी ए (ट्ठि) दिमोक्खो ' इति पाठः ।
✡ अ-काप्रत्योः ' अणुभागमोक्खो,' ताप्रतौ ' अणुभागमोक्खो (क्खे) ' इति पाठः । ✡ अ-ताप्रत्योः ' अवट्ठिदि ' इति पाठः । ✤ काप्रतौ ' पदेसमोक्खो ' इति पाठः । ♠ अ-ताप्रत्योः ' अवट्ठिदि ' इति पाठः ।

✡ ✡ ✡

१२ संकमाणुयोगद्दारं

मुणिसुव्वयदेसयरं पणमिय मुणिसुव्वयं जिणं देवं ।
संकममणुओगमिणं जहासुअं वण्णइस्सामो ॥ १ ॥

संकमे त्ति अणुओगद्दारे संकमो णिक्खिवियव्वो । तं जहा--णामसंकमो ट्ठवणसंकमो दवियसंकमो खेत्तसंकमो कालसंकमो भावसंकमो चेदि छव्विहो संकमो । तत्थ संकमसद्दो णामसंकमो णाम । सो एसो त्ति अण्णस्स सरूवं बुद्धीए णिधत्तो ट्ठवणसंकमो णाम । दवियसंकमो दुविहो आगम-णोआगमदवियसंकमो चेदि । आगमदवियसंकमो सुगमो । णोआगमदवियसंकमो जाणुगसरीर-भविय-तव्वदिरित्तदवियसंकमभेदेण तिविहो । जाणुगसरीर-भवियदव्वसंकमा सुगमा । तव्वदिरित्तसंकमो दुविहो णोकम्मसंकमो कम्मसंकमो चेदि । णोकम्मसंकमो जहा मट्टियाए घडसरूवेण परिणामो । कम्मसंकमो थप्पो ।

एगक्खेत्तस्स खेत्तंतरगमणं खेत्तसंकमो णाम । किरियाविरहिदस्स खेत्तस्स कधं संकमो ? ण, जीव-पोग्गलाणं सकिरियाणं आधेये आधारोवयारेण लद्ध*खेत्तवएसाणं संकमुवलंभादो । ण च खेत्तस्स संकमववहारो अप्पसिद्धो, उड्ढलोगो संकंतो त्ति

मुनियोंके उत्तम चरित्रका उपदेश करनेवाले मुनिसुव्रत जिनेन्द्रको नमस्कार करके श्रुतके अनुसार संक्रम-अनुयोगद्वारका वर्णन करते हैं ॥ १ ॥

संक्रम इस अनुयोगद्वारमें संक्रमका निक्षेप किया जाता है । वह इस प्रकारसे– नाम-संक्रम, स्थापनासंक्रम, द्रव्यसंक्रम, क्षेत्रसंक्रम, कालसंक्रम और भावसंक्रमके भेदसे संक्रम छह प्रकारका है । उनमें ' संक्रम ' यह शब्द नामसंक्रम कहलाता है । ' वह यह है ' इस प्रकार अन्यके स्वरूपको बुद्धिमें स्थापित करना, यह स्थापनासंक्रम है । द्रव्यसंक्रम दो प्रकारका है– आगमद्रव्यसंक्रम और नोआगमद्रव्यसंक्रम । इनमें आगमद्रव्यसंक्रम सुगम है । नोआगमद्रव्य-संक्रम ज्ञायकशरीर, भव्य और तद्व्यतिरिक्त द्रव्यसंक्रमके भेदसे तीन प्रकार है । इनमें ज्ञायक-शरीर और भव्यद्रव्यसंक्रम सुगम है । तद्व्यतिरिक्त नोआगमद्रव्यसंक्रम दो प्रकारका है– नोकर्मसंक्रम और कर्मसंक्रम । नोकर्मसंक्रम– जैसे मिट्टीका घट स्वरूपसे परिणमन । कर्मसंक्रमको अभी स्थगित किया जाता है ।

[एक क्षेत्रके क्षेत्रान्तरको प्राप्त होनेका नाम क्षेत्रसंक्रम है ।]

शंका– क्षेत्र तो क्रियासे रहित है, फिर उसका क्षेत्रान्तरमें गमन कैसे सम्भव है?

समाधान– नहीं, क्योंकि, आधेयमें आधारका उपचार करनेसे सक्रिय जीव और पुद्गलोंकी ' क्षेत्र ' संज्ञा सम्भव है और उनका संक्रम पाया ही जाता है । दूसरे, क्षेत्रके संक्रमका व्यवहार अप्रसिद्ध भी नहीं है, क्योंकि, ऊर्ध्वलोक संक्रान्त हुआ, ऐसा व्यवहार पाया जाता है ।

---

* अ-काप्रत्योः ' बद्ध ', ताप्रतौ ' ब (ल) द्ध इति पाठः ।

ववहारुवलंभादो। कालस्सपुव्वस्स पादुब्भावो कालसंकमो णाम। ण च एसो असिद्धो, संकंतो हेमंत्तो त्ति ♣ ववहारुवलंभादो। संपहि उप्पण्णस्स कधं संकमो? ण, पोग्गलाणं उप्पाद-वय-धुवभावाणमुवयारेण पत्तकालववएसाणं एयंतेण उप्पादाभावादो। अधवा, एगखेत्तम्हि ट्ठिददव्वस्स खेत्तंतरगमणं खेत्तसंकमो। एगकालम्मि ट्ठिददव्वस्स कालंतरगमणं कालसंकमो। कोधादिएगभावम्हि ट्ठिददव्वस्स भावंतरगमणं भावसंकमो।

तत्थ कम्मसंकमे पयदं। सो चउव्विहो पयडिसंकमो ट्ठिदिसंकमो अणुभागसंकमो पदेससंकमो चेदि। तत्थ पयडिसंकमे अट्ठपदं– जा पयडि अण्णपयडिं णिज्जदि एसो पयडिसंकमो। एदेण अट्ठपदेण संकमे भण्णमाणे तत्थ मूलपयडिसंकमो णत्थि। कुदो? साभावियादो। उत्तरपयडिसंकमे* सामित्तं– बंधे संकमो, अबंधे णत्थि। कुदो? साभावियादो।

पंचण्णं णाणावरणीयाणं संकामओ☼ को होदि? अण्णदरो सकसाओ? णवण्णं दंसणावरणीयाणं पंचण्णमंतराइयाणं च णाणावरणभंगो। सादस्स संकामओ✿ को होदि? जो असादस्स बंधओ। असादस्स संकामओ को होदि? जो सादस्स बंधओ

(अपूर्व कालके प्रादुर्भावका नाम कालसंक्रम है) यह असिद्ध भी नहीं है, क्योंकि, हेमन्त ऋतु संक्रान्त हुई, ऐसा व्यवहार पाया जाता है।

शंका– उत्पन्नका संक्रम कैसे हो सकता है?

समाधान– नहीं, क्योंकि, उपचारसे काल संज्ञाको प्राप्त हुए पुद्गलोंके उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यके एकान्ततः उत्पादका अभाव है। अथवा एक क्षेत्रमें स्थित द्रव्यके क्षेत्रान्तर गमनको क्षेत्रसंक्रम, एक कालमें स्थित द्रव्यके कालान्तर गमनको कालसंक्रम, और क्रोधादिक एक किसी भावमें स्थित द्रव्यके भावान्तर गमनको भावसंक्रम समझना चाहिये।

उनमें यहां कर्मसंक्रम प्रकृत है। वह चार प्रकारका है– प्रकृतिसंक्रम, स्थितिसंक्रम, अनुभागसंक्रम और प्रदेशसंक्रम। इनमेंसे प्रकृतिसंक्रमके विषयमें अर्थपदका कथन करते हैं– (जो एक प्रकृति अन्य प्रकृतिस्वरूपताको प्राप्त करायी जाती है, यह प्रकृतिसंक्रम कहलाता है) इस अर्थपदके अनुसार संक्रमका कथन करनेपर मूलप्रकृतिसंक्रम सम्भव नहीं है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है। उत्तरप्रकृतिसंक्रममें स्वामित्वकी प्ररूपणा की जाती है– बन्धके होनेपर संक्रम सम्भव है, बन्धके अभावमें वह सम्भव नहीं है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है।

पांच ज्ञानावरणीय प्रकृतियोंका संक्रमक कौन होता है? उनका संक्रामक अन्यतर सकषाय जीव होता है। नौ दर्शनावरणीय और पांच अन्तरायके संक्रमणकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीयका संक्रामक कौन होता है? जो असाताका बन्धक है वह साताका संक्रामक होता है। असाताका संक्रामक कौन होता है? जो सकषाय जीव साताका बंधक होता

♣ काप्रतौ 'णाम एसो असिद्धो संकंतो होंतो त्ति' इति पाठः। * अ-काप्रत्योः 'संकमो', ताप्रतौ 'संकमो (मे)' इति पाठः। ☼ अप्रतौ 'संकमओ', का-ताप्रत्योः 'संकमो' इति पाठः।
✿ मप्रतौ 'संकमओ' इति पाठः।

सक्कसाओ। दंसणमोहणीयं चरित्तमोहणीए ण संकमदि, चरित्तमोहणीयं पि दंसणमोहणीए ण संकमदि ✡। कुदो? साभावियादो। सम्मामिच्छाइट्ठी दंसणमोहणीयस्स असंकामगो। एवं सासणो वि ✡। सम्मत्तस्स णियमा मिच्छाइट्ठी संकामगो जस्स आवलियबाहिरंसंतकम्ममत्थि। मिच्छत्तस्स संकामओ को होदि? सम्माइट्ठी जस्स आवलियबाहिरं मिच्छत्तस्स संतकम्ममत्थि। सम्मामिच्छत्तस्स संकामगो को होदि? सम्माइट्ठी मिच्छाइट्ठी वा जस्स आवलियबाहिरं संतकम्ममत्थि। बारसण्णं कसायाणं णाणावरणभंगो। इत्थिवेदस्स संकामओ को होदि? जाव इत्थिवेदो चरिमसमयअणुवसंतो चरिमसमयअक्खीणो वा। णवुंसयवेदस्स इत्थिवेदभंगो। पुरिसवेदस्स संकामगो को होदि? जाव पुरिसवेदो पढमसमयउवसंतो पढमसमयखीणो वा। तिण्णं संजलणाणं ♠ पुरिसवेदभंगो। लोहसंजलणाए संकामओ को होदि? उवसामया खवगा च जाव अंतरं चरिमसमयअकदं ति अक्खवय-अणुवसामओ च।

चदुण्णमाउआणं संकमो णत्थि। कुदो? साभावियादो। सव्वासिं पि णामपयडीणं

है। दर्शनमोहनीय चारित्रमोहनीयमें संक्रान्त नहीं होती और चारित्रमोहनीय भी दर्शनमोहनीयमें संक्रान्त नहीं होती, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव दर्शनमोहनीयका असंक्रामक होता है। इसी प्रकार सासादनसम्यग्दृष्टि भी दर्शनमोहनीयका असंक्रामक होता है। सम्यक्त्वप्रकृतिका संक्रामक नियमसे मिथ्यादृष्टि जीव होता है, जिसके कि उसका सकर्म आवलीके बाहिर होता है। मिथ्यात्वका संक्रामक कौन होता है? उसका संक्रामक सम्यग्दृष्टि होता है, जिसके मिथ्यात्वका सत्कर्म आवलिके बाहिर होता है। सम्यग्मिथ्यात्वका संक्रामक कौन होता है? उसका संक्रामक सम्यग्दृष्टि अथवा मिथ्यादृष्टि होता है, जिसके उसका सत्कर्म आवलीके बाहिर होता है। बारह कषायोंके संक्रमणकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है। स्त्रीवेदका संक्रामक कौन होता है? स्त्रीवेदके अनुपशान्त रहनेके अन्तिम समय तक अथवा उसके अक्षीण रहनेके अन्तिम समय तक जीव उसका संक्रामक होता है। नपुंसकवेदके संक्रमणकी प्ररूपणा स्त्रीवेदके समान है। पुरुषवेदका संक्रामक कौन होता है? पुरुषवेदके उपशान्त होनेके प्रथम समय तक अथवा उसके क्षीण होनेके प्रथम समय तक जीव उसका संक्रामक होता है। तीन संज्वलनोंके संक्रमणकी प्ररूपणा पुरुषवेदके समान है। संज्वलन लोभका संक्रामक कौन होता है? उसके संक्रामक उपशामक और क्षपक जीव अन्तर न किये जानेके अन्तिम समय तक होते हैं, अक्षपक व अनुपशामक जीव भी उसके संक्रामक होते हैं।

चार आयु कर्मोंका संक्रम नहीं होता, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है। यशकीर्तिको छोड़कर

✡ मोहदुगाउग-मूलपयडीण न परोप्परंमि संकमणं। संकम-बंधुदउव्वट्टणा (णव) लिगाईणकरणाइं॥ क. प्र. २, ३. ✡ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-का-ताप्रतिषु 'सासणो वि' इति पाठः। तथा सासादनाः सम्यग्मिथ्यादृष्टयश्च न किमपि दर्शनमोहनीयं क्वापि संक्रमयन्ति, अविशुद्धदृष्टित्वात्। बन्धाभावे हि दर्शनमोहनीयस्य संक्रमो विशुद्धदृष्टेरेव भवति, नाविशुद्धदृष्टेः। क. प्र. (मलय.) २, ३. ♠ ताप्रतौ 'तिसंजलणाणं' इति पाठः।

जसकित्तिवज्जाणं ताव संकमो जाव सकसाओ जाव आवलियबाहिरं च संतकम्ममत्थि। जसकित्तीए ताव संकामगो जाव परभवियणामपयडीणं बंधदि। उच्चागोदस्स संकामओ को होदि ? जो णीचागोदस्स बंधओ जाव आवलियबाहिरं संतकम्ममत्थि। णीचागोदस्स संकामओ को होदि? जो उच्चागोदस्स बंधओ सकसाओ। एवं सामित्तं समत्तं।

एयजीवेण कालो--पंचणाणावरणीय-णवदंसणावरणीय-पणुवीसमोहणीय-अणुव्वेल्लमाणसव्वणामपयडीणं[1] पंचंतराइयाणं च संकमो केवचिरं कालादो होदि ? अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो सादिओ सपज्जवसिदो वा। जो सो सादिओ सपज्जवसिदो जहण्णेण अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। सादासादाणं जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० बेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि। णवरि मिच्छत्तस्स छावट्ठिसागरो० सादिरेयाणि। सम्मत्तस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्कस्सेण पलिदो० असंखे० भागो।

णिरयगइ-देवगइणामाणं तदाणुपुव्वीणामाणं वेउव्वियसरीर-वेउव्वियसरीरअंगोवंग-बंधण-संघादाणं च जह० अट्ठवस्साणि सादिरेयाणि अंतोमुहुत्तं वा, उक्क० बेसागरोवमसहस्साणि सादिरेयाणि। मणुसगइ-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वीणं जह० अट्ठवस्साणि

शेष सभी नामप्रकृतियोंका तब तक संक्रम होता है जब तक कि जीव सकषाय है और जब तक उनका सत्कर्म आवलीके बाहिर रहता है। यशकीर्तिका संक्रामक तब तक होता है जब तक परभविक नामप्रकृतियोंको बांधता है। उच्चगोत्रका संक्रामक कौन होता है ? जो नीचगोत्रका बन्धक होता है वह उच्चगोत्रका तब तक संक्रामक होता है जब तक उसका आवलीके बाहिर सत्कर्म रहता है। नीचगोत्रका संक्रामक कौन होता है ? जो सकषाय जीव उच्चगोत्रका बन्धक होता है वह नीचगोत्रका संक्रामक होता है। इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ।

एक जीवकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा की जाती है--पांच ज्ञानावरणीय, नौ दर्शनावरणीय, पच्चीस मोहनीय, उद्वेल्लित न की जानेवाली सब नाम प्रकृतियां और पांच अन्तराय; इनका संक्रमण कितने काल होता है ? उनके संक्रमणका काल अनादि अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित भी है। इनमें जो सादि-सपर्यवसित है उसका प्रमाण जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन है। साता व असाता वेदनीयके संक्रमणका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है। मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रमणका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे कुछ अधिक दो छयासठ सागरोपम मात्र है। विशेष इतना है कि मिथ्यात्वका वह काल साधिक दो छयासठ सागरोपम मात्र है। सम्यक्त्व प्रकृतिके संक्रमणका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है।

नरकगति, देवगति, नरकगत्यानुपूर्वी, देवगत्यानुपूर्वी, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकशरीरांगोपांग, वैक्रियिकबन्धन और वैक्रियिकसंघात नामकर्मोंके संक्रमणका काल जघन्यसे साधिक आठ वर्ष या अन्तर्मुहूर्त, और उत्कर्षसे साधिक दो हजार सागरोपम मात्र है। मनुष्यगति और मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वीके संक्रमणका काल जघन्यसे साधिक आठ वर्ष या अन्तर्मुहूर्त और

---

[1] अ-काप्रत्योः 'पुव्वि' इति पाठः।

सादिरेयाणि अंतोमुहुत्तं वा, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । उच्चागोदस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० तेत्तीसं सागरो० सादिरेयाणि । आहारसरीर*-आहारसरीरअंगोवंग-बंधण-संघादाणं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० पलिदो० असंखे० भागो । तित्थयरणामाए जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि । णीचागोदस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० बेछावट्ठिसागरोवमाणि तिहि पलिदोवमेहि अब्भहियाणि । एवं कालो समत्तो ।

अंतरं– जेसिं कम्माणं तिभंगीयो कालो तेसिं जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । एवं सादासादाणं । वेउव्वियछक्कस्स जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । मणुसगइ-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वी-उच्चा-णीचागोदाणं जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा । आहारसरीर-आहारसरीरअंगोवंग-बंधण-संघादाणं जह० एगसमओ, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । तित्थयरणामाए सादभंगो । सम्मत्त-मिच्छत्ताणं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । एवं सम्मामिच्छत्तस्स । णवरि जह० एगसमओ । अणंताणुबंधिचउक्क० जह० अंतोमु० उक्क० बेछावट्ठि-सागरोवमाणि सादिरेयाणि । एवं अंतरपरूवणा समत्ता ।

उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है । उच्चगोत्रके संक्रमणका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम मात्र है । आहारकशरीर, आहारकशरीरांगोपांग, आहारकबन्धन और आहारकसंघातके संक्रमणका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है । तीर्थंकर नामकर्मके संक्रमणका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम मात्र है । नीचगोत्रके संक्रमणका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे तीन पल्योपम अधिक दो छयासठ सागरोपम मात्र है । इस प्रकार कालका कथन समाप्त हुआ ।

अन्तर– जिन कर्मोंके संक्रमका काल तीन भंग रूप है उनके संक्रमका अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । इसी प्रकार साता व असाता वेदनीयके विषयमें कहना चाहिये । वैक्रियिकषट्का प्रकृत अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है । मनुष्यगति, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, उच्चगोत्र और नीचगोत्रका वह अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र है । आहारशरीर, आहारशरीरांगोपांग, आहारशरीरबन्धन और आहारशरीरसंघातका अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र है । तीर्थंकर प्रकृतिका अन्तरकाल सातावेदनीयके समान है । सम्यक्त्व और मिथ्यात्वका वह अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र है । इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वका भी अन्तरकाल जानना चाहिये । विशेष इतना है कि उसका वह अन्तरकाल जघन्यसे एक समय मात्र है । अनन्तानुबन्धिचतुष्कका अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक दो छयासठ सागरोपम मात्र है । इस प्रकार अन्तरप्ररूपणा समाप्त हुई ।

---

* ताप्रतौ ' आहारसरीरस्स ' इति पाठः ।

णाणाजीवेहि भंगविचओ। अट्ठपदं--जेसिं संतकम्ममत्थि तेसु पयदं। एदेण अट्ठपदेण पंचणाणावरणीय-णवदंसणावरणीय-सम्मामिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसायतेरसणामपयडि-पंचंतराइयाणं च सिया सव्वे जीवा संकामया, सिया संकामया च असंकामओ च, सिया संकामया च असंकामया च। सादासाद-सम्मत्त-मिच्छत्त-सेसणामपयडि-उच्च-णीचागोदाणं संकामया च असंकामया च णियमा अत्थि। एवं णाणाजीवेहि भंगविचओ समत्तो।

णाणाजीवेहि कालो--सव्वकम्माणं संकामया सव्वद्धा। अंतरं णत्थि णाणाजीवप्पणादो♣। अप्पाबहुअं। तं जहा--आहारसरीरणामाए संकामया थोवा। सम्मत्तस्स असंखे० गुणा। मिच्छत्तस्स असंखे० गुणा। सम्मामिच्छत्तस्स विसेसा०। देवगइणामाए असंखे० गुणा। णिरयगइ० विसेसा०। वेउव्विय० विसे०। णीचागोदस्स अणंतगुणा। असादस्स संखे० गुणा। सादस्स संखे० गुणा। उच्चागोदस्स विसे०। मणुसगइ० विसे०। अणंताणुबंधि० विसेसा०। जसकित्ति० विसे०। अट्ठण्हं पि कसायाणं विसे०। णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धि-तेरसणामपयडीणं संकामया विसे०। लोहसं० विसे०।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयका कथन करते हैं। उसमें अर्थपद--जिन कर्मोंका सत्कर्म है वे यहां प्रकृत हैं। इस अर्थपदके अनुसार पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, तेरह नामप्रकृतियां और पांच अन्तराय; इन प्रकृतियोंके कदाचित् सब जीव संक्रामक होते हैं, कदाचित् बहुत संक्रामक व एक असंक्रामक, तथा कदाचित् बहुत संक्रामक व बहुत असंक्रामक भी होते हैं। साता असाता वेदनीय, सम्यक्त्व, मिथ्यात्व, शेष नामप्रकृतियां, उच्चगोत्र और नीचगोत्र; इनके नियमसे बहुत संक्रामक व बहुत असंक्रामक भी होते हैं। इस प्रकार नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय समाप्त हुआ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा की जाती है--सब कर्मोंके संक्रामकोंका काल नाना जीवोंकी अपेक्षा सर्वकाल है। सब कर्मोंके संक्रामकोंका अन्तर नहीं होता, क्योंकि, नाना जीवोंकी विवक्षा है।

अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की जाती है। वह इस प्रकार है--आहारशरीर नामकर्मके संक्रामक स्तोक हैं। सम्यक्त्वके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। मिथ्यात्वके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक विशेष अधिक हैं। देवगति नामकर्मके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। नरकगतिके संक्रामक विशेष अधिक हैं। वैक्रियिकशरीरके संक्रामक विशेष अधिक हैं। नीचगोत्रके संक्रामक अनन्तगुणे हैं। असातावेदनीयके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। सातावेदनीयके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। उच्चगोत्रके संक्रामक विशेष अधिक हैं। मनुष्यगतिके संक्रामक विशेष अधिक हैं। अनन्तानुबन्धीके संक्रामक विशेष अधिक हैं। यशकीर्तिके संक्रामक विशेष अधिक हैं। आठों ही कषायोंके संक्रामक विशेष अधिक हैं। निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि और तेरह नामप्रकृतियोंके संक्रामक विशेष अधिक हैं। संज्वलनलोभके संक्रामक विशेष अधिक हैं।

♣ प्रतिषु ' णाणाजीवप्पमाणादो ' इति पाठः।

णउंसय० विसे० । इत्थि० विसे० । छण्णोकसायाणं विसे० । पुरिस० विसे० । कोध० विसे० । माण० विसे० । माया० विसे० । पंचणाणावरण-णवदंसणावरण-सेसणाम-पयडिपंचंतराइयाणं संकामया तुल्ला विसेसाहिया । एवमोघसंकमदंडओ समत्तो ।

णिरयगईए आहारसरीरणामाए संकामया थोवा । सम्मत्तस्स संकामया असंखे० गुणा । मिच्छत्तस्स असंखे० गुणा । सम्मामिच्छत्तस्स विसेसा० । णीचागोदस्स असंखे० गुणा । असादस्स संखे० गुणा । सादस्स संखे० गुणा । उच्चागोदस्स विसे० । अणंताणुबंधि० विसेसा० । सेसाणं कम्माणं संकामया तुल्ला विसेसा० । एवं णिरयोघसंकमदंडओ समत्तो ।

तिरिक्खगईए आहारसरीरणामाए संकामया थोवा । सम्मत्तस्स असंखे० गुणा । मिच्छत्तस्स असंखे० गुणा । सम्मामिच्छत्तस्स विसेसा० । देवगई० असंखे० गुणा । णिरयगई० विसेसा० । वेउव्वियसरीर० विसे० । णीचागोदस्स अणंतगुणा । असादस्स संखे० गुणा । सादस्स संखे० गुणा । उच्चागोदस्स विसेसा० । मणुसगई० विसे० । अणंताणुबंधि० विसे० । सेसाणं कम्माणं तुल्ला विसेसाहिया । एवं तिरिक्खगइदंडओ समत्तो ।

नपुंसकवेदके संक्रामक विशेष अधिक हैं। स्त्रीवेदके संक्रामक विशेष अधिक हैं। छह नोकषायोंके संक्रामक विशेष अधिक हैं। पुरुषवेदके संक्रामक विशेष अधिक हैं। (संज्वलन) क्रोधके संक्रामक विशेष अधिक हैं। मानके संक्रामक विशेष अधिक हैं। मायाके संक्रामक विशेष अधिक हैं। पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, शेष नामप्रकृतियों और पांच अन्तराय कर्मोंके संक्रामक तुल्य व विशेष अधिक हैं। इस प्रकार ओघसंक्रमदण्डक समाप्त हुआ।

नरकगतिमें आहारशरीर नामकर्मके संक्रामक स्तोक हैं। सम्यक्त्वके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। मिथ्यात्वके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक विशेष अधिक हैं। नीचगोत्रके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। असातावेदनीयके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। सातावेदनीयके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। उच्चगोत्रके संक्रामक विशेष अधिक हैं। अनन्तानुबन्धिचतुष्कके संक्रामक विशेष अधिक हैं। शेष कर्मोंके संक्रामक तुल्य व विशेष अधिक हैं। इस प्रकार नरकगतिमें सामान्यसे संक्रमदण्डक समाप्त हुआ।

तिर्यंचगतिमें आहारकशरीर नामकर्मके संक्रामक स्तोक हैं। सम्यक्त्वके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। मिथ्यात्वके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक विशेष अधिक हैं। देवगतिके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। नरकगतिके संक्रामक विशेष अधिक हैं। वैक्रियिकशरीरके संक्रामक विशेष अधिक हैं। नीचगोत्रके संक्रामक अनन्तगुणे हैं। असातावेदनीयके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। सातावेदनीयके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। उच्चगोत्रके संक्रामक विशेष अधिक हैं। मनुष्यगतिके संक्रामक विशेष अधिक हैं। अनन्तानुबन्धिचतुष्कके संक्रामक विशेष अधिक हैं। शेष कर्मोंके संक्रामक तुल्य व विशेष अधिक हैं। इस प्रकार तिर्यंचगतिमें संक्रमदण्डक समाप्त हुआ।

देवगईए णिरयगइभंगो। मणुस्सेसु आहारसरीरणामाए संकामया थोवा। मिच्छत्तस्स संकामया संखे० गुणा। सम्मत्तस्स संका० असंखे० गुणा। सम्मामिच्छत्तस्स विसेसा०। देवगई० असंखे० गुणा। णिरयगई० विसे०। वेउव्विय० विसे०। णीचागोदस्स असंखे० गुणा। असाद० संखे० गुणा। साद० संखे० गुणा। उच्चागोद० विसे०। अणंताणुबंधि० विसे०। उवरि ओघं। एवं मणुसगइदंडओ समत्तो।

बेइंदिएसु आहार० संकामया संखेज्जजीवा थोवा। सम्मत्तसंकामया असंखे० गुणा। सम्मामिच्छत्त० विसे०। देवगई० असंखे० गुणा। णिरयगई० विसे०। वेउव्विय० विसे०। णीचागोद० असंखे० गुणा। असाद० संखे० गुणा। साद० संखे० गुणा। उच्चागोद० विसे०। सेसाणं कम्माणं तुल्ला विसेसा०। तेइंदिय-चउरिंदिय-असण्णिपंचिंदियाणं बेइंदियभंगो। भुजगारो पदणिक्खेवो वड्ढिसंकमो च एगेगपयडिसंकमे णत्थि।

पयडिट्ठाणसंकमे ट्ठाणसमुक्कित्तणा। तं जहा- णाणावरणपयडिसंकमस्स एक्कं चेव ट्ठाणं। एदेण ट्ठाणेण सव्वाणि ओगद्दाराणि णेदव्वाणि। दंसणावरणस्स बे ट्ठाणाणि। तं जहा- णवण्णं छण्णं संकमो चेदि। एदेहि बेट्ठाणेहि* चदुवीसअणुओगद्दाराणि

देवगतिमें संक्रमके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा नरकगतिके समान है। मनुष्योंमें आहारशरीर नामकर्मके संक्रामक स्तोक हैं। मिथ्यात्वके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। सम्यक्त्वके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक विशेष अधिक हैं। देवगतिके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। नरकगतिके संक्रामक विशेष अधिक हैं। वैक्रियिकशरीरके संक्रामक विशेष अधिक हैं। नीचगोत्रके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। असातावेदनीयके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। सातावेदनीयके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। उच्चगोत्रके संक्रामक विशेष अधिक हैं। अनन्तानुबन्धिचतुष्कके संक्रामक विशेष अधिक हैं। आगेकी प्ररूपणा ओघके समान है। इस प्रकार मनुष्यगतिमें संक्रमदण्डक समाप्त हुआ।

द्वीन्द्रिय जीवोंमें आहारशरीरके संक्रामक जीव संख्यात हैं जो स्तोक हैं। सम्यक्त्वके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। सम्यग्मिथ्यात्वके संक्रामक विशेष अधिक हैं। देवगतिके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। नरकगतिके संक्रामक विशेष अधिक हैं। वैक्रियिकशरीरके संक्रामक विशेष अधिक हैं। नीचगोत्रके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। असातावेदनीयके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। सातावेदनीयके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। उच्चगोत्रके संक्रामक विशेष अधिक हैं। शेष कर्मोंके संक्रामक तुल्य व विशेष अधिक हैं। त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और असंज्ञी पंचेन्द्रिय जीवोंमें संक्रमके अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा द्वीन्द्रिय जीवोंके समान है। भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धिसंक्रम एक एक प्रकृतिके संक्रममें नहीं हैं।

प्रकृतिस्थानसंक्रममें स्थानसमुत्कीर्तनाकी प्ररूपणा करते हैं। वह इस प्रकार है- ज्ञानावरणके प्रकृतिसंक्रमका एक ही स्थान है। इस एक स्थानके द्वारा सब अनुयोगद्वारोंको ले जाना चाहिये। दर्शनावरणके दो स्थान हैं। यथा- नौ प्रकृतियोंका संक्रम और छह प्रकृतियोंका

---

* अप्रतौ 'एदेण बेट्ठाणाणि' इति पाठः।

भुजगार-पदणिक्खेव-वड्ढिसंकमा च णेदव्वा। मोहणीयस्स जहा कसायपाहुडे[1] ट्ठिदिसंकमे ट्ठाणसमुक्कित्तणा कदा तहा एत्थ वि कायव्वा। वेयणीय-गोदंतराइयाणं एक्केक्कं चेव ट्ठाणं[2]। णामस्स पुध पुध पिंडणामट्ठाणसमुक्कित्तणा कायव्वा। तं जहा– गदिणामाए एक्किस्से[3] दोण्णं तिण्णं चदुण्णं संकमो। उव्वेल्लणं पडुच्च जासु जासु पिंडपयडीसु संकमट्ठाणाणि अत्थि तेहि सव्वअणुयोगद्दाराणि णेयव्वाणि। एवं पयडिसंकमो समत्तो।

ठिदिसंकमो दुविहो मूलपयडिट्ठिदिसंकमो उत्तरपयडिट्ठिदिसंकमो चेदि। एत्थ अट्ठपदं। तं जहा– ओकड्डिदा वि ट्ठिदी ट्ठिदिसंकमो, उक्कड्डिदा वि ट्ठिदी ट्ठिदिसंकमो, अण्णपयडिं णीदा वि ट्ठिदी ट्ठिदिसंकमो होदि[4]। एत्थ ओकड्डणाए ताव किंचि सरूव-परूवणं कस्सामो। तं जहा– उदयावलियब्भंतरट्ठिदीयो ण सक्का ओकड्डेदुं[*] उदया-वलियादो जा समउत्तरट्ठिदी सा सक्का ओकड्डेदुं[*]। सा ओकड्डिज्जमाणिया आवलि-याए समऊणाए बेत्तिभागे अधिच्छावियूण रूवाहियतिभागे णिक्खिवदि। तदो समउत्त-रियाए ट्ठिदीए तत्तियो चेव णिक्खेवो, अधिच्छावणा वड्ढदि। एवं ताव अधिच्छावणा

संक्रम। इन दो स्थानोंके द्वारा चौबीस अनुयोगद्वारों, भुजाकार, पदनिक्षेप और वृद्धिसंक्रमको भी ले जाना चाहिये। मोहनीयकी स्थानसमुत्कीर्तना जैसे कसायपाहुडमें विस्तारसे की गयी है वैसे यहां भी उसे करना चाहिये। वेदनीय, गोत्र और अन्तरायका एक एक ही स्थान है। नामकर्मकी पृथक् पृथक् पिण्ड नामप्रकृतियोंकी स्थानसमुत्कीर्तना करना चाहिये। वह इस प्रकारसे– गति नामकर्म सम्बन्धी एक, दो, तीन और चारका संक्रम होता है। उद्वेलनाके आश्रयसे जिन पिण्ड प्रकृतियोंमें संक्रमस्थान हैं उनके द्वारा सब अनुयोगद्वारोंको ले जाना चाहिये। इस प्रकार प्रकृतिसंक्रम समाप्त हुआ।

स्थितिसंक्रम दो प्रकार है– मूलप्रकृतिस्थितिसंक्रम और उत्तरप्रकृतिस्थितिसंक्रम। यहां अर्थपद इस प्रकार है– अपकर्षणप्राप्त स्थितिको स्थितिसंक्रम कहा जाता है, तथा उत्कर्षणप्राप्त और अन्य प्रकृतिको प्राप्त करायी गयी भी स्थितिको स्थितिसंक्रम कहा जाता है। यहां पहिले अपकर्षणके स्वरूपकी कुछ प्ररूपणा की जाती है। यथा– उदयावलीके भीतरकी स्थितियां अपकर्षणको प्राप्त नहीं करायी जा सकतीं, किन्तु उदयावलीसे जो एक समय अधिक स्थिति है वह अपकर्षणको प्राप्त करायी जा सकती है। अपकर्षणको प्राप्त करायी जानेवाली उस स्थितिका निक्षेप एक समय कम ऐसी आवलीके दो त्रिभागोंको अतिस्थापना करके एक समय अधिक आवलीके त्रिभागमें किया जाता है। आगे उत्तरोत्तर एक एक समय अधिक स्थितिका निक्षेप तो उतना मात्र ही होता है, किन्तु अतिस्थापना बढती जाती है। इस प्रकार अतिस्थापना आवली प्राप्त होने

---

[1] क. पा. सु. पृ. २६०–३०९. [2] ताप्रतौ 'ट्ठा (णा) णं' इति पाठः। [3] ताप्रतौ 'एक्के-क्किस्से' इति पाठः। [4] ट्ठिदिसंकमो दुविहो मूलपयडिट्ठिदिसंकमो च। तत्थ अट्ठपदं– जा ट्ठिदी ओकड्डिज्जदि वा उक्कड्डिज्जदि वा अण्णपयडिं संकामिज्जइ वा सो ट्ठिदिसंकमो, सेसो ट्ठिदिअसंकमो। क. पा. सु. पृ. ३१०, १–२. ठिइसंकमो त्ति वुच्चइ मूलुत्तरपगईउ जा हि ठिई। उव्वट्टियाउ ओवट्टिया व पगइं नियं वाऽण्णं॥ क. प्र. २, २८. [*] अप्रतौ 'संकामओकड्डेदुं', काप्रतौ 'संका ओकड्डेदुं' इति पाठः।

[*] अ-का-ताप्रत्योः 'संकामओकड्डेदुं' इति पाठः।

वड्ढदि जाव आवलिया त्ति। तेण परं णिक्खेवो चेव वड्ढदि♠। जहण्णओ णिक्खेवो थोवो। जहण्णिया अधिच्छावणा दोहि समएहि ऊणिया दुगुणा। उक्कस्सिया अधिच्छावणा 'असंखे० गुणा। उक्कस्सयं ट्ठिदिखंडयं विसेसाहियं। उक्कस्सओ णिक्खेवो विसेसाहिओ, जेण कम्मट्ठिदी दोहि आवलियाहि समउत्तराहि ऊणिया⊡।

उक्कड्डणा णाम कथं होदि? वुच्चदे। तं जहा– उदयावलियब्भंतरट्ठिदी ण सक्का उक्कड्डेदुं। कुदो? साभाविपादो। समउत्तरउदयावलियादिट्ठिदी उक्कड्डिज्जदि✡। सा उक्कड्डिज्जमाणिया♣ वि अबज्झमाणीसु ट्ठिदीसु ण णिक्खिवदि, बज्झमाणियाणं जहण्णट्ठिदिमादिं कादूण उवरिमासु सव्वासु ट्ठिदीसु णिक्खिवदि। एस* विही हेट्ठिमाणं ट्ठिदीणं उक्कड्डिज्जमाणियाणं✡।

संपहि उवरिमाणं ट्ठिदीणं उक्कड्डणविहाणं वुच्चदे। तं जहा– ट्ठिदिसंतकम्मादो

तक बढ़ती है। इसके पश्चात् निक्षेप ही बढ़ता है। जघन्य निक्षेप स्तोक है। जघन्य अतिस्थापना दो समयोंसे कम दुगुणी है। उत्कृष्ट अतिस्थापना असंख्यातगुणी है। उत्कृष्ट स्थितिकाण्डक विशेष अधिक है। उत्कृष्ट निक्षेप विशेष अधिक है, कारण कि वह एक समय अधिक दो आवलियोंसे हीन कर्मस्थितिके बराबर है।

उत्कर्षण कैसे होता है? इसका उत्तर देते हैं। यथा– उदयावलीके भीतरकी स्थिति उत्कर्षणको प्राप्त नहीं करायी जा सकती है, क्योंकि, ऐसा स्वभाव है। एक समय अधिक उदयावली आदि रूप स्थितिका उत्कर्षण किया जा सकता है। उस उत्कर्षणको प्राप्त करायी जानेवाली स्थितिका भी निक्षेप अबध्यमान स्थितियोंमें नहीं किया जाता है, किन्तु बध्यमान स्थितियोंमें जघन्य स्थितिको आदि करके आगेकी सब स्थितियोंमें किया जाता है। यह विधान उत्कर्षणको प्राप्त करायी जानेवाली अधस्तन स्थितियोंके लिये है।

अब उपरिम स्थितियोंके उत्कर्षणका विधान कहते हैं। यथा– स्थितिसत्कर्मसे समयाधिक

♠ तिस्से उदयादि जाव आवलियतिभागो ताव णिक्खेवो, आवलियाए वेत्तिभागा अइच्छावणा। उदए बहुअं पदेसग्गं दिज्जइ, तेण परं विसेसहीणं जाव आवलियतिभागो त्ति। तदो जा विदिया ट्ठिदी तिस्से वि तत्तिगो चेव णिक्खेवो, अइच्छावणा समयुत्तरा। एवमइच्छावणा समयुत्तरा, णिक्खेवो तत्तिगो चेव उदयावलियबाहिरादो आवलियतिभागंतिमट्ठिदि त्ति। तेण परं णिक्खेवो वड्ढइ, अइच्छावणा आवलिया चेव। क. पा. सु. पृ. ३११, ५–९, उव्वट्टंतो य ठिदं उदयावलिदाहिरा ठिइविसेसा। निक्खिवइ तइयभागे समयहिए सेसमइवईय॥ वड्ढइ तत्तो अतित्थावणा उ जावलिगा हवइ पुन्ना। ता निक्खेवो समयाहिगालिगदुगूणकम्मट्ठिई॥ क. प्र. ३, ४-५. ⊡ तदो सव्वत्थोवो जहण्णओ णिक्खेवो। जहण्णिया अइच्छावणा दुसमयूणा दुगुणा। णिव्वाघादेण उक्कस्सिया अइच्छावणा विसेसाहिया। वाघादेण उक्कस्सिया अइच्छावणा असंखेज्जगुणा। उक्कस्सयं ट्ठिदिखंडयं विसेसाहियं। उक्कस्सओ णिक्खेवो विसेसाहिओ। उक्कस्सओ ट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ। क. पा. सु. पृ. ३१५, १८–२३. ✡ अ-काप्रत्योः '-वलियादि उक्कड्डिज्जदि', ताप्रतौ '-वलियादि (यट्ठिदि) उक्कड्डिज्जदि' इति पाठः। ♣ अ-ताप्रत्योः 'ओकड्डिज्जमाणिया' इति पाठः।

* ताप्रतौ 'एसा' इति पाठः। ✡ उव्वट्टणा ठिईए उदयावलियाए बाहिरठिईणं। होइ अबाहा अइत्थावणाउ जा वलिया हुस्सा॥ क. प्र. ३, १.

समउत्तरट्ठिदिं बंधमाणस्स जा पुव्वबद्धस्स चरिमट्ठिदी सा ण उक्कड्डिज्जदि, दुचरिमट्ठिदी वि ण उक्कड्डिज्जदि । एवं जाव एगा आवलिया अण्णो आवलियाए असंखे० भागो च ओदिण्णो✡ त्ति णेदव्वं । तदो जा हेट्ठिमा अणंतरट्ठिदी सा उक्कड्डिज्जदि । तिस्से उक्कड्डिज्जमाणियाए आवलिया अधिच्छावणा, आवलियाए असंखे० भागो णिक्खेवो । उक्कड्डिज्जमाणीणं ट्ठिदीणं जहण्णओ णिक्खेवो थोवो । जहण्णिया अधिच्छावणा एगावलिया, सा असंखे० गुणा । उक्क० अधिच्छावणा संखेज्जगुणा । उक्कस्सओ णिक्खेवो असंखे० गुणो, जेण कम्मट्ठिदी उक्कस्सियाए आबाहाए समत्तराए आवलियाए च ऊणिया✱ । एसा अट्ठपदपरूवणा ।

एसो पमाणाणुगमो वुच्चदे- उत्तरपयडिसंकमे णयदं । सो चउव्विहो उक्कस्सओ अणुक्कस्सओ जहण्णओ अजहण्णओ चेदि। मदिआवरणस्स उक्कस्सओ ट्ठिदिसंकमो तीसं

स्थितिको बांधनेवालेके जो पूर्वबद्ध कर्मकी चरम स्थिति है उसका उत्कर्षण नहीं किया जाता है, द्विचरम स्थितिका भी उत्कर्षण नहीं किया जाता है, इस प्रकार एक आवली और अन्य आवलीके असंख्यातवें भाग नीचे आने तक ले जाना चाहिये । उससे नीचेकी जो अधस्तन अनन्तर स्थिति है उसका उत्कर्षण किया जाता है । उत्कर्षणको प्राप्त करायी जानेवाली उक्त स्थितिकी अतिस्थापना आवली प्रमाण और निक्षेप आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र होता है । उत्कर्षणको प्राप्त करायी जानेवाली स्थितियोंका जघन्य निक्षेप स्तोक है । जघन्य अतिस्थापना एक आवली मात्र होकर उससे असंख्यातगुणी है । उत्कृष्ट अतिस्थापना संख्यातगुणी है । उत्कृष्ट निक्षेप असंख्यातगुणा है, क्योंकि, वह उत्कृष्ट अबाधा और एक समय अधिक आवलीसे हीन कर्मस्थिति प्रमाण है । यह अर्थपदकी प्ररूपणा हुई ।

यहां प्रमाणानुगमका कथन करते हैं- उत्तरप्रकृतिसंक्रमका अधिकार है । वह चार प्रकारका है- उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य । मतिज्ञानावरणका उत्कृष्ट स्थितिसंक्रम

✡ प्रतिषु ' उदिण्णो ' इति पाठः । ✱ बाधादेण कधं ? जइ संतकम्मादो बंधो समयुत्तरो तिस्से ट्ठिदीए णत्थि उक्कड्डणा । जइ संतकम्मादो बंधो दुसमयुत्तरो तिस्से वि संतकम्मअग्गट्ठिदीए णत्थि उक्कड्डणा । एत्थ आवलियाए असंखेज्जदिभागो जहण्णिया अइच्छावणा । जदि जहण्णिया अइच्छावणा तत्तिएण अब्भहिओ संतकम्मादो बंधो तिस्से वि संतकम्मअग्गट्ठिदीए णत्थि उक्कड्डणा । अण्णो आवलियाए असंखेज्जदिभागो जहण्णओ णिक्खेवो । जइ जहण्णियाए अइच्छावणाए जहण्णएण च णिक्खेवेण एत्तियमेत्तेण संतकम्मादो अदिरित्तो बंधो सा संतकम्मअग्गट्ठिदी उक्कड्डिज्जदि । तदो समयुत्तरे बंधे णिक्खेवो तत्तिओ चेव, अइच्छावणा वड्ढदि । एवं ताव अइच्छावणा वड्ढइ जाव अइच्छावणा आवलिया जादा त्ति । तेण परं णिक्खेवो वड्ढइ जाव उक्कस्सओ णिक्खेवो त्ति । क. पा. सु. पृ. ३१६, २८-३७. णिव्वाघाएणेवं बाधाए संतकम्महिगबंधो । आवलिअसंखभागादि होइ अइत्थावणा नवरं ॥ क. प्र. ३, ३. ××× संप्रत्यल्पबहुत्वमुच्यते- या जघन्याऽतीस्थापना यच्च जघन्यो निक्षेप एतौ द्वावपि सर्वस्तोकौ परस्परं च तुल्यौ । यतो द्वावप्येतौ आवलिकासत्कासंख्येयतमभागमात्रौ, ताभ्यामसंख्येयगुणोत्कृष्टाऽतीस्थापना, तस्या उत्कृष्टाबाधारूपत्वात् । ततोऽप्युत्कृष्टो निक्षेपोऽसंख्येयगुणः, यतोऽसौ समयाधिकावलिकयाऽबाधया च हीना सर्वा कर्मस्थितिः । ततोऽपि सर्वा कर्मस्थितिर्विशेषाधिका । मलय.

सागरोवमकोडाकोडियो दोहि आवलियाहि ऊणाओ, जट्ठिदिसंकमो✡ आवलिऊणो। जहा उक्कस्सट्ठिदिउदीरणा तहा उक्कस्सट्ठिदिसंकमो सव्वकम्माणं पि कायव्वो। तत्तो णाणत्तं वत्तइस्सामो– देवगइ-देव-मणुस्साणुपुव्वी-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदियजादि-आदाव-सुहुम-अपज्जत्त-साहारणाणं उक्कस्समद्धच्छेदो वीसं सागरोवमकोडाकोडीओ बेहि तीहि आवलियाहि ऊणाओ। सामित्तं पि उक्कस्सट्ठिदिं बंधिय पडिभग्गो होदूण एदाओ णामपयडीओ बंधिय तदो आवलियादीदस्स♠। आदावस्स पुण बंधावलिया-दीदस्स उक्कस्सओ ट्ठिदिसंकमो। एदं णाणत्तं उक्कस्सट्ठिदिउदीरणादो।

देव-णिरयाउआणं उक्कस्सट्ठिदिसंकमो तेत्तीसं सागरोवमाणि, जट्ठिदिसंकमो आवलियूणपुव्वकोडितिभागेणब्भहियतेत्तीसं सागरोवमाणि। मणुस्स-तिरिक्खाउआ-णमुक्कस्सट्ठिदिसंकमो तिण्णि पलिदोवमाणि, जट्ठिदिसंकमो आवलियूणपुव्वकोडिति-भागेणब्भहिय-तिण्णिपलिदोवमाणि।

जहण्णट्ठिदिसंकम♣पमाणाणुगमो। तं जहा– पंचणाणावरण-चत्तारिदंसणावरण-पंचंतराइयाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो एगा ट्ठिदी, जट्ठिदिसंकमो समयाहियावलिया✡। णिद्दा-पयलाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो एगा ट्ठिदी, जट्ठिदिसंकमो दो आवलियाओ

दो आवलियोंसे हीन तीस कोडाकोडि सागरोपम मात्र होता है, जस्थितिसंक्रम एक आवलीसे हीन तीस कोडाकोडि सागरोपम मात्र होता है। पूर्वमें जैसे उत्कृष्ट स्थितिउदीरणा कथन किया गया है वैसे ही सभी कर्मोंके उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमका भी कथन करना चाहिये। उससे जो यहां जो कुछ विशेषता है, उसे बतलाते हैं– देवगति, देवानुपूर्वी, मनुष्यानुपूर्वी, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जाति, आतप सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण; इनका उत्कृष्ट अद्धाच्छेद दो व तीन आवलियोंसे हीन बीस कोडाकोडि सागरोपम मात्र है। उसका स्वामी भी उत्कृष्ट स्थितिको बांधकर और प्रतिभग्न होकर फिर इन नामकर्मकी प्रकृतियोंको बांधनेके पश्चात् आवली मात्र कालको बितानेवाला जीव होता है। परन्तु आतपका उत्कृष्ट स्थितिसंक्रम जिसने बन्धावलीको बिताया है उसके होता है। यह उत्कृष्ट स्थितिउदीरणाकी अपेक्षा यहां विशेषता है।

देवायु और नारकायुका उत्कृष्ट स्थितिसंक्रम तेतीस सागरोपम और जस्थितिसंक्रम आवली कम पूर्वकोटिके त्रिभागसे अधिक तेतीस सागरोपम मात्र होता है। मनुष्यायु और तिर्यगायुका उत्कृष्ट स्थितिसंक्रम तीन पल्योपम और जस्थितिसंक्रम आवली कम पूर्वकोटिके त्रिभागसे अधिक तीन पल्योपम मात्र होता है।

जघन्य स्थितिसंक्रमके प्रमाणानुगमका कथन करते हैं। यथा– पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तरायका जघन्य स्थितिसंक्रम एक स्थिति और जस्थितिसंक्रम एक समय अधिक आवली मात्र है। निद्रा और प्रचलाका जघन्य स्थितिसंक्रम एक स्थिति और

✡ अप्रतौ 'जट्ठिदिससकम्मो', ताप्रतौ 'जं ट्ठिदिसंकमो' इति पाठः। ♠ अप्रतौ 'आवलियादि-तस्स' इति पाठः। ♣ अ-काप्रत्योः 'संकमो', ताप्रतौ 'संकमो (म)' इति पाठः। ✡ आवरण-विग्घ-दंसणचउक्क-लोभंत-वेयगाऊणं। एगा ठिई जहन्नो जट्ठिई समयाहिगावलिगा॥ क. प्र. २, ३२.

आवलियाए असंखेज्जदिभागो च ♣ । णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धि–मिच्छत्त–बारसकसाय-सम्मामिच्छत्त-इत्थि-णवुंसयवेदाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो पलिदो० असंखे० भागो ♡ । सादासादाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो अंतोमुहुत्तं ।

सम्मत्त-लोहसंजलणाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो एगा ट्ठिदी ♣ । जट्ठिदिसंकमो समयाहियावलिया । छण्णं णोकसायाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो संखे० वस्साणि ♠ । कोहसंजलणाए जह० ट्ठिदिसंकमो बे मासा अंतोमुहुत्तूणा * जट्ठिदिसंकमो बे मासा बेहि आवलियाहि ऊणा । माणसंजलणस्स जहण्णट्ठिदिसंकमो मासो अंतोमुहुत्तूणो ▣, जट्ठिदिसंकमो मासो बेहि आवलियाहि ऊणो । मायासंजलणाए जहण्णट्ठिदिसंकमो अद्धमासो अंतोमुहुत्तूणो ✿, जट्ठिदिसंकमो अद्धमासो दोहि आवलियाहि ऊणो । पुरिसवेदस्स जहण्णट्ठिदिसंकमो अट्ठवस्साणि अंतोमुहुत्तूणाणि ◆, जट्ठिदिसंकमो अट्ठवस्साणि दोहि आवलियाहि ऊणाणि ।

आउआणं जहा जहण्ण ✡ ट्ठिदिउदीरणाए तहा कायव्वं । णिरयगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वी-तिरिक्खगइ–तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वी-एइंदिय-बेइंदिय तेइंदिय-चउरिंदियजादि-आदावुज्जोव-थावर-सुहुम-साहारणसरीराणं जहण्णगो ट्ठिदिसंकमो पलिदो०

जस्थितिसंक्रम दो आवली और एक आवलीके असंख्यातवें भागसे अधिक है । निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला, स्त्यानगृद्धि, मिथ्यात्व, बारह कषाय, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका जघन्य स्थितिसंक्रम पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है । साता और असाता वेदनीयका जघन्य स्थितिसंक्रम अन्तर्मुहूर्त है ।

सम्यक्त्व और संज्वलन लोभका जघन्य स्थितिसंक्रम एक स्थिति मात्र है । इनका जस्थितिसंक्रम एक समय अधिक आवली मात्र है । छह नोकषायोंका जघन्य स्थितिसंक्रम संख्यात वर्ष मात्र है । संज्वलन क्रोधका जघन्य स्थितिसंक्रम अन्तर्मुहूर्त कम दो मास और जस्थितिसंक्रम दो आवलीसे कम दो मास प्रमाण है । संज्वलन मानका जघन्य स्थितिसंक्रम अन्तर्मुहूर्त कम एक मास और जस्थितिसंक्रम दो आवली कम एक मास प्रमाण है । संज्वलन मायाका जघन्य स्थितिसंक्रम अन्तर्मुहूर्त कम आधा मास और जस्थितिसंक्रम दो आवली कम आधा मास प्रमाण है । पुरुषवेदका जघन्य स्थितिसंक्रम अन्तर्मुहूर्त कम आठ वर्ष और जस्थितिसंक्रम दो आवली कम आठ वर्ष है ।

आयु कर्मोंकी जिस प्रकार जघन्य स्थितिकी उदीरणा कही गयी है उसी प्रकारसे उनके जघन्य संक्रमको भी कहना चाहिये । नरकगति, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, तिर्यंगति, तिर्यंगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जाति, आतप, उद्योत स्थावर, सूक्ष्म,

---

♣ निद्दादुगस्स एक्का आवलिदुगं असंखभागो य । जट्ठि० ×××क. प्र. २, ३३. ♡ मिच्छत्त–सम्मामिच्छत्त-बारसकसाय-इत्थि-णवुंसयवेदाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो । क. पा. सु. ३१९, ४४. ♣ क. पा. सु. पृ. ३१९, ४५. ♠ क. पा. सु. पृ. ३१९, ४९. * का-मप्रत्योः 'अंतोमुहुत्तूणो', अप्रतौ त्रुटितोऽत्र पाठः । क. पा. सु. पृ. ३१९, ४५. ▣ क. पा. सु. पृ. ३१९, ४६. ✿ क. पा. सु. पृ. ३१९, ४७. ◆ क. पा. सु. पृ. ३१९, ४८. ✡ ताप्रतौ 'आउआणं जहण्ण-' इति पाठः ।

असंखे० भागो । देवगई--देवगइपाओग्गाणुपुव्वी--मणुसगइ--मणुसगइओग्गाणुपुव्वी--पंचसरीर-पंचसरीरबंधण-पंचसरीरसंघाद--छसंठाण-छसंघडण-पसत्थापसत्थवण्ण-गंध-रस-फास--अगुरुअलहुअ--उवघाद-परघाद-उस्सास-पसत्थापसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्तापज्जत्त-पत्तेयसरीर-थिराथिर-सुहासुह-सुभग--दूभग--सुस्सर-दुस्सर - आदेज्ज-अणादेज्ज-जसकित्ति-अजसकित्ति-णिमिण-तित्थयर-णीचुच्चागोदाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो अंतोमुहुत्तं । एवं जहण्णुक्कस्सअद्धाच्छेदो समत्तो ।

एत्तो सामित्तं । तं जहा– जहा उक्कस्सियाए ट्ठिदीए उदीरणाए सव्वकम्माणं पि सामित्तं परूविदं तहा उक्कस्सट्ठिदिसंकमे वि सव्वकम्माणं पि सामित्तं परूवेयव्वं ✡ । एवमुक्कस्सट्ठिदिसंकमसामित्तं समत्तं ।

जहण्णट्ठिदिसंकमसामित्तं वत्तइस्सामो । तं जहा– पंचणाणावरण-चउदंसणावरण-पंचंतराइयाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? समयाहियावलियचरिमसमयछदुमत्थस्स । णिद्दा-पयलाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? दोहि आवलियाहि आवलियाए असंखे० भागेण चरिमसमयछदुमत्थस्स । णिद्दाणिद्दा--पयलापयला--थीणगिद्धीणं

और साधारणशरीर नामकर्मोंका जघन्य स्थितिसंक्रम पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है । देवगति, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, मनुष्यगति, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, पांच शरीर, पांच शरीरबन्धन, पांच शरीरसंघात, छह संस्थान, छह संहनन, प्रशस्त व अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस, स्पर्श, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त व अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, अपर्याप्त प्रत्येकशरीर, स्थिर, अस्थिर शुभ, अशुभ, सुभग, दुर्भग, सुस्वर, दुस्वर, आदेय, अनादेय, यशकीर्ति, अयशकीर्ति, निर्माण, तीर्थंकर, नीचगोत्र और उच्चगोत्र; इनका जघन्य स्थितिका संक्रम अन्तर्मुहूर्त मात्र है । इस प्रकार जघन्य व उत्कृष्ट अद्धाच्छेद समाप्त हुआ ।

यहां स्वामित्वका कथन करते हैं । वह इस प्रकार है-- जिस प्रकार उत्कृष्ट स्थितिकी उदीरणामें सभी कर्मोंके स्वामित्वकी प्ररूपणा की गयी है उसी प्रकारसे उत्कृष्ट स्थितिके संक्रममें भी सभी कर्मोंके स्वामित्वकी प्ररूपणा करना चाहिये । इस प्रकार उत्कृष्ट स्थितिसंक्रमका स्वामित्व समाप्त हुआ ।

जघन्य स्थितिसंक्रमके स्वामित्वका कथन करते हैं । वह इस प्रकार है– पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तरायकी जघन्य स्थितिका संक्रम किसके होता है ? जिसके चरम समयवर्ती छद्मस्थ होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष है उसके उपर्युक्त प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिसंक्रम होता है । निद्रा और प्रचलाका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है? जिसके अन्तिम समयवर्ती छद्मस्थ होनेमें दो आवली और आवलीका असंख्यातवां भाग शेष रहा है उसके निद्रा और प्रचलाका जघन्य स्थितिसंक्रम होता है । निद्रानिद्रा, प्रचलाप्रचला और स्त्यानगृद्धिका

✡ सामित्तं । उक्कस्सट्ठिदिसंकामयस्स सामित्तं जहा उक्कस्सियाए ट्ठिदीए उदीरणा तहा णेदव्वं । क. पा. सु. पृ. ३१९, ५१–५२.

जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? खवगस्स अपच्छिमट्ठिदिखंडयचरिमसमए वट्टमाणस्स । सादासादाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? चरिमसमयसजोगिस्स ।

मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? दंसणमोहक्खवगस्स अपच्छिमट्ठिदिखंडयचरिमसमए वट्टमाणस्स* । अणंताणुबंधीणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? अणंताणुबंधि विसंजोएंतस्स अणंताणुबंधीणं अपच्छिमट्ठिदिखंडयचरिमसमए वट्टमाणस्स* । अट्ठण्णं कसायाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? अट्ठकसायक्खवगस्स अपच्छिमट्ठिदिखंडयस्स चरिमफालिं पाडेंतस्स* ।

णवुंसयवेदस्स जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? णवुंसयवेदेण खवगसेडिमुवट्ठियस्स खवगस्स णवुंसयवेदचरिमट्ठिदिखंडयचरिमफालिं संछुहमाणस्स* । इत्थिवेदस्स जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? इत्थिवेदोदएण अणुदएण वा खवगसेडिमारूढस्स खवगस्स इत्थिवेदचरिमट्ठिदिखंडयचरिमफालिं संकममाणस्स* । छण्णोकसायाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? छण्णोकसायखवगस्स तेसिं चरिमट्ठिदिखंडयचरिमफालिं संकममाणस्स* । कोध-माण-मायासंजलणाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स? तेसिं खवयस्स अपच्छिमसमय-

---

जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? वह अन्तिम स्थितिकाण्डकके चरम समयमें वर्तमान क्षपकके होता है । साता और असाता वेदनीयका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? वह अन्तिम समयवर्ती सयोगीके होता है ।

मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? वह अन्तिम स्थितिकाण्डकके चरम समयमें वर्तमान दर्शनमोहक्षपकके होता है । अनन्तानुबन्धी कषायोंका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? वह अनन्तानुबन्धी कषायोंके अन्तिम स्थितिकाण्डकके चरम समयमें वर्तमान ऐसे अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करनेवाले जीवके होता है । आठ कषायोंका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? वह अन्तिम स्थितिकाण्डककी चरम फालिको नष्ट करनेवाले ऐसे आठ कषायोंके क्षपकके होता है ।

नपुंसक वेदका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? वह नपुंसक वेदसे क्षपकश्रेणिपर उपस्थित हुए उस क्षपकके होता है । जो नपुंसकवेदके चरम स्थितिकाण्डककी चरम फालिका क्षेपण कर रहा है । स्त्रीवेदका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? जो क्षपक स्त्रीवेदके उदय अथवा उसके अनुदयके साथ क्षपकश्रेणिपर आरूढ होकर स्त्रीवेदके चरम स्थितिकांडककी चरम फालिका संक्रमण कर रहा है । छह नोकषायोंका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? वह उनके चरम स्थितिकांडककी चरम फालिका संक्रमण करनेवाले छह नोकषायोंके क्षपकके होता है । संज्वलन क्रोध, मान और मायाका जघन्यस्थितिसंक्रम किसके होता है ? वह उनके क्षपकके होता है

---

* क. पा. सु. पृ. ३२०, ५४-५५. * अणंताणुबंधीणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? विसंजोएंतस्स तेसिं चेव अपच्छिमट्ठिदिखंडयचरिमसमयसंकामयस्स । क. पा. सु. पृ. ३२०, ६०-६१. * अट्ठण्हं कसायाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? खवयस्स तेसिं चेव अपच्छिमट्ठिदिखंडयं चरिमसमयसंछुहमाणयस्स जहण्णं । क. पा. सु. पृ. ३२०, ६२-६३. * क. पा. सु. पृ. ३२१, ७१-७२. * इत्थिवेदस्स जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? खवयस्स इत्थिवेदोदयक्खवगस्स तस्स अपच्छिमट्ठिदिखंडयं संछुहमाणयस्स तस्स जहण्णयं । क. पा. सु. पृ. ३२१, ६९-७०. * क. पा. सु. पृ. ३२२, ७३-७४.

पबद्धं चरिमसमयसंछुद्धस्स । लोहसंजलणस्स जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? समयाहिय-आवलियचरिमसमयसुहुमसांपराइयखवगस्स । पुरिसवेदस्स जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? पुरिसवेदखवयस्स सगअपच्छिमट्ठिदिबंधो संछुहमाणो संछुद्धो ताधे✡ । सम्मत्तस्स जहण्णो ट्ठिदिसंकमो कस्स? समयाहियावलियचरिमसमयअक्खीणदंसणमोहणीयस्स ।

आउआणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? समयाहियावलियचरिमसमयतब्भवत्थस्स । णिरयगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वी-तिरिक्खगइ-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वी-एइंदिय-बीइंदिय-तीइंदिय-चउरिंदियजादि-आदावुज्जोव-थावर-सुहुम-साहारणसरीराणं जहण्ण-ट्ठिदिसंकमो कस्स ? अणियट्टिखवयस्स एदासिं पयडीणमपच्छिमट्ठिदिखंडयस्स चरिमफालिं संछुहमाणस्स । सेसाणं णामपयडीणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? चरि-मसमयसजोगिस्स । णीचुच्चागोदाणं जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? चरिमसमयसजो-गिस्स । एवं जहण्णट्ठिदिसंकमसामित्तं समत्तं ।

एयजीवेण कालो-पंचणाणावरणीय-णवदंसणावरणीय-असाद-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवुंसयवेद-अरदि-सोग-भय-दुगुंछाणं उक्कस्सट्ठिदिसंकमो केवचिरं कालादो होदि? जह०

जो अन्तिम समयप्रबद्धके क्षेपण करनेके अन्तिम समयमें वर्तमान है । संज्वलन लोभका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? जिसके अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपक होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष है । पुरुषवेदका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? वह पुरुषवेदके क्षपकके उस समय होता है जब निक्षिप्त किया जानेवाला अपना अन्तिम स्थितिबंध पूर्णतया निक्षिप्त हो जाता है । सम्यक्त्व प्रकृतिका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? जिसके अन्तिम समयवर्ती अक्षीण दर्शनमोह होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष है ।

आयु कर्मोंका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? जिसके अन्तिम समयवर्ती तद्भवस्थ होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र शेष है । नरकगति, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, तिर्यंचगति, तिर्यंचगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जाति, आतप, उद्योत, स्थावर सूक्ष्म और साधारणशरीर; इनका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? वह इन प्रकृतियोंके अन्तिम स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिका निक्षेप करनेवाले अनिवृत्तिकरण क्षपकके होता है । शेष नामप्रकृतियोंका जघन्य स्थितिसंक्रम किसके होता है ? वह अन्तिम समयवर्ती सयोगीके होता है । नीच और ऊंच गोत्रका जघन्य स्थितिसंक्रमण किसके होता है । वह अन्तिम समयवर्ती सयोगीके होता है । इस प्रकार जघन्य स्थितिसंक्रमका स्वामित्व समाप्त हुआ ।

एक जीवकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा की जाती है—पांच ज्ञानावरणीय, नौ दर्शनावरणीय, असाता-वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साके उत्कृष्ट स्थिति—

✡ कोहसंजलणस्स जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स ? खवयस्स कोहसंजलणस्स अपच्छिमट्ठिदिबंधचरिमसमय-संछुहमाणस्स तस्स जहण्णयं । एवं माण-मायासंजलण-पुरिसवेदाणं । लोभसंजलणस्स जहण्णट्ठिदिसंकमो कस्स? आवलियसमयाहियसकसायस्स खवयस्स । क. पा. सु. पृ. ३२१, ६४–६८.

एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। पंचणाणावरण-णवदंसणावरण-मिच्छत्त-सोलसकसाय-असादावेदणीयाणं अणुक्कस्सट्ठिदिसंकमो जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। अधवा, मदि-सुदआवरणाणमणुक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो एगसमयमादिं कादूण जाव असंखे० पोग्गलपरियट्टमेत्तो। कुदो ? मदि-सुदआवरणाणं संखेज्जपयडीसु अण्णदरपयडीए उक्कस्सट्ठिदिं बंधिदूण बिदियसमए सव्वासिमणुक्कस्सट्ठिदिं बंधिय तदियसमए अवराए पयडीए उक्कस्सट्ठिदिं बंधिय आवलियादीदं संकममाणस्स अणुक्कस्सट्ठिदीए एगादिसमयकालुवलंभादो। अरदि-सोग-भय-दुगुंछा-णवुंसयवेदाणं अणुक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० एयसमओ, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जपोग्गलपरियट्टा।

इत्थि-पुरिसवेद-सादं-हस्स-रदीणं उक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० एगसमओ, उक्क० आवलिया ✲। अणुक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० एयसमओ, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। णवरि सादस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखे० पोग्गलपरियट्टा।

देव-णिरयाउआणं उक्कस्सट्ठिदिसंकमो णिसेयट्ठिदिगो ♣ णियमा अंतोमुहुत्तो। अणुक्कस्सट्ठिदिसंकमो देव-णिरयाउआणं ✿ जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि

संक्रमका काल कितना है? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अंतर्मुहूर्त मात्र है। पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय और असातावेदनीयके अनुत्कृष्ट स्थितिसंक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। अथवा मतिज्ञानावरण और श्रुतज्ञानावरणके अनुत्कृष्ट स्थितिसंक्रमका काल एक समयको आदि करके असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र तक है। इसका कारण यह है कि मतिज्ञानावरण और श्रुतज्ञानावरणकी संख्यात प्रकृतियोंमें अन्य प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिको बांधकर, द्वितीय समयमें सब प्रकृतियोंकी अनुत्कृष्ट स्थितिको बांधकर, तृतीय समयमें अन्य प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिको बांधकर आवलिकातीत उसका संक्रमण करनेवालेके अनुत्कृष्ट स्थितिका एक आदि समय रूप काल पाया जाता है।

अरति, शोक, भय, जुगुप्सा और नपुंसकवेदकी अनुत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन रूप अनन्त काल मात्र है।

स्त्रीवेद, पुरुषवेद, असातावेदनीय, हास्य और रतिकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवली मात्र है। इनकी अनुत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र अनन्त काल है। विशेष इतना है कि सातावेदनीयका उक्त काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है।

देवायु और नारकायुकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रमकाल निषेकस्थितिस्वरूप है जो नियमसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है। देवायु और नारकायुकी अनुत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे अंतर्मुहूर्त

✲ अप्रतौ ' आवलियाए ' इति पाठः। ' णिसेयट्ठिदिजो (गो) ' इति पाठः।

♣ अ-काप्रत्योः ' णिसेयट्ठिदि जो ', ताप्रतौ

✿ अप्रतौ ' णिरयाणुआणं ' इति पाठः।

सादिरेयाणि । मणुस-तिरिक्खाउआणं णिसेयट्ठिदिगो ☼ उक्कस्सट्ठिदिसंकमो जह० उक्कस्सेण च अंतोमुहुत्तं । अणुक्कस्सट्ठिदिसंकमो जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि सादिरेयाणि ।

उक्कस्सट्ठिदिं बंधमाणगो जाओ णामपयडीओ बंधदि तासिं उक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । अणुक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० अंतोमु० उक्क० अणुवेल्लिज्जमाणियाणं असंखे० पोग्गलपरियट्टा, उव्वेल्लिज्जमाणियाणं बेसागरोवमसहस्साणि सादिरेयाणि । जासिं णामपयडीणमुक्कस्सट्ठिदिसंकमो बीसं सागरोवमकोडाकोडीओ तीहि आवलियाहि ऊणाओ तासिं पयडीणमुक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० एगसमओ, उक्क० एगावलिया । अणुक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० अणुव्वेल्लिज्जमाणियाणं असंखे० पोग्गलपरियट्टा, उव्वेल्लिज्जमाणियाणं बेसागरोवमसहस्साणि सादिरेयाणि ।

आहारसरीर-तदंगोवंग-बंधण-संघादाणं उक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । अणुक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० पलिदो० असंखे० भागो । तित्थयरणामाए उक्कस्सठ्ठिदिसंकमकालो जहण्णुक्क० एगसमओ । अणुक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० संखेज्जवाससहस्साणि, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि

और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम प्रमाण है । मनुष्यायु और तिर्यगायुकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल निषेकस्थिति स्वरूप है जो जघन्य व उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । उनकी अनुत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक तीन पल्योपम मात्र है ।

उत्कृष्ट स्थितिको बांधनेवाला जीव जिन नाम प्रकृतियोंको बांधता है उनकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । उनकी अनुत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे अनुद्वेल्यमान प्रकृतियोंका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन तथा उद्वेल्यमान प्रकृतियोंका साधिक दो हजार सागरोपम है । जिन नाम-प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका संक्रम तीन आवलियोंसे हीन बीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण है उन प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे एक आवली मात्र है । उनकी अनुत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे अनुद्वेल्यमान प्रकृतियोंका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन तथा उद्वेल्यमान प्रकृतियोंका साधिक दो हजार सागरोपम है ।

आहारशरीर तथा उसके अंगोपांग, बन्धन और संघातकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है । उनकी अनुत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है । तीर्थंकर नामकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है । उसकी अनुत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे संख्यात हजार वर्ष और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम मात्र है ।

☼ अ-काप्रत्योः ' णिसेयट्ठिदीजो ', ताप्रतौ ' णिसेयट्ठिदिजो ' इति पाठः ।

सादिरेयाणि। उच्चागोदस्स उक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० एगसमओ, उक्क० आवलिया। णीचागोदस्स जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। उच्च-णीचागोदाणं अणुक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखे० पोग्गलपरियट्टा। एवमुक्कस्सकालो समत्तो।

जहण्णट्ठिदिसंकमकालो। तं जहा– पंचणाणावरणीय-णवदंसणावरणीय-सादासाद-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसाय-पंचंतराइयाणं जहण्णट्ठिदिसंकमकालो जहण्णुक्क० एगसमओ♣। अजहण्ण✿ट्ठिदिसंकमकालो अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो वा। णवरि सोलसकसाय-णवणोकसायाणं अजहण्णस्स तिण्णि भंगा। जो सो सादिओ सपज्जवसिदो तस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जहण्णट्ठिदिसंकमकालो जहण्णुक्क० एगसमओ। अजहण्णट्ठिदिसंकमकालो दोण्णं पि जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० बेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि।

चदुण्णमाउआणं जहण्णट्ठिदिसंकमकालो जहण्णुक्क० एगसमओ। अजहण्ण✿ट्ठिदिसंकमकालो देव-णिरयाउआणं जह० दसवस्ससहस्साणि सादिरेयाणि, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि साहियाणि। मणुस-तिरिक्खाउआणं अजहण्णट्ठिदिसंकमकालो जह०

उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवली मात्र है। नीचगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है। उच्चगोत्र और नीचगोत्रकी अनुत्कृष्ट स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। इस प्रकार उत्कृष्ट काल समाप्त हुआ।

जघन्य स्थितिके संक्रमकालकी प्ररूपणा करते हैं। यथा– पांच ज्ञानावरणीय, नौ दर्शनावरणीय, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय और पांच अन्तराय; इनकी जघन्य स्थितिके संक्रमका काल अनादि-अपर्यवसित और अनादि-सपर्यवसित भी है। विशेष इतना है कि सोलह कषाय और नौ नोकषायोंकी अजघन्य स्थिति संबंधी संक्रमकालके तीन भंग हैं। उनमें जो सादि-सपर्यवसित है वह जघन्यसे अंतर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य स्थितिके संक्रमका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है। अजघन्य स्थितिके संक्रमका काल दोनोंका ही जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक दो छयासठ सागरोपम मात्र है।

चार आयु कर्मोंकी जघन्य स्थितिके संक्रमका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है। अजघन्य स्थितिके संक्रमका काल देवायु और नारकायुका जघन्यसे साधिक दस हजार वर्ष और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम मात्र है। मनुष्यायु और तिर्यंचआयुकी अजघन्य स्थितिके

♣ अट्ठावीसाए पयडीणं जहण्णट्ठिदिसंकमकालो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ। णवरि इत्थि-णवूंसयवेद-छण्णोकसायाणं जहण्णट्ठिदिसंकमकालो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं। क. पा. सु. पृ. ३२२, ७८–८१.

✿ अ-काप्रत्योः 'जहण्ण' इति पाठः।

✿ प्रतिषु 'जहण्ण' इति पाठः।

एगसमओ, अंतोमुहुत्तं। कुदो मणुसाउअस्स एगसमओ? आउए आवलियाए असंखे० भागेणाहियदोआवलियावसेसे आउअस्स विणट्ठोकड्डणसंकमे अप्पमत्ते दुसमयाहियवलियावसेसप्पमत्तगुणं पडिवण्णे कयएगसमय*अजहण्णसंकमे बिदियसमए जहण्णसंकमुवलंभादो। उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि सादिरेयाणि।

णिरयगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वी-तिरिक्खगइ-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वी-एइंदिय-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदियजादि-आदावुज्जोव-थावर-सुहुम-साहारणसरीरणामाणं जहण्णट्ठिदिसंकमकालो जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ। अजहण्णट्ठिदिसंकमकालो अणुव्वेल्लिज्जमाणियाणं अणादियो अपज्जवसिदो अणादियो सपज्जवसिदो वा। उव्वेल्लिज्जमाणियाणं अजहण्णट्ठिदिसंकमकालो जहण्णेण अट्ठवस्साणि सादिरेयाणि, उक्क० बेसागरोवमसहस्साणि साहियाणि।

वुत्तसेसाणं णामपयडीणं जहण्णट्ठिदिसंकमकालो जहण्णुक्क० एयसमओ। उव्वेल्लिज्जमाणियाणं अजहण्णट्ठिदिसंकमकालो जह० अट्ठवस्साणि सादिरेयाणि। उक्कस्सेण मणुसगइ-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वीणं असंखेज्जपोग्गलपरियट्टा, देवगइ-देवगइपाओ-

---

संक्रमका काल जघन्यसे एक समय और अन्तर्मुहूर्त मात्र है।

शंका— मनुष्यायुका एक समय मात्र उक्त काल कैसे बनता है?

समाधान— कारण यह कि आयुमें आवलीके असंख्यातवें भागसे अधिक दो आवली कालके शेष रहनेपर जिसके आयुका अपकर्षण व संक्रम नष्ट हो चुका है ऐसे अप्रमत्तसंयतके दो समय अधिक आवली मात्र शेष प्रमत्त गुणस्थानको प्राप्त होकर एक समय अजघन्य संक्रमके करनेपर द्वितीय समयमें जघन्य संक्रम पाया जाता है।

उनकी अजघन्य स्थितिके संक्रमका काल उत्कर्षसे साधिक तीन पल्योपम मात्र है।

नरकगति, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, तिर्यग्गति, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जाति, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारणशरीर नामकर्मोंकी जघन्य स्थितिके संक्रमका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है। अजघन्य स्थितिके संक्रमका काल अनुद्वेल्यमान प्रकृतियोंका अनादि-अपर्यवसित और अनादि-सपर्यवसित भी है। उद्वेल्यमान प्रकृतियोंकी अजघन्य स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे साधिक आठ वर्ष और उत्कर्षसे साधिक दो हजार सागरोपम मात्र है।

उपर्युक्त प्रकृतियोंके अतिरिक्त जो शेष नामप्रकृतियां हैं उनकी जघन्य स्थितिके संक्रमका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है। उद्वेल्यमान प्रकृतियोंकी अजघन्य स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे साधिक आठ वर्ष मात्र है। उत्कर्षसे वह मनुष्यगति और मनुष्यगति-प्रायोग्यानुपूर्वीका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन तथा देवगति, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, वैक्रियिक-

---

अ-का-मप्रत्योः 'संकमो', ताप्रतौ 'संकमो (मे)' इति पाठः।

* अ- काप्रत्योः 'पडिवण्णो कयएगसमय', ताप्रतौ 'पडिवण्णो (ण्णे) क (ए) यसमय' इति पाठः।

गाणुपुव्वीणं वेउव्वियसरीर-वेउव्वियसरीरअंगोवंग-बंधण-संघादाणं च बेसागरोवम-सहस्साणि साहियाणि। आहारसरीर-आहारसरीरअंगोवंग-बंधण-संघादाणं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० पलिदोवमस्स असंखे० भागो। तित्थयरणामाए जहण्णट्ठिदिसंकमकालो जहण्णुक्क० एगसमओ। अजहण्णट्ठिदिसंकमकालो जह० संखेज्जाणि वस्स-सहस्साणि, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि। सेसाणं कम्माणं अजहण्ण-ट्ठिदिसंकमकालो अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो वा।

उच्च-णीचगोदाणं जहण्णट्ठिदिसंकमकालो जहण्णुक्क० एगसमओ। अजहण्ण-ट्ठिदिसंकमकालो अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो वा। णवरि उच्चागोदस्स अजहण्णट्ठिदिसंकमकालो जह० अट्ठवस्साणि सादिरेयाणि, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। एवं कालो समत्तो।

एगजीवेण उक्कस्संतरं– मदि-सुदआवरणाणं उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं जह० एगसमओ, उक्क० असंखे० पोग्गलपरियट्टा। तिण्णिणाणावरण-णवदंसणावरण-सादासाद-मिच्छत्त-सोलसकसाय--णवणोकसयाणमुक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं[O] जह० अंतोमुहुत्तं उक्क० असंखे० पोग्गलपरियट्टा। णवरि णवणोकसायाणं उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं[*] जह० एग-

---

शरीर, वैक्रियिकशरीरांगोपांग, वैक्रियिकबन्धन और वैक्रियिकसंघातका साधिक दो हजार सागरोपम मात्र है। आहारकशरीर, आहारकशरीरांगोपांग, आहारकबन्धन और आहारक-संघातका उक्त काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त व उत्कर्षसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है। तीर्थंकर नामकर्मकी जघन्य स्थितिके संक्रमका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है। उसकी अजघन्य स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे संख्यात हजार वर्ष और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम मात्र है। शेष कर्मोंकी अजघन्य स्थितिके संक्रमका काल अनादि-अपर्यवसित और अनादि-सपर्यवसित भी है।

उच्च और नीच गोत्रकी जघन्य स्थितिके संक्रमका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है। उनकी अजघन्य स्थितिके संक्रमका काल अनादि-अपर्यवसित और अनादि-सपर्यवसित भी है। विशेष इतना है कि उच्चगोत्रकी अजघन्य स्थितिके संक्रमका काल जघन्यसे साधिक आठ वर्ष और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। इस प्रकार कालप्ररूपणा समाप्त हुई।

एक जीवकी अपेक्षा उत्कृष्ट स्थिति सम्बन्धी संक्रमके अन्तरकालकी प्ररूपणा की जाती है– मतिज्ञानावरण और श्रुतज्ञानावरणकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। शेष तीन ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। विशेष इतना है कि नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल

[O] अप्रतौ 'समयंतरं' काप्रतौ 'सामयंतरं' इति पाठः।
[*] अप्रतौ 'समयंतरं', ताप्रतौ 'सं० अंतरं' इति पाठः।

समओ। सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। पंचंतराइयाणं उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखे० पोग्गलपरियट्टा।

देव-णिरयाउआणं उक्क० ट्ठिदिसंकामयंतरं जह० अंतोमुहुत्तं। उक्क० देवाउअस्स उवड्ढपोग्गलपरियट्टं णिरयाउअस्स असंखे० पोग्गलपरियट्टा। जट्ठिदिꝺ पडुच्च देव-णिरयाउआणं उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं जह० समऊणपुव्वकोडी दसवस्ससहस्साणि च, उक्क० तं चेव। मणुस-तिरिक्खाउआणं उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखे० पोग्गलपरियट्टा। जट्ठिदिꝺ पडुच्च जह० पुव्वकोडी समऊणा। उक्कस्संतरं तं चेव।

उक्कस्सट्ठिदिं बंधमाणो जाओ णामꝺ पयडीओ बंधदि तासिं णामपयडीणं उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखे० पोग्गलपरियट्टा। सेसाणं णामपयडीणं उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं जह० एयसमओ, उक्क० असंखे० पोग्गलपरियट्टा। आहारसरीर-आहारसरीरंगोवंग-बंधण-संघादाणं उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। तित्थयरणामाए उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं णत्थि।

जघन्यसे एक समय मात्र है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। पांच अन्तराय कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गल परिवर्तन मात्र है।

देवायु और नारकायुकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त है। उत्कर्षसे वह देवायुका उपार्ध पुद्गल परिवर्तन तथा नरकायुका असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। जस्थितिकी अपेक्षा देवायु और नरकायुकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे एक समय कम एक पूर्वकोटि और दस हजार वर्ष तथा उत्कर्षसे भी उतना मात्र ही है। मनुष्यायु और तिर्यगायुकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। जस्थितिकी अपेक्षा वह जघन्यसे एक समय कम पूर्वकोटिप्रमाण है। उत्कृष्ट अन्तरकाल भी उनका वही है।

उत्कृष्ट स्थितिको बांधनेवाला जीव जिन नामकर्मकी प्रकृतियोंको बांधता है उन प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। शेष नामप्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। आहारशरीर, आहारशरीरांगोपांग, आहारकशरीरबंधन और आहारकशरीरसंघातकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र है। तीर्थंकर नामकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल सम्भव नहीं है।

ꝺ ताप्रतौ 'जं ट्ठिदिं' इति पाठः। ꝺ मप्रतौ 'सुणाम' इति पाठः।

उच्च-णीचागोदाणं उक्क० ट्ठिदिसंकामयंतरं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । एवमेयजीवेण उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं समत्तं ।

जहण्णट्ठिदिसंकामयंतरं । तं जहा- आउअवज्जाणं कम्माणं जहण्णट्ठिदिसंकामयंतरं णत्थि☼ । देव-णिरयाउआणं जहण्णट्ठिदिसंकामयंतरं जह० दसवाससहस्साणि सादिरेयाणि, उक्क० पयडिअंतरं । तिरिक्ख-मणुस्साउआणं जह० ट्ठिदि० अंतरं जहण्णेण खुद्दाभवग्गहणं समऊणं, उक्क० पयडिअंतरं । अणंताणुबंधीणं जह० ट्ठिदि० अंतरं♣ जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ⊖ । अवसेसाणं♠ पयडीणं अजहण्णट्ठिदिसंकामयंतरस्स पयडिअंतरभंगो । एवं जहण्णट्ठिदिसंकामयंतरं समत्तं ।

णाणाजीवेहि भंगविचओ दुविहो उक्कस्सपदभंगविचओ जहण्णपदभंगविचओ✿ चेदि । तत्थ अट्ठपदं । तं जहा- जो उक्कस्सियाए ट्ठिदीए संकामओ सो अणुक्कस्सियाए ट्ठिदीए असंकामओ । जो अणुक्कस्सियाए ट्ठिदीए संकामओ सो उक्कस्सियाए ट्ठिदीए असंकामगो । जेसिं पयडिसंतमत्थि तेसु पयदं♣, जेसिं णत्थि तेहि अव्ववहारो । एदेण अट्ठपदेण णाणावरणस्स उक्कस्सियाए ट्ठिदीए सिया सव्वे जीवा असंकामगा,

---

ऊंच और नीच गोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तर जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे असंख्यात पुद्गलपरिवर्तन मात्र है । इस प्रकार एक जीवकी अपेक्षा उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकका अन्तर समाप्त हुआ ।

जघन्य स्थितिके संक्रामकके अन्तरकालकी प्ररूपणा की जाती है। यथा– आयु कर्मोंको छोडकर शेष कर्मोंकी जघन्य स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल सम्भव नहीं है । देवायु और नारकायुकी जघन्य स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे साधिक दस हजार वर्ष और उत्कर्षसे प्रकृतिसंक्रमके अन्तरके समान है । तिर्यगायु और मनुष्यायुकी जघन्य स्थितिके संक्रामकका अन्तर जघन्यसे एक समय कम क्षुद्रभवग्रहण और उत्कर्षसे प्रकृतिसंक्रामकके अन्तर जैसा है । अनन्तानुबन्धी कषायोंकी जघन्य स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन मात्र है । शेष प्रकृतियोंकी अजघन्य स्थितिके संक्रामकका अन्तरकाल प्रकृतिसंक्रामकके अन्तर जैसा है । इस प्रकार जघन्य-स्थिति-संक्रामकके अन्तरकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय दो प्रकार है– उत्कृष्ट पदविषयक भंगविचय और जघन्य पदविषयक भंगविचय । उनमें अर्थपद इस प्रकार है– जो उत्कृष्ट स्थितिका संक्रामक होता है वह अनुत्कृष्ट स्थितिका असंक्रामक होता है । जो अनुत्कृष्ट स्थितिका संक्रामक होता है वह उत्कृष्ट स्थितिका असंक्रामक होता है । जिन प्रकृतियोंका सत्त्व है वे यहां प्रकृत हैं जिनका सत्त्व नहीं है वे यहां अव्यवहार्य हैं । इस अर्थपदके अनुसार ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट,

---

☼ एत्तो जहण्णयमंतरं । सव्वासिं पयडीणं णत्थि अंतरं । क. पा. सु. पृ. ३२२, ८४–८५. ♣ अप्रतौ 'ट्ठिदिअंतरे' इति पाठः । ⊖ णवरि अणंताणुबंधीणं जहण्णट्ठिदिसंकामयंतरं जहण्णेण अंतोमुहुत्तं । उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । क. पा. सु. पृ. ३२२, ८६–८७. ♠ अप्रतौ 'उवसेसाणं' इति पाठः । ✿ प्रतिषु 'जहण्णट्ठिदिभंगविचओ' इति पाठः । ♣ अ-काप्रत्योः '' पदं' इति पाठः ।

सिया असंकामया च संकामओ च✿, सिया असंकामया च संकामया च, एवं तिण्णि-भंगा। अणुक्कस्सियाए ट्ठिदीए सिया सव्वे जीवा संकामया, सिया संकामया च असंकामओ च, सिया संकामया च असंकामया च। एवं सव्वासिं पयडीणं णाणा-जीवेहि भंगविचओ णाणावरणस्सेव णेयव्वो।

जहण्णपदभंगविचयस्स उक्कस्सपदभंगविचयभंगो✱। णवरि तिरिक्खाउअस्स जहण्णाजहण्णट्ठिदिसंकामया णियमा अत्थि।

णाणाजीवेहि कालो। तं जहा— सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं णिरयाउअस्स च जट्ठिदिसंकामओ त्ति कादूण उक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० एगसमओ, उक्क० आवलि० असंखे० भागो✿। मणुस्स-तिरिक्ख-देवाउआणं आहारसरीर-आहारसरीरंगोवंग-बंधण-संघाद-तित्थयराणं उक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० एगसमओ, उक्क० संखेज्जा समया। सेसाणं कम्माणं उक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो जह० एगसमओ, उक्क० पलि-दोवमस्स असंखे० भागो। सव्वकम्माणं पि अणुक्कस्सट्ठिदिसंकमकालो सव्वद्धा।

णाणाजीवेहि जहण्णट्ठिदिसंकमकालो। तं जहा— णिरय-मणुस-देवाउआणं अणंताणु-

---

स्थितिके कदाचित् सब जीव असंक्रामक होते हैं, कदाचित् बहुत असंक्रामक और एक संक्रामक होता है, कदाचित् बहुत असंक्रामक और बहुत संक्रामक होते हैं। इस प्रकारसे यहां तीन भंग हैं। ज्ञानावरणकी अनुत्कृष्ट स्थितिके कदाचित् सब जीव संक्रामक होते हैं, कदाचित् बहुत संक्रामक और असंक्रामक होता है, कदाचित् बहुत संक्रामक और बहुत असंक्रामक भी होते हैं। इस प्रकार नाना जीवोंकी अपेक्षा सब प्रकृतियोंके भंगविचयको ज्ञानावरणके समान ही कहा जाना चाहिए।

जघन्य पदभंगविचयकी प्ररूपणा उत्कृष्ट पदभंगविचयके समान है। विशेष इतना है कि तिर्यगायुकी जघन्य व अजघन्य स्थितिके संक्रामक नियमसे बहुत हैं।

नाना जीवोंकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा की जाती है। यथा— सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और नारकायुकी जस्थितिके संक्रामक हैं, इस कारण उनकी उत्कृष्ट स्थितिका संक्रमकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र है। मनुष्यायु, तिर्यगायु, देवायु, आहारकशरीर, आहारकशरीरांगोपांग, आहारकबन्धन, आहारकसंघात और तीर्थंकर; इनकी उत्कृष्ट स्थितिका संक्रमकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात समय मात्र है। शेष कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थितिका संक्रमकाल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है। सभी कर्मोंका अनुत्कृष्ट स्थितिका संक्रमकाल सर्वकाल है।

नाना जीवोंकी अपेक्षा जघन्य स्थितिके संक्रमकालकी प्ररूपणा की जाती है। यथा— नारकायु, मनुष्यायु, देवायु और अनन्तानुबन्धी कषायोंकी जघन्य स्थितिका संक्रमकाल

✿ ताप्रतौ ' असंकामओ च संकामया च ' इति पाठः। ✱ प्रतिषु ' विचयपदभंगो ' इति पाठः।

✿ सव्वासिं पयडीणमुक्कस्सट्ठिदिसंकमो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एयसमओ। उक्कस्सेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागो। णवरि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्सट्ठिदिसंकमो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एयसमओ। उक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो। क. पा. सु. पृ. ३२३, ९४–९९.

बंधीणं च जहण्णट्ठिदिसंकमकालो जह० एगसमओ, उक्क० आवलि० असंखे भागो ♣ । तिरिक्खाउअस्स जहण्णट्ठिदिसंकामया केवचिरं० ? सव्वद्धा । परभवियं पडुच्च आवलि० असंखे० भागो । सेसाणं कम्माणं जह० ट्ठिदिसंकामया केवचिरं ? जह० एगसमओ, उक्क० संखेज्जा समया । सव्वकम्माणं पि अजहण्णट्ठिदिसंकामया केवचिरं ? सव्वद्धा ✿ । एवं णाणाजीवेहि कालो समत्तो ।

णाणाजीवेहि अंतरं । तं जहा– णिरयाउअस्स उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं जट्ठिदिसंकामया त्ति जह० एगसमओ, उक्क० पलिदो० असंखे० भागो । पंचणाणावरण–णवदंसणावरण-सादासाद--सोलसकसाय-णवणोकसाय-मणुस--तिरिक्ख--देवाउआणं मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं सव्वासिं णामपयडीणं उच्च-णीचगोद-पंचंतराइयाणं च उक्कस्सट्ठिदिसंकामयंतरं जह० एगसमओ, उक्क० अंगुलस्स असंखे० भागो ।

णाणाजीवेहि जहण्णट्ठिदिसंकामयंतरं । तं जहा– पंचणाणावरण-णवदंसणावरण-सादासाद-मिच्छत्त-सम्मत्त–सम्मामिच्छत्त-अट्ठकसाय-छण्णोकसाय--लोहसंजलणाणं–सव्वासिं णामपयडीणमुच्च-णीचागोद-पंचंतराइयाणं च जह० ट्ठिदिसंकामयंतरं णाणाजीवे पडुच्च जह०एगसमओ, उक्क० छम्मासा । अणंताणुबंधि जह० ट्ठिदिसंकामयंतरं

जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र है । तिर्यगायुकी जघन्य स्थितिके संक्रामकोंका कितना काल है ? सर्वकाल है । परभविककी अपेक्षा वह आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र है । शेष कर्मोंकी जघन्य स्थितिके संक्रामकोंका कितना काल है ? वह जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात समय मात्र है । सभी कर्मोंकी अजघन्य स्थितिके संक्रामकोंका काल कितना है ? सर्वकाल है । इस प्रकार नाना जीवोंकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा समाप्त हुई ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा अन्तरकी प्ररूपणा की जाती है । यथा– नारकायुकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकोंका अन्तर, जस्थितिके संक्रामक रहनेके कारण जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र होता है । पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, मनुष्यायु, तिर्यगायु, देवायु, मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सब नामप्रकृतियां, उच्चगोत्र, नीचगोत्र और पांच अन्तराय; इनकी उत्कृष्ट स्थितिके संक्रामकोंका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अंगुलके असंख्यातवें भाग मात्र होता है ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा जघन्य स्थितिके संक्रामकोंका अन्तर इस प्रकार है– पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, आठ कषाय, छह नोकषाय, संज्वलनलोभ, सब नामप्रकृतियां, उच्चगोत्र, नीचगोत्र और पांच अन्तराय; इनकी जघन्य स्थितिके संक्रामकोंका अन्तर नाना जीवोंकी अपेक्षा जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे छह मास प्रमाण होता है । अनन्तानुबन्धी कषायोंकी जघन्य स्थितिके संक्रामकोंका अन्तर

♣ णवरि अणंताणुबंधीणं जहण्णट्ठिदिसंकमो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमओ । उक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो । क. पा. सु. पृ. ३२४, १०४–६. ✿ मप्रतौ ' सव्वसव्वद्धा ' इति पाठः ।

जह० एगसमओ, उक्क० चदुवीसमहोरत्ताणि सादिरेयाणि । तिसंजलण-पुरिसवेदाणं जह० एयसमओ, उक्क० वस्सं सादिरेयं । इत्थि-णवुंसयवेदाणं जह० एगसमओ, उक्क० वासपुधत्तं । तिरिक्खाउअस्स णत्थि अंतरं । तिण्णमाउआणं जह० एगसमओ, उक्क० बारस मुहुत्ता । एवमंतरं समत्तं ।

अप्पाउहुअं*– उक्क० मणुस-तिरिक्खाउआणं जाओ ट्ठिदीओ संकामिज्जंति ताओ थोवाओ । जट्ठिदीयो विसेसा० * । देव-णिरयाउआणं जाओ ट्ठिदीयो संकामिज्जंति* ताओ संखेज्जगुणाओ । जट्ठिदीओ विसेसाहियाओ । आहारसरीर० संखेज्जगुणाओ । जट्ठिदीओ विसे० । देव-मणुसगइ-जसकित्ति-उच्चागोदाणं जाओ ट्ठिदीओ संकामिज्जंति ताओ संखे० गुणाओ । जट्ठिदीयो विसे० । णिरय-तिरिक्खगइ-अजसकित्ति-चदुसरीर-णीचागोदाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ तत्तियाओ चेव । जट्ठिदीयो विसेसाहियाओ । सादस्स जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसेसाहियाओ । जट्ठिदीयो विसे० ओ । पंचणाणावरण-णवदंस-णावरण-असाद-पंचंतराइयाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ तत्तियाओ चेव । जट्ठिदीयो विसे० ओ० । णवणोकसायाणं जाओ ट्ठिदीयो ताओ विसे० ओ । जट्ठिदीयो विसे० ओ ।

जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे साधिक चौबीस दिन-रात्रि प्रमाण होता है । तीन संज्वलन कषाय और पुरुषवेदकी जघन्य स्थितिके संक्रामकोंका अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे साधिक एक वर्ष मात्र होता है । स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका उक्त अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे वर्षपृथक्त्व मात्र होता है । तिर्यगायुका वह अन्तर सम्भव नहीं है । शेष तीन आयु कर्मोंका उक्त अन्तर जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे बारह मुहूर्त मात्र होता है । इस प्रकार अन्तरका कथन समाप्त हुआ ।

अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की जाती है– उत्कर्षसे मनुष्यायु और तिर्यगायुकी जो स्थितियां संक्रमणको प्राप्त होती हैं वे स्तोक हैं । जस्थितियां विशेष अधिक हैं । देवायु और नारकायुकी जो स्थितियां संक्रमणको प्राप्त होती हैं वे उनसे संख्यातगुणी हैं । जस्थितियां विशेष अधिक हैं । आहारशरीरकी संक्रमणको प्राप्त होनेवाली स्थितियां संख्यातगुणी हैं । जस्थितियां विशेष अधिक हैं । देवगति, मनुष्यगति, यशकीर्ति और उच्चगोत्रकी जो स्थितियां संक्रान्त होती हैं वे संख्यातगुणी हैं । जस्थितियां विशेष अधिक हैं । नरकगति, तिर्यग्गति, अयशकीर्ति व चार शरीर नामकर्मोंकी तथा नीच गोत्रकी जो स्थितियां संक्रमणको प्राप्त होती हैं वे उतनी मात्र ही हैं । जस्थितियां विशेष अधिक हैं । सातावेदनीयकी जो स्थितियां संक्रान्त होती हैं वे विशेष अधिक हैं । जस्थितियां विशेष अधिक हैं । पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय और पांच अन्तराय; इनकी जो स्थितियां संक्रान्त होती हैं वे उतनी मात्र ही हैं । जस्थितियां विशेष अधिक हैं । नौ नोकषायोंकी जो स्थितियां संक्रान्त होती हैं वे विशेष अधिक हैं । जस्थितियां विशेष अधिक हैं ।

---

* अप्रतौ ' अप्पाबहुअ० ' इति पाठः । * अप्रतौ ' विसेसाहिओ ' इति पाठः ।
* अप्रतौ ' संकामिज्जंत ' इति पाठः ।

सोलसण्णं कसायाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ तुल्लाओ । जट्ठिदीओ विसे० ओ । सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे० ओ । जट्ठिदीओ विसे० ओ । मिच्छत्तस्स जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे० ओ । जट्ठिदीयो विसेसाहियाओ ।

णिरयगईए णेरइएसु मणुस-तिरिक्खाउआणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ थोवाओ । जट्ठिदीओ विसेसाहिओ । णिरयाउअस्स जाओ ट्ठिदीओ ताओ असंखे० गुणाओ । जट्ठिदीओ* विसे० ओ । आहारसरीरस्स जाओ ट्ठिदीओ ताओ संखे० गुणाओ । जट्ठिदीयो विसे० ओ । देवगईए जाओ ट्ठिदीओ ताओ संखे० गुणाओ । जट्ठिदी० विसे० । मणुसगइ-जसकित्ति-उच्चागोदाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे० । जट्ठिदीयो विसे० । णिरयगइ♣-वेउव्वियसरीर-णीचागोद-ओरालिय-तेजा-कम्मइयसरीर-अजसकित्तीणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ तत्तियाओ चेव । जट्ठिदीयो विसे० ओ । सादस्स जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे० ओ । जट्ठिदीयो विसे० । पंचणाणावरण-णवदंसणावरण-असाद-पंचंतराइयाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ तत्तियाओ चेव । जट्ठिदीयो* विसे० ओ । णवणोकसायाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे० ओ । जट्ठिदीयो विसे० ओ । सोलसकसायाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ तत्तियाओ चेव । जट्ठिदीयो विसे० । सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जाओ ट्ठिदीओ

सोलह कषायोंकी जो स्थितियां संक्रान्त होती हैं वे समान रूपसे तुल्य होकर उतनी मात्र ही हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी जो स्थितियां संक्रांत होती हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। मिथ्यात्वकी जो स्थितियां संक्रांत होती हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं।

नरकगतिमें नारकियोंमें मनुष्यायु और तिर्यगायुकी जो उक्त स्थितियां हैं वे स्तोक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। नारकायुकी जो उक्त स्थितियां हैं वे असंख्यातगुणी हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। आहारशरीरकी जो उक्त स्थितियां हैं वे संख्यातगुणी हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। देवगतिकी जो उक्त स्थितियां हैं वे संख्यातगुणी हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। मनुष्यगति, यशकीर्ति और उच्चगोत्रकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। नरकगति, वैक्रियिकशरीर, नीचगोत्र, औदारिक, तैजस एवं कार्मणशरीर तथा अयशकीर्तिकी जो उक्त स्थितियां हैं वे उतनी मात्र ही हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। सातावेदनीयकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। नौ ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय और पांच अन्तरायकी जो उक्त स्थितियां हैं वे उतनी मात्र ही हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। नौ नोकषायोंकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। सोलह कषायोंकी जो उक्त स्थितियां हैं वे उतनी मात्र ही हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी जो उक्त

---

* अप्रतौ 'जाओ ट्ठिदीयो', काप्रतौ 'ज० ट्ठिदीयो' इति पाठः। ♣ ताप्रतौ 'विसे० संखे० ओ। णिरयगइ' इति पाठः। * अप्रतौ 'जहण्णट्ठिदीयो', का-ताप्रत्योः 'ज० ट्ठिदीयो' इति पाठः।

ताओ विसे० ओ। जO ट्ठिदीयो विसे० ओ। मिच्छत्तस्स जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे०। जट्ठिदीयो विसेसा०।

तिरिक्खगईए मणुस्साउअस्स जाओ ट्ठिदीओ ताओ थोवाओ। तिरिक्खाउ-अस्स जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे० ओ। दोण्णं जट्ठिदीओ विसे० ओ। देवाउअस्स जाओ ट्ठिदीओ ताओ संखे० गुणाओ। जट्ठिदीयो विसे०। णिरयाउअस्स जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे०। जट्ठिदी० विसे०। आहारसरीरस्स जाओ ट्ठिदीओ ताओ सखेज्ज-गुणाओ। जट्ठिदीओ विसे० ओ। मणुसगइ-देवगइ-जसकित्ति-उच्चागोदाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ संखे० गुणाओ। जट्ठिदीओ विसे०। णिरयगइ-तिरिक्खगइ-चदुसरीर-अजसकित्ति-णीचागोदाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ तुल्लाओ। जट्ठिदीओ विसे० ओ। सादस्स जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे०। जट्ठिदीओ विसे० ओ। तीसियाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ तत्तियाओ चेव, जट्ठिदीयो विसे० ओ। णवणोकसायाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे० ओ। जट्ठिदीयो विसे० ओ। सोलसण्णं कसायाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ तत्तियाओ♠ चेव। जट्ठिदीयो विसे० ओ। सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे० ओ। जट्ठिदीयो विसे० ओ। मिच्छत्तस्स जाओ ट्ठिदीओ विसे० ओ। जट्ठिदी विसे० ओ। मणुस्सेसु देवेसु एइंदिएसु च एदेण बीजपदेण णेयव्वं।

स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। मिथ्यात्वकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं।

तिर्यंचगतिमें मनुष्यायुकी जो स्थितियां संक्रमणको प्राप्त होती हैं वे स्तोक हैं। तिर्यंगायुकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। दोनोंकी जस्थितियां विशेष अधिक हैं। देवायुकी जो उक्त स्थितियां हैं वे संख्यातगुणी हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। नारकायुकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। आहारशरीरकी जो उक्त स्थितियां हैं वे संख्यातगुणी हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। मनुष्यगति, देवगति, यशकीर्ति और उच्चगोत्रकी जो उक्त स्थितियां हैं वे संख्यातगुणी हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। नरकगति, तिर्यग्गति, चार शरीर, अयशकीर्ति और नीचगोत्रकी जो उक्त स्थितियां हैं वे तुल्य होकर उतनी मात्र ही हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। सातावेदनीयकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। तीस कोड़ाकोड़ि सागरोपम प्रमाण स्थितिवाले कर्मोंकी जो उक्त स्थितियां हैं वे उतनी मात्र ही हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। नौ नोकषायोंकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। सोलह कषायोंकी जो उक्त स्थितियां हैं वे उतनी मात्र ही हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। मिथ्यात्वकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। मनुष्यों, देवों और एकेन्द्रियोंमें भी प्रकृतिअल्पबहुत्वको इस बीजपदसे ले जाना चाहिये।

O ताप्रतौ नास्तीदं वाक्यम्। ♠ अप्रतौ 'ट्ठिदीओ तत्तियाओ' इति पाठः।

जहण्णएण पंचणाणावरणीय-छदंसणावरणीय-सम्मत्त-लोहसंजलण-चत्तारिआउ-पंचंतराइयाणं जह० ट्ठिदिसंकमो एगा ट्ठिदी। जट्ठिदीओ असंखेज्जगुणाओ। णिद्दा-पयलाणं जट्ठिदीओ संखे० गुणाओ। कुदो ? आवलि० असंखे० भाएणब्भहियदोआवलिय♠पमाणत्तादो। देवगइ-वेउव्वियसरीर-आहारसरीर-अजसकित्ति--णीचागोदाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ संखे० गुणाओ। मणुसगइ ओरालिय-तेजा-कम्मइयसरीर-जसकित्ति-उच्चागोदाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसेसा०। सव्वासिं जट्ठिदीयो विसेसा०। सादासादाणं जाओ♣ ट्ठिदीओ ताओ विसेसा०। जट्ठिदिसंकमो विसे०। मायासंजलण० जाओ ट्ठिदीओ ताओ संखे० गुणाओ। जट्ठिदी विसे०। माणे विसे०। कोधे विसे०। पुरिस० संखे० गुणाओ। छण्णोकसाय० संखे० गुणाओ। इत्थि-णवुंसयवेद० असंखे० गुणाओ✡। थीणगिद्धितियस्स जहण्णट्ठिदी असंखे० गुणा। णिरय-तिरिक्खगईणं असं० गुणाओ। अट्ठकसायाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ असंखे० गुणाओ। सम्मामिच्छत्तस्स असंखे० गुणाओ। मिच्छत्तस्स असंखे० गुणाओ। अणंताणुबंधीणं असंखेज्जगुणाओ। सव्वासिं जट्ठिदीयो विसे० ओ।

णिरयगईए णिरयाउअस्स सम्मत्तस्स य जहण्णट्ठिदिसंकमो थोवो। जट्ठिदी असंखे०

जघन्य पदकी अपेक्षा पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, सम्यक्त्व, संज्वलन लोभ, चार आयु और पांच अन्तराय; इनका जघन्य स्थितिसंक्रम एक स्थितिस्वरूप है। जस्थितियां असंख्यातगुणी हैं। निद्रा और प्रचलाकी जस्थितियां संख्यातगुणी हैं, क्योंकि, वे आवलीके असंख्यातवें भागसे अधिक दो आवली प्रमाण हैं। देवगति, वैक्रियिकशरीर, आहारशरीर, यशकीर्ति और नीचगोत्र इनकी जो जघन्य स्थितियां संक्रान्त होती हैं वे संख्यातगुणी हैं। मनुष्यगति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, यशकीर्ति और उच्चगोत्र; इनकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। सबकी जस्थितियां विशेष अधिक हैं। साता और असातावेदनीयकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। जस्थितिसंक्रम विशेष अधिक है, संज्वलन मायाकी जो उक्त स्थितियां हैं वे संख्यातगुणी हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। संज्वलन मानमें विशेष अधिक हैं। संज्वलन क्रोधमें विशेष अधिक हैं। पुरुषवेदकी संख्यातगुणी हैं। छह नोकषायोंकी संख्यातगुणी हैं। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदकी उक्त स्थितियां असंख्यातगुणी हैं। स्त्यानगृद्धि आदि तीनकी जघन्य स्थिति असंख्यातगुणी है। नरकगति और तिर्यग्गतिकी उक्त स्थितियां असंख्यातगुणी हैं। आठ कषायोंकी जो उक्त स्थितियां हैं वे असंख्यातगुणी हैं। सम्यग्मिथ्यात्वकी असंख्यातगुणी हैं। मिथ्यात्वकी असंख्यातगुणी हैं। अनन्तानुबन्धी कषायोंकी संख्यातगुणी हैं। सबकी जस्थितियां विशेष अधिक हैं।

नरकगतिमें नारकायु और सम्यक्त्वका जघन्य स्थितिसंक्रम स्तोक है। जस्थिति असंख्यात-

---

♠ अप्रतौ 'भाएणब्भहियादोआवलिय' ताप्रतौ 'भागेणब्भहियादो आवलिय' इति पाठः। ♣ अप्रतौ 'जा' इति पाठः। ✡ अ-काप्रत्योः 'गुणा' इति पाठः। ✡ अ-काप्रत्योः अष्टकषाय-सम्यग्मिथ्यात्वसम्बन्धिसन्दर्भोऽयं त्रुटितोऽस्ति, मप्रतितः कृतसंशोधने च केवलमष्टकषायसम्बन्धिसन्दर्भो योजितो न तु सम्यग्मिथ्यात्वसम्बन्धी।

गुणा। मणुस-तिरिक्खाउआणं संखेज्जगुणाओ। जट्ठिदी विसे०। अणंताणुबंधीणं असंखेज्जगुणाओ। जट्ठिदीओ विसे०। आहारसरीर० असंखे० गुणाओ। जट्ठिदीओ विसे० ओ। सम्मामिच्छत्तस्स असंखे० गुणाओ। देवगइ-णिरयगइ-वेउव्वियसरीर० असंखे० गुणाओ। उच्चागोदस्स विसे० ओ। मणुसगइ० विसे० ओ। जसकित्ति० विसे०। अजसकित्ति० विसे० ओ। तिरिक्खगई० विसे० ओ। ओरालिय-तेजा-कम्मइय० विसे०। सादस्स० विसे०। सेसाणं तीसियाणं✪ विसे०। पुरिसवेद० विसेसा०। इत्थिवेद० विसे०। हस्स-रदि० विसे०। णवुंसयवेद० विसे०। अरदि-सोग० विसे०। भय-दुगुंछाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे०। बारसकसायाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ विसे०। मिच्छत्तस्स विसे०। सव्वासिं पि जट्ठिदीयो विसेसाहियाओ।

तिरिक्खगईए तिरिक्खेसु तिरिक्खाउअस्स सम्मत्तस्स य जो जहण्णट्ठिदिसंकमो (सो) थोवो। जट्ठिदिसंकमो असंखेज्जगुणो। मणुस्साउअस्स संखे० गुणाओ। देवाउअस्स णिरयाउअस्स य संखेज्जगुणाओ। अणंताणुबंधीणं असंखे० गुणाओ। णिरयगइ-देवगइ-मणुसगइ-वेउव्विय-आहारसरीर-उच्चागोदाणं जाओ ट्ठिदीओ ताओ असंखे० गुणाओ। सम्मामिच्छत्तस्स० संखे० गुणाओ। जसकित्तीए असंखे० गुणा। अजसगित्तीए

गुणी हैं। मनुष्यायु और तिर्यगायुकी अधस्तन स्थितियां संख्यातगुणी हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। अनन्तानुबंधी कषायोंकी असंख्यातगुणी हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। आहारशरीरकी असंख्यातगुणी हैं। जस्थितियां विशेष अधिक हैं। सम्यग्मिथ्यात्वकी असंख्यातगुणी हैं। देवगति, नरकगति और वैक्रियिकशरीरकी असंख्यातगुणी हैं। उच्चगोत्रकी विशेष अधिक हैं। मनुष्यगतिकी विशेष अधिक हैं। यशकीर्तिकी विशेष अधिक हैं। अयशकीर्तिकी विशेष अधिक हैं। तिर्यंचगतिकी विशेष अधिक हैं। औदारिकशरीर, तैजसशरीर और कार्मणशरीरकी विशेष अधिक हैं। सातावेदनीयकी विशेष अधिक हैं। शेष त्रिंशिक प्रकृतियोंकी विशेष अधिक हैं। पुरुषवेदकी विशेष अधिक हैं। स्त्रीवेदकी विशेष अधिक हैं। हास्य व रतिकी विशेष अधिक हैं। नपुंसकवेदकी विशेष अधिक हैं। अरति व शोककी विशेष अधिक हैं। भय और जुगुप्साकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। बारह कषायोंकी जो उक्त स्थितियां हैं वे विशेष अधिक हैं। मिथ्यात्वकी जो उक्त स्थितियां हैं विशेष अधिक हैं। सभीकी जस्थितियां विशेष अधिक हैं।

तिर्यंचगतिमें तिर्यंचोंमें तिर्यंचआयु और सम्यक्त्वका जो जघन्य स्थितिसंक्रम है वह स्तोक है। जस्थितिसंक्रम असंख्यातगुणा है। मनुष्यायुकी उक्त स्थितियां संख्यातगुणी हैं। देवायु और नारकायुकी संख्यातगुणी हैं। अनन्तानुबंधी कषायोंकी असंख्यातगुणी हैं। नरकगति, देवगति, मनुष्यगति, वैक्रियिकशरीर, आहारकशरीर और उच्चगोत्रकी जो उक्त स्थितियां हैं वे असंख्यातगुणी हैं। सम्यग्मिथ्यात्वकी संख्यातगुणी हैं। यशकीर्तिकी असंख्यातगुणी हैं। अयशकीर्तिकी

✪ अप्रतौ 'सिमाग०', काप्रतौ 'तिसागं', ताप्रतौ 'तस (तीसि) याणं०', मप्रतौ 'तसयाणं०' इति पाठः।

विसेसा० । तिरिक्खगई० विसे० । णीचागोदस्स विसे० । ओरालिय-तेजा-कम्मइयसरीराणं विसे० । सादस्स० विसे० । सेसाणं तीसियाणं विसे० । पुरिसवेदस्स० विसे० । इत्थिवेदस्स विसे० । हस्स-रदीणं विसे० । अरदि-सोगाणं विसे० । णवुंसयवेदस्स० विसे० । भय-दुगुंछाणं० विसे० । बारसकसाय० विसेसा० । मिच्छत्तस्स विसे० ।

तिरिक्खजोणिणीसु[1] एक्कम्हि पदे णाणत्तं– **सम्मत्तस्स जहण्णट्ठिदि० पलिदो० असंखे० भागो । उव्वेल्लमाणियाणं णामपयडीणं उवरि संखेज्जगुणो सम्मामिच्छत्तादो विसेसहीणो । एदं णाणत्तं । ओघभंगो मणुसगईए । णवरि तिसु आउएसु णाणत्तं । देवगईए णिरयगइभंगो ।**

एत्तो भुजगारसंकमे अट्ठपदं भणियूण घेत्तव्वं । पंचणाणावरणीय–णवदंसणावरणीय-सादासाद-मोहणिज्जाणं अत्थि भुजगार-अप्पदर-अवट्ठियसंकमो, अवत्तव्वं णत्थि । णवरि अणंताणुबंधि-सम्मत्त–सम्मामिच्छत्त–बारसकसाय–णवणोकसायाणं अवत्तव्वसंकमो अत्थि । चदुण्णमाउआणं अत्थि चत्तारि पदाणि । णामपयडीणं उव्वेल्लिज्जमाणियाणं तित्थयर-उच्चागोदाणं च अत्थि अवत्तव्वसंकमो । सेसाणं णामपयडीणं णीचागोदंतराइयाणं च णत्थि अवत्तव्वसंकमो ।

विशेष अधिक हैं । तिर्यंचगतिकी विशेष अधिक हैं । नीचगोत्रकी विशेष अधिक हैं । औदारिकशरीर, तैजसशरीर और कार्मणशरीरकी विशेष अधिक हैं । सातावेदनीयकी विशेष अधिक हैं । शेष त्रिंशिक प्रकृतियोंकी विशेष अधिक हैं । पुरुषवेदकी विशेष अधिक हैं । स्त्रीवेदकी विशेष अधिक हैं । हास्य व रतिकी विशेष अधिक हैं । अरति और शोककी विशेष अधिक हैं । नपुंसकवेदकी विशेष अधिक हैं । भय और जुगुप्साकी विशेष अधिक हैं । बारह कषायोंकी विशेष अधिक हैं । मिथ्यात्वकी विशेष अधिक हैं ।

तिर्यंच योनिमतियोंमें एक पदमें विशेषता है— उनमें सम्यक्त्वका जघन्य स्थितिसंक्रम पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है । उद्वेल्यमान नामप्रकृतियोंका जघन्य स्थितिसंक्रम आगे संख्यातगुणा व सम्यग्मिथ्यात्वसे विशेष हीन है । यह यहां विशेषता है । मनुष्यगतिमें ओघके समान प्ररूपणा है । विशेष इतना है कि तीन आयुओंमें कुछ विशेषता है । देवगतिमें नरकगतिके समान प्ररूपणा है ।

यहां भुजाकारसंक्रममें अर्थपदको कह करके ग्रहण करना चाहिये । पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय और मोहनीय कर्मोंका भुजाकार, अल्पतर और अवस्थित संक्रम होता है; अवक्तव्य संक्रम नहीं होता, विशेष इतना है कि अनन्तानुबन्धी, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, बारह कषाय और नौ नोकषाय; इनका अवक्तव्य संक्रम होता है । चार आयु कर्मोंके चार पद हैं । उद्वेल्यमान नामप्रकृतियों, तीर्थंकर और उच्चगोत्रका अवक्तव्य संक्रम होता है । शेष नामप्रकृतियों, नीचगोत्र और अन्तरायका अवक्तव्यसंक्रम नहीं होता ।

---

[1] अ-ताप्रत्योः ' तिरिक्खजोणीणं ' इति पाठः ।

एयजीवेण कालो– पंचणाणावरणाणं भुजगारस्स कालो जह० एगसमओ, उक्क० संखेज्जाणि समयसहस्साणि। अप्पदरस्स जह० एगसमओ, उक्क० बेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि। अवट्ठियस्स जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं। णवदंसणावरणाणं तिविहो जह० एगसमओ। उक्क० भुजगारस्स एक्कारस समया, सेसाणं णाणावरणभंगो। सादासाद-मिच्छत्ताणं भुजगारसंकमस्स जह० एगसमओ, उक्क० बे समया; अद्धासंकिलेसक्खयप्पणादो। अप्पदर-अवट्ठियाणं णाणावरणभंगो✿। सोलसकसाय-णवणोकसायाणं भुजगारसंकमस्स जह० एगसमओ, उक्क० सत्तारस समया। सोलसकसाय-णवणोकसायाणमप्पदर-अवट्ठिदाणं णाणावरणभंगो। सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं भुजगार-अवट्ठिय-(अवत्तव्व)संकमाणं कालो जहण्णुक्क० एगसमओ। एदेसिमप्पदरस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० बेछावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि*।

चदुण्णमाउआणमवट्ठिद-भुजगारसंकमाणं कालो जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ। पुव्व–

एक जीवकी अपेक्षा कथन करते हैं– पांच ज्ञानावरण प्रकृतियोंके भुजाकार संक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे संख्यात हजार समय है। अल्पतरका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे साधिक दो छ्यासठ सागरोपम मात्र है। अवस्थितका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है। नौ दर्शनावरण प्रकृतियोंके तीन प्रकारके संक्रमका काल जघन्यसे एक समय मात्र है। उत्कर्षसे वह भुजाकारका ग्यारह समय और शेष दोका ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीय, असातावेदनीय और मिथ्यात्वके भुजाकार संक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे दो समय मात्र है; क्योंकि, अद्धाक्षय और संक्लेशक्षयकी प्रधानता है। इनके अल्पतर और अवस्थित संक्रमके कालकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके भुजाकारसंक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे सत्रह समय मात्र है। सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके अल्पतर और अवस्थित संक्रमके कालकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भुजाकार, अवस्थित और अवक्तव्य संक्रमका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है। इनके अल्पतरसंक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक दो छ्यासठ सागरोपम मात्र है।

चार आयुकर्मोंके अवस्थित और भुजाकार संक्रमोंका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय

✿ मिच्छत्तस्स भुजगारसंकामगो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एयसमओ। उक्कस्सेण चत्तारि-समया। अप्पदरसंकामगो केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेणेयसमओ। उक्कस्सेण तेवट्ठिसागरोवमसदं सादि-रेयं अवट्ठिदसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेणसमओ। उक्कस्सेणंतोमुहुत्तं। क. पा. सु. पृ. ३२९, १५६–६४. * सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं भुजगार-अवट्ठिद-अवत्तव्वसंकामया केवचिरं कालादो होंति ? जहण्णेणेयसमओ। उक्कस्सेण एयसमओ। अप्पदरसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण अंतोमुहुत्तं। उक्कस्सेण बे छावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि। सेसाणं कम्माणं भुजगारसंकामओ केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेणेय-समओ। उक्कस्सेण एगूणवीस समया। सेसपदाणि मिच्छत्तभंगो। णवरि अवत्तव्वसंकामया जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ। क. पा. सु. पृ. ३३०, १६५–७४.

बंधादो समउत्तरं पबद्धस्स जट्ठिदिं पडुच्च जट्ठिदिसंकमो त्ति एत्थ घेत्तव्वं । देव-णिरयाउआणं अप्पदरसंकमस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि । तिरिक्ख-मणुस्साउआणं जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० तिण्णि पलिदो-वमाणि सादिरेयाणि ।

सव्वासिं णामपयडीणं णाणावरणभंगो । आहारसरीर-आहारसरीरंगोवंग-बंधण-संघाद-तित्थयराणं भुजगार-अवट्ठिदसंकमो णत्थि । तित्थयरअप्पदरसंकमस्स जह० संखेज्जाणि वस्ससहस्साणि, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि । आहारचउक्कस्स जह० अंतोमुहुत्तं, उक्क० पलिदो० असंखे० भागो । पंचण्णं (अंतराइयाणं) णाणावरणभंगो । णवरि भुजगारस्स संखेज्जा समया* । एवं णीचुच्चागोदाणं । णवरि भुजगारस्स बे समया । एवं कालो समत्तो ।

एगजीवेण अंतरं कालादो* साधेदूण णेयव्वो । णाणाजीवेहि भंगविचओ पंचणाणा-वरणीय-णवदंसणावरणीय-सादासाद-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसाय-तिरिक्खाउ-अ-एइंदियबंधपाओग्गणामपयडीणं णीचुच्चागोद-पंचंतराइयाणं च भुजगार-अप्पदर-अवट्ठिदसंकामया जीवा णियमा अत्थि । चारित्तमोहणीयस्स अवत्तव्व० भजियव्वा ।

मात्र है । पूर्व बन्धसे एक समय अधिक बांधे गये आयु कर्मका जस्थितिकी अपेक्षा यहां जस्थि-तिसंक्रम ग्रहण करना चाहिये । देवायु और नारकायुके अल्पतर संक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम मात्र है । तिर्यंचआयु और मनुष्यायुके अल्पतर संक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे साधिक तीन पल्योपम मात्र है ।

सब नामप्रकृतियोंके संक्रमकालकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है । आहारकशरीर, आहारकशरीरांगोपांग, आहारकबन्धन, आहारकसंघात और तीर्थंकर इनके भुजाकारसंक्रम और अवस्थितसंक्रम नहीं होते । तीर्थंकर प्रकृतिके अल्पतरसंक्रमका काल जघन्यसे संख्यात हजार वर्ष और उत्कर्षसे साधिक तेतीस सागरोपम मात्र है । आहारचतुष्कके अल्पतरसंक्रमका काल जघन्यसे अन्तर्मुहूर्त और उत्कर्षसे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र है । पांच (अन्तराय) प्रकृतियोंके संक्रमकालकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है । विशेष इतना है कि उनके भुजाकार संक्रमका काल संख्यात समय मात्र है । इसी प्रकार नीचगोत्र और ऊंचगोत्रके संक्रमककालकी प्ररूपणा करना चाहिये । विशेष इतना है कि उनके भुजाकारसंक्रमका काल दो समय मात्र है । इस प्रकार कालप्ररूपणा समाप्त हुई ।

एक जीवकी अपेक्षा अन्तरको कालसे सिद्ध करके ले जाना चाहिये । नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयका कथन किया जाता है– पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, तिर्यंचआयु, एकेन्द्रियके बन्ध योग्य नामप्रकृतियां, नीचगोत्र, ऊंचगोत्र और पांच अन्तराय; इनके भुजाकार, अल्पतर और अवस्थित संक्रामक बहुत जीव नियमसे हैं । चारित्रमोहनीयके अवक्तव्य संक्रामक भजनीय हैं । तीन

---

* अ-ताप्रत्योः 'आहारसरीरस्स' इति पाठः । * अप्रतौ 'संखेज्जसमया' इति पाठः ।
* अप्रतौ 'अंतरकाले', का-ताप्रत्योः 'अंतरं कालो' इति पाठः ।

तिण्णमाउआणं एइंदियबंधिदपाओग्गणामपयडीणं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं च भुजगार-अवट्ठिद-अवत्तव्वसंकामया भयणिज्जा। अप्पदरसंकामया णियमा अत्थि ♣।

णाणाजीवेहि कालो अंतरं च णाणाजीवभंगविचयादो साहेयव्वं। एत्तो अप्पाबहुअं- पंचणाणावरण-णवदंसणावरण-सादासाद-बावीसमोहणीयाणं (भुजगार)संकामया थोवा। अवट्ठिदसंकामया असंखेज्जगुणा। अप्पदरसंकामया संखे० गुणा। सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं अवट्ठिदसंकामया थोवा। भुजगारसंकामया असंखे० गुणा। अवत्तव्वसंकामया असंखे० गुणा। अप्पदर० असंखे० गुणा। अणंताणुबंधीणं अवत्तव्व० थोवा। भुजगार० अणंतगुणा। अवट्ठिद० असंखे० गुणा ♠। अप्पदर० संखे० गुणा ♣।

✿णिरयाउअस्स अवट्ठिय० थोवा। भुजगार० असंखे० गुणा। अवत्तव्व ○ ० संखे० गुणा। अप्पदर० असंखे० गुणा। एवं देव-मणुस्साउआणं। तिरिक्खाउअस्स अवत्तव्वसंकामया पदरस्स असंखे० भागो। अवट्ठियसंकामया सव्वजीवाणं पलिदो०

आयुकर्म, एकेन्द्रियके बन्धयोग्य नामप्रकृतियों, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भुजाकार, अवस्थित और अवक्तव्य संक्रामक भजनीय हैं। इनके अल्पतर संक्रामक बहुत जीव नियमसे हैं।

नाना जीवोंकी अपेक्षा काल और अन्तरको नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयसे सिद्ध करना चाहिये। यहां अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की जाती है-- पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय और बाईस मोहनीय प्रकृतियोंके भुजाकार संक्रामक स्तोक हैं। इनके अवस्थित संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अल्पतर संक्रामक संख्यातगुणे हैं। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अवस्थित संक्रामक स्तोक हैं। भुजाकार संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवक्तव्य संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अल्पतर संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अनन्तानुबन्धी कषायोंके अवक्तव्य संक्रामक स्तोक हैं। भुजाकार संक्रामक अनन्तगुणे हैं। अवस्थित संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अल्पतर संक्रामक संख्यातगुणे हैं।

नारकायुके अवस्थित संक्रामक स्तोक हैं। भुजाकार संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवक्तव्य संक्रामक संख्यातगुणे हैं। अल्पतर संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार देवायु और मनुष्यायुके कहना चाहिये। तिर्यंच आयुके अवक्तव्य संक्रामक प्रतरके असंख्यातवें भाग हैं। अवस्थित संक्रामक सब जीवोंके पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रतिभाग रूप हैं। भुजाकार

♣ णाणाजीवेहि भंगविचओ। मिच्छत्तस्स सव्वजीवा भुजगारसंकामगा च अप्पयरसंकामया च अवट्ठिदसंकामया च। सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं सत्तावीसभंगा। सेसाणं मिच्छत्तभंगो। णवरि अवत्तव्वसंकामया भजियव्वा। क. पा. सु. पृ. ३२३, १९३-९७ ♠ अ-काप्रत्योः 'अवत्त० संखे० गुणा', ताप्रतौ 'अवत्तव्व० असंखे० गुणा' इति पाठः। ♣ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं सव्वत्थोवा अवट्ठिदसंकामया। भुजगारसंकामया असंखेज्जगुणा। अवत्तव्वसंकामया असंखेज्जगुणा। अप्पयरसंकामया असंखेज्जगुणा। अणंताणुबंधीणं सव्वत्थोवा अवत्तव्वसंकामया। भुजगारसंकामया अणंतगुणा। अवट्ठिदसंकामया असंखेज्जगुणा। अप्पयरसंकामया संखेज्जगुणा। एवं सेसाणं कम्माणं। क. पा. सु. पृ. ३३६, ३२९-३७ ✿ अ-का-ताप्रतिषूपलभ्यमानोऽयं नारकायुःसंबंधी संदर्भो मप्रतितः कृतसंशोधने बहिष्कृतः। ✿ ताप्रतौ 'अप्पदर० (अवत्तव्व०) संखे' इति पाठः।

असंखे० भागपडिभागो। भुजगारसंकामया सव्वजीवाणमंतोमुहुत्तपडिभागो। अप्पदरसंकामया सव्वजीवाणं असंखेज्जा भागा। एदेण अप्पाबहुअं तिरिक्खाउअस्स साहेयव्वं।

णिरयगईए अवत्तव्वसंकामया थोवा। भुजगार० असंखे० गुणा। अवट्ठिय० अप्पदर० असंखे० गुणा उव्वेल्लणकालसंचिदे पडुच्च। एवं देवगइणामाए। मणुसगइणामाए अवत्तव्व० थोवा। भुजगार० अणंतगुणा। अवट्ठिय० असंखे० गुणा। अप्पदर० असंखे० गुणा। तिरिक्खगइणामाए भुजगार० थोवा। अवट्ठिय० असंखे० गुणा। अप्पदर० संखे० गुणा। चदुण्णमाणुपुव्वीणं सग-सगगइभंगो। ओरालिय-तेजा-कम्मइयाणं भुजगार० थोवा। अवट्ठिय० असंखे गुणा। अप्पदर० संखे० गुणा। एवं अणादियसंतकम्मणामाणं। णीचागोद-पंचंतराइयाणं णाणावरणभंगो। उच्चागोदस्स मणुसगइभंगो। एवं भुजगारट्ठिदिसंकमो समत्तो।

पदणिक्खेवस्स ट्ठिदिउदीरणपदणिक्खेवभंगो। वड्ढिसंकमो--पंचणाणावरणीयाणं असंखेज्जगुणहाणीए संकमया थोवा। संखेज्जगुणहाणीए असंखे० गुणा। संखेज्जभागहाणीए संखे० गुणा। संखेज्जगुणवड्ढीए* असंखे० गुणा। संखे० भागवड्ढीए संखे० गुणा। असंखे० भागवड्ढीए अणंतगुणा। अवट्ठिद० असंखे० गुणा। असंखे० भाग-

---

संक्रामक सब जीवोंके अन्तर्मुहूर्त प्रतिभाग रूप हैं। अल्पतर संक्रामक सब जीवोंके असंख्यात बहुभाग मात्र हैं। इससे तिर्यगायुके अल्पबहुत्वको सिद्ध करना चाहिये।

नरकगतिके अवक्तव्य संक्रामक स्तोक हैं। भुजाकार संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवस्थित व अल्पतर संक्रामक उद्वेलनकालसंचितोंकी अपेक्षा असंख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार देवगति नामकर्मके सम्बन्धमें अल्पबहुत्व कहना चाहिये। मनुष्यगति नामकर्मके अवक्तव्य संक्रामक स्तोक हैं। भुजाकार संक्रामक अनन्तगुणे हैं। अवस्थित संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अल्पतर संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। तिर्यंचगति नामकर्मके भुजाकार संक्रामक स्तोक हैं। अवस्थित संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अल्पतर संक्रामक संख्यातगुणे हैं। चार आनुपूर्वी नामकर्मोंका अल्पबहुत्व अपनी अपनी गतिके समान है। औदारिक, तैजस और कार्मण शरीरके भुजाकार संक्रामक स्तोक हैं। अवस्थित संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अल्पतर संक्रामक संख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार अनादिसत्कर्मिक नामप्रकृतियोंका अल्पबहुत्व है। नीचगोत्र और पांच अन्तराय प्रकृतियोंका अल्पबहुत्व ज्ञानावरणके समान है। उच्चगोत्रका अल्पबहुत्व मनुष्यगतिके समान है। इस प्रकार भुजाकार स्थितिसंक्रम समाप्त हुआ।

यहां पदनिक्षेपकी प्ररूपणा स्थितिउदीरणा सम्बन्धी पदनिक्षेपके समान है। वृद्धिसंक्रमकी प्ररूपणा की जाती है- पांच ज्ञानावरण सम्बन्धी असंख्यात गुणहानिके संक्रामक स्तोक हैं। संख्यातगुणहानिके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। संख्यातभागहानिके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। संख्यातगुणवृद्धिके संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। संख्यातभागवृद्धिके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। असंख्यातभागवृद्धिके संक्रामक अनन्तगुणे हैं। अवस्थित संक्रामक असंख्यातगुण हैं।

---

* ताप्रतौ 'असंखे० गुणवड्ढीए' इति पाठः।

हाणीए संखे० गुणा। एवं णवदंसणावरणीय-सादासादाणं। एवं सेसाणं पि कम्माणं। णवरि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्त-चत्तारिआउआणं च चत्तारिवड्ढि-चत्तारिहाणीओ वत्तव्वाओ। एवं ट्ठिदिसंकमो समत्तो।

अणुभागसंकमे पुव्वं गमणिज्जो✡ कम्माणमादिफद्दयणिद्देसो- चत्तारिणाणावरणीय--तिण्णिदंसणावरणीय--चदुसंजलण--णवणोकसाय---पंचंतराइयाणि देसघादीणि✤। सादासाद--आउचउक्क-सयलणामपयडि-उच्च--णीचागोदाणि अघादिकम्माणि। एदेसिमघादिकम्माणं पुव्विल्लदेसघादिकम्माणं च आदिफद्दयाणि सरिसाणि। केवलणाणावरणीय-छदंसणावरणीय-बारसकसाय० सव्वघाइकम्माणि◆। एदेसिं आदिफ✡द्दयाणि परोप्परं सरिसाणि। सव्वघादीणि दारुसमाणाणि देसघादीणमादिफद्दएहिंतो अणंतगुणाणि। सम्मत्तस्स आदिफद्दयं देसघादीणमादिफद्दएण सरिसं। तदो प्पहुडि सम्मत्तफद्दयाणि देसघादि-

असंख्यातभागहानिके संक्रामक संख्यातगुणे हैं। इसी प्रकारसे नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय और असातावेदनीयके सम्बन्धमें कथन करना चाहिये। इसी प्रकार शेष कर्मोंके भी सम्बन्धमें कहना चाहिये। विशेष इतना है कि सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और चार आयु कर्मोंकी प्ररूपणामें चार वृद्धियों और चार हानियोंको कहना चाहिये। इस प्रकार स्थितिसंक्रम समाप्त हुआ।

अनुभागसंक्रमकी प्ररूपणामें पहिले कर्मोंके आदि स्पर्धकोंका निर्देश ज्ञात कराने योग्य है- चार ज्ञानावरण, तीन दर्शनावरण, चार संज्वलन, नौ नोकषाय और पांच अन्तराय; ये देशघाती कर्म हैं। सातावेदनीय, असातावेदनीय, चार आयु, समस्त नामप्रकृतियां, उच्चगोत्र और नीचगोत्र; ये कर्मप्रकृतियां अघाती हैं। इन अघातिया कर्मोंके तथा पूर्वोक्त देशघाती कर्मोंके आदि स्पर्धक सदृश होते हैं। केवलज्ञानावरण, छह दर्शनावरण और बारह कषाय ये सर्वघाती कर्म हैं। इनके आदि स्पर्धक परस्परमें सदृश हैं। सर्वघाती कर्मोंके दारु समान स्पर्धक देशघाति कर्मोंके आदि स्पर्धकोंकी अपेक्षा अनन्तगुणे हैं। सम्यक्त्व प्रकृतिका आदि स्पर्धक देशघातियोंके आदि स्पर्धकके सदृश है। उससे लेकर सम्यक्त्वके स्पर्धक देशघाति और

✡ काप्रतौ 'गमणिज्जे', ताप्रतौ 'गमणिज्ज-' इति पाठः। ✤ मति-श्रुतावधि-मनःपर्यय-ज्ञानावरण-चक्षुरचक्षुरवधिदर्शनावरण-संज्वलनचतुष्टय-नवनोकषायान्तरायपंचकलक्षणानां पंचविंशतिसंख्यानां देशघातिप्रकृतीनां देशघातीनि रसस्पर्धकानि भवन्ति। स्वस्य ज्ञानदर्शनगुणस्य देशमेकदेशं मतिज्ञानादिलक्षणं घातयन्तीत्येवंशीलानि देशघातीनि। क. प्र. (मलय.) २-१. ◆ वेदनीयायुर्नाम-गोत्राणां सम्बन्धिनां एकादशोत्तरप्रकृतिशतस्याघातिनो रसस्पर्धकान्यघातीनि वेदितव्यानि। केवलं वेद्यमानसर्वघातिरसस्पर्धकसम्बन्धात्तान्यपि सर्वघातीनि भवन्ति। यथेह लोके स्वयमचौराणामपि चौरसम्बन्धाच्चौरता। उक्तं च- जाण न विसओ घाइत्तणम्मि ताणं पि सव्वघाइरसो। जायइ घाइसगासेण चोरया वेहउचोराणं॥ क. प्र. (मलय.) २-४४. ३ केवलज्ञानावरण-केवलदर्शनावरणाद्यद्वादशकषाय-निद्रापंचक-मिथ्यात्वलक्षणानां विंशतिप्रकृतीनां रसस्पर्धकानि सर्वघातीनि- सर्वं स्वघात्यं केवलज्ञानादिलक्षणं गुणं घातयन्तीति सर्वघातीनि। तानि च ताम्रभाजनवत् निश्छिद्राणि, घृतवत् स्निग्धानि, द्राक्षावस्त्रप्रदेशोपचितानि, स्फटिकाभ्रहारवच्चातीव निर्मलानि। उक्तं च- जो घायइ सविसयं सयलं सो होइ सव्वघाइरसो। सो निच्छिद्दो णिद्धो तणुओ फलिहब्भहरविमलो॥ क. प्र. (मलय.) २-४४. ✡ प्रतिषु 'घादि' इति पाठः।

अघादिकम्मफद्दएहि सह णिरंतरं गंतूण दारुसमाणम्हि देसघादिम्हि णिट्ठियाणि। सम्मत्तउक्कस्सफद्दयादो सम्मामिच्छत्तस्स पढमफद्दयमणंतगुणं। कुदो? केवलणाणावरणादिफद्दयसमाणत्तादो। तदो णिरंतराणि अणंताणि सम्मामिच्छत्तफद्दयाणि गंतूण दारुसमाणफद्दयाणमणंतिमभागे चेव णिट्ठिदाणि। तदो उवरिमाणंतरफद्दयं मिच्छत्तस्स जहण्णफद्दयं होदि*। तं च सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सदारुसमाणफद्दयादो अणंतगुणं घादिकम्माणमादिफद्दएहि असमाणं। एवं सव्वकम्माणं पि आदिफद्दयपरूवणा कदा।

एत्तो अट्ठपदं– ओकड्डिदो वि अणुभागो अणुभागसंकमो, उक्कड्डिदो वि अणुभागो अणुभागसंकमो, अण्णपयडिं णीदो वि अणुभागो अणुभागसंकमो*। आदिफद्दयं ण ओकड्डिज्जदि⊡। आदिफद्दयादो जत्तियो जहण्णओ णिक्खेवो एत्तियमेत्ताणि फद्दयाणि ण ओकड्डिज्जंति☼। तदो उवरिमफद्दयं पि ण ओकड्डिज्जदि, अदिच्छावणाभावादो। तदो जत्तियाणि जहण्णणिक्खेवफद्दयाणि जत्तियाणि जहण्णअदिच्छावणाफद्दयाणि च एत्तियमेत्ताणि फद्दयाणि पढमफद्दयप्पहुडि उवरिं चडियूण ट्ठिदं जं फद्दयं तमोकड्डिज्जदि,

---

अघाति कर्मोंके स्पर्धकोंके साथ निरन्तर जाकर दारु समान देशघातिमें समाप्त होते हैं। सम्यक्त्वके उत्कृष्ट स्पर्धककी अपेक्षा सम्यग्मिथ्यात्वका प्रथम स्पर्धक अनन्तगुणा है, क्योंकि, वह केवलज्ञानावरणके आदि स्पर्धकके समान है। उसके आगे सम्यग्मिथ्यात्वके अनन्त स्पर्धक निरन्तर जाकर दारु समान स्पर्धकोंके अनन्तवें भागमें ही समाप्त हो जाते हैं। उसके आगेका अनन्तर स्पर्धक मिथ्यात्वका जघन्य स्पर्धक होता है। वह सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट दारु समान स्पर्धककी अपेक्षा अनन्तगुणा होकर घाति कर्मोंके आदि स्पर्धकोंके समान नहीं होता। इस प्रकार सब कर्मोंके ही आदि स्पर्धकोंकी प्ररूपणा की गयी है।

यहां अर्थपद– अपकर्षणको प्राप्त हुआ भी अनुभाग अनुभागसंक्रम है, उत्कर्षणको प्राप्त हुआ भी अनुभाग अनुभागसंक्रम है, और अन्य प्रकृतिको प्राप्त कराया गया भी अनुभाग अनुभागसंक्रम है। आदि स्पर्धकोंका अपकर्षण नहीं होता है। आदि स्पर्धकसे लेकर जितना जघन्य निक्षेप है, इतने मात्र स्पर्धकोंका भी अपकर्षण नहीं किया जाता है। उनसे ऊपरके स्पर्धकका भी अपकर्षण नहीं किया जाता है, क्योंकि, अतिस्थापनाका अभाव है। इसलिये जितने जघन्य निक्षेपस्पर्धक हैं और जितने जघन्य अतिस्थापनास्पर्धक हैं इतने मात्र स्पर्धक प्रथम स्पर्धकसे लेकर ऊपर चढकर जो स्पर्धक स्थित है उसका अपकर्षण किया जाता है, क्योंकि, अतिस्थापनारूप व निक्षेपरूप स्पर्धकोंकी सम्भावना पायी जाती है।

---

* सव्वेसु देसघाइसु सम्मत्तं तदुवरि तु वा मिस्सं। दारुसमाणस्साणंतिमोत्ति मिच्छत्तमुप्पिमओ॥ क. प्र. २, ४५. * अणुभागो ओकड्डिदो वि संकमो उक्कड्डिदो वि संकमो अण्णपयडिं णीदो वि संकमो। क. पा. सु. पृ. ३४५, १ तत्थट्ठपदं उव्वट्टणा व ओवट्टणा व अविभागा। अणुभागसंकमो एस अण्णपगइं णिया वावि॥ क. प्र. २, ४६. ⊡ प्रतिषु 'आदिफद्दयाणं ओकड्डिज्जदि' इति पाठः। ☼ ताप्रतौ 'फद्दयाणि ओकड्डिज्जंति' इति पाठः।

तस्स अधिच्छावणा-णिक्खेवफद्दयाणं संभवुवलंभादो ☼ ।

एत्थ अप्पाबहुअं– पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरं थोवो ✲ । जहण्णओ णिक्खेवो अणंतगुणो । जहण्णिया अधिच्छावणा अणंतगुणा । उक्क० अधिच्छावणा अणंतगुणा । उक्कस्सयमणुभागखंडयं विसे० । उक्कस्सओ णिक्खेवो विसेसाहिओ ⊡, ओकड्डुणादो ♠ चरिमफद्दयस्स अधिच्छावणफद्दय-णिक्खेवाणमभावादो । तदो जहण्णयं णिक्खेवं जहण्णं च अधिच्छावणं ओसक्किऊण ♣ जं फद्दयं चरिमफद्दयादो ट्ठिदं तमोकड्डिज्जदि ♣ ।

ओकड्डणादो उक्कड्डुणादो च जहण्णओ णिक्खेवो तुल्लो, सो थोवो । ओकड्डुणादो जहण्णिया अधिच्छावणा, उक्कड्डुणादो च अणुक्कस्स-जहण्णाजहण्णअधिच्छावणाए चरिमफद्दयसलागा वि, उक्कड्डुणादो च उक्कस्सओ णिक्खेवो तुल्लो अणंतगुणो ✲ ।

सबसे अल्पबहुत्व– पदेशगुणहानिस्थानान्तर स्तोक हैं । जघन्य निक्षेप अनन्तगुणा है । जघन्य अतिस्थापना अनन्तगुणी है । उत्कृष्ट अतिस्थापना अनन्तगुणी है । उत्कृष्ट अनुभागकाण्डक विशेष अधिक है । उत्कृष्ट निक्षेप विशेष अधिक है, क्योंकि, अपकर्षणकी अपेक्षा अन्तिम स्पर्धकका जो अतिस्थापना रूप स्पर्धक है और जिसका निक्षेप हुआ है, मात्र इन दोनोंका अभाव है । इसीलिये अन्तिम स्पर्धकसे जघन्य निक्षेप और जघन्य अतिस्थापनाको छोडकर जो स्पर्धक स्थित है उसका अपकर्षण किया जाता है ।

अपकर्षण और उत्कर्षण दोनोंकी अपेक्षा जघन्य निक्षेप तुल्य होकर स्तोक है । अपकर्षणकी अपेक्षा जघन्य अतिस्थापना व उत्कर्षणकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य अतिस्थापनाकी अन्तिम स्पर्धकशलाका भी, तथा उत्कर्षणकी अपेक्षा उत्कृष्ट निक्षेप तुल्य व अनंतगुणा है ।

☼ ओकड्डुणाए परूवणा । पढमफद्दयं ण ओकड्डिज्जदि बिदियफद्दयं ण ओकड्डिज्जदि । एवमणंताणि फद्दयाणि जहण्णिया अइच्छावणा, तत्तियाणि फद्दयाणि ण ओकड्डिज्जंति । अण्णाणि अणंताणि फद्दयाणि जहण्णणिक्खेवमेत्ताणि च ण ओकड्डिज्जंति । जहण्णओ णिक्खेवो जहण्णिया अइच्छावणा च तत्तियमेत्ताणि फद्दयाणि आदीदो अधिच्छिदूण तदित्थफद्दयमोकड्डिज्जइ । तेण परं सव्वाणि फद्दयाणि ओकड्डिज्जंति । क. पा. सु. पृ. ३४६, ४–१०.

✲ प्रतिषु ' णंवा ' इति पाठः । ⊡ एत्थ अप्पाबहुअं । सव्वत्थोवाणि पदेसगुणहाणिट्ठाणंतरफद्दयाणि । जहण्णओ णिक्खेवो अणंतगुणो । जहण्णिया अइच्छावणा अणंतगुणा । उक्कस्सयमणुभागकंडयमणंतगुणं । उक्कस्सिया अइच्छावणा एगाए वग्गणाए ऊणिया । उक्कस्सणिक्खेवो विसेसाहिओ । उक्कस्सो बंधो विसेसाहिओ । क. पा. सु. ३४६, ११–१८. थोवं पएसगुणहाणिअंतरे दुसु जहण्णणिक्खेवो । कमसो अणंतगुणिओ दुसु वि अइत्थावणा तुल्ला ॥ चाघाएणणुभागकंडगमेक्काए वग्गणाऊणं । उक्कोसा णिक्खेवो समंतबंधो य सविसेसो ॥ क. प्र. ३, ८–९. ♠ ताप्रतौ ' उक्कड्डुणादो ' इति पाठः । ♣ अ-काप्रत्योः ' ओकड्डिऊण ' इति पाठः ।

✲ प्रतिषु ' तमुक्कड्डिज्जदि ' इति पाठः । ✲ उक्कड्डुणाए परूवणा । चरिमफद्दयं ण उक्कड्डिज्जदि । दुचरिमफद्दयं पि ण उक्कड्डिज्जदि । एवमणंताणि फद्दयाणि ओसक्किऊण तं फद्दयमुक्कड्डिज्जदि । सव्वत्थोवो जहण्णओ णिक्खेवो । जहण्णिया अइच्छावणा अणंतगुणा । उक्कस्सओ णिक्खेवो अणंतगुणो । उक्कस्सओ बंधो विसेसाहिओ । ओकड्डुणादो उक्कड्डुणादो च जहण्णिया अइच्छावणा तुल्ला । जहण्णओ णिक्खेवो तुल्लो ॥ क. पा. सु. पृ. ३४८, जयधवल पृ. १ से ११, १९–२८. चरिमं णोव्वट्टिज्जइ जावाणंताणि फड्डगाणि ततो । उक्कस्सिय ओकड्ड (उव्वट्टइ) एवं उव्वट्टणाईओ ॥ क. प्र. ३, ७.

एदेण अट्ठपदेण पमाणाणुगमो वुच्चदे । तं जहा– घादिसण्णा ठाणसण्णा* च एत्थ वि परूवेयव्वा । सम्मत्तस्स उक्कस्सओ संकमो▣ देसघादी दुट्ठाणियो । एवं मणुस-तिरिक्खाउआणं । सम्मामिच्छत्तस्स आदावणामाए च सव्वघादी दुट्ठाणियो अणुभागसंकमो✿ । इत्थि-णवुंसयवेदाणमुक्कस्सओ सव्वघादी चदुट्ठाणियो अणुभागसंकमो । सम्मत्त-चदुसंजलण--पुरिसवेदाणं जहण्णसंकमो देसघादी एयट्ठाणियो । सेसाणं कम्माणं जहण्णओ संकमो सव्वघादी दुट्ठाणियं✿ । णवरि मणुव-तिरिया-उआणं देसघादी ।

सामित्तं– मदिआवरणस्स उक्कस्साणुभागसंकमो कस्स होदि ? जो उक्कस्साणुभाग बंधियूण आवलियादिक्कंतो सो एइंदियो वा अणेइंदियो※ वा बादरो वा सुहुमो वा पज्जत्तओ वा अपज्जत्तओ वा णियमा मिच्छाइट्ठी, असंखेज्जवस्साउअमणुस्से तिरिक्खे मणुस्सोघदादियदेवे च मोत्तूण जो अण्णो, तस्स उक्कस्साणुभागसंकमो । एवं चदुण्णावरण-णवदंसणावरण--मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसाय-असादावेदणीय–

इस अर्थपदके अनुसार प्रमाणानुगमकी प्ररूपणा की जाती है । यथा– घाति संज्ञा और स्थान संज्ञाकी यहां भी प्ररूपणा करना चाहिये । सम्यक्त्वका उत्कृष्ट संक्रम देशघाती होता हुआ द्विस्थानिक है । इसी प्रकार मनुष्यायु और तिर्यगायुके सम्बन्धमें कहना चाहिये । सम्यग्मिथ्यात्व और आतप नामकर्मका अनुभागसंक्रम सर्वघाती होकर द्विस्थानिक है । स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम सर्वघाती चतुःस्थानिक है । सम्यक्त्व, चार संज्वलन और पुरुषवेदका जघन्य संक्रम देशघाती एकस्थानिक है । शेष कर्मोंका जघन्य संक्रम सर्वघाती द्विस्थानिक है । विशेष इतना है कि वह मनुष्यायु और तिर्यगायुका देशघाती है ।

स्वामित्वकी प्ररूपणा की जाती है-- मतिज्ञानावरणका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम किसके होता है ? जो उत्कृष्ट अनुभागको बांधकर एक आवलीको बिता चुका है । वह एकेन्द्रिय हो चाहे अनेकेन्द्रिय हो, बादर हो अथवा सूक्ष्म हो, पर्याप्त हो अथवा अपर्याप्त हो, नियमसे मिथ्यादृष्टि हो ; तथा असंख्यातवर्षायुष्क मनुष्यों, तिर्यंचों और मनुष्योंमें उत्पन्न होनेवाले देवों (आनतादिक) को छोडकर जो अन्य हो, उसके मतिज्ञानावरणका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम होता है । इसी प्रकार शेष चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय-

---

* प्रतिषु ' घादिसंठाणसण्णा ' इति पाठः । ▣ अप्रतौ ' उक्कस्सओ वि संकमो ' इति पाठः ।

✿ दुविहं ठाणे जेट्ठो सम्मत्तदेसघाइ दुट्ठाणा । णर-तिरियाऊ-आयव-मिस्से वि य सव्वघाइम्मि ॥ क. प्र. २, ४७. ✿ तत्थ पुव्वं गमणिज्जा घादिसण्णा च ठाणसण्णा च । सम्मत्त-चदुसंजलण-पुरिसवेदाणं मोत्तूण सेसाणं कम्माणमणुभागसंकमो णियमा सव्वघादी, बेट्ठाणिओ वा तिट्ठाणिओ वा चउट्ठाणिओ वा । णवरि सम्मामिच्छत्तस्स बेट्ठाणिओ चेव । अकसायअणुभागसंतकम्मस्स चदुसंजलण पुरिसवेदाणमणुभागसंकमो मिच्छत्तभंगो । खवगुवसामगाणमणुभागसंकमो सव्वघादी वा देसघादी वा, बेट्ठाणिओ वा एयट्ठाणिओ वा । सम्मत्तस्स अणुभागसंकमो णियमा देसघादी । एयट्ठाणिओ बेट्ठाणिओ वा । क. पा सु. पृ. ३४९, २३-३९ सेसासु चउट्ठाणे मदो सम्मत्त-पुरिस-संजलणे । एगट्ठाणे सेसासु सव्वघाइम्मि दुट्ठाणे ॥ क. प्र. ३, ४८.

※ अ-काप्रत्योः ' सोइंदियो वा अणेइंदियो ', ताप्रतौ ' सो इंदियो वा अणिंदियो ' इति पाठः ।

अप्पसत्थणामपयडि--णीचागोद--पंचंतराइयाणं ✪ । सादस्स उक्कस्साणुभागसंकमो कस्स ? चरिमसमयसुहुमसांपराइएण खवएण जं बद्धमणुभागं आवलियादिक्कंतं संकमाणस्स खीणकसायस्स सजोगिकेवलिस्स वा । जसकित्ति-उच्चागोदाणं सादभंगो ।

णिरयाउअस्स उक्कस्सओ अणुभागसंकमो कस्स ? जो उक्कस्साणुभागं बंधिदूण आवलियादिक्कंतो सो ताव पाओग्गो जाव समयाहियावलियचरिमसमयतब्भवत्थो त्ति । एवं सेसाणमाउआणं ।

जाओ पसत्थाओ परभवियणामबंधज्झवसाणस्स चरिमसमये बज्झंति तासिं बंधज्झवसाणवोच्छेदादो आवलियादिक्कंतमादिं कादूण जाव चरिमसमयसजोगाबो ✪ त्ति उक्कस्साणुभागसंकमो।मणुसगइ-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वी-ओरालियसरीर-ओरालियसरीरअंगोवंग-बंधण-संघाद-वज्जरिसहसंघडणाणमुक्कस्सओ अणुभागसंकमो कस्स ? देवेसु सव्वविसुद्धेण पबद्धाणुभागं आवलियादिक्कंतं संकममाणस्स । सो कत्थ होदि? देवेसु णेरइएसु तिरिक्खेसु मणुस्सेसु एइंदिय-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिय-पंचिंदिएसु सुहुमेसु ◘

असातावेदनीय, अप्रशस्त नामप्रकृतियों, नीचगोत्र और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके भी उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमका कथन करना चाहिये । सातावेदनीयके उत्कृष्ट अनुभागका संक्रम किसके होता है ? अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपकके द्वारा जो अनुभाग बांधा गया है आवलिकातिक्रान्त उसका संक्रमण करनेवाले क्षीणकषाय अथवा सयोगकेवलीके उसका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम होता है । यशकीर्ति और उच्चगोत्रकी प्ररूपणा सातावेदनीयके समान है ।

नारकायुके उत्कृष्ट अनुभागका संक्रम किसके होता है ? जो उत्कृष्ट अनुभागको बांधकर बन्धावलीको बिता चुका है वह अन्तिम समयवर्ती तद्भवस्थ होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र कालके शेष रहने तक नारकायुके उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमके योग्य होता है । इसी प्रकार शेष आयु कर्मोंकी प्ररूपणा है ।

जो प्रशस्त प्रकृतियां परभविक नामप्रकृतियोंके बन्धाध्यवसानके अन्तिम समयमें बंधती हैं उनका बन्धाध्यवसानव्युच्छित्तिसे आवलिकातिक्रान्त समयको आदि लेकर अन्तिम समयवर्ती सयोगी तक उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम होता है । मनुष्यगति, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, औदारिकशरीर, औदारिकशरीरांगोपांग, औदारिकबन्धन, औदारिकसंघात और वज्रर्षभसंहननका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम किसके होता है ? वह सर्वविशुद्ध देवके द्वारा बांधे गये अनुभागका बन्धावलीके पश्चात् संक्रम करनेवाले जीवके होता है । वह कहांपर होता है ? वह देवोंमें, नारकियोंमें, तिर्यंचोंमें, मनुष्योंमें, एकेन्द्रियोंमें, द्वीन्द्रियोंमें, त्रीन्द्रियोंमें, चतुरिन्द्रियोंमें, पंचेन्द्रियोंमें,

---

✪ सामित्तं । मिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागसंकमो कस्स ? उक्कस्साणुभागं बंधिदूणावलियपडिभग्गस्स अण्णदरस्स । एवं सव्वकम्माणं । णवरि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुभागसंकमो कस्स ? दंसणमोहणीयक्खवयं मोत्तूण जस्स संतकम्ममत्थि त्ति तस्स उक्कस्साणुभागसंकमो । क. पा. सु. पृ. ३५१, ४०-४५. उक्कोसगं पबंधिय आवलियमइच्छिऊण उक्कोसं । जाव ण घायइ तगं संकमइ य आ मुहुत्तंता ॥ असुभाणं अण्णयरो सुहुमअपज्जत्तगाइ मिच्छो य । वज्जिय असंखवासाउए य मणुओवघाए य ॥ क. प्र. २, ५२-५३.

✪ प्रतिषु ' संजोगादो ' इति पाठः । ◘ ताप्रतौ ' चउरिंदिएसु सुहुमेसु ' इति पाठः ।

बादरेसु पज्जत्तएसु अपज्जत्तएसु वा होदि ।

उज्जोवणामाए उक्कस्साणुभागसंकमो कस्स ? सत्तमाए पुढवीए दंसणमोहुवसामगंतेण अधापवत्तकरणचरिमसमए जं बद्धमणुभागं आवलियादीदं संकममाणस्स । सो कत्थ होदि ? णेरइएसु तिरिक्खेसु मणुस्सेसु एइंदिएसु विगलिंदिएसु सुहुमेसु बादरेसु पज्जत्तएसु अपज्जत्तएसु वा होदि ।

णिरयगदीए सादस्स उक्कस्साणुभागसंकमो कस्स होदि ? चरिमसमयसुहुमसांपराइएण उवसामएण जो बद्धो अणुभागो तमघादेदूण अण्णदरिस्से पुढवीए उववज्जेज्ज तस्स उक्कस्सअणुभागसंकमो । एवं सव्वत्थ वत्तव्वं* । एवमुक्कस्ससामित्तं समत्तं ।

एत्तो जहण्णाणुभागसंकमस्स सामित्तं– कसाए[1] खवेंतस्स जाव अंतरं अकदं[2] ताव अप्पसत्थाणं कम्माणं अणुभागसंतकम्मं सुहुमसंतकम्मादो उवरिं होदि, अंतरं कदे सुहुमसंतकम्मादो हेट्ठदो होदि[3] । एदेण बीजपदेण जहण्णसामित्तं कायव्वं । पंचणाणावरण-छदंसणावरण-पंचंतराइयाणं जहण्णाणुभागसंकामओ[4] को होदि? जो जहण्णट्ठिदिसंकामओ सो चेव जहण्णाणुभागस्स वि संकामओ । एवं सम्मत्त-लोहसंजलणाणं[5] ।

सूक्ष्मोंमें, बादरोंमें, पर्याप्तकोंमें और अपर्याप्तकोंमें होता है ।

उद्योत नामकर्मका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम किसके होता है ? सातवी पृथिवीमें दर्शनमोहका उपशम करनेवाले जीवके द्वारा अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें जो अनुभाग बांधा गया है, बन्धावलीके पश्चात् उसका संक्रम करनेवालेके उद्योतका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम होता है । वह कहांपर होता है ? वह नारकियोंमें, तिर्यंचोंमें, मनुष्योंमें, एकेन्द्रियोंमें, विकलेन्द्रियोंमें, सूक्ष्मोंमें, बादरोंमें, पर्याप्तकोंमें और अपर्याप्तकोंमें होता है ।

नरकगतिमें सातावेदनीयका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम किसके होता है ? अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्म साम्पराय उपशामकके द्वारा जो अनुभाग बांधा गया है उसका घात न करके जो अन्यतर पृथिवीमें उत्पन्न होनेवाला है उसके सातावेदनीयका उत्कृष्ट अनुभागसंक्रम होता है । इसी प्रकारसे सर्वत्र प्ररूपणा करना चाहिये । इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

यहां जघन्य अनुभागसंक्रमके स्वामित्वका कथन किया जाता है– कषायोंका क्षपण करनेवाले जीवके, जब तक वह अन्तर नहीं करता है तब तक, अप्रशस्त कर्मोंका अनुभागसत्कर्म सूक्ष्म एकेन्द्रियके सत्कर्मसे अधिक होता है । किन्तु अन्तर करनेपर वही सूक्ष्म एकेन्द्रियके सत्कर्मसे नीचे होता है । इस बीज पदके अनुसार जघन्य स्वामित्वको करना चाहिये । पांच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण और पांच अन्तरायके जघन्य अनुभागका संक्रामक कौन होता है ? जो इनकी जघन्य स्थितिका संक्रामक है वही उनके जघन्य अनुभागका भी संक्रामक होता है । इसी प्रकार सम्यक्त्व और संज्वलन लोभके सम्बन्धमें कहना चाहिये ।

---

* सव्वत्थावुज्जोव-मणुसगइपंचगस्स आऊणं । समयाहियालिगा सेसग त्ति सेसाण जोगंता । क. प्र. २,५४ [1] ताप्रतौ 'सामित्तं कस्स ? कसाए' इति पाठः । [2] अ-काप्रत्योः 'अंतरं कयं', ताप्रतौ 'अंतरं कद' इति पाठः । [3] खवगस्संतकरणे अकए घाईणं सुहुमकम्मवरि । क. प्र. २,५५. [4] अप्रतौ 'संकामओ' का-ताप्रत्योः 'संकमो' इति पाठः । [5] ताप्रतौ 'लोहसंजलणाणं' इति पाठः ।

अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की जाती है– ज्ञानावरणके अल्पतर अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं । भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अवस्थित अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं । इसी प्रकार नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके भी अल्पबहुत्वका कथन करना चाहिए । विशेष इतना है कि सोलह कषाय और नौ नोकषायके अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक स्तोक है । अल्पतर अनुभाग संक्रामक अनन्तगुणे है । भुजाकार अनुभाग सक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अवस्थित अणुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अल्पतर अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं । अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अवस्थित अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं ।

नारकायुके अल्पतर अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं । अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं । भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे है । अवस्थित अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं । देवायुके इस अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा नरकायुके समान है । मनुष्यायुके अल्पतर अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं । अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक विशेष अधिक हैं । भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अवस्थित अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं । तिर्यगायुके अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं । अल्पतर अनुभाग संक्रामक अनन्तगुणे हैं । भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अवस्थित अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे है ।

नरकगतिके अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं । भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अल्पतर अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अवस्थित अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं । देवगति और वैक्रियिकशरीरकी प्ररूपणा नरकगतिके समान है । मनुष्यगतिके अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं । अल्पतर अनुभाग संक्रामक अनन्तगुणे हैं । भुजाकार अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे है । अवस्थित अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं । उच्चगोत्रके

संखे० गुणा। उच्चागोदस्स मणुसगइभंगो। अणादियसंतकम्मियाणं णामपयडीणं णीचागोद-पंचंतराइयाणं च णाणावरणभंगो। आहारसरीरस्स अवत्तव्व० थोवा। भुजगार० संखे० गुणा। अप्पदर० संखे० गुणा। अवट्ठिय० असंखे० गुणा। तित्थयरस्स आहारभंगो। एवमणुभागभुजगारसंकमो समत्तो।

एत्तो पदणिक्खेवो– णाणावरणस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? जो तप्पाओग्गेण जहण्णाणुभागसंतकम्मेण उक्कस्ससंकिलेसं गदो* तदो उक्कस्सओ अणुभागो पबद्धो आवलियादिक्कंतस्स✪ उक्कस्सिया अणुभागसंकमवड्ढी अवट्ठाणं च। उक्कस्सिया हाणी कस्स? जो उक्कस्सादो अणुभागसंतकम्मादो उक्कस्समणुभागघादं करेदि तस्स अणुभागखंडए घादिदे▣ सेसाणुभागसंतकम्मं से काले संकामेंतस्स उक्कस्सिया हाणी अणुभागसंकमस्स। एवं सव्वेसिमप्पसत्थाणं कम्माणं। सादस्स उक्कस्सिया वड्ढी कस्स? समयाहियावलियअकसायस्स खवयस्स। उक्क० हाणी कस्स? जो उवसामयचरिमसमयसुहुमसांपराइएण बद्धसादाणुभागं मिच्छत्तं गंतूण उक्कस्सएण अणुभागखंडएण घादिय सेसं संकामेमाणओ✪ तस्स उक्कस्सिया हाणी। उक्कस्समवट्ठाणं वड्ढीए। जसकित्ति-उच्चागोदाणं सादभंगो।

प्ररूपणा, मनुष्यगतिके समान है। अनादिसत्कर्मिक नामप्रकृतियों, नीच गोत्र और पांच अन्तरायोंकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है। आहारशरीरके अवक्तव्य अनुभाग संक्रामक स्तोक हैं। भुजाकार अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं। अल्पतर अनुभाग संक्रामक संख्यातगुणे हैं। अवस्थित अनुभाग संक्रामक असंख्यातगुणे हैं। तीर्थंकर नामकर्मकी प्ररूपणा आहारशरीरके समान है। इस प्रकार अनुभागभुजाकारसंक्रम समाप्त हुआ।

यहां पदनिक्षेपकी प्ररूपणा करते हैं। – ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमवृद्धि किसके होती है? जो तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागसत्कर्मके साथ उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ है और तत्पश्चात् जिसने उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध किया है उसके आवली मात्र कालके वीतने-पर उसकी उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमवृद्धि और अवस्थान भी होता है। उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? जो उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्मसे उत्कृष्ट अनुभागका घात करता है उसके अनुभागकाण्डकका घात कर चुकनेपर अनन्तर कालमें शेष अनुभागसत्कर्मका संक्रम करते समय उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमकी हानि होती है। इस प्रकार सब अप्रशस्त कर्मोंके सम्बन्धमें कहना चाहिये। सातावेदनीयकी उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमवृद्धि किसके होती है? वह एक समय अधिक आवली मात्र कालवर्ती अकषाय क्षपकके होती है। उसकी उत्कृष्ट हानि किसके होती है? जो चरम समयवर्ती सूक्ष्म सांपरायिक उपशामकके द्वारा बांधे गये सातावेदनीयके अनुभागको मिथ्यात्वको प्राप्त हो उत्कृष्ट अनुभागकाण्डक द्वारा घातकर शेष अनुभागका संक्रम कर रहा है उसके उसकी उत्कृष्ट हानि होती है। उसका उत्कृष्ट अवस्थान वृद्धिमें होता है। यशकीर्ति और उच्चगोत्रकी प्ररूपणा सातावेदनीयके समान है।

---

* अप्रतौ 'संकिलेसादो' इति पाठः। ✪ ताप्रतौ 'पबद्धो (तस्स-) आवलियादिक्कंतस्स' इति पाठः। ▣ अप्रतौ 'घादे', ताप्रतौ 'घादेदि' इतिपाठः। ✪ अप्रतौ 'से संकामेमाणओ' इति पाठः।

एत्थ अट्ठपदं- सादस्स उक्कस्सेण अणुभागघादं मिच्छाइट्ठी मज्झिमपरिणामो चेव कुणदि- सुविसुद्धो ण हणदि, अइसंकिलिट्ठो वि ण हणदि। कुदो ? साभावियादो। एवं सव्वेसिं पसत्थकम्माणं। अभव*सिद्धियपाओग्गउक्कस्ससादाणुभागस्स अणंते भागं मज्झिमपरिणामेहि मिच्छाइट्ठी हणदि। जेत्तियमेत्तफद्दयाणि अभवसिद्धियपाओग्गउक्कस्साणुभागादो मज्झिमपरिणामेहि घादेदि सुहुमसांपराइएण णिव्वत्तिदउक्कस्साणुभागं पि घादेमाणो तत्तियमेत्ताणि चेव फद्दयाणि घादेदि। एदेण कारणेण भवसिद्धिएण वा अभवसिद्धिएण वा णिव्वत्तिदउक्कस्साणुभागे अणुभागखंडएण मिच्छाइट्ठिणा मज्झिमपरिणामेण घादिदे♠ अणुभागसंकमस्स उक्क० हाणी होदि। एवं सव्वेसिं पसत्थकम्माणं। एवमुक्कस्ससामित्तं समत्तं।

मदिआवरणस्स जहण्णिया अणुभागसंकमवड्ढी कस्स ? जो सुहुमेइंदियो हदसमुप्पत्तियकमेण कदजहण्णाणुभागसंकमो अप्पणो जहण्णसंतकम्मादो पक्खेवुत्तरं बंधिय आवलियादिक्कंतं संकामेदि तस्स जहण्णिया वड्ढी। जह० हाणी कस्स ? समयाहियावलियचरिमसमयछदुमत्थस्स। जहण्णमवट्ठाणं जहण्णवड्ढीए दादव्वं। एवं चउणाणावरण-चउदंसणावरणाणं पि वत्तव्वं। णिद्दा-पयलाणं पि मदिणाणावरणभंगो।

यहां अर्थपद- उत्कर्षसे सातावेदनीयके अनुभागघातको मध्यम परिणामवाला मिथ्यादृष्टि ही करता है, उसका घात न अतिशय विशुद्ध जीव ही करता है और न अतिशय संक्लिष्ट भी। इसका कारण स्वभाव ही है। इस प्रकार सब प्रशस्त कर्मोंके सम्बन्धमें कहना चाहिये। अभव्य योग्य सातावेदनीयके उत्कृष्ट अनुभागके अनन्त बहुभागको मिथ्यादृष्टि जीव मध्यम परिणामोंके द्वारा घातता है। अभव्य योग्य उत्कृष्ट अनुभागोंमेंसे जितने मात्र स्पर्धकोंको वह मध्यम परिणामोंके द्वारा घातता है, सूक्ष्मसाम्परायिक द्वारा रचे गये उत्कृष्ट अनुभागका भी घात करनेवाला जीव उतने मात्र ही स्पर्धकोंको घातता है। इस कारण भव्य अथवा अभव्यके द्वारा रचित उत्कृष्ट अनुभागका मध्यम परिणाम युक्त मिथ्यादृष्टिके द्वारा अनुभागकाण्डक स्वरूपसे घात कर चुकनेपर अनुभागसंक्रमकी उत्कृष्ट हानि होती है। इसी प्रकार सब प्रशस्त कर्मोंके सम्बन्धमें कथन करना चाहिये। इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ।

मतिज्ञानावरणकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि किसके होती है ? हतसमुत्पत्तिककर्मसे जघन्य अनुभागसत्कर्मको कर चुकनेवाला जो सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीव अपने जघन्य सत्कर्मकी अपेक्षा प्रक्षेप अधिक बांधकर आवली अतिक्रान्त उसका संक्रम करता है उसके मतिज्ञानावरणकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि होती है। उसकी जघन्य हानि किसके होती है ? वह जिसके चरम समयवर्ती छद्मस्थ होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र काल शेष रहा है उसके होती है। जघन्य अवस्थान जघन्य वृद्धिमें देना चाहिये। इसी प्रकार चार ज्ञानावरण और चार दर्शनावरणके भी कहना चाहिये। निद्रा और प्रचलाकी भी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके

---

* ताप्रतौ 'कम्माणं अभव' इति पाठः। ♠ ताप्रतौ 'घादेदि' इति पाठः।

णवरि जहण्णिया हाणी जत्थ जहण्णट्ठिदिसंकमो तत्थ वत्तव्वो ।

पंचण्णमंतराइयाणं मदिणाणावरणभंगो । णिद्दाणिद्दा-पयलापयला-थीणगिद्धीणं जह० अणुभागवड्ढी कस्स ? सुहुमेइंदियस्स हदसमुप्पत्तियकमेण कदजहण्णाणुभाग-संतकम्मस्स पक्खेवुत्तरं बंधिय आवलियादीदं संकामेंतस्स । तं चेव वड्ढिदाणुभागं अंतोमुहुत्तेण घादिय संकामेंतस्स जह० हाणी । एगदरत्थावट्ठाणं । सम्मत्त० जह-ण्णिया हाणी कस्स ? समयाहियावलियचरिमसमयअक्खीणदंसणमोहणीयस्स । जह-ण्णवड्ढी णत्थि । जहण्णमवट्ठाणं कस्स? चरिमाणुभागखंडयबिदियफालीए वट्टमा-णस्स । सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णिया हाणी कस्स ? चरिमसमयअणुभागखंडयस्स पढमसमए वट्टमाणस्स जह० हाणी । तस्सेव से काले जहण्णमवट्ठाणं । जहण्णवड्ढी णत्थि ।

अणंताणुबंधि० जहण्णिया वड्ढी कस्स ? अणंताणुबंधिचउक्कं विसंजोजिय दुसमयावलियसंजुत्तस्स । हाणी अवट्ठाणं च कस्स ? अंतोमुहुत्तसंजुत्तस्स । तं जहा-अणंताणुबंधिणो विसंजोजिय संजुत्तो जदि वि उक्कस्सियाए वड्ढीए वड्ढदि तो वि जाव अंतोमुहुत्तं कालं ताव सुहुमेइंदियजहण्णाणुभागसंतकम्मादो हेट्ठदो चेव अणं-ताणुबंधीणमणुभागो होदि । सो तत्तो हेट्ठदो अच्छमाणो घादं पि गच्छदि । तदो तेण

ही समान है । विशेष इतना है कि जहांपर जघन्य स्थितिसंक्रम है वहांपर उसकी जघन्य हानि कहना चाहिये ।

पांच अन्तराय कर्मोंकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है । निद्रानिद्रा, प्रचला-प्रचला और स्त्यानगृद्धिकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि किसके होती है ? वह हतसमुत्पत्तिक-क्रमसे जघन्य अनुभागसत्कर्मको कर चुकनेवाले सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवके प्रथम अधिक बांधकर आवली अतिक्रान्त उसका संक्रम करते समय होती है । उसी वृद्धिगत अनुभागको अन्तर्मुहूर्तमें घातकर संक्रम करनेवालेके उसकी जघन्य हानि होती है । दोनोंमेंसे किसी भी एकमें जघन्य अवस्थान होता है । सम्यक्त्व प्रकृतिकी जघन्य अनुभागसंक्रमहानि किसके होती है ? वह जिसके चरम समयवर्ती अक्षीणदर्शनमोह होनेमें एक समय अधिक आवली मात्र काल शेष है उसके होती है । उसकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि नहीं है । उसका जघन्य अवस्थान किसके होता है ? वह अन्तिम अनुभागकाण्डककी द्वितीय फालिमें वर्तमान जीवके होता है । सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य हानि किसके होती है? चरम अनुभागकाण्डकके प्रथम समयमें वर्तमान जीवके उसकी जघन्य हानि होती है । उसीके अनन्तर समयमें उसका जघन्य अवस्थान होता है । उसकी जघन्य वृद्धि नहीं है ।

अनन्तानुबन्धिचतुष्ककी जघन्य वृद्धि किसके होती है ? अनन्तानुबन्धिचतुष्ककी विसंयोजना करके दो समय अधिक आवली संयुक्त जीवके अनन्तानुबन्धिचतुष्ककी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि होती है । उनकी जघन्य हानि और अवस्थान किसके होते हैं ? वे उनकी विसंयोजना करके अन्तर्मुहूर्त संयुक्त जीवके होते हैं । यथा- अनन्तानुबन्धीकी विसंयोजना करके उससे संयुक्त जीव यद्यपि उत्कृष्ट वृद्धिके द्वारा वृद्धिगत होता है तो भी उसके अन्तर्मुहूर्त काल तक सूक्ष्म एकेन्द्रियके जघन्य अनुभागसत्कर्मकी अपेक्षा हीन ही अनन्तानुबन्धी कषायोंका

अंतोमुहुत्तसंजुत्तेण तस्स अणंतभागे घादिदे जह० हाणी होदि त्ति सिद्धं। जहण्ण-मवट्ठाणं जहण्णहाणीए दादव्वं।

तिण्णं संजलणाणं जह० हाणी कस्स? खवयस्स चरिमसमयजहण्णाणुभागबंधं संकामेंतस्स जहण्णिया हाणी। वड्ढी अवट्ठाणं च कस्स? सुहुमेइंदियस्स जहण्णाणु-भागसंतकम्मियम्मि वत्तव्वं। पुरिसवेदस्स तिसंजलणभंगो। लोहसंजलणस्स जह० हाणी कस्स? समयाहियावलियचरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स। वड्ढी अवट्ठाणं च कस्स? सुहुमेइंदियस्स जहण्णसंतकम्मादो पक्खेवुत्तरं बंधमाणस्स। अट्ठण्णं णो-कसायाणं जह० हाणी कस्स? अपच्छिमअणुभागखंडयस्स पढमसमए वट्टमाणस्स जह० हाणी। वड्ढी अवट्ठाणं च कस्स? सुहुमेइंदियस्स सगजहण्णाणुभागसंत-कम्मादो पक्खेवुत्तरं बंधमाणस्स।

णामाणं सादिसंताणं वड्ढी कस्स? संजोजिदबिदियसमए जं बद्धं तमावलिया-दिक्कंतं संकामेंतस्स जह० वड्ढी। हाणि-अवट्ठाणाणं अणंताणुबंधिभंगो। अणादिय-णामाणं वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणि कस्स? सुहुमेइंदियस्स सगजहण्णाणुभागसंत-

---

अनुभाग होता है। वह उससे हीन रहकर घातको भी प्राप्त होता है। इसीलिये अन्तर्मुहूर्त संयुक्त उक्त जीवके द्वारा उसके अनन्त बहुभागका घात कर चुकनेपर उनकी जघन्य अनुभाग-संक्रमहानि होती है, यह सिद्ध है। जघन्य अवस्थान जघन्य हानिमें देना चाहिये।

तीन संज्वलन कषायोंकी जघन्य हानि किसके होती है? उनकी जघन्य हानि जघन्य अनुभागबन्धका संक्रमण करते हुए उसके अन्तिम समयमें वर्तमान क्षपकके होती है। उनकी जघन्य वृद्धि और अवस्थान किसके होता है? उनकी जघन्य वृद्धि और अवस्थानका कथन सूक्ष्म एकेन्द्रियके जघन्य अनुभागसत्कर्ममें करना चाहिये। पुरुषवेदकी प्ररूपणा उपर्युक्त तीन संज्वलन कषायोंके समान है। संज्वलनलोभकी जघन्य अनुभागसंक्रमहानि किसके होती है? वह अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक होनेमें जिसके एक समय अधिक आवली मात्र काल शेष है उसके होती है। उसकी जघन्य वृद्धि और अवस्थान किसके होता है? जघन्य सत्क-र्मकी अपेक्षा प्रक्षेप अधिक बांधनेवाले सूक्ष्म एकेन्द्रियके उसकी जघन्य वृद्धि व अवस्थान होता है। आठ नोकषायोंकी जघन्य हानि किसके होती है। अन्तिम अनुभागकाण्डकके प्रथम समयमें वर्तमान जीवके उनकी जघन्य हानि होती है। उनकी जघन्य वृद्धि और अवस्थान किसके होता है? अपने जघन्य अनुभागसत्कर्मसे प्रक्षेप अधिक अनुभागको बांधनेवाले सूक्ष्म एकेन्द्रियके उनकी जघन्य वृद्धि और अवस्थान होता है।

सादि सत्त्ववाली नामप्रकृतियोंकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि किसके होती है? संयोजनके द्वितीय समयमें जो अनुभाग बांधा गया है आवली अतिक्रान्त उसका संक्रम करनेवालेके उनकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि होती है। उनकी हानि और अवस्थानकी प्ररूपणा अनन्तानु-बन्धी कषायके समान है। अनादि सत्त्ववाली नामप्रकृतियोंकी जघन्य अनुभागसंक्रमवृद्धि, हानि और अवस्थान किसके होता है? अपने जघन्य अनुभागसत्कर्मसे प्रक्षेप अधिक

कम्मादो पक्खेवुत्तरं बंधिय आवलियादिक्कंतं संकमेंतस्स जह० वड्ढी। तं पक्खेवमंतोमुहुत्तेण घादिय संकामेंतस्स जह० हाणी। एगदरत्थ अवट्ठाणं। णीचागोदस्स अणादियणामपयडीणं भंगो। उच्चागोदस्स अणंताणुबंधिभंगो। एवं सामित्तं समत्तं।

अप्पाबहुअं। तं जहा– णाणावरणस्स उक्क० हाणी थोवा। वड्ढी अवट्ठाणं च विसेसाहियं। णवदंसणावरणीय-असाद-मिच्छत्त-सोलसकसाय-णवणोकसाय-अप्पसत्थणामपयडीणं णीचागोद-पंचंतराइयाणं च णाणावरणभंगो। सादस्स उक्कस्सिया हाणी थोवा। वड्ढी अवट्ठाणं च अणंतगुणं। सव्वासिं णामपयडीणं पसत्थाणं उच्चागोदस्स च सादभंगो। आदावणामाए णाणावरणभंगो। आउआणं उक्कस्सिया हाणी थोवा। वड्ढी अवट्ठाणं च विसेसाहियं। एवमुक्कस्सप्पाबहुअं☼ समत्तं।

जहण्णपदणिक्खेवप्पाबहुअं। तं जहा– मदिआवरणस्स जह० हाणी थोवा। वड्ढी अवट्ठाणं च अणंतगुणं। चदुणाणावरण-छदंसणावरण-चदुसंजलण–णवणोकसाय-पंचंतराइयाणं मदिआवरणभंगो। थीणगिद्धितिय-सादासाद-मिच्छत्त-अट्ठकसायाणं-वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणि तिण्णि वि तुल्लाणि। अणंताणुबंधीणं वड्ढी थोवा। हाणि–अवट्ठाणाणि अणंतगुणाणि। सम्मत्तस्स हाणी थोवा। अवट्ठाणमणंतगुणं। सम्मामिच्छत्तस्स

अनुभागको बांधकर आवली अतिक्रान्त उसका संक्रम करनेवाले सूक्ष्म एकेन्द्रियके उक्त प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि होती है। उस प्रक्षेपको अन्तर्मुहूर्त घातकर संक्रम करनेवालेके उनकी जघन्य हानि होती है। दोनोंमेंसे किसी भी एकमें उनका जघन्य अवस्थान होता है। नीचगोत्रकी प्ररूपणा अनादिक नामप्रकृतियोंके समान है। उच्चगोत्रकी प्ररूपणा अनन्तानुबन्धीके समान है। इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ।

अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा की जाती है। यथा– ज्ञानावरणकी उत्कृष्ट अनुभागसंक्रमहानि स्तोक है। वृद्धि और अवस्थान विशेष अधिक है। नौ दर्शनावरणीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, अप्रशस्त नामप्रकृतियों, नीचगोत्र और अन्तरायके प्रकृत अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीयकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है। वृद्धि और अवस्थान अनन्तगुणे हैं। सब प्रशस्त नामप्रकृतियों और उच्चगोत्रकी प्ररूपणा सातावेदनीयके समान है। आतप नामकर्मकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है। आयु कर्मोंकी उत्कृष्ट हानि स्तोक है। वृद्धि व अवस्थान विशेष अधिक हैं। इस प्रकार उत्कृष्ट अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

जघन्य पदनिक्षेप विषयक अल्पबहुत्वकी प्ररूपणा करते हैं। यथा– मतिज्ञानावरणकी जघन्य हानि स्तोक है। वृद्धि और अवस्थान अनन्तगुणे हैं। चार ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, नौ नोकषाय और पांच अन्तरायकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है। स्त्यानगृद्धित्रय, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व और आठ कषायोंकी वृद्धि, हानि और अवस्थान तीनों ही तुल्य हैं। अनन्तानुबन्धी कषायोंकी वृद्धि स्तोक है। हानि व अवस्थान अनन्तगुणे हैं। सम्यक्त्व प्रकृतिकी हानि स्तोक है। अवस्थान अनन्तगुणा है। सम्यग्मिथ्यात्वकी

☼ ताप्रतौ 'एवमप्पाबहुगं' इति पाठः।

हाणि-अवट्ठाणाणि दो वि तुल्लाणि । चदुण्णमाउआणं वड्ढि-अवट्ठाणाणि दो वि तुल्लाणि थोवाणि । हाणी अणंतगुणा । सादियणामपयडीणं उच्चागोदस्स च आउ-चउक्कभंगो । अणादियणामपयडीणं णीचागोदस्स च सादभंगो । तित्थयरस्स हाणी णत्थि । वड्ढी अवट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि । एवं पदणिक्खेवो समत्तो ।

वड्ढिसंकमे सामित्तं– छव्विहाए वड्ढीए को सामी ? अण्णदरो संकामो । छव्विहाए हाणीए को सामी ? अण्णदरो घादेंतवो । आउअवज्जाणं कम्माणं ठिदि-घादेण विणा वि अणुभागा हम्मंति, चदुण्णमाउआणं पुण ठिदिघादेण विणा णत्थि अणुभागघादो✡ । एवं सामित्तं समत्तं ।

एयजीवेण कालो– सव्वकम्माणं छव्विहाए हाणीए संकमस्स जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ । णवरि जासिं कम्माणं अणुसमओवट्टणा अत्थि, तेसिमणंतगुणहाणिसंक-मस्स जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । पंचण्णं वड्ढिसंकमाणं जह० एगसमओ, उक्क० आवलि० असंखे० भागो । अणंतगुणवड्ढिसंकमस्स जह० एगसमओ, उक्क० अंतोमुहुत्तं । अवट्ठियसंकमस्स भुजगारअवट्ठियसंकमभंगो✤ । एवं वड्ढिकालो समत्तो ।

एयजीवेण अंतरं– पंचवड्ढि-पंचहाणीणमंतरं केवचिरं० ? जह० एगसमओ

हानि और अवस्थान दोनों ही तुल्य हैं । चार आयु कर्मोंकी वृद्धि और अवस्थान दोनों ही तुल्य व स्तोक हैं । हानि अनन्तगुणी है । सादिक नामप्रकृतियों और उच्चगोत्रकी प्ररूपणा आयु-चतुष्कके समान है । अनादिक नामप्रकृतियों और नीचगोत्रकी प्ररूपणा सातावेदनीयके समान है । तीर्थंकर प्रकृतिकी हानि नहीं है । वृद्धि और अवस्थान दोनों ही तुल्य हैं । इस प्रकार पदनिक्षेप समाप्त हुआ ।

वृद्धिसंक्रममें स्वामित्वकी प्ररूपणा की जाती है– छह प्रकारकी वृद्धिका स्वामी कौन है ? उसका स्वामी अन्यतर संक्रामक है । छह प्रकारकी हानिका स्वामी कौन है ? घात करनेवालोंमें अन्यतर जीव उसका स्वामी है । आयुको छोड़कर शेष कर्मोंके अनुभाग स्थिति-घातके बिना भी घाते जाते हैं । परन्तु चार आयु कर्मोंके अनुभागोंका घात स्थितिघातके बिना नहीं होता । इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ ।

एक जीवकी अपेक्षा कालकी प्ररूपणा की जाती है– सब कर्मोंकी छह प्रकारकी हानिके संक्रमका काल जघन्य व उत्कर्षसे एक समय मात्र है । विशेष इतना है कि जिन कर्मोंकी प्रतिसमय अपवर्तना होती है उनकी अनन्तगुणहानिकासंक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । उनके पांच वृद्धिसंक्रमोंका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे आवलीके असंख्यातवें भाग मात्र है । अनन्तगुणवृद्धिसंक्रमका काल जघन्यसे एक समय और उत्कर्षसे अन्तर्मुहूर्त मात्र है । अवस्थितसंक्रमका काल भुजाकार अवस्थित संक्रमके समान है । इस प्रकार वृद्धि काल समाप्त हुआ ।

एक जीवकी अपेक्षा अन्तर– पांच वृद्धियों और पांच हानियोंका अन्तरकाल कितना

✡ ताप्रतौ ' अणुभागादो ' इति पाठः । ✤ प्रतिषु ' संकमभागो ' इति पाठः ।

अंतोमुहुत्तं✪, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अणंतगुणवड्ढि-हाणि-अवट्ठाणाणं✱ भुजगारसंकमभंगो। एवं वड्ढिअंतरं समत्तं।

णाणाजीवेहि भंगविचओ कालो अंतरं च भाणिदव्वाणि।

एत्थ अप्पाबहुअं। एदस्स साहणट्ठं इमा परूवणा। तं जहा- एयम्मि बंधट्ठाणे असंखेज्जा लोगा घादट्ठाणाणि। एत्तो पंचविहहाणीयो साहेयूण समाणिय अणंतभागवड्ढिसंकामयाणं गुणगारो असंखेज्जा लोगा त्ति वत्तव्वो। मदिआवरणस्स अणंतभागहाणिसंकामया थोवा। असंखेज्जभागहाणिसंकामया असंखे० गुणा। संखे० भागहाणि० संखे० गुणा। संखे० गुणहाणि० संखे गुणा०। असंखे० गुणहाणि० असंखे० गुणा०। अणंतभागवड्ढि० असंखे० गुणा। असंखे० भागवड्ढि० असंखे० गुणा। संखेज्जभागवड्ढिसंकामया संखेज्जगुणा। संखे० गुणवड्ढि० संखे० गुणा। असंखे० गुणवड्ढि० असंखे० गुणा। अणंतगुणहाणि० असंखे० गुणा। अणंतगुणवड्ढि असंखे० गुणा। अवट्ठिद० संखे० गुणा। एवं चदुणाणावरण-णवदंसणावरण-सादासाद अणादिय-णामकम्माणं णीचागोद-पंचंतराइय-मिच्छत्ताणं च।

सोलसकसाय-णवणोकसायाणं अवत्तव्वसंकामया थोवा। अणंतभागहाणिसं० अणंत-

---

है? जघन्यसे वह एक समय और अन्तर्मुहूर्त तथा उत्कर्षसे असंख्यात लोक मात्र है। अनन्तगुणवृद्धि, हानि और अवस्थानकी प्ररूपणा भुजाकार संक्रमके समान है। इस प्रकार वृद्धिअन्तर समाप्त हुआ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, काल और अन्तरका भी यहां कथन करना चाहिये।

यहां अल्पबहुत्वका प्रकरण है। इसकी सिद्धिके लिए यह प्ररूपणा है। यथा- एक बंधस्थानमें असंख्यात लोक प्रमाण घातस्थान होते हैं। यहां पांच प्रकारकी हानियोंको सिद्धकरके समाप्त कर अनन्तभागवृद्धि संक्रामकोंका गुणकार असंख्यात लोक मात्र है ऐसा कहना चाहिए। मतिज्ञानावरणके अनन्तभागहानिसंक्रामक स्तोक हैं। असंख्यातभागहानिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। संख्यातभागहानिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं। संख्यातगुणहानिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं। असंख्यातगुणहानिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अनन्तभागवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। असंख्यातभागवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। संख्यातभागवृद्धिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं। संख्यातगुणवृद्धि संक्रामक संख्यातगुणे हैं। असंख्यातगुणवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अनन्तगुणहानिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अनन्तगुणवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं। अवस्थितसंक्रामक संख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार शेष चार ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, अनादिक नामकर्मों, नीचगोत्र, पांच अन्तराय और मिथ्यात्वके भी विषयमें प्रकृत अल्पबहुत्वका कथन करना चाहिये।

सोलह कषाय और नौ कषायोंके अवक्तव्यसंक्रामक स्तोक हैं। अनन्तभागहानिसंक्रामक

✱ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-का-ताप्रतिषु 'जह० अंतोमुहुत्तं' इति पाठः।

✪ ताप्रतौ 'अवट्ठाणाणि' इति पाठः।

गुणा । सेसाणं णाणावरणभंगो ।

मणुसगइ-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वी-उच्चागोदाणं णोकसायभंगो । देवगइ-देवगइपाओग्गाणुपुव्वी-णिरयगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वी-वेउव्वियसरीर-वेउव्वियसरीरअंगोवंग□-बंधण-संघादाणं असंखे० भागहाणिसंकामया थोवा । संखे० भागहाणि० संखे० गुणा । संखे० गुणहाणि० संखे० गुणा । असंखे० गुणहाणि० असंखे० गुणा । अणंतभागवड्ढि० असंखे० गुणा । असंखे० भागवड्ढि० असंखे० गुणा । संखेज्जभागवड्ढि० संखे० गुणा । संखे० गुणवड्ढिसं० संखे० गुणा । असंखे० गुणवड्ढि० असंखे० गुणा । अवत्तव्व० असंखे० गुणा । अणंतगुणहाणि० असंखे० गुणा । अणंतगुणवड्ढि० असंखे० गुणा । अणंतभागहाणि० असंखे० गुणा । अवट्ठिय० असंखे० गुणा । एवं वड्ढिसंकमो समत्तो ।

जहा संतकम्मट्ठाणाणि तहा संकमट्ठाणाणि । पदेससंकमे अट्ठपदं– जं पदेसग्गं अण्णपयडिं संकामिज्जदि एसो पदेससंकमो । एदेण अट्ठपदेण मूलपयडिसंकमो णत्थि✽। उत्तरपयडिसंकमे पयदं । उत्तरपयडिसंकमो पंचविहो– उव्वेल्लणसंकमो विज्झादसंकमो अधापमत्तसंकमो गुणसंकमो सव्वसंकमो चेदि✿ । वुत्तं च––

उव्वेल्लण विज्झादो अधापमत्तो गुणो✿ य सव्वो य ।

अनन्तगुणे हैं । शेष पदोंकी प्ररूपणा ज्ञानावरणके समान है ।

मनुष्यगति, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रकी प्ररूपणा नोकषायोंके समान है । देवगति, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, नरकगति, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकशरीरांगोपांग, वैक्रियिकबन्धन और वैक्रियिकसंघातके असंख्यातभागहानिसंक्रामक स्तोक हैं । संख्यातभागहानिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं । संख्यातगुणहानिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं । असंख्यातगुणहानिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अनन्तभागवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । असंख्यातभागवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । संख्यातभागवृद्धिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं । संख्यातगुणवृद्धिसंक्रामक संख्यातगुणे हैं । असंख्यातगुणवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अवक्तव्यसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अनन्तगुणहानिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अनन्तगुणवृद्धिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अनन्तभागहानिसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । अवस्थितसंक्रामक असंख्यातगुणे हैं । इस प्रकार वृद्धिसंक्रम समाप्त हुआ ।

संक्रमस्थानोंकी प्ररूपणा सत्कर्मस्थानोंके समान है । प्रदेशसंक्रममें अर्थपद– जो प्रदेशाग्र अन्य प्रकृतिमें संक्रांत किया जाता है इसका नाम प्रदेशसंक्रम है । इस अर्थपदके अनुसार मूलप्रकृतिसंक्रम नहीं है । उत्तरप्रकृतिसंक्रम प्रकरणप्राप्त है । उत्तरप्रकृतिसंक्रम पांच प्रकारका है– उद्वेलनसंक्रम, विध्यातसंक्रम, अधःप्रवृत्तसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम । कहा भी है––

परिणाम वश जिनके द्वारा जीवोंका कर्म संक्रमणको प्राप्त होता है वे संक्रम पांच हैं––

□ ताप्रतौ 'पाओग्गाणुपुव्वि-वेउव्वियसरीरंगोवंग-' इति पाठः । ✿ अ-काप्रत्योः 'अत्थि', ताप्रतौ 'अ (ण) त्थि' इति पाठः । बंधे संकामिज्जदि णोबंधे णत्थि मूलपयडीणं ॥ गो. क. ४१०.

✽ जं दलियमण्णपगइं णिज्जइ सो संकमो पएसस्स । उव्वलणो विज्झाओ अहापवत्तो गुणो सव्वो ॥ क. प्र. २–६०. ✿ प्रतिषु 'गुणे' इति पाठः ।

संकमइ▣ जेहि कम्मं परिणामवसेण जीवाणं※ ॥ २ ॥

काओ पयडीओ केत्तिएहि संकमेहि संकमंति त्ति जाणावणट्ठं परूवणाए कीरमाणाए✤ एसा गाहा होदि–

बंधे अधापमत्तो विज्झाद अबंध अप्पमत्तंतो ।
गुणसंकमो दु एत्तो पयडीणं अप्पसत्थाणं✿ ॥ ४ ॥

' बंधे अधापवत्तो ' जत्थ जासिं पयडीणं बंधो संभवदि तत्थ तासिं पयडीणं बंधे संते असंते वि अधापमत्तसंकमो होदि । एसो णियमो बंधपयडीणं अबंधपयडीणं णत्थि । कुदो ? सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तेसु वि अधापमत्तसंकमुवलंभादो ⓒ । 'विज्झाद अबंधे' जासिं पयडीणं जत्थ बंधसंभवो णियमेण णत्थि तत्थ तासिं विज्झादसंकमो♠। एसो वि णियमो मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति तावदेव धुव चेव✿ होदि । ' गुणसंकमो दु एत्तो ' अप्पमत्तादो उवरिमगुणट्ठाणेसु बंधविरहिदपयडीणं गुणसंकमो सव्वसंकमो च होदि । सव्वसंकमो होदि त्ति कधं णव्वदे? तु-सद्दादो ।

उद्वेलनसंक्रम, विध्यातसंक्रम, अधःप्रवृत्तसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम ॥ १ ॥

कौन प्रकृतियां कितने संक्रमणोंके द्वारा संक्रमणको प्राप्त होती हैं यह जतलानेके लिये की जानेवाली प्ररूपणामें यह गाथा है–

बन्धके होनेपर अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है । विध्यातसंक्रम अबन्ध अवस्थामें अप्रमत्त गुणस्थान पर्यन्त होता है । यहांसे अर्थात् अप्रमत्त गुणस्थानसे आगेके गुणस्थानोंमें बन्धरहित अप्रशस्त प्रकृतियोंका गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम भी होता है ॥ २ ॥

' बंधे अधापवत्तो ' का स्पष्टीकरण करते हुए बतलाते हैं कि जिन प्रकृतियोंका बन्ध संभव है वहां उन प्रकृतियोंके बन्धके होनेपर और उसके न होनेपर भी अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है । यह नियम बन्धप्रकृतियोंके लिये है, अबन्धप्रकृतियोंके लिये नहीं है; क्योंकि, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व इन दो अबन्धप्रकृतियोंमें भी अधःप्रवृत्तसंक्रम पाया जाता है । ' विज्झाद अबंधे ' का अर्थ करते हुए कहते हैं कि जिन प्रकृतियोंका जहां नियमसे बन्ध संभव नहीं है वहां उन प्रकृतियोंका विध्यातसंक्रम होता है । यह भी नियम मिथ्यादृष्टिसे लेकर अप्रमत्त गुणस्थान तक ही ध्रुव स्वरूपसे है । ' गुणसंकमो दु एत्तो ' अर्थात् अप्रमत्त गुणस्थानसे आगेके गुणस्थानोंमें बन्धरहित प्रकृतियोंका गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम भी होता है ।

शंका- सर्वसंक्रम भी होता है, यह कहांसे जाना जाता है ?

समाधान– यह उपर्युक्त गाथामें प्रयुक्त ' तु ' शब्दसे जाना जाता है ।

▣ अप्रतौ ' संकमिय ', काप्रतौ ' संकमय ' इति पाठः । ※ गो. क. ४०९. ✤ अ-काप्रत्योः परूवणा कीरमाणा ', ताप्रतौ ' परूवणाए कीरमाणा ' इति पाठः । ✿ बंधे अधापवत्तो विज्झादं सत्तमो त्ति दु अबंधे । एत्तो गुणा अबंधे पयडीणं अप्पसत्थाणं ॥ गो. क. ४१६. ⓒ मिच्छे सम्मिस्साणं अधापवत्तो मुहुत्तअंतो त्ति ॥ गो. क. ४१२. ♠ जासि न बंधो गुण-भवपच्चयओ तासि होइ विज्झाओ । क. प्र. २, ६८. ✿ ताप्रतौ ' ताव देवधुव चेव ' इति पाठः ।

'अप्पसत्थाणं' एसा परूवणा अप्पसत्थपयडीणं कदा, ण पसत्थाणं; उवसम-खवग-सेडीसु वि बंधविरहियपसत्थपयडीणमधापवत्तसंकमदंसणादो। एदाओ पयडीओ एत्तिएहि भागहारेहि संकमंति त्ति जाणावणट्ठं एसा गाहा–

उगुदाल तीस सत्त य बीसं एगेग बार तियचउक्कं ।
एवं चदु दुग तिय तिय चदु पण दुग तिग दुगं च बोद्धव्वं ✿ ॥ ३ ॥

एदीए गाहाए वुत्तपयडीणं भागहाराणं च एसा संदिट्ठी– $\left|\begin{matrix}३१ & ३० \\ १ & ४\end{matrix}\right|\left|\begin{matrix}७ \\ २\end{matrix}\right|\left|\begin{matrix}२० \\ ३\end{matrix}\right|\left|\begin{matrix}१ \\ ४\end{matrix}\right|\left|\begin{matrix}१ \\ ४\end{matrix}\right|$

$\left|\begin{matrix}१२ \\ ५\end{matrix}\right|\left|\begin{matrix}१ \\ २\end{matrix}\right|\left|\begin{matrix}४ \\ ३\end{matrix}\right|\left|\begin{matrix}४ \\ २\end{matrix}\right|$। **एवं ठविय एदिस्से गाहाए अत्थो वुच्चदे। तं जहा– पंचणाणावरण-चत्तारिदंसणावरण-सादावेयणीय-लोहसंजलण-पंचिंदियजादि-तेजा-कम्मइयसरीर-समचउरससंठाण-पसत्थवण्ण-रस-गंध-फास-अगुरुअलहुअ-परघाद-उस्सास-पसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-थिर-सुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-जसकित्ति-णिमिण-पंचंतराइयाणं अधापवत्तसंकमो एक्को चेव** ◘ । **कुदो ? पंचणाणावरण-चउदंसणावरण-पंचंतराइयाणं** ✿ **मिच्छाइट्ठि** ✤ **प्पहुडि जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमयो त्ति बंधो चेव।**

यह प्ररूपणा 'अप्पसत्थाणं' अर्थात् अप्रशस्त प्रकृतियोंकी गयी है, न कि प्रशस्त प्रकृतियोंकी; क्योंकि, उपशम श्रेणि और क्षपक श्रेणिमें भी बन्ध रहित प्रशस्त प्रकृतियोंका अधःप्रवृत्तसंक्रम देखा जाता है। ये प्रकृतियां इतने भागहारोंसे संक्रमणको प्राप्त होती हैं, यह बतलानेके लिये यह गाथा है––

उनतालीस, तीस, सात, बीस, एक, एक बारह और तीन चतुष्क (४, ४, ४ ; इन प्रकृतियोंके क्रमसे एक, चार, दो, तीन, तीन, चार, पांच, दो, तीन और दो; ये भागहार जानने चाहियें ॥ ३ ॥

इस गाथामें कही गयी प्रकृतियों और भागहारोंकी यह संदृष्टि है––

प्रकृति	३९	३०	७	२०	१	१	१२	५	४	४
भागहार	१	४	२	३	३	४	५	२	३	२

। इसे इस प्रकारसे स्थापित करके इस गाथाका अर्थ कहते हैं। यथा– पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, संज्वलन लोभ, पंचेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्ण रस गन्ध व स्पर्श, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशकीर्ति, निर्माण और पांच अन्तराय; इन उनतालीस प्रकृतियोंका एक अधःप्रवृत्तसंक्रम ही होता है, क्योंकि, पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तरायका मिथ्यादृष्टिसे लेकर सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानके अन्तिम समय तक

✿ उगुदाल-तीस-सत्तय-वीसे एक्केक्क-बार तिचउक्के । इगि-चदु दुग-तिग-तिग-चदु-पण-दुग-दुग-तिण्णि–संकमणा । गो. क ४१८. ◘ सुहुमस्स बंधवादी सादं संजलणलोह-पंचिंदि । तेजदु-सम-वण्णचऊ-अगुरुग–परघाद-उस्सासं ॥ सत्थगदी तसदसयं णिमिणुगदाले अधापवत्तो दु । गो. क ४१९–२०.

✿ ताप्रतौ 'णाणावरण-पंचंतराइयाणं' इति पाठः। ✤ अप्रतौ '–इत्थि' इति पाठः।

तेणेव एदासिमधापवत्तसंकमं मोत्तूण णत्थि अण्णसंकमो। बंधवोच्छेदे जादे वि संकमो णत्थि, पडिग्गहाभावादो । पंचिंदियजादि-तेजा-कम्मइयसरीर-समचउरससंठाण-पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुअ--परघादुस्सास--पसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीर-थिरादिछक्क[ग]-णिमिणाणं बंधवोच्छेदे संते विज्झादो गुणसंकमो वा किण्ण जायदे? ण एस दोसो, पसत्थत्तादो। लोहसंजलणस्स अधापवत्तसंकमो चेव, बंधे संते चेव आणुपुव्विसंकमेण ओसारिदसंकमत्तादो[ब] । एदासिं पयडीणं सव्वसंकमो किण्ण होदि ? ण, परपयडिसंछोहणेण विणासाभावादो।

थीणगिद्धितिय-बारसकसाय-इत्थि-णवुंसयवेद-अरदि-सोग-तिरिक्खगदि-एइंदिय-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदियजादि-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वी-आदावुज्जोव-थावर-सुहुम-साहारणाणं तीसण्णं पयडीणं उव्वेल्लणेण विणा चत्तारि संकमा होंति[卐] तं जहा--

---

बन्ध ही है। इसीलिये इन प्रकृतियोंके अधःप्रवृत्तसंक्रमको छोड़कर अन्य संक्रम नहीं होते। बन्धव्युच्छित्तिके हो जानेपर उनका संक्रम नहीं होता, क्योंकि, प्रतिग्रह (जिनमें विवक्षित प्रकृतियां संक्रान्त होती हैं) प्रकृतियोंका यहां अभाव है।

शंका–पंचेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्त वर्ण गन्ध रस व स्पर्श, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर आदि छह और निर्माण; इनकी बन्धव्युच्छित्ति हो जानेपर विध्यात अथवा गुणसंक्रम क्यों नहीं होता ?

समाधान– यह कोई दोष नहीं है, क्योंकि, वे प्रशस्त प्रकृतियां हैं।

संज्वलन लोभका एक अधःप्रवृत्तसंक्रम ही होता है, क्योंकि, बन्धके होनेकी अवस्थामें ही आनुपूर्वीसंक्रम (संज्वलन क्रोधका संज्वलन मान आदिमें, संज्वलन मानका संज्वलन माया आदिमें, इत्यादि) वश उनका संक्रम नष्ट हो जाता है।

शंका– इन प्रकृतियोंका सर्वसंक्रम क्यों नहीं होता ?

समाधान– नहीं, क्योंकि अन्य प्रकृतियोंमें क्षेपण करके इनका विनाश नहीं होता।

स्त्यानगृद्धि आदि तीन, बारह कषाय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, अरति, शोक, तिर्यग्गति, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जाति, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म और साधारणशरीर; इन तीस प्रकृतियोंके उद्वेलनके विना चार संक्रम होते हैं।

[ग] प्रतिषु ' थिरादिओजोछक्क ' इति पाठः। [ब] अंतरकरणम्मि कए चरित्तमोहे णुपुव्विसंकमणं। अन्नत्थ सेसिगाणं च सव्वहिं सव्वहा बंधे। क प्र. २, ४. × × × चरित्रमोहे पुरुषवेद-संज्वलनचतुष्टय-लक्षणे। अत्र हि चरित्रमोहनीयग्रहणेनैता एव पंच प्रकृतयो गृह्यन्ते, न शेषाः; बन्धाभावात्। तत्रानुपूर्वी (ण्यां) परिपाट्या संक्रमणं भवति, न त्वनानुपूर्व्या। तथा हि– पुरुषवेदं संज्वलनक्रोधादावेव संक्रमयति, नान्यत्र। संज्वलनक्रोधमपि संज्वलनमानादावेव, न तु पुरुषवेदे। संज्वलनमानमपि संज्वलनमायादावेव, न तु संज्वलनक्रोधादौ। संज्वलनमायामपि संज्वलनलोभ एव, न तु संज्वलनमानादाविति। मलय. [卐] थीणतिबारकसाया सठित्थी अरइ सोगो य॥ तिरियेयारं तीसे उव्वेल्लणहीणचत्तारिसंकमणा। गो. क. ४२०–२१.

थीणगिद्धितिय-इत्थिवेद-तिरिक्खगइ-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वी-उज्जोव-अणंताणुबंधिचउक्क मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सासणसम्माइट्ठि त्ति अधापवत्तसंकमो, तत्थ बंधुवलंभादो। सुहुम मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति ताव विज्झादसंकमो, तत्थ बंधाभावादो। सग-सगअपुव्वखवगपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिफालि त्ति ताव गुणसंकमो। चरिमफालीए सव्वसंकमो।

णउंसयवेद-एइंदिय-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदियजादि-आदाव-थावर-सुहुम-साहारणाणं मिच्छाइट्ठिम्हि अधापवत्तसंकमो, तत्थ एदासिं बंधुवलंभादो। सासणसम्माइट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति ताव विज्झादसंकमो, अप्पसत्थत्ते संते बंधाभावादो। एइंदिय-बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिय-आदाव-थावर-सुहुम-साहारणाणं देव-णेरइयमिच्छाइट्ठीसु विज्झादसंकमो, तत्थ एदासिं बंधाभावादो। णवरि एइंदिय-आदाव-थावराणं ईसाणंता देवा अधापवत्तेण संकामया, तत्थ एदासिं बंधदंसणादो। अपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमफालि त्ति ताव एदासिं पयडीणं गुणसंकमो, अप्पसत्थत्ते तेसिं* बंधाभावादो। चरिमफालीए सव्वसंकमो, संछोहणेण णट्ठत्तादो।

अपच्चक्खाणचउक्कस्स मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव असंजदसम्माइट्ठि त्ति ताव अधा-

---

यथा– स्त्यानगृद्धित्रय, स्त्रीवेद, तिर्यग्गति, तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वी, उद्योत और अनन्तानुबन्धिचतुष्कका मिथ्यादृष्टिसे लेकर सासादनसम्यग्दृष्टि तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध पाया जाता है। सम्यग्मिथ्यादृष्टिसे लेकर अप्रमत्तसंयत तक उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां उनके बन्धका अभाव है। अपूर्वकरण क्षपकके प्रथम समयसे लेकर अपने अपने अन्तिम स्थितिकाण्डककी द्विचरम फालि तक उनका गुणसंक्रम होता है। अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

नपुंसकवेद, एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जाति, आतप, स्थावर सूक्ष्म और साधारणशरीरका मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहांपर इनका बन्ध पाया जाता है। सासादनसम्यग्दृष्टिसे लेकर अप्रमत्तसंयत तक उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, अप्रशस्तताके होनेपर वहां बन्धका अभाव है। एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण; इनका देव व नारक मिथ्यादृष्टियोंमें विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, उनके इनका बन्ध नहीं होता। विशेष इतना है कि एकेन्द्रिय, आतप और स्थावर इनके ईशान कल्प तकके देव अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा संक्रामक हैं; क्योंकि, उनमें इनका बन्ध देखा जाता है। अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम स्थितिकाण्डककी द्विचरम फालि तक इन प्रकृतियोंका गुणसंक्रम होता है, क्योंकि, अप्रशस्तताके होनेपर उनके बन्धका अभाव है, इनकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है, क्योंकि उसका विनाश निक्षेपपूर्वक होता है।

अप्रत्याख्यानावरणचतुष्कका मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयतसम्यग्दृष्टि तक अधःप्रवृत्तसंक्रम

---

* अ-काप्रत्योः ' अप्पसत्थत्ते सिते ' इति पाठः।

पवत्तसंकमो, तत्थ बंधदंसणादो। उवरि जाव अप्पमत्तसंजदचरिमसमओ ताव विज्झादसंकमो। उवरिमपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिम-फालि त्ति ताव गुणसंकमो। कारणं सुगमं। चरिमफालीए सव्वसंकमो, परपयडि-संछोहणेण विणट्ठत्तादो।

पच्चक्खाणचदुक्कस्स अपच्चक्खाणचदुक्कभंगो। णवरि संजदासंजदो त्ति एदेसिमधापवत्तसंकमो।

अरदि-सोगाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव पमत्तसंजदो त्ति ताव अधापमत्तसंकमो, तत्थ एदासिं बंधुवलंभादो। अप्पमत्तसंजदम्हि* विज्झादसंकमो, तत्थ बंधाभावादो। अपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव अप्पणो चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमफालि त्ति ताव गुणसंकमो, अप्पसत्था त्ति बंधाभावादो। चरिमफालीए सव्वसंकमो। कारणं सुगमं।

णिद्दा-पयला-अप्पसत्थ▣वण्ण-गंध-रस-फास-उवघादाणं अधापवत्तसंकमो गुणसंकमो चेदि दो चेव संकमा✿। तं जहा– णिद्दा-पयलाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अपुव्वकर-णस्स पढम-सत्तमभागो त्ति जाव अधापवत्तसंकमो, एत्थ एदासिं बंधुवलंभादो। उवरि जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमओ त्ति ताव गुणसंकमो, बंधाभावादो। अप्पसत्थवण्ण-चदुक्कस्स मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अपुव्वकरणस्स छ-सत्तमभागा त्ति अधापवत्तसंकमो।

होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध देखा जाता है। आगे अप्रमत्तसंयतके अन्तिम समय तक उनका विध्यातसंक्रम होता है। ऊपर अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम स्थितिकाण्डककी द्विचरम फालि तक उनका गुणसंक्रम होता है। इसका कारण सुगम है। अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है, क्योंकि, वह अन्य प्रकृतिमें प्रक्षिप्त होकर नष्ट होती है।

प्रत्याख्यानावरणचतुष्ककी प्ररूपणा अप्रत्याख्यानावरणचतुष्ककके समान है। विशेष इतना है कि संयतासंयत गुणस्थान तक इनका अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है।

अरति और शोकका मिथ्यादृष्टिसे लेकर प्रमत्तसंयत तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, उनमें इनका बन्ध पाया जाता है। अप्रमत्तसंयतमें इनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध नहीं है। अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर अपने अन्तिम स्थितिकाण्डककी द्विचरम फालि तक उसका गुणसंक्रम होता है क्योंकि, वहां अप्रशस्तता होनेपर उनका बन्ध नहीं है। उनकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है। इसका कारण सुगम है

निद्रा, प्रचला तथा अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस व स्पर्श और उपघातके अधःप्रवृत्तसंक्रम और गुणसंक्रम ये दो ही संक्रम होते हैं। यथा– निद्रा और प्रचलाका मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरणके प्रथम सप्तम भाग तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, यहां इनका बन्ध पाया जाता है। आगे सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समय तक उनका गुणसंक्रम होता है, क्योंकि, यहां उनका बन्ध नहीं है।

अप्रशस्त वर्णादि चारका मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरणके सात भागोंमेंसे छठे भाग

---

* अ-काप्रत्योः 'अप्पमत्तसंजदेदि' इति पाठः। ▣ अ-काप्रत्योः 'पयलाअप्पसत्थ' इति पाठः।
✿ अ-काप्रत्योः 'संकमो' इति पाठः। णिद्दा पलया असुहं वण्णचउक्कं च उवघादे॥ सत्तण्हं गुणसंकममधापवत्तो य × × ×। गो. क. ४२१–२२.

उवरि जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमओ त्ति ताव गुणसंकमो। तत्तो[1] उवरि संकमो णत्थि, बंधाभावेण पडिग्गहाभावादो।

उवघादस्स वण्णचदुक्कभंगो। एदासिं सत्तण्णं पयडीणं विज्झादसंकमो णत्थि' खवग-उवसामियसेडीसु वोच्छिण्णबंधत्तादो। उव्वेल्लणसंकमो णत्थि, अणुव्वेल्लण-पयडित्तादो। सव्वसंकमो णत्थि, परपयडिसंछोहणेण अविणट्ठत्तादो।

असादावेदणीय-पंचसंठाण-पंचसंघडण-अप्पसत्थविहायगइ-अपज्जत्त-अथिर-असुह-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-अजसगित्ति-णीचागोदाणं वीसण्णं पयडीणं अधापवत्तसंकमो, विज्झादसंकमो गुणसंकमो चेदि तिण्णिसंकमो[2]। तं जहा- असादावेदणीय-अथिर-असुहाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव पमत्तसंजदो त्ति ताव अधापमत्तसंकमो, एत्थ एदासिं बंधुवलंभादो। अप्पमत्तसंजदम्मि विज्झादसंकमो, बंधाभावादो। उवरि गुणसंकमो जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमयो त्ति, अप्पसत्थत्तादो। उवरि संकमो णत्थि, पडिग्गहाभावादो। हुंडसंठाण-असंपत्तसेवट्टसंघडणाणं मिच्छाइट्ठिम्हि अधापवत्तसंकमो, तत्थ एदासिं बंधुवलंभादो। उवरि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति विज्झादसंकमो, बंधाभावादो।

तक इनका अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। आगे सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समय तक उनका गुणसंक्रम होता है। इसके आगे उनका संक्रम नहीं है, क्योंकि, बन्धके न होनेसे उनकी प्रतिग्रह प्रकृतियोंका वहां अभाव है।

उपघातकी प्ररूपणा वर्णचतुष्कके समान है। इन निद्रा आदि सात प्रकृतियोंका विध्यात संक्रम नहीं होता, क्योंकि, क्षपक और उपशामक श्रेणियोंमें इनकी बन्धव्युच्छित्ति होती है। इनका उद्वेलनसंक्रम भी नहीं होता, क्योंकि, वे उद्वेलन प्रकृतियोंसे भिन्न हैं। सर्वसंक्रम भी उनका सम्भव नहीं है, क्योंकि, अन्य प्रकृतियोंमें प्रक्षिप्त होकर उनका विनाश नहीं होता।

असातावेदनीय, पांच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, अपर्याप्त, अस्थिर अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, अयशकीर्ति और नीचगोत्र; इन बीस प्रकृतियोंके अधःप्रवृत्त-संक्रम, विध्यातसंक्रम और गुणसंक्रम ये तीन संक्रम होते हैं। यथा- असातावेदनीय अस्थिर और अशुभ इनका मिथ्यादृष्टिसे लेकर प्रमत्तसंयत तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है; क्योंकि, यहां इनका बन्ध पाया जाता है। अप्रमत्तसंयतमें उनका विध्यातसंक्रम होता है क्योंकि, वहां इनका बन्ध नहीं होता। आगे सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समय तक उनका गुणसंक्रम होता है, क्योंकि, वे अप्रशस्त प्रकृतियां हैं। इससे आगे उनका संक्रम नहीं होता, क्योंकि, प्रतिग्रह प्रकृतियोंका अभाव है।

हुण्डकसंस्थान और असंप्राप्तासृपाटिकासंहननका मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें अधःप्रवृत्त-संक्रम होता है, क्योंकि, वहांपर इनका बन्ध पाया जाता है। आगे अप्रमत्तसंयत तक इनका विध्यात-

---

[1] अ-काप्रत्योरेतस्य स्थाने 'तत्थ' इति पाठः। [2] अ-काप्रत्योः 'तिण्णिसंकमो' इति पाठः। दुक्ख-मसुहुणदी। संहदि-संठाणदसं णीचापुण्णथिरछक्कं च॥ वीसण्हं विज्झादं अधापवत्तो गुणो य ×××। गो. क. ४२२-२३.

असंखेज्जवासाउअतिरिक्ख-मणुसमिच्छाइट्ठीसु वि विज्झादसंकमो चेव बंधाभावादो। अपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमयो त्ति ताव गुणसंकमो बंधाभावादो। उवरि असंकमो, पडिग्गहाभावादो।

चदुसंठाण-चदुसंघडण-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-णीचागोद-अप्पसत्थविहायगदीणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सासणसम्माइट्ठि त्ति ताव अधापवत्तसंकमो। उवरिं जाव अप्पमत्तसंजदचरिमसमयो त्ति ताव विज्झादसंकमो, बंधाभावादो। अपुव्वकरण-पढमसमयप्पहुडि जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमयो त्ति ताव गुणसंकमो, अप्पसत्थ-त्तादो। उवरि असंकमो, पडिग्गहाभावादो। एवमपज्जत्तस्स वि। णवरि मिच्छा-इट्ठिम्हि चेव एदस्स अधापवत्तसंकमो। अजसकित्तीए अपज्जत्तभंगो। णवरि मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव पमत्तसंजदो त्ति एदिस्से अधापवत्तसंकमो, एदेसु गुण-ट्ठाणेसु बंधुवलंभादो।

मिच्छत्तस्स विज्झादसंकमो गुणसंकमो सव्वसंकमो चेदि तिण्णि संकमा ✡। तं जहा-पढमसमयप्पहुडि जाव अंतोमुहुत्तकालं उवसमसम्माइट्ठिम्हि मिच्छत्तस्स गुणसंकमो। खवणाए वि अपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि जाव चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमफालि त्ति गुण-

---

संक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध नहीं होता। असंख्यातवर्षायुष्क तिर्यंच व मनुष्य मिथ्यादृष्टियोंमें भी उनका विध्यातसंक्रम ही होता है, क्योंकि, उनके इनका बन्ध नहीं होता। अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समय तक उनका गुणसंक्रम होता है, क्योंकि, वहांपर इनके बन्धका अभाव है। आगे उनका संक्रम नहीं होता, क्योंकि, प्रतिग्रह प्रकृतियोंका अभाव है।

चार संस्थान, चार संहनन, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, नीचगोत्र और अप्रशस्त विहायोगति; इनका मिथ्यादृष्टिसे लेकर सासादनसम्यग्दृष्टि तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। आगे अप्रमत्तसंयतके अन्तिम समय तक उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, आगे उनका बन्ध नहीं होता। अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समय तक उनका गुण-होता है, क्योंकि, वे अप्रशस्त प्रकृतियां हैं। आगे उनका संक्रम नहीं है, क्योंकि, प्रतिग्रह प्रकृतियोंका अभाव है। इसी प्रकार अपर्याप्त नामकर्मके भी विषयमें कहना चाहिये। विशेष इतना है कि इसका अधःप्रवृत्तसंक्रम केवल मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें ही होता है।

अयशकीर्तिकी प्ररूपणा अपर्याप्तके समान है। विशेष इतना है कि मिथ्यादृष्टिसे लेकर प्रमत्तसंयत तक इसका अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, इन गुणस्थानोंमें उसका बन्ध पाया जाता है।

मिथ्यात्व प्रकृतिके विध्यातसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम ये तीन संक्रम होते हैं। यथा- प्रथम समयसे लेकर अन्तर्मुहूर्त काल तक उपशमसम्यग्दृष्टि जीवके मिथ्यात्वका गुण-संक्रम होता है। क्षपणामें भी अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम स्थितिकाण्डककी

✡ अ-काप्रत्योः 'तिण्णिसंकमो' इति पाठः। मिच्छत्ते। विज्झाद-गुणे सव्वं ×××॥ गो. क. ४२३.

संकमो । चरिमफालीए सव्वसंकमो । उवसमसम्माइट्ठिम्हि य मिच्छत्तस्स विज्झाद-संकमो ।

वेदगसम्मत्तस्स चत्तारि संकमा ✽ अधापवत्तसंकमो उव्वेल्लणसंकमो गुणसंकमो सव्वसंकमो चेदि । तं जहा– मिच्छत्तं गदसम्माइट्ठिम्हि जाव अंतोमुहुत्तकालं ताव अधापवत्तसंकमो । तदो पहुडि जाव पलिदो० असंखे० भागमेत्तकालं ताव उव्वेल्लणसंकमो अंगुलस्स असंखे० भागपडिभागिगो । उव्वेलण✪चरिमखंडयपढमसमयप्पहुडि ताव गुणसंकमो जाव तस्सेव दुचरिमफालि त्ति । चरिमफालीए सव्वसंकमो ।

सम्मामिच्छत्त✪-देवगइ-देवगइपाओग्गाणुपुव्वी-णिरयगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वी-वेउव्वियसरीर--वेउव्वियसरीरंगोवंग---मणुसगइ–मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वी–आहारसरीर-आहारसरीरंगोवंग-उच्चागोदाणं बारसण्णं पयडीणं पंच संकमो⊡ । तं जहा– मिच्छत्तं गदसम्माइट्ठिम्हि अंतोमुहुत्तकालं सम्मामिच्छत्त० अधापवत्तसंकमो । तदो उवरि पलिदो० असंखे० भागमेत्तकालं सम्मामिच्छत्त उव्वेल्लणसंकमो । चरिमखंडए गुणसंकमो जाव तस्सेव दुचरिमफालि त्ति । चरिमफालीए सव्वसंकमो । दंसणमोहक्खवगअपुव्वकरणपढमसमयप्पहुडि ताव सम्मामिच्छत्तस्स गुणसंकमो जाव चरिमट्ठिदिखंडयस्स दुचरिमफालि त्ति । चरिमफालीए सव्वसंकमो । उवसम-वेदगसम्मा-

---

द्विचरम फालि तक उसका गुणसंक्रम होता है । अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है । उपशमसम्यग्दृष्टिके ही मिथ्यात्वका विध्यातसंक्रम भी होता है ।

वेदकसम्यक्त्वके अधप्रवृत्तसंक्रम, उद्वेलनसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम ये चार संक्रम होते हैं । यथा– मिथ्यात्वको प्राप्त हुए सम्यग्दृष्टिके सम्यक्त्वप्रकृतिका अन्तर्मुहूर्त काल तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है । उसके आगे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र काल तक अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रतिभागवाला उसका उद्वेलनसंक्रम होता है । उद्वेलनके अन्तिम काण्डकके प्रथम समयसे लेकर उसकी ही द्विचरम फालि तक उसका गुणसंक्रम होता है । उसकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है ।

सम्यग्मिथ्यात्व, देवगति, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, नरकगति, नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकशरीरांगोपांग, मनुष्यगति, मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, आहारकशरीर, आहारकशरीरांगोपांग नामकर्म और उच्चगोत्र इन बारह प्रकृतियोंके पांच संक्रम होते हैं । यथा– मिथ्यात्वको प्राप्त सम्यग्दृष्टिके अन्तर्मुहूर्त काल सम्यग्मिथ्यात्वका अधःप्रवृत्त संक्रम होता है । उसके आगे पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र काल तक सम्यग्मिथ्यात्वका उद्वेलनसंक्रम होता है । अंतिम काण्डकमें उसकी ही द्विचरम फालि तक गुणसंक्रम होता है । चरम फालिका सर्वसंक्रम होता है । दर्शनमोहक्षपक अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर अंतिम स्थितिकांडककी द्विचरम फालि तक सम्यग्मिथ्यात्वका गुणसंक्रम होता है । उसकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है । उपशमसम्यग्दृष्टि

✽ अ-काप्रत्योः ' चत्तारिसंकमो ' इति पाठः । सम्मे विज्झादरहिदाणं । गो. क. ४२३. ✪ ताप्रतौ उव्वेल्लणसंकमो । अंगुलस्स असंखे० भागपडिभागिगो उव्वेल्लण- ' इति पाठः । ✪ अ-काप्रत्योः ' मिच्छत्त ', ताप्रतौ ' (सम्मा) मिच्छत्त ' इति पाठः । ⊡ सम्मविहीणुव्वेल्ले पंचेव य तत्थ होंति संकमणा ।। गो. क. ४२६.

इट्ठीसु विज्झादसंकमो अंगुलस्स असंखे० भागपडिभागियो ।

देवगइ-देवगइपाओग्गाणुपुव्वीणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अपुव्वकरणछसत्तभागे* त्ति अधापवत्तसंकमो, तत्थ एदासिं बंधुवलंभादो । तत्तो उवरिं पि बंधाभावे वि अधापमत्तसंकमो चेव, पसत्थत्तादो । देव-णेरइएसु विज्झादसंकमो, बंधाभावादो । एइंदिय-विगलिंदिएसु उव्वेल्लणसंकमो जाव उव्वेल्लणचरिमखंडयमपत्तो त्ति । चरिमखंडए गुणसंकमो जाव तस्सेव दुचरिमफालि त्ति । चरिमफालीए सव्वसंकमो ।

वेउव्वियसरीर-वेउव्वियसरीरगोवंगाणं देवगइभंगो । णिरयगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वीणं पि देवगइभंगो । णवरि मिच्छाइट्ठिम्हि चेव अधापवत्तसंकमो । सासणसम्माइट्ठिप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति विज्झादसंकमो । देव-णेरइएसु वि विज्झादसंकमो, बंधाभावादो । अपुव्वकरणप्पहुडि जाव सगचरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमफालि त्ति गुणसंकमो । चरिमफालीए सव्वसंकमो । एइंदिय-विगलिंदिएसु उव्वेल्लणसंकमो । उव्वेल्लणचरिमखंडए गुणसंकमो । तस्सेव चरिमफालीए सव्वसंकमो एवं पंच संकमा होंति ।

मणुसगइ-मणुसगइपाओग्गाणुपुव्वीणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव असंजदसम्माइट्ठि

और वेदकसम्यग्दृष्टिके उसका अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रतिभागवाला विध्यातसंक्रम होता है।

देवगति और देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वीका मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरणके सात भागोंमेंसे छठे भाग तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध पाया जाता है। उसके आगे भी बन्धका अभाव होनेपर भी अधःप्रवृत्तसंक्रम ही होता है, क्योंकि, वे प्रशस्त प्रकृतियां हैं। देवों व नारकियोंमें उनका विध्यासंक्रम होता है, क्योंकि, उनके इनका बन्ध नहीं होता। एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय जीवोंमें उद्वेलनके अन्तिम काण्डकके प्राप्त न होने तक उनका उद्वेलनसंक्रम होता है। अन्तिम काण्डकमें उसीकी द्विचरम फालि तक गुणसंक्रम होता है। अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकशरीरांगोपांगकी प्ररूपणा देवगतिके समान है। नरकगति और नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वीकी भी प्ररूपणा देवगतिके समान है। विशेष इतना है कि मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें ही इनका अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। सासादनसम्यग्दृष्टिसे लेकर अप्रमत्तसंयत तक उनका विध्यासंक्रम होता है। देवों और नारकियोंमें भी उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, उनके इनका बन्ध नहीं होता। अपूर्वकरणसे लेकर अपने अन्तिम स्थितिकाण्डककी द्विचरम फालि तक उनका गुणसंक्रम और अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है। एकेन्द्रियों और विकलेन्द्रियोंमें उनका उद्वेलनसंक्रम होता है। उद्वेलनके अन्तिम काण्डकमें (द्विचरम फालि तक) उनका गुणसंक्रम और उसीकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है। इस प्रकार उक्त दो प्रकृतियोंके पांच संक्रम होते हैं।

मनुष्यगति और मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वीका मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयतसम्यग्दृष्टि तक

---

* ताप्रतौ 'भागो' इति पाठः ।

त्ति अधापवत्तसंकमो, तत्थ बंधुवलंभादो । संजदासंजदप्पहुडि जाव अप्पमत्तसंजदो त्ति विज्झादसंकमो । असंखेज्जवासाउअतिरिक्ख-मणुस्सेसु विज्झादसंकमो, बंधाभावादो । तेउ-वाउकाइएसु उव्वेल्लणसंकमो जाव दुचरिमुव्वेल्लणकंडयो ▣ त्ति । चरिमुव्वेल्लण-खंडए गुणसंकमो । तस्सेव चरिमफालीए सव्वसंकमो ।

आहारसरीर-आहारसरीरंगोवंगाणं अप्पमत्तसंजदप्पहुडि जाव अपुव्वकरणो त्ति ताव अधापवत्तसंकमो, तत्थ बंधुवलंभादो । हेट्ठिमगुणट्ठाणेसु विज्झादसंकमो, बंधाभावादो । असंजमं गदो आहारसरीरसंतकम्मियो संजदो अंतोमुहुत्तेण उव्वेल्ल-णमाढवेदि जाव[1]असंजदो जाव असंतकम्मं च अत्थि ताव उव्वेल्लेदि ।

संपहि सव्वुव्वेल्लणपयडीणमुव्वेल्लणक्कमो वुच्चदे । तं जहा– अधापवत्त-ट्ठिदिखंडयं पलिदो० असंखे० भागो । तासिं ट्ठिदीणं पढमसमए जमुक्कीरिज्जदि पदेसग्गं तं थोवं । बिदियसमए जमुक्कीरिज्जदि पदेसग्गं तमसंखेज्जगुणं । तदियसमए जमुक्कीरिज्जदि पदेसग्गं तमसंखेज्जगुणं । एवमसंखेज्जगुणवड्ढीए णेयव्वं जाव अंतोमुहुत्तं त्ति । एत्थ गुणगारपमाणं पलिदो० असंखे० भागो ।

परपयडीसु जं पदेसग्गं दिज्जदि तं थोवं । जं सत्थाणे दिज्जदि तमसंखेज्जगुणं ।

अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहाँ इनका बन्ध पाया जाता है । संयतासंयतसे लेकर अप्रमत्तसंयत तक उनका विध्यातसंक्रम होता है । असंख्यातवर्षायुष्क तिर्यंचों और मनुष्योंमें उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, उनमें इनका बन्ध नहीं होता । तेजकायिकों और वायु-कायिकोंमें द्विचरम उद्वेलन काण्डक तक उनका उद्वेलनसंक्रम होता है । अन्तिम उद्वेलनकाण्ड-कमें (द्विचरम फालि तक) गुणसंक्रम और उसीकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है ।

आहारकशरीर और आहारकशरीरांगोपांग नामकर्मोंका अप्रमत्तसंयतसे लेकर अपूर्व-करण तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध पाया जाता है । अधस्तन गुणस्थानोंमें उनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां इनका बन्ध नहीं होता । आहार-शरीरसत्कर्मिक संयत असंयमको प्राप्त होकर अन्तर्मुहूर्तमें उद्वेलना प्रारम्भ करता है, जब तक वह असंयत है और जब तक सत्कर्मसे रहित है तब तक वह उद्वेलना करता है ।

अब सब उद्वेलनप्रकृतियोंकी उद्वेलनाके क्रमकी प्ररूपणा की जाती है । यथा– अधःप्रवृत्तस्थितिकाण्डक पल्योपमके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । उन स्थितियोंका जो प्रदेशाग्र प्रथम समयमें उत्कीर्ण किया जाता है वह स्तोक है । द्वितीय समयमें जो प्रदेशाग्र उत्कीर्ण किया जाता है वह असंख्यातगुणा है । तृतीय समयमें जो प्रदेशाग्र उत्कीर्ण किया जाता है वह असंख्यातगुणा है । इस प्रकार अन्तर्मुहूर्त काल तक असंख्यातगुणी वृद्धिके क्रमसे ले जाना चाहिये । यहां गुणकारका प्रमाण पल्योपमका असंख्यातवां भाग है ।

अन्य प्रकृतियोंमें जो प्रदेशाग्र दिया जाता है वह स्तोक है । स्वस्थानमें जो प्रदेशाग्र दिया जाता है वह असंख्यातगुणा है । जो प्रदेशाग्र स्वस्थानमें दिया जाता है वह गुणश्रेणिक्रमसे

▣ अ-काप्रत्योः ' दुचरिमुव्वेल्लणकंडयो ' इति पाठः ।

जं सत्थाणे तं गुणसेडीए दिज्जदि, जं परत्थाणे तं पदेसग्गं विसेसहाणीए दिज्जदि। एस विही पढमस्स ट्ठिदिकंडयस्स। जो विही पढमस्स ट्ठिदिखंडयस्स परूविदो सो चेव विही बिदियखंडयप्पहुडि जाव दुचरिमखंडओ त्ति ताव सव्वखंडयाणं परूवेयव्वो। चरिमट्ठिदिखंडयपमाणं पलिदो० असंखे० भागो। तस्स पदेसग्गं सव्वं [1] परत्थाणे चेव दिज्जदि असंखेज्जगुणाए सेढीए। पढमट्ठिदिखंडयस्स ट्ठिदीओ बहुगाओ। बिदियस्स विसेसहीणाओ। तदियस्स ट्ठिदिखंडयस्स ट्ठिदीओ विसेसहीणाओ। एवमणंतरोवणिधाए णेयव्वं जाव दुचरिमट्ठिदिखंडओ त्ति। दुचरिमट्ठिदिखंडयट्ठिदीहिंतो चरिमट्ठिदिखंडयस्स [2] ट्ठिदीओ असंखे० गुणाओ।

परंपरोवणिधाए पढमट्ठिदिखंडयमुवणिहाय अत्थि काणिचि [3] ट्ठिदिखंडयाणि संखेज्जगुणहीणाणि काणिचि असंखे० गुणहीणाणि। तत्थ जं दुचरिमट्ठिदिखंडयमाहारदुगस्स तस्स जं चरिमसमए संकमदि पदेसग्गं परत्थाणे सो जहण्णओ उव्वेल्लणसंकमो। तेण संकममाणेण तिस्से पयडीए ताधे जं सेसयं कम्मं तं पलिदोवमस्स असंखे० भागेण अवहिरिज्जदि। सव्वकम्मं पुण अंगुलस्स असंखे० भागेण अवहिरिज्जदि।

संपहि पयदं परूवेमो-- आहारदुगस्स उव्वेल्लणकालब्भंतरे उव्वेल्लणसंकमो। चरिमट्ठिदिखंडए गुणसंकमो। तत्थेव चरिमफालीए सव्वसंकमो।

दिया जाता है और जो प्रदेशाग्र परस्थानमें दिया जाता है वह विशेषहानिके क्रमसे दिया जाता है। यह विधि प्रथम स्थितिकाण्डककी है। जो विधि प्रथम स्थितिकाण्डककी कही गयी है वही विधि द्वितीय काण्डकसे लेकर द्विचरम काण्डक तक सब काण्डकोंकी कहना चाहिये। अन्तिम स्थितिकाण्डकका प्रमाण पल्योपमका असंख्यातवां भाग है। उसका सब प्रदेशाग्र असंख्यात-गुणित श्रेणिसे परस्थानमें ही दिया जाता है। प्रथम स्थितिकाण्डककी स्थितियां बहुत हैं। द्वितीय स्थितिकाण्डककी स्थितियां विशेष हीन हैं। तृतीय स्थितिकाण्डककी स्थितियां विशेष हीन हैं। इस प्रकार अनन्तरोपनिधासे द्विचरम स्थितिकाण्डक तक ले जाना चाहिये। द्विचरम स्थितिकाण्डककी स्थितियोंसे चरम स्थितिकाण्डककी स्थितियां असंख्यातगुणी हैं।

परम्परोपनिधाकी अपेक्षा प्रथम स्थितिकाण्डक उपनिधामें कितने ही स्थितिकाण्डक संख्यातगुणे हीन हैं और कितने ही असंख्यातगुणे हीन हैं। उनमें जो आहारद्विकका द्विचरम स्थितिकाण्डक है उसका जो प्रदेशाग्र अन्तिम समयमें परस्थानमें संक्रान्त होता है वह जघन्य उद्वेलनासंक्रम है। उसके द्वारा संक्रान्त होता हुआ उक्त प्रकृतिका जो उस समय शेष कर्म है वह पल्योपमके असंख्यातवें भागसे अपहृत होता है। परन्तु सब कर्म अंगुलके असंख्यातवें भागसे अपहृत होता है।

अब प्रकृतकी प्ररूपणा करते हैं-- आहारद्विकका उद्वेलनकालके भीतर उद्वेलनसंक्रम होता है। अन्तिम स्थितिकाण्डकमें गुणसंक्रम होता है। उसमें ही अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

---

[1] अ-काप्रत्योः 'सद्दं', ताप्रतौ 'सद्दं (व्वं)', इति पाठः। [2] प्रतिषु 'चट्ठिदिखंडयस्स' इति पाठः।
[3] ताप्रतौ 'खंडपमुवणिहा य अत्थि। काणिचि' इति पाठः।

उच्चागोदस्स मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव सासणसम्माइट्ठि त्ति अधापवत्तसंकमो। उवरि असंकमो, पडिग्गहाभावादो। सत्तमपुढविणेरइएसु विज्झादसंकमो। तेउ-वाउकाइएसु उव्वेल्लणसंकमो, तत्थ उव्वेल्लणपाओग्गपरिणामाणमुवलंभादो। चरिमुव्वेल्लणखंडए गुणसंकमो। तस्सेव चरिमफालीए सव्वसंकमो।

तिण्णिसंजलण-पुरिसवेदाणमधापवत्तसंकमो [illegible] चेदि दोण्णि संकमा✪ होंति। तं जहा– तिण्णं संजलणाणं पुरिसवेदस्स च मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अणियट्टि त्ति अधापवत्तसंकमो। चरिमखंडयचरिमफालीए एदासिं सव्वसंकमो।

हस्स-रदि-भय-दुगुंछाणं अधापवत्तसंकमो गुणसंकमो सव्वसंकमो चेदि तिण्णि संकमा होंति। तं जहा– मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव अपुव्वकरणचरिमसमयो त्ति एदासिमधापवत्तसंकमो। उवरि गुणसंकमो जाव चरिमट्ठिदिखंडयदुचरिमफालि त्ति। चरिमफालीए सव्वसंकमो।

ओरालियसरीर-ओरालियसरीरंगोवंग-वज्जरिसह-तित्थयराणमधापवत्तसंकमो विज्झादसंकमो चेदि दोण्णि संकमा। तं जहा- ओरालियदुग-पढमसंघडणाणं मिच्छाइट्ठिप्पहुडि जाव असंजदसम्मादिट्ठि त्ति अधापवत्तसंकमो, तत्थ बंधदंसणादो। असंखेज्जवासाउअतिरिक्ख-मणुस्सेसु विज्झादसंकमो तत्थ एदासिं बंधाभावादो। तित्थयरस्स

उच्चगोत्रका मिथ्यादृष्टिसे लेकर सासादनसम्यग्दृष्टि तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। आगे उसका संक्रम नहीं होता है, क्योंकि, प्रतिग्रह प्रकृतिका अभाव है। सातवीं पृथिवीके नारकियोंमें उसका विध्यातसंक्रम होता है। तेजकायिक और वायुकायिक जीवोंमें उसका उद्वेलनसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां उद्वेलनके योग्य परिणाम पाये जाते हैं। अन्तिम उद्वेलनकाण्डकमें गुणसंक्रम होता है। उसीकी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

तीन संज्वलन और पुरुषवेदके अधःप्रवृत्तसंक्रम और सर्वसंक्रम ये दो संक्रम होते हैं। यथा– तीन संज्वलन कषायों और पुरुषवेदका मिथ्यादृष्टिसे लेकर अनिवृत्तिकरण तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। इनके अन्तिम काण्डककी अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

हास्य, रति, भय और जुगुप्साके अधःप्रवृत्तसंक्रम, गुणसंक्रम और सर्वसंक्रम ये तीन संक्रम होते हैं। यथा– मिथ्यादृष्टिसे लेकर अपूर्वकरणके अन्तिम समय तक इनका अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। आगे अन्तिम स्थितिकाण्डककी द्विचरम फालि तक गुणसंक्रम होता है। अन्तिम फालिका सर्वसंक्रम होता है।

औदारिकशरीर, औदारिकशरीरांगोपांग, वज्रर्षभनाराचसंहनन और तीर्थंकर प्रकृतिके अधःप्रवृत्तसंक्रम और विध्यातसंक्रम ये दो संक्रम होते हैं। यथा औदारिकद्विक और प्रथम संहननका मिथ्यादृष्टिसे लेकर असंयतसम्यग्दृष्टि तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है, क्योंकि, वहांपर उनका बन्ध देखा जाता है। असंख्यातवर्षायुष्क तिर्यंचों और मनुष्योंमें इनका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, उनमें इनका बन्ध नहीं होता। तीर्थंकर प्रकृतिका असंयतसम्यग्दृष्टिसे लेकर

✪ अ-काप्रत्योः 'दोण्णिसंकमो' इति पाठः।

असंजदसम्मादिट्ठिप्पहुडि जाव अपुव्वकरणो त्ति ताव अधापवत्तसंकमो। मिच्छाइट्ठिम्हि विज्झादसंकमो, तत्थ बंधाभावादो✤।

गुणसंकमेण संकमगाणस्स अवहारकालो थोवो। अधापवत्तसंकमेण संकामयंतस्स अवहारकालो असंखेज्जगुणो। विज्झादसंकमेण संकामयंतस्स अवहारकालो असंखे० गुणो। एदमप्पाबहुअं उक्कस्सपदेससंकमभागहाराणं, ण सव्वेसिं; विज्झादसंकमभागहारादो अधापवत्तभागहारस्स विसेसहीणत्तुवलंभादो। एदं कुदो णव्वदे? पच्चक्खाणलोभजहण्णसंकमदव्वादो केवलणाणावरणजहण्णसंकमदव्वं विसेसाहियं ति उवरिमअप्पाबहुगादो। उव्वल्लणसंकमेण संकामयंतस्स अवहारकालो असंखे० गुणो। एदमप्पाबहुअं एत्थ अवहारेयव्वं। एवं परूवणा समत्ता।

एत्तो सामित्तं। तं जहा-- मदिआवरणस्स उक्कस्सओ✣ पदेससंकमो कस्स? जो गुणिदकम्मंसियो सत्तमादो पुढवीदो मदो तिरिक्खो जादो तदो तस्स आवलियतब्भवत्थस्स उक्कस्सगो मदिआवरणस्स पदेससंकमो। चदुणाणावरण-चदुदंसणावरण पंचंतराइयाणं मदिणाणावरणभंगो✣। णिद्दा-पयलाणं उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स? गुणिद-

---

अपूर्वकरण तक अधःप्रवृत्तसंक्रम होता है। मिथ्यादृष्टि गुणस्थान में उसका विध्यातसंक्रम होता है, क्योंकि, वहां उसका बन्ध नहीं होता।

गुणसंक्रमके द्वारा संक्रान्त होनेवाले प्रदेशाग्रका अवहारकाल स्तोक है। अधःप्रवृत्तसंक्रमके द्वारा संक्रान्त होनेवाले प्रदेशाग्रका अवहारकाल असंख्यातगुणा है। विध्यातसंक्रमके द्वारा संक्रान्त होनेवाले प्रदेशाग्रका अवहारकाल असंख्यातगुणा है। यह अल्पबहुत्व उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमभागहारोंका है, न कि सब भागहारोंका; क्योंकि, विध्यातसंक्रमभागहारसे अधःप्रवृत्तसंक्रमभागहार विशेष हीन पाया जाता है।

शंका-- यह कहांसे जाना जाता है?

समाधान-- वह प्रत्याख्यानावरणलोभके जघन्य संक्रमद्रव्यसे केवलज्ञानावरणका जघन्य संक्रमद्रव्य विशेष अधिक है, इस आगे कहे जानेवाले अल्पबहुत्वसे जाना जाता है।

उसकी अपेक्षा उद्वेलनसंक्रमसे संक्रान्त होनेवाले द्रव्यका अवहारकाल असंख्यातगुणा है। इस अल्पबहुत्वका यहां अवधारण करना चाहिये। इस प्रकार प्ररूपणा समाप्त हुई।

यहां स्वामित्वकी प्ररूपणा की जाती है। वह इस प्रकार है- मतिज्ञानावरणका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो गुणितकर्मांशिक सातवीं पृथिवीसे मरकर तिर्यंच हुआ है उसके आवली कालवर्ती तद्भवस्थ होनेपर मतिज्ञानावरणका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है। शेष चार ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पांच अन्तराय प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमके स्वामित्वकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है। निद्रा और प्रचलाका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम

✤ ताप्रतौ 'तत्थ बंधाभावादो' इत्येतावानयं पाठो नास्ति। ✣ अप्रतौ 'आवरणउक्कस्सओ' इति पाठः
✣ तदो उव्वट्टिदो आवलियादीदतब्भवत्थस्स। आवरण-विग्घचोद्दसण्हं सत्तमपुढविणेरइयस्स उक्कोसो ॥ क. प्र. २-७९,

कम्मंसियस्स चरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स खवगस्स । थीणगिद्धितियस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? गुणिदकम्मंसियस्स अणियट्टिखवयस्स सव्वसंकमेण थीणगिद्धितियचरिमफालिं संकामेंतस्स* । सादस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो सत्तमादो पुढवीदो मदो तिरिक्खो जादो, ताधे चेव सादं पबद्धं, तप्पाओग्गउक्कस्सियाए सादबंधगद्धाए गदो, पुणो असादं पबद्धं, तस्स आवलियादिक्कंतस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो ⊕ । असादस्स णिद्दाभंगो ।

मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्ताणं उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? गुणिदकम्मंसियस्स सव्वलहुं दंसणमोहणीयं खवेंतस्स अणियट्टिकरणे सव्वसंकमेण मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्ताणं चरिमफालीयो संकामेंतस्स* । सम्मत्तस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स? जो सत्तमाए

किसके होता है ? वह गुणितकर्मांशिक चरम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपकके होता है । स्त्यानगृद्धित्रयका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? वह सर्वसंक्रम द्वारा स्त्यानगृद्धित्रयकी अन्तिम फालिको संक्रान्त करनेवाले गुणितकर्मांशिक अनिवृत्तिकरण क्षपकके होता है । सातावेदनीयका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक सातवीं पृथिवीसे मरकर तिर्यंच हुआ है, जिसने उसी समयमें सातावेदनीयका बन्ध किया है, तथा जिसने तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट सातबन्धककालको बिताकर फिर असातावेदनीयका बन्ध किया है, उसके बन्धावलीके बीतनेपर उसका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है । असातावेदनीयके प्रकृत स्वामित्वकी प्ररूपणा निद्राके समान है ।

मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? वह सर्वलघुकालमें दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करते हुए अनिवृत्तिकरणमें सर्वसंक्रम द्वारा मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी अन्तिम फालियोंको संक्रान्त करनेवाले गुणितकर्मांशिकके होता है । सम्यक्त्व प्रकृतिका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो सातवीं पृथिवीका नारकी गुणितकर्मांशिक

---

* अप्रतौ 'चरिमफाली संकमेतस्स', काप्रतौ 'चरिमफालिसंकमोतस्स', ताप्रतौ 'चरिमफालि (लि) संकामेंतस्स' इति पाठः । कम्मचउक्के असुभाण बज्झमाणीण सुहुम खवग रागंते । संछोभणम्मि नियगे चउवीसाए निवट्टिस्स ॥ क. प्र. २-८०. कर्मचतुष्के दर्शनावरण-वेदनीय-नाम-गोत्रलक्षणे या अशुभाः सूक्ष्मसंपरायावस्थायामबध्यमानाः प्रकृतयो निद्राद्विकासातावेदनीय-प्रथमवर्जसंस्थान-प्रथमवर्जसंहननाशुभवर्णादिनवकोपघाताप्रशस्त-विहायोगत्यपर्याप्तास्थिराशुभ-दुर्भग-दुःस्वरानादेययशःकीर्ति-नीचैर्गोत्रलक्षणा द्वात्रिंशत् प्रकृतयस्तासां गुणितकर्मांशस्य क्षपकस्य सूक्ष्मसंपरायस्यान्ते चरमसमये उत्कृष्टः प्रदेशसंक्रमो भवति । तथाऽनिवृत्तिबादरस्य गुणितकर्मांशस्य क्षपकस्य मध्यमकषायाष्टक-स्त्यानगृद्धित्रिक तिर्यग्द्विक-द्वि-त्रि-चतुरिन्द्रियजाति-सूक्ष्म-साधारणनोकषायषट्करूपाणां चतुर्विंशतिप्रकृतीनां (२४) आत्मीय आत्मीये चरमसंछोभे चरमसंक्रमे उत्कृष्टप्रदेशसंक्रमो भवति । (मलय).

⊕ ततो अणंतरागयसमयादुक्कस्स सायबंधद्धं । बंधिय असायबंधालिगंतसमयम्मि सायस्स ॥ क. प्र. २-८१. ततो नरकभवादनन्तरभवे समागतः . . . . . । मलय.

* मिच्छत्तस्स उक्कस्सपदेससंकमो कस्स ? गुणिदकम्मंसिओ सत्तमादो पुढवीदो उव्वट्टिदो दो तिण्णि

पुढवीए णेरइयो गुणिदकम्मंसियो अंतोमुहुत्तसेसे सम्मत्तं पडिवण्णो, उक्कस्सेण गुणसंकमकालेण सम्मत्तमावूरिय मिच्छत्तं गदो, तस्स पढमसमयमिच्छाइट्ठिस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो ☼ ।

अणंताणुबंधीणं उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स? सत्तमपुढविणेरइयस्स गुणिदकम्मंसियस्स सव्वजहण्णमंतोमुहुत्तमेत्तमाउअं अत्थि त्ति अणंताणुबंधिचउक्कविसंजोजणमाढविय सव्वसंकमेण अणंताणुबंधिचउक्कचरिमफालिं संकामेंतस्स ▣ । अट्ठकसायाणमुक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स? गुणिदकम्मंसियस्स सव्वलहुं खवणाए अब्भुट्ठियस्स अणियट्टि-

---

आयुमें अन्तर्मुहूर्त शेष रहनेपर सम्यक्त्वको प्राप्त हो उत्कृष्ट गुणसंक्रमकालमें सम्यक्त्वको पूर्ण करके मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ है उस प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके सम्यक्त्व प्रकृतिका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है ।

अनन्तानुबन्धी कषायोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो सातवीं पृथिवीमें स्थित गुणितकर्मांशिक नारकी जीव सर्वजघन्य अन्तर्मुहूर्त मात्र आयुके शेष रहनेपर अनन्तानुबन्धिचतुष्ककी विसंयोजनाको प्रारम्भ करके सर्वसंक्रमण द्वारा अनन्तानुबन्धिचतुष्ककी अन्तिम फालिको संक्रान्त कर रहा है उसके उनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है। आठ कषायोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक अनिवृत्तिकरण क्षपक सर्वलघु कालमें क्षपणामें उद्यत होकर आठ कषायोंकी अन्तिम फालिको सर्वसंक्रम द्वारा संक्रान्त कर रहा है उसके

ग्रहणाणि पंचिंदियतिरिक्खपज्जत्तएसु उववण्णो अंतोमुहुत्तेण मणुस्सेसु आगदो। सव्वलहुं दंसणमोहणीयं खवेदुमाढत्तो, जाधे मिच्छत्तं सम्मामिच्छत्ते संछुभमाणं संछुद्धं ताधे तस्स मिच्छत्तस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो। क. पा. सु. पृ. ४०१, १९-२३. सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जेण मिच्छत्तस्स उक्कस्सपदेसग्गं सम्मामिच्छत्ते पक्खित्तं, तेणेव जाधे सम्मामिच्छत्तं सम्मत्ते संपक्खित्तं ताधे तस्स सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो। पृ. ४०२, २७-२८. संछोभणाए दोण्हं पयडीणं वेयगस्स खवणासे। उप्पाइय सम्मत्तं मिच्छत्तगए तमतमाए ॥ क. प्र. २-८२. क्षपकस्य त्रयोर्मोहनीययोर्मिथ्यात्व-सम्यग्मिथ्यात्वरूपयोरात्मीयात्मीय-चरमसंक्रमे सर्वसंक्रमेणोत्कृष्टः प्रदेशसंक्रमो भवति।

☼ सम्मत्तस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? गुणिदकम्मंसिएण सत्तमाए पुढवीए णेरइएण मिच्छत्तस्स उक्कस्सपदेससंतकम्ममंतोमुहुत्तेण होहिदि त्ति सम्मत्तमुप्पाइदं, सव्वुक्कस्सियाए पूरणाए सम्मत्तं पूरिदं। तदो उवसंतद्धाए पुण्णाए मिच्छत्तमुदीरयमाणस्स पढमसमयमिच्छाइट्ठिस्स तस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो। सो पुण अधापवत्तसंकमो। क. पा. सु. पृ. ४०२, २४-२६ × × × वेयगस्स खवणासे। उप्पाइय सम्मत्तं मिच्छत्तगए तमतमाए ॥ क. प्र. २, ८२ तथा क्षपणाशेषेऽन्तर्मुहूर्तविशेषे आयुषि तमस्तमाभिधानायां सप्तमपृथिव्यां वर्तमान औपशमिकं सम्यक्त्वमुत्पाद्य दीर्घेण च गुणसंक्रमकालेन वेदकसम्यक्त्वपुञ्जं समापूर्य सम्यक्त्वात्प्रतिपतितो मिथ्यात्वं च प्रतिपद्य तत्प्रथमसमय एव वेदकसम्यक्त्वस्य मिथ्यात्वे उत्कृष्टं प्रदेशसंक्रमं करोति। (मलय.).

▣ क. पा. सु. पृ. ४०३, २९-३०. अप्पमत्ते सेसे तच्चरमावस्सगाणि किच्चेत्थ। संजोयणा विसंजोयगस्स संछोभणा पुण ॥ क. प्र. २-८३.

खवगस्स अट्ठकसायचरिमफालीए सव्वसंकमेण संकामेंतस्स ☼ ।

णवुंसयवेदस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? ईसाणे गुणिदकम्मंसियस्स ※ इत्थिवेदेण पुरिसवेदेण वा सव्वलहुं खवणाए अब्भुट्ठियस्स णवुंसयवेदचरिमफालिं सव्वसंकमेण संकामेंतस्स ▣ । इत्थिवेदस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो असंखेज्जवासाउएसु उववण्णो, सव्वरहस्सेण कालेण पलिदो० असंखे० भाएण पूरिद-इत्थिवेदो तदो मदो जहण्णियाए देवट्ठिदीए उववण्णो, तदो चुदो सव्वरहस्सेण ❍ कालेण खवणाए अब्भुट्ठिदो, तदो लद्ध-वा इत्थिवेदचरिमफाली सव्वसंकमेण पुरिसवेदे संकमदि ताओ इत्थिवेदस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो ✱ । पुरिसवेदस्स ⊕ उक्कस्सओ पदेससंकमो

उक्त आठ कषायोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है ।

नपुंसकवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक देव ईशान कल्पमें (संक्लेश परिणामसे एकेन्द्रिय प्रायोग्य बन्ध करता हुआ नपुंसकवेदको बार बार बांधकर वहांसे च्युत हो स्त्री अथवा पुरुष उत्पन्न होता है और तत्पश्चात् मासपृथक्त्व अधिक आठ वर्षोंके बीतनेपर) स्त्री या पुरुषवेदके साथ सर्वलघु कालमें क्षपणामें उद्यत हो सर्वसंक्रम द्वारा नपुंसकवेदकी अन्तिम फालिको संक्रान्त करता है उसके नपुंसकवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है । स्त्रीवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक असंख्यातवर्षायुष्क जीवोंमें उत्पन्न होकर सर्वलघु काल स्वरूप पल्योपमके असंख्यातवें भागमें स्त्रीवेदको पूर्ण करके मृत्युको प्राप्त होता हुआ जघन्य देवस्थिति (दस हजार वर्ष) के साथ देव उत्पन्न हुआ है, तत्पश्चात् वहांसे च्युत होकर सर्वलघु कालमें क्षपणामें उद्यत होकर जब वह स्त्रीवेदकी अंतिम फालिको सर्वसंक्रम द्वारा पुरुषवेदमें संक्रान्त करता है तब उसके स्त्रीवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है ?

विशेषार्थ-- यद्यपि तत्त्वार्थसूत्र आदि अधिकांश ग्रन्थोंमें भोगभूमियोंमें अकालमृत्यु (कदलीघातमरण) का प्रतिषेध किया गया है, तथापि कुछ आचार्य वहां अकालमरणको भी स्वीकार

☼ अट्ठण्हं कसायाणमुक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? गुणिदकम्मंसिओ सव्वलहुं अणुसमओवट्टणाए गच्छमाणओ अट्ठवस्सिओ खवणाए अब्भुट्ठिदो । तदो अट्ठण्ह कसायाणमवच्छिमट्ठिदिखंडयं चरिमसमयसंछुहमाणयस्स तस्स अट्ठण्ह कसायाणमुक्कस्सओ पदेससंकमो । क. पा सु पृ ४०३, ३१-३२

※ अ-काप्रत्योः ' ईसाणे गुणियस्स ' ताप्रतौ ' ईसाणे गुणि (दकम्मंसि) यस्स ' इति पाठः ।

▣ णवुंसयवेदस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? गुणिदकम्मंसिओ ईसाणादो आगदो सव्वलहुं खवेदुमाढत्तो । तदो णवुंसयवेदस्स अवच्छिमट्ठिदिखंडयं चरिमसमयसंछुहमाणयस्स तस्स णवुंसयवेदस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो । क. पा सु पृ. ४०४, ३८-३९. ईसाणागयपुरिसस्स इत्थिणाए य अट्ठवस्साए । मासपुधत्तब्भहिए नपुंसगे सव्वसंकमणे ॥ क. प्र. २, ८४. ❍ अ-काप्रत्योः ' तदो वच्चदे सव्वरहस्सेण, ताप्रतौ ' तदो वुच्चदे (चुदो) सव्वरहस्सेण ' इति पाठः । ✱ इत्थिवेदस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? गुणिदकम्मंसिओ असंखेज्जवस्साउएसु इत्थिवेदं पूरेदूण तदो पुरिसकम्मंसिओ खवणाए अब्भुट्ठिदो तदो चरिमट्ठिदिखंडयं चरिमसमयसंछुहमाणयस्स तस्स इत्थिवेदस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो । क. पा सु. पृ. ४०४, ३४-३५. इत्थीए भोगभूमिसु जीविय वासाणसंखियाणि तओ । हस्सठिई देवत्ता सव्वलहुं सव्वसंछोभे ॥ क. प्र २-८५.

⊕ अ-काप्रत्योः ' पुरिसवेदस्स ' इति पाठः ।

कस्स ? जेण ईसाणदेवेसु णवुंसयवेदो पूरिदो, तदो ससंखेज्जवासाउएसु▣ इत्थिवेदो पूरिदो, तदो मदो जहण्णाए देवट्ठिदीए उववण्णो, तदो मदो मणुस्सो जादो, सव्वलहुं अण्णदरेण लिंगेण खवणाए अब्भुट्ठिदो, तेण जाव सव्वसंकमेण पुरिसवेदो संकामिदो ताव तस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो✿ ।

छण्णोकसायाणमुक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो सव्वलहुं खवणाए अब्भुट्ठिदो, तेण जाधे सव्वसंकमेण छण्णोकसायाणं चरिमफालीं संकामिदा ताधे तेसिमुक्कस्सओ पदेससंकमो ।

कोधसंजलणाए उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जो ईसाणदेवेसु णवुंसयवेदं

करते हैं। इसी मतभेदके अनुसार यहां भोगभूमियोंमें अपमृत्युको स्वीकार कर उपर्युक्त स्त्रीवेदके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमको घटित किया गया है। यहां चूर्णिसूत्रकार यतिवृषभाचार्यका क्या अभिमत रहा है, यह ज्ञात नहीं होता; कारण कि उन्होंने 'असंखेज्जवस्साउएसु इत्थिवेदं पूरेदूण' इतना मात्र निर्देश किया है— पल्योपमके असंख्यातवें भाग मात्र सर्वलघु कालका निर्देश नहीं किया। कर्मप्रकृति आदि श्वेताम्बर ग्रन्थोंमें यह अभिमत अवश्य पाया जाता है। प्रसिद्ध टीकाकार आचार्य मलयगिरिने बतलाया है कि स्त्रीवेदका यह उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम इसी युक्तिसे बन सकता है, अतः इसी युक्तिका अनुसरण करना चाहिये; क्योंकि, इसके अतिरिक्त अन्य युक्तियां चिरन्तन ग्रन्थोंमें देखी नहीं जातीं। यथा— इहैवमेव स्त्रीवेदस्योत्कृष्टमापूरणमुत्कृष्टश्च प्रदेशसंक्रमः केवलज्ञानेनोपलब्धो नान्यथेत्येवैव युक्तिरत्रानुसर्तव्या, न युक्त्यन्तराणि; युक्त्यन्तराणां चिरन्तनग्रन्थेष्वदर्शनतो निर्मूलतयाऽन्यथापि कर्तुमशक्यत्वात्। क. प्र. २, ८५.)

पुरुषवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जिसने ईशान कल्पके देवोंमें नपुंसक वेदको पूर्ण किया है, तत्पश्चात् असंख्यातवर्षायुष्कोंमें स्त्रीवेदको पूर्ण किया है, तत्पश्चात् मरणको प्राप्त होकर जो जघन्य देवस्थितिसे उत्पन्न हुआ है, और तत्पश्चात् मरणको प्राप्त होकर मनुष्य होता हुआ सर्वलघु कालमें अन्यतर लिंगके साथ क्षपणामें उद्यत होता है उसके जब तक सर्वसंक्रम द्वारा पुरुषवेद संक्रान्त होता है तब तक पुरुषवेदका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है।

छह नोकषायोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणकर्मांशिक सर्वलघु कालमें क्षपणामें उद्यत होकर जब सर्वसंक्रम द्वारा छह नोकषायोंकी अन्तिम फालिको संक्रान्त करता है तब उसके उनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है।

संज्वलन क्रोधका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो ईशान कल्पके देवोंमें नपुंसक

▣ अ-काप्रत्योः 'वासाउएसो' इति पाठः।

✿ पुरिसवेदस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? गुणिदकम्मंसिओ इत्थि-पुरिस-णवुंसयवेदे पूरेदूण तदो सव्वलहुं खवणाए अब्भुट्ठिदो, पुरिसवेदस्स अपच्छिमट्ठिदिखंडयं चरिमसमयसंछुहमाणयस्स तस्स पुरिसवेदस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो। क. प्र सु प्र. ४०४, ३६-३७. चरिमचरित्तिय पुरिस सम्मत्तमसंखवासियं लहियं। गंता मिच्छत्तमओ जहण्णदेवट्ठिई सोच्चा।। आगंतु लहुं पुरिसं संछुभमाणस्स पुरिसवेयस्स। क. प्र. २, ८६-८७ ...वर्षवरो नपुंसकवेदः। मलय.

पूरिय, असंखेज्जवासाउएसु इत्थिवेदं पूरिय, पुणो इत्थिवेदे पडिवुण्णे सम्मत्तं लहिय तदो पुरिसवेदो पूरिदो, पुणो पुरिसवेदे पडिवुण्णे✿ मिच्छत्तं गदो, तदो मदो जहण्णियाए देवट्ठिदीए उववण्णो, तदो चुदो✿ मणुस्सेसु अट्ठवस्सिएसु उववण्णो, अट्ठवस्सिएण जादेण संजमो पडिवण्णो, अंतोमुहुत्तेण खवगाए अब्भुट्ठिदो तदो तेण जाव✱ कोधो सव्वसंकमेण संकामिदो ताव※ तस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो।एदेणेव जीवेण सव्वसंकमे माणे संकामिदे माणसंजलणाए उक्कस्सओ पदेससंकमो। (एदेणेव जीवेण सव्वसंकमेण मायाए संकामिदाए मायासंजलणाए उक्कस्सओ पदेससंकमो▣ ।) लोहसंजलणाए उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जेण गुणिदकम्मंसिएण सव्वरहस्सेण कालेण चत्तारिवारं कसाओ⑭ उवसामिदो, तेण सव्वलहुएण कालेण खवणाए अब्भुट्ठिदेण चरिमसमयअकद※ अंतरेण

वेदको पूर्ण करके असंख्यातवर्षायुष्कोंमें स्त्री वेदको पूर्ण करता है, फिर स्त्रीवेदके पूर्ण हो जानेपर जो सम्यक्त्वको प्राप्त करके तत्पश्चात् पुरुषवेदको पूर्ण करता है, फिर पुरुषवेदके पूर्ण हो जानेपर मिथ्यात्वको प्राप्त होकर तत्पश्चात् मृत्युको प्राप्त होता हुआ जघन्य देवस्थितिसे उत्पन्न होता है, वहांसे च्युत होकर जो अष्टवर्षीय मनुष्योंमें उत्पन्न हो आठ वर्षका होता हुआ संयमको प्राप्त होकर अन्तर्मुहूर्त कालमें क्षपणामें उद्यत होता है, उसके जब संज्वलन क्रोध सर्वसंक्रम द्वारा संक्रमको प्राप्त होता है तब उसका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है, । यही जीव जब सर्वसंक्रम द्वारा संज्वलन मानको संक्रान्त करता है तब उसके संज्वलन मानका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है। (यही जीव जब सर्वसंक्रम द्वारा संज्वलन मायाको संक्रान्त करता है तब उसके संज्वलन मायाका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है।) संज्वलन लोभका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक सर्वह्रस्व कालमें चार बार कषायोंका उपशम करके सर्वलघु कालमें क्षपणामें उद्यत होता हुआ जब अकृतअन्तरकरण रहनेके अन्तिम समयमें संज्वलन लोभको संक्रान्त

✿ प्रतिषु ' पडिवण्णे ' इति पाठः । ✿ अप्रतौ ' तदो वुच्चदा ' इति पाठः ।

✱ काप्रतौ ' तेणेव जाव ', ताप्रतौ ' तेण जावे ' इति पाठः । ※ का-ताप्रत्योः ' ताव ' इति पाठः ।

▣ कोहसंजलणस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जेण पुरिसवेदो उक्कस्सओ संछुद्धो कोधे तेणेव जाधे माणे कोधो सव्वसंकमेण संछुहदि ताधे तस्स कोधस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो । एदस्स चेव माणसंजलणस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कायव्वो, णवरि जाधे माणसंजलणो मायासंजणे संछुहइ ताधे एदस्स चेव मायासंजलणस्स उक्कस्सओ देससंकमो कायव्वो, णवरि जाधे मायासंजलणो लोभसंजलणे संछुहइ ताधे क. पा. सु. पृ. ४०४, ४०-८२. तस्सेव सगे कोहस्स माण-मायाणमवि कसिणो ॥ क. प्र. २-८७. तथा तस्यैव पुरुषवेदोत्कृष्टप्रदेशसंक्रमस्वामिनः संज्वलनक्रोधस्य संसारे परिभ्रमतो उपचितस्य क्षपणकाले प्रकृत्यन्तरदलिकानां गुणसंक्रमेण प्रचुरीकृतस्य स्वके अन्तीये चरमसंछोभे उत्कृष्टः प्रदेशसंक्रमो भवति । अत्रापि बन्धवच्चछेदादवलिकाद्विकेन कालेन यद बद्धं तन्मुक्त्वा शेषस्य चरमसंछोभे उत्कृष्टः प्रदेशसंक्रमो दृष्टव्यः । एवं मानमायोरपि वाच्यम् मलय. ।

⑭ अ-काप्रत्योः ' कसाय ', ताप्रतौ ' कषाय ' इति पाठः । ※ अ-काप्रत्योः ' अकद- ' इति पाठः ।

जाव* लोभो ताव* तस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो✿ ।

आउआणं चदुण्णं पि णत्थि पदेससंकमो । णिरयगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वीणं उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो पुव्वकोडिपुधत्तं मणुस्स-तिरिक्खेसु बंधंतो अच्छिदो, पच्छदो खवणाए अब्भुट्ठिदो, तदो सेढि जाव सव्वसंकमेण णिरयगइ-णिरयगइपाओग्गाणुपुव्वीणं चरमफालीयो संकामिदाओ ताव तेसिमुक्कस्सओ पदेससंकमो ✿ ।

तिरिक्खगइ-तिरिक्खगइपाओग्गाणुपुव्वीणं उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जो गुणिदसंकम्मंसिओ सत्तमादो पुढवीदो उव्वट्टिदो※, समयाविरोहेण मणुस्सेसु उववण्णो,

---

करता है तब उसके संज्वलन लोभका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है ।

चारों ही आयुकर्मोंका प्रदेशसंक्रम नहीं होता । नरकगति और नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वीका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक पूर्वकोटिपृथक्त्व काल तक बन्ध करता हुआ मनुष्य व तिर्यंचोंमें स्थित रहता है, पश्चात् क्षपणामें उद्यत होकर जब वह सर्वसंक्रम द्वारा नरकगति और नरकगतिप्रायोग्यानुपूर्वीकी अन्तिम फालियोंका संक्रान्त करता है तब उसके उन दोनों प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है ।

तिर्यग्गति और तिर्यग्गतिप्रायोग्यानुपूर्वीका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक सातवीं पृथिवीसे निकलकर और समयाविरोधसे मनुष्योंमें उत्पन्न होकर

---

* का-ताप्रत्योः ' जावे ' इति पाठः । ✱ काप्रतौ ' तावे ' इति पाठः ।

✿ लोभसंजलणस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? गुणिदकम्मंसिओ सव्वलहुं खवणाए अब्भुट्ठिदो अंतरं से काले काढूण लोहस्स असंकामगो होहिदि त्ति तस्स लोहस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो । क. प. सु. पृ ४०५, ४४-४५. चउरुवसमित्तु खिप्पं लोभ-जसाणं ससंकमम्मंते । क. प्र २, ८८. अनेकभवभ्रमणेन चतुरो वारान् यावन्मोहनीयमुपशमय्य, चतुर्थोपशमनानन्तरं शीघ्रमेव क्षपकश्रेणिं प्रतिपन्नस्य तस्यैव गुणितकर्मांशस्य स्वसंक्रमस्यान्ते चरमसंक्षोभे इत्यर्थः, संज्वलनलोभ-यशःकीर्त्योरुत्कृष्टः प्रदेशसंक्रमो भवति । द्वौपशमश्रेणिं प्रतिपन्नेन सता प्रकृत्यन्तरप्रक्षिप्तानां प्रभूतानां गुणसंक्रमेण तत्र प्रक्षेपात् ते अपि संज्वलनलोभ-यशःकीर्तिप्रकृती निरन्तरमापूर्येते, तत उपशमश्रेणिग्रहणम् । आसंसारं च परिभ्रमता जन्तुना मोहनीयस्य चतुर एव वारान् यावदुपशमः क्रियते, न पंचमवमपि वारम्, ततश्चतुरुपशमश्रेण्यक्तम् । तथा संज्वलनलोभस्य चरमसंक्षोभोऽन्तरकरणचरमसमये दृष्टव्यः, न परतः, परतस्तस्य संक्रमाभावात्, " अंतरकरणम्मि कए चरित्तमोहे णु (णं) पुव्विसंकमणं " इति वचनात् । मलय.

✪ अ-काप्रत्योः ' मणुस्समणुस्सतिरिक्खे ', ताप्रतौ (मणुस , मणुस-तिरिक्खे इति पाठः ।

✿ पूरित्तु पुव्वकोडीपुहुत्तं संछोभगस्स निरयदुगं । क प्र. २-९०, पूरित्तुत्ति– नरकद्विकं नरकगति-नरकानुपूर्वीलक्षणं दुर्वकोटिपृथक्त्वं यावत्पूरयित्वा, सप्तसु पूर्वकोटयायुष्केषु तिर्यग्भवेषु भूयो भूयो बध्नेत्यर्थः । ततोऽष्टमभवे मनुष्यो भूत्वा क्षपकश्रेणिं प्रतिपद्योऽपत्य तन्नरकद्विकं संक्रामन् चरमसंक्षोभे सर्वसंक्रमेण तस्योत्कृष्टं प्रदेशसंक्रमं करोति । मलय.

※ अ-काप्रत्योः ' उवट्टिदो ', ताप्रतौ ' उव्वट्टिदो ' इति पाठः ।

सव्वलहुं खवणाए अब्भुट्ठिदो, जाधे तेण एदासिं चरिमफालिं सव्वसंकमेण संकामिदा ताधे तस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो ।

मणुसगइ-मणुसगइ-पाओग्गाणुपुव्वीणमुक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जो गुणिद-कम्मंसिओ सत्तमाए पुढवीए अंतोमुहुत्तेण सम्मत्तं पडिवण्णे सव्वणिरुद्धे सेसे मिच्छत्तं गदो, उव्वट्टिदो*, तिरिक्खेसुववण्णो, तस्स▣ पढमसमयतिरिक्खस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो✡ ।

देवगइ-देवगइपाओग्गाणुपुव्वी-वेउव्वियसरीर-वेउव्वियसरीरंगोवंग-बंधण-संघादा-णमुक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जो गुणिदकम्मंसियो मणुस्स-तिरिक्खेसु एदाओ पयडीओ पुव्वकोडिपुधत्तं बंधिय खवणाए अब्भुट्ठिदो, तस्स जाधे परभवियणामाणं बंधवोच्छेदो जादो, तदो उवरि बंधावलियाए अदिक्कंताए एदासिं पयडीणं उक्क-स्सओ पदेससंकमो※ ।

सर्वलघु कालमें क्षपणामें उद्यत होता है, वह जब इनकी अन्तिम फालिको सर्वसंक्रम द्वारा संक्रान्त करता है तब इसके उनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है ।

मनुष्यगति और मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वीका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणित कर्मांशिक सातवीं पृथिवीमें प्रारम्भिक अन्तर्मुहूर्तमें सम्यक्त्वको प्राप्त होकर सर्व-निरुद्ध अर्थात् आयुमें अन्तर्मुहूर्त शेष रहनेपर मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ है, फिर वहांसे निकल-कर जो तिर्यंचोंमें उत्पन्न हुआ है उसके तिर्यंच होनेके प्रथम समयमें मनुष्यगति और मनुष्य-गतिप्रायोग्यानुपूर्वीका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है ।

देवगति, देवगतिप्रायोग्यानुपूर्वी, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकशरीरांगोपांग, वैक्रियिक-बन्धन और वैक्रियिकसंघातका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक जीव मनुष्यों व तिर्यंचोंमें इन प्रकृतियोंकी पूर्वकोटिपृथक्त्व तक बांधकर क्षपणामें उद्यत होता है, उसके जब परभविक नामकर्मोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जाती है तब उसके पश्चात् बन्धावलीके व्यतीत होनेपर इन प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है ।

---

* अ-काप्रत्योः 'उवट्टिदो' इति पाठः । ▣ अ-काप्रत्योर्नोपलभ्यते पदमिदम् ।

✡ सव्वचिरं सम्मत्तं अणुपालिय पूरइत्तु मणयदुगं । सत्तमखिइनिग्गइए पढमे समए नरदुगस्स ॥ क. प्र. २, ९१. सव्वचिरं ति– सर्वचिरं सर्वोत्कृष्टं कालं अन्तर्मुहूर्तोनानि त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणीत्यर्थः । सम्यक्त्व-मनुपाल्य नारकः सप्तमक्षितौ वर्तमानः सम्यक्त्वप्रत्ययं तावन्तं कालं मनुजद्विकं मनुजगति-मनुजानुपूर्वीलक्षण-मापूर्य बद्ध्वा चरमेऽन्तर्मुहूर्ते मिथ्यात्वं गतः । ततस्तन्निमित्तं तिर्यग्द्विकं तस्य बध्नतो गणितकर्मांशस्य सप्त-मपृथिव्याः सकाशाद् विनिर्गतस्य प्रथमसमये एव मनुजद्विकं यथाप्रवृत्तसंक्रमेण तस्मिन् तिर्यग्द्विके बध्यमाने क्रमवर्तस्तस्य मनुजद्विकस्योत्कृष्टः प्रदेशसंक्रमो भवति । मलय.

※ देवगईनवगस्स य सगवंधालिंगं गंतुं ॥ २ क. प्र २–९० तथा देवगतिनवकं देवगति-देवानुपूर्वी-वैक्रियिकसप्तकलक्षणं यदा पूर्वकोटिपृथक्त्वं यावदापूर्यापूर्यमबधेक्षारकत्वेनेति प्रतिपन्नः सन् स्वकबन्धान्तात् स्वबन्ध-व्यवच्छेदादनन्तरमावलिकामात्रं कालमतिक्रम्य यशःकीर्तौ प्रक्षिपति तदा तस्योत्कृष्टप्रदेशसंक्रमो भवति । तदानीं हि एकसमयन्यूनद्विकावलिकायामपि गुणसंक्रमेण लभ्यमानं संक्रमावलिकातिक्रान्ततया संक्रमः प्राप्त इति कृत्वा । मलय.

आहारसरीर-आहारसरीरंगोवंग-बंधण-संघादाणं उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जेण गुणिदकम्मंसिएण एदाहि चदुहि पयडीहि चिरसंचिदाहि चत्तारिवारं कसाया♠ उवसामिदा, तदो तस्स खवणाए अब्भुट्ठियस्स परभवियणामाणं बंधे वोच्छिण्णे आवलियादिक्कंतस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो♣ ।

ओरालिय-तेजा-कम्मइयसरीर-तदंगोवंग-बंधण-संघादाणं मदिआवरणभंगो । पसत्थ-संठाण-संघडण-सुभगादेज्ज-सुस्सराणमुक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जो गुणिद-कम्मंसिओ बेछावट्ठीयो सम्मत्तमणुपालेयूण अक्खुत्तं कसाए उवसामिय खवणाए अब्भुट्ठिदो, तस्स परभवियणामाणं बंधवोच्छेदादो आवलियादिक्कंतस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो । णवरि वज्जरिसहसंघडणस्स चरिमदेवभवचरिमसमए उक्कस्सओ पदेससंकमो♠ ।

आहारशरीर, आहारशरीरांगोपांग, आहारशरीरबन्धन और आहारशरीरसंघातका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जिस गुणितकर्मांशिक जीवने चिरसंचित इन चार प्रकृतियोंके साथ चार बार कषायोंका उपशम किया है और तत्पश्चात् जो क्षपणामें उद्यत हुआ है उसके परभविक नामकर्मोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जानेके पश्चात् आवली मात्र कालके बीतनेपर उक्त चार प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है ।

औदारिक, तैजस व कार्मण शरीर तथा उनके अंगोपांग, बन्धन और संघातकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है । प्रशस्त संस्थान, प्रशस्त संहनन, सुभग, आदेय और सुस्वरका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक दो छयासठ सागरोपम काल तक सम्यक्त्वका पालन करके और चार बार कषायोंको उपशमा करके क्षपणामें उद्यत हुआ है, उसके परभविक नामकर्मोंकी बन्धव्युच्छित्ति हो जानेके पश्चात् आवली मात्र कालके बीतनेपर उनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है । विशेष इतना है कि वज्रर्षभनाराचसंहननका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम अन्तिम देवभवके अन्तिम समयमें होता है ।

♠ अ-काप्रत्योः ' कमाय ', ताप्रतौ ' कसायया ' इति पाठः ।

♣ आहारग-तित्थयरं थिरसमसुक्कस्स सम (ग) कालं ॥ क. प्र. २, ९२. इयमत्र भावना– आहार-सप्तकं तीर्थकरनाम चोत्कृष्टं स्वबन्धकालं यावदापूर्यं तत्राहारसप्तकस्य स्वबन्धकाल उत्कृष्टो देशोनां पूर्वकोटीं यावत्संयममनुपालयतो यावानप्रमततताकालस्तावान् सर्वो वेदितव्यः । मलय.

♠ सम्मदिट्ठिस्स सुभधुवाओ वि । सुभसयवणजुयाओ बत्तीससयोदहिचियाओ ॥ क. प्र. २, ८९. सम्य-ग्दृष्टेर्या शुभध्रुवबन्धिन्यः पंचेन्द्रियजाति-समचतुरस्रसंस्थान-पराघातोच्छ्वास-प्रशस्तविहायोगति–त्रस-बादर-पर्याप्त-प्रत्येक-सुभग-सुस्वरादेयलक्षणा द्वादशप्रकृतयः शुभसंहननयुता वज्रर्षभनाराचसंहननसहिताः । × × × तथाहि– षट्षष्टिसागरोपमाणि यावत्सम्यक्त्वमनुपालयन् एता बध्नाति । ततोन्तर्मुहूर्तं कालं यावत् सम्यग्मिथ्यात्वमनुभूय पुनरपि सम्यक्त्वं प्रतिपद्यते । ततो भूयोऽपि सम्यक्त्वमनुभवन् षट्षष्टिसागरोपमाणि यावदेताः प्रकृतीः बध्नाति । तदेवं द्वात्रिंशदधिकं सागरोपमशतं यावत् सम्यग्दृष्टिर्ध्रुवा आपूर्यं, वज्रर्षभनाराचसंहनन तु मनुष्यभवहीनं यथासंभवमुत्कृष्टं कालमापूर्य, ततः सम्यग्दृष्टेर्ध्रुवा अपूर्वकरणगुणस्थानके बन्धव्यवच्छेदान-न्तरमावलिकामात्रं कालमतिक्रम्य यशःकीर्तौ संक्रमयतस्तस्यामुत्कृष्टः प्रदेशसंक्रमः । मलय.

पसत्थाणं धुवबंधिणामाणं[1] सम्मत्तद्धा सव्वरहस्सा कायव्वा, अण्णहा गुणिदत्ता[2]णुववत्तीदो । चदुक्खुत्तं कसाए उवसामेदूण खवणाए तस्स परभवियणाम-बंधवोच्छेदादो आवलियादिवकंतस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो । एवं थिर-सुभाणं । परघादुस्सास-पसत्थविहायगइ-तस-बादर-पज्जत्त-पत्तेयसरीराणं सुहाणामभंगो । जसकित्तीए सुहाणामभंगो । णवरि परभवियणामाणं बंधवोच्छेदस्स चरिमसमए उक्कस्सओ पदेससंकमो कायव्वो ।

एइंदिय-आदाव-थावरणामाणं उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स ? जो गुणिद-कम्मंसिओ ईसाणदेवे पच्छायदो होदूण अणुवसामिदकसाओ सव्वलहुं खवणाए अब्भुट्ठिदो, तस्स चरिमसमयसंछुहमाणयस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो[3] । उज्जोवणामाए वि ईसाणदेवपच्छायदे खवगे सव्वसंकमेण संकामेंतए उक्कस्ससामित्तं दादव्वं । किं कारणं? तसजादिणामाओ बहुआओ पयडीओ बंधदि, एइंदियजादिणामाओ थोवाओ बंधदि । तदो णेरइयो तसजादिणामपडिभागं[4] बंधदि उज्जोवणामं, ईसाणदेवा पुण[5]

प्रशस्त ध्रुवबन्धी नामकर्मोंका सम्यक्त्वकाल सबसे ह्रस्व करना चाहिये, क्योंकि, इसके विना गुणितत्व बन नहीं सकता । चार बार कषायोंको उपशमा कर जो क्षपणामें उद्यत होता है उसके परभविक नामकर्मोंकी बन्धव्युच्छित्तिके पश्चात् आवली मात्र कालके बीतनेपर उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है । इसी प्रकार स्थिर और शुभ प्रकृतियोंके विषयमें कहना चाहिय ।

परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त और प्रत्येकशरीरकी प्ररूपणा शुभ नामकर्मके समान है । यशकीर्तिकी भी प्ररूपणा शुभ नामकर्मके समान है । विशेषता इतनी है कि उसका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम परभविक नामोंकी बन्धव्युच्छित्तिके अन्तिम समयमें करना चाहिये ।

एकेन्द्रिय, आतप और स्थावर नामकर्मोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो गुणितकर्मांशिक ईशान देव देवपर्यायसे पीछे आकर एक बार भी कषायोंको न उपशमा कर सर्वलघु कालमें क्षपणामें उद्यत होता है उसके निक्षेपण करते हुए अन्तिम समयमें उनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है । ईशानकल्पगत देवपर्यायसे पीछे आकर सर्वसंक्रमके द्वारा उद्योत नामकर्मका संक्रमण करनेवाले क्षपकके उसके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका स्वामित्व देना चाहिये ।

इसका कारण क्या है ?

समाधान– त्रसजाति नामकर्मको बहुत बांधता है और एकेन्द्रियजाति नामकर्मको स्तोक बांधता है । इसलिये नारक जीव उद्योत नामकर्मको त्रसजाति नामकर्मके प्रतिभाग रूप बांधता है, परन्तु ईशान देव उसको ही एकेन्द्रियजाति नामकर्मके प्रतिभाग रूप बांधते हैं

---

[1] प्रतिषु ' धुवबंधविणाणं ' इति पाठः । [2] अप्रतौ ' गुणदत्ता- ', ताप्रतौ ' गुण (णि) दत्ता- ', इति पाठः । [3] थावर-तज्जा-आपाउज्जोयाओ नपुंसगसमाओ । क. प्र. २, ९२. [4] ताप्रतौ 'पवडिभागं' इति पाठः । [5] ताप्रतौ ' बंधदि, उज्जोवणामं ईसाणदेवा, पुण ' इति पाठः ।

तं चेव एइंदियजादिणामपडिभागं बंधदि । एदेण कारणेण ईसाणदेवपच्छायदे उक्कस्ससामित्तं दादव्वं ।

अप्पसत्थसंठाण-अप्पसत्थसंघडण-अप्पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-उवघाद-अप्पसत्थविहायगइ-णीचागोद-अथिर-असुह-दूभग-दुस्सर-अणादेज्ज-अजसगित्तीणं उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स? जो णेरइयो गुणिदकम्मंसियो सत्तमादो पुढवीदो उव्वट्टिदो, सव्वरहस्सेण कालेण खवणाए अब्भुट्ठिदो, तस्स चरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो* । बेइंदिय-तेइंदिय-चउरिंदिय-सुहुम-अपज्जत्त-साहारणाणं उक्क०* कस्स? तिरिक्ख-मणुस्सेसु पुव्वकोडिपुधत्तं विगट्टिदूण कसाए अणुवसामिय सव्वलहुं जो खवेदि, तस्स चरिमसमयसंछोहयस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो । णवरि अपज्जत्तयस्स सुहुमसांपराइयचरिमसमए ।

उच्चागोदस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो कस्स? जो गुणिदकम्मंसिओ चदुक्खुत्तो(१) कसाए उवसामेऊण मिच्छत्तं गदो, तदो चरिमस्स णीचागोदबंधयस्स पढमसमए रहस्सेण कालेण सिज्झिहिदि त्ति उच्चागोदस्स उक्कस्सओ पदेससंकमो▣ । एवमुक्कस्ससामित्तं समत्तं ।

इस कारण ईशानगत देवपर्यायसे पीछे आये हुए जीवके उद्योत नामकर्मके उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रमका स्वामित्व देना चाहिये ।

अप्रशस्त संस्थान, अप्रशस्त संहनन, अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस व स्पर्श, उपघात, अप्रशस्त विहायोगति, नीचगोत्र, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, और अयशकीर्ति; इनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक नारकी जीव सातवीं पृथिवीसे निकलकर सर्वलघु कालमें क्षपणामें उद्यत होता है उस अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिकके उक्त प्रकृतियोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है । द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय जाति, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण नामकर्मोंका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो तिर्यंचों और मनुष्योंमें पूर्वकोटिपृथक्त्व तक विचरण करके कषायोंको न उपशमा कर सर्वलघु कालमें क्षपणा करता है उसके संक्रम करते हुए अन्तिम समयमें उनका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है । विशेष इतना है कि अपर्याप्त नामकर्मका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समयमें होता है ।

उच्चगोत्रका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो गुणितकर्मांशिक चार बार कषायोंको उपशमा कर मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ है, तत्पश्चात् (नीचगोत्रको बांधता हुआ जो नीचगोत्रकी बन्धव्युच्छित्तिके पश्चात्) थोडे ही कालमें सिद्धिको प्राप्त होनेवाला है उस अन्तिम समयवर्ती नीचगोत्रबन्धके उक्त अल्प सिद्धिकालके प्रथम समयमें उच्चगोत्रका उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम होता है । इस प्रकार उत्कृष्ट प्रदेशसंक्रम स्वामित्व समाप्त हुआ ।

---

* कम्मचउक्के असुभाण बज्झमाणीण सुहुम (सवग) रागंते । क. प्र. २, ८०. * काप्रतौ 'साहारणाणं कुदो उक्क०' इति पाठः । (१) अ-काप्रत्योः 'चदुक्खेत्ते', ताप्रतौ 'चदुक्खे (त्तं' इति पाठः ।

▣ चउरुवसमित्तु मोहं मिच्छत्तगयस्स नीयबंधंतो । उच्चागोउक्कोसो तत्तो लहु सिज्झओ होउ ॥ क. प्र. २, ९३. चतुष्कृत्वश्च मोहोपशमः किल भवद्वयेन भवति । ततस्तृतीये भवे मिथ्यात्वं गतः सन् नीचैर्गोत्रं बध्नाति । तच्च बध्नन् तथोच्चैर्गोत्रं संक्रमयति । ततः पुनरपि सम्यक्त्वमासाद्योच्चैर्गोत्रं बध्नन् तत्र

एत्तो जहण्णयं पदेससंकमस्स सामित्तं। तं जहा- मदिआवरणस्स जहण्णपदेससंकामओ को होदि ? जो अभवसिद्धियपाओग्गेण सव्वजहण्णसंतकम्मेण चदुक्खुत्तो कसाए उवसामेदूण संजमासंजमं संजमं च बहुसो लद्धूण उप्पण्णोहिणाणो संतो खवेदि, तस्स चरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स जहण्णओ पदेससंकमो। सुद-मणपज्जव-केवलणाणावरणाणं मदिआवरणभंगो। एवं ओहिणाणावरणस्स वि। णवरि खवेंतस्स ओहिणाणं णत्थि त्ति वत्तव्वं✪।

चक्खु-अचक्खु-केवलदंसणावरणाणं मदिआवरणभंगो। ओहिदंसणावरणस्स ओहिणाणावरणभंगो✽। णिद्दा-पयलाणं सुदावरणभंगो। णवरि णिद्दा-पयलाणं जहण्णसंकमो ओहिणाणिस्स चेव होदि त्ति णियमो णत्थि। णिद्दा-पयलाणं बंधवोच्छेदस्स❤ चरिमसमए चेव जहण्णसंकमो दायव्वो✪। थीणगिद्धितियस्स जहण्णपदेससंकमो कस्स ? जो

अब यहां जघन्य प्रदेशसंक्रमके स्वामित्वकी प्ररूपणा की जाती है। यथा- मतिज्ञानावरणका जघन्य प्रदेश संक्रामक कौन होता है ? जो अभव्यसिद्धिक प्रायोग्य सर्वजघन्य सत्कर्मके साथ चार बार कषायोंको उपशमा कर और बहुत बार संयमासंयम एवं संयमको प्राप्त करके उत्पन्न हुए अवधिज्ञानसे संयुक्त होता हुआ क्षपण करता है उस अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिकके मतिज्ञानावरणका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। श्रुतज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण और केवलज्ञानावरणकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है। अवधिज्ञानावरणकी भी प्ररूपणा इसी प्रकार ही है। विशेष इतना है कि क्षपणा करते हुए उसके अवधिज्ञान नहीं होता, यह कहना चाहिये।

चक्षु, अचक्षु और केवलदर्शनावरणकी प्ररूपणा मतिज्ञानावरणके समान है। अवधिदर्शनावरणकी प्ररूपणा अवधिज्ञानावरणके समान है। निद्रा और प्रचलाकी प्ररूपणा श्रुतज्ञानावरणके समान है। विशेष इतना है कि निद्रा और प्रचलाका जघन्य संक्रम अवधिज्ञानीके ही होता है, ऐसा नियम नहीं है। निद्रा और प्रचलाके जघन्य संक्रमको बन्धव्युच्छेदके अन्तिम समयमें ही देना चाहिये। स्त्यानगृद्धित्रयका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता

नीचैर्गोत्रं संक्रमयति। एवं भूयो भूय उच्चैर्गोत्रं नीचैर्गोत्रं च बध्नतो नीचैर्गोत्रबन्धव्यवच्छेदानन्तरं शीघ्रमेव सिद्धिं गन्तुकामस्य नीचैर्गोत्रबन्धचरमसमये उच्चैर्गोत्रस्य गुणसंक्रमणेन बन्धेन चोपचितीकृतस्योत्कृष्टः प्रदेशसंक्रमो भवति। मलयगिरि.

✪ आवरणसत्तगम्मि उ सहोहिणा तं विणोहिअयलम्मि। क. प्र. २, ९७ ✽ अ-काप्रत्योः 'ओहिदंसणावरणभंगो' इति पाठः। ❤ मप्रतिपाठोऽयम्। अ-काप्रत्योः 'बोच्छेदो दुण्ण', ताप्रतौ 'बोच्छेदे हस्स' इति पाठः। ✪ णिद्दादुगंतराइय-हासचउक्के य बंधंते॥ क. प्र. २, ९७ निद्राद्विकं निद्रा-प्रचलारूपं, अन्तरायपंचकं हास्यचतुष्कं हास्य-रति-भय-जुगुप्सालक्षणं, एतासामेकादशप्रकृतीनां (११) स्वबन्धान्तसमये यथाप्रवृत्तसंक्रमेण जघन्यः प्रदेशसंक्रमो भवति। निद्राद्विक-हास्यचतुष्टययोर्बन्धव्यवच्छेदानन्तरं गुणसंक्रमेण संक्रमो जायते। ततः प्रभूतं दलिकं लभ्यते। अन्तरायपञ्चकस्य (तु) बन्धव्यवच्छेदानन्तरं संक्रम एव न भवति, पतद्ग्रहाप्राप्तेः, ततो बन्धान्तसमयग्रहणम्। मलय.

खविदकम्मंसियलक्खणेणागंतूण संजमं※ पडिवण्णो, सव्वजहण्णमंतोमुहुत्तावसेसे संसारे चरिमसमयअधापवत्तकरणो जादो, ताधे तस्स जहण्णगो पदेससंकमो※ ।

सादस्स जहण्णपदेससंकमो कस्स ? जो अभवसिद्धियपाओग्गेण जहण्णेण संतकम्मेण कसाए अणुवसामेदूण खवेदि, तस्स जाधे चरिमो असादबंधो तस्स बंधस्स चरिमसमए सादस्स जहण्णओ पदेससंकमो※ । असादस्स जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ? जो जहण्णेण संतकम्मेण चदुक्खुत्तो कसाए उवसामेयूण खवेदि, तस्स अधापवत्तकरणचरिमसमयम्हि जहण्णगो पदेससंकमो ※ ।

मिच्छत्तस्स जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ? जो जहण्णेण संतकम्मेण बेछावट्ठीओ सम्मत्तमणुपालेयूण, चदुक्खुत्तो कसाए उवसामिय, संजमं संजमासंजमं च बहुसो लद्धूण, सव्वमहंतिं सम्मत्तद्धमणुपालेदूण अंतोमुहुत्तेण सिज्झिहिदि त्ति दंसणमोहणीयं खवेदि, तदो दंसणमोहक्खवगअधापवत्तकरणस्स चरिमसमए जहण्णओ पदेससंकमो✤ ।

है ? जो क्षपितकर्मांशिक स्वरूपसे आकर संयमको प्राप्त हो सर्वजघन्य अन्तर्मुहूर्त मात्र संसारके शेष रहनेपर अन्तिम समयवर्ती अधःप्रवृत्तकरण हुआ है उसके उस समय स्त्यानगृद्धित्रयका जघन्य प्रदेससंक्रम होता है ।

सातावेदनीयका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो अभव्यसिद्धिक प्रायोग्य जघन्य सत्कर्मके साथ कषायोंका न उपशमा कर क्षय करता है, उसके जब असातावेदनीयका अन्तिम बन्ध होता है तब उस बन्धके अन्तिम समयमें सातावेदनीयका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है । असातावेदनीयका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो जघन्य सत्कर्मके साथ चार वार कषायोंका उपशमा कर क्षय करता है उसके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें असातावेदनीयका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है ।

मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो जघन्य सत्कर्मके साथ दो छयासठ सागरोपम तक सम्यक्त्वका पालन कर, चार वार कषायोंको उपशमा कर, संयम और संयमा-संयमको बहुत वार प्राप्त कर, तथा सबसे महान् सम्यक्त्वकालका पालन करके अन्तर्मुहूर्त कालमें सिद्ध होनेवाला है, इसीलिये जो दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करता है, उस दर्शनमोहक्षपकके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है । सम्यक्त्व और

※ अ-काप्रत्योः 'गंतूण णा संजमं' ताप्रतौ 'गंतूण (णा) संजमं' इति पाठः ।

※ अयरछावट्ठिदुगं पालिय पीणेय-थीणगिद्धितिगे । समखवणहापवत्तस्संत (ते) × × × ॥ २, ९९.

※ सायस्स णुवसमित्ता असायबंधाण चरिमबंधंते क. प्र. २, ९८

※ अट्ठकसायासाए य असुभधुवबंधि अथिरतिगे य । सव्वलहु खवणाए अहापवत्तस्स चरिमम्मि ॥ क. प्र. २, १०२.

✤ मिच्छत्तस्स जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ? खविदकम्मंसिओ एइंदियकम्मेण जहण्णएण मणुसेसु आगदो सव्वलहुं चेव सम्मत्तं पडिवण्णो संजमं संजमासंजमं च बहुसो लभिदाऊणो चत्तारिवारे कसाए उवसामित्ता बे छावट्ठि-सागरोवमाणि सादिरेयाणि सम्मत्तमणुपालिदं । तदो मिच्छत्तं गदो अंतोमुहुत्तेण पुणो तेण सम्मत्तं लद्धं । पुणो सागरोवमपुधत्तं सम्मत्तमणुपालिदं । तदो दंसणमोहणीयक्खवणाए अब्भुट्ठिदो । तस्स चरिमसमयअधापवत्तकरणस्स मिच्छत्तस्स जहण्णओ पदेससंकमो । क. पा. सु. पृ. ४०५, ८४-४९. 'एमेव मिच्छत्त' इति 'एवमेव

सम्मत्तसम्मामिच्छत्ताणं जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ? जेण जहण्णेण मिच्छत्तसंतकम्मेण सम्मत्तमुप्पाइदं, जहण्णेण गुणसंकमेण जहण्णपूरणकालेण च सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणि पूरिदाणि, तदो बे-छावट्ठीयो सम्मत्तमणुपालेदूण मिच्छत्तं गदो; सव्वमहंतेण उव्वेल्लणकालेण उव्वेल्लेदि, तदो दुचरिमस्स उव्वेल्लणखंडयस्स चरिमसमए सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जहण्णओ पदेससंकमो * ।

अणंताणुबंधीणं जहण्णगो पदेससंकमो कस्स ? अभवसिद्धियपाओग्गेण जहण्णेण संतकम्मेण चदुक्खुत्तो कसाए उवसामेदूण तदो अणंताणुबंधिविसंजोइदं संजोइदं कादूण [ब] सव्वमहंतिं सम्मत्तद्धमणुपालेदूण तदो विसंजोयणं गदो, विसंजोयणाए अधापवत्तकरणस्स चरिमसमए अणंताणुबंधीणं जहण्णओ पदेससंकमो ✿ । अट्ठण्णं कसायाणं जहण्णओ

सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जिसने मिथ्यात्वके जघन्य सत्कर्मके साथ सम्यक्त्वको उत्पन्न कर लिया है तथा जघन्य गुणसंक्रम और जघन्य पूरणकालके द्वारा सम्यक्त्व एवं सम्यग्मिथ्यात्वको (मिथ्यात्वके प्रदेशाग्रसे) पूर्ण किया है, तत्पश्चात् जो दो छ्यासठ सागरोपम काल तक सम्यक्त्वका परिपालन करके मिथ्यात्वको प्राप्त होता हुआ सबसे महान् उद्वेलनकालके द्वारा उद्वेलना करता है उसके द्विचरम उद्वेलनकाण्डकके अन्तिम समयमें सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है।

अनन्तानुबन्धी कषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? अभव्यसिद्धिक प्रायोग्य जघन्य सत्कर्मके साथ चार चार कषायोंको उपशमा कर तत्पश्चात् मिथ्यात्वको प्राप्त होकर अल्प काल तक विसंयोजित) अनन्तानुबन्धीको संयोजित करके जो सबसे महान् सम्यक्त्वकालका पालन करते हुए विसंयोजनको प्राप्त हुआ है, उसके विसंयोजन करते हुए अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें अनन्तानुबन्धी कषायोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। आठ कषायोंका जघन्य

पूर्वोक्तप्रकारेण मिथ्यात्वस्य जघन्यप्रदेशसंक्रमोऽवगन्तव्यः । तद्यथा– द्वे षट्षष्टी सागरोपमाणां यावत्सम्यक्त्वमनुपाल्य तावन्तं कालं मिथ्यात्वं गालयित्वा किंचिच्छेषस्य मिथ्यात्वस्य क्षपणाय समुद्यतस्य स्वकीययथाप्रवृत्तकरणान्तसमये वर्तमानस्य विध्यातसंक्रमेण मिथ्यात्वस्य जघन्यः प्रदेससंक्रमो भवति, परतो गुणसंक्रमः प्रवर्तते, तेन स न प्राप्यते । क. प्र. (मलय.) २, ९९.

* सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ? एसो चेव जीवो मिच्छत्तं गदो । तदो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं गंतूण अप्पप्पणो दुचरिमट्ठिदिखंडय चरिमसमयउव्वेल्लमाणयस्स जहण्णओ पदेससंकमो। क. पा. सु. पृ. ४०७, ४९–५० हस्सगुणकसंबद्धाए पूरयित्ता समीप-मम्मसं । चिरसंमत्ता मिच्छत्तगयस्सुव्वलण-थोगो सि ॥ क. प्र. २, १००.

[ब] ताप्रतौ ' अणंताणुबंधिविसंजोइदं कादूण ' इति पाठः।

✿ अणंताणुबंधीणं जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ? एइंदियकम्मेण जहण्णएण तसेसु आगदो । संजमं संजमासंजमं च बहुसो लद्धूण चत्तारि वारे कसाए उवसामिता तदो एइंदिएसु पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमच्छिदो जाव उवसामयसमयपबद्धा णिग्गलिदा त्ति । तदो पुणो तसेसु आगदो सव्वलहुं सम्मत्तं लद्धं अणंताणुबंधिणो

पदेससंकमो कस्स ? जो जहण्णसंतकम्मेण चदुक्खुत्ते कसाए उवसामेयूण खवेदि, तदो खवणाए अधापवत्तकरणस्स चरिमसमए वट्टमाणस्स तेसिं जहण्णओ पदेससंकमो ▣।

एवमरदि-सोगाणं ❁। हस्स-रदि-भय-दुगुंछाणं पि एवं चेव। णवरि आवलियअपुव्वकरणस्स ❃। तिण्णिसंजलण-पुरिसवेदाणं जहण्णओ पदेससंकमो कस्स? उवसामयस्स अपच्छिमसमयपबद्धं घोलमाणजहण्णजोगेण बद्धं अपच्छिमसंकामयंतस्स जहण्णओ पदेससंकमो ❊। (लोहसंजलणाए ♠ जहण्णओ पदेससंकमो) कस्स? जो जहण्णएण संतकम्मेण कसाए अणुवसामेयूण खवेदि तस्स अपुव्वकरणस्स आवलियपविट्ठस्स लोभसंजलणाए

प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो जघन्य सत्कर्मके साथ चार वार कषायोंको उपशमा कर क्षपणा करता है और तत्पश्चात् क्षपणा करते हुए जो अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें वर्तमान है उसके उनका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है।

इसी प्रकार अरति और शोकके जघन्य प्रदेशसंक्रमका कथन करना चाहिये। हास्य, रति, भय और जुगुप्साके भी जघन्य प्रदेशसंक्रमकी प्ररूपणा इसी प्रकार करना चाहिये। विशेष इतना है कि इनका जघन्य प्रदेशसंक्रम आवली कालवर्ती अपूर्वकरणके होता है। तीन संज्वलन और पुरुषवेदका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो घोलमान जघन्य योगके द्वारा बांधे गये अन्तिम समयप्रबद्धका संयम कर रहा है ऐसे उपशामक जीवके संक्रमकके अन्तिम समयमें उन चार प्रकृतियोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। (संज्वलन लोभका जघन्य प्रदेशसंक्रम) किसके होता है ? जो जघन्य सत्कर्मके साथ कषायोंका उपशम न करके क्षय करता है उस आवली

विसंजोइदा। पुणो मिच्छत्तं गंतूण अंतोमुहुत्तं संजमं एदूण पुणो तेण सम्मत्तं लद्धं। तदो सागरोवमवेछावट्ठीओ अणुपालिदं। तदो विसंजोएदुमाढत्तो। तस्स अधापवत्तकरणचरिमसमए अणंताणुबंधीणं जहण्णओ पदेससंकमो। क. पा. सु. पृ. ४०७, ५१-५२. संजोयणाण चउरुवसमित्तु सजोजइत्तु अप्पद्धं। अपरिच्छावट्ठिदुगं पालिय सकहण्णयत्तंते॥ क. प्र. २, १०१.

▣ अट्ठण्हं कसायाणं जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ? एइंदियकम्मेण जहण्णएण तसेसु आगदो संजमासंजमं संजमं च बहुसो गदो। चत्तारि वारे कसाए उवसामित्ता तदो एइंदिएसु गदो। असंखेज्जाणि वस्साणि अच्छिदो जाव उवसामयसमयपबद्धा णिग्गलंति। तदो तसेसु आगदो संजमं संजमासंजमं लद्धो। पुणो कसायक्खवणाए उवट्ठिदो। तस्स अधापवत्तकरणस्स चरिमसमए अट्ठण्हं कसायाणं जहण्णओ पदेससंकमो। क. पा. सु. पृ. ४०८, ५३-५४. अट्ठकसायासाए य असुभधुवबंधि अथिरतिगे य। संजलणं खवणाए अहापवत्तस्स चरिमम्मि॥ क. प्र. २, १०२.

❁ असाएण समा अरई य सोगो य। क. प्र. २, १०३.

❃ हस्स-रइ-भय-दुगुंछाणं पि एवं चेव, णवरि अपुव्वकरणस्सावलियपविट्ठस्स। क. पा. सु. पृ. ४०७, ५६.

❊ कोहसंजलणस्स जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ? उवसामयस्स चरिमसमयपबद्धो जाधे उवसामिज्जमाणो उवसंतो ताधे तस्स कोहसंजलणस्स जहण्णओ पदेससंकमो। एवं माण-मायासंजलण-पुरिसवेदाणं। क. पा. सु. पृ. ४०८, ५७-५९. पुरिसे संजलणतिगे य घोलमाणेण चरमबद्धस्स। सगअंतिमे। ××× क. प्र. २, १०३.

♠ ताप्रतौ 'बद्धं अपच्छिमसंकामयंतस्स। (लोभसंजलणाए)' इति पाठः।

जहण्णओ पदेससंकमो* ।

इत्थवेदस्स जहण्णओ पदेससंकमो कस्स? जो जहण्णसंतकम्मेण बे-छावट्ठीओ सम्मत्तमणुपालिय चदुक्खुत्तो कसाए उवसामिय तदो खवेंतस्स अधापवत्तकरणस्स चरिमसमए इत्थिवेदस्स जहण्णओ पदेससंकमो♥ । णवुंसयवेदस्स इत्थिवेदभंगो। णवरि पुव्वं चेव तिपलिदोवमिएसु उप्पाइय अवसाणे सम्मत्तं घेत्तूण बे-छावट्ठीयो[1] हिंडावेयव्वो[2] ।

आउआणं णत्थि संकमो । णिरयगइणामाए जहण्णओ पदेससंकमो कस्स? जो उव्वेल्लिदेण कम्मेण अंतोमुहुत्तं संजोएदूण सत्तमपुढवि गदो, तदो उव्वट्टिदो[3] संतो अणंताणुबंधीणं एत्तदो (?) तदो एइंदिएसु जीवेसु महंतेण[4] उव्वेल्लणकालेण उव्वेल्लमाणस्स जं दुचरिमट्ठिदिखंडयं तस्स चरिमसमए णिरयगइणामाए जहण्णओ पदेससंकमो[5] देवगईए णिरयगइभंगो ।

कालवर्ती अपूर्वकरणके संज्वलन लोभका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है ।

स्त्रीवेदका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो जघन्य सत्कर्मके साथ दो छयासठ सागरोपम काल तक सम्यक्त्वको पालकर और चार बार कषायोंको उपशमा कर फिर क्षय करनेमें प्रवृत्त होता है उसके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें स्त्रीवेदका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। नपुंसकवेदकी प्ररूपणा स्त्रीवेदके समान है। विशेष इतना है कि पहिले ही तीन पल्योपम आयुवालोंमें उत्पन्न कराकर अन्तमें सम्यक्त्वको ग्रहण करके दो छयासठ सागरोपम तक घुमाना चाहिये ।

आयु कर्मोंका संक्रम नहीं होता। नरकगति नामकर्मका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो उद्वेलित कर्मके साथ अन्तर्मुहूर्त काल संयुक्त होकर सातवीं पृथिवीको प्राप्त हुआ है, तत्पश्चात् वहांसे निकलकर (पंचेन्द्रिय तिर्यंचोंमें उत्पन्न हो अल्प काल उसका बन्ध करके) फिर एकेंद्रिय जीवोंमें महान् उद्वेलनकाल द्वारा उद्वेलना कर रहा है उसका जो द्विचरम स्थितिकाण्डक है उसके अन्तिम समयमें नरकगति नामकर्मका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है। देवगति नामकर्मकी प्ररूपणा नरकगतिके समान है ।

---

* लोहसंजलणस्स जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ? एइंदियकम्मेण जहण्णएण तसेसु आगदो संजमासंजमं संजमं च बहुसो लद्धूण कसाएसु किं पि णो उवसामेदि। दीहं संजमद्धमणुपालिदूण खवणाए अब्भुट्ठिदो तस्स अपुव्वकरणस्स आवलियपविट्ठस्स लोहसंजलणस्स जहण्णओ पदेससंकमो। क. पा. सु. पृ. ४०९, ६०-६१. खवणाए लोभस्स वि अपुव्वकरणालिगाअंते । क. प्र. २, ९८. ♥ क. पा. सु. पृ. ४१०, ६४.

[1] अप्रतौ ' वेछावट्ठि ', काप्रतौ ' वेछावट्ठि ' इति पाठः । ✿ क. पा. सु. पृ. ४०९, ६०-६३.

[2] अप्रतौ ' उवट्टिदा ', काप्रतौ ' उव्वेल्लिदो ' इति पाठः । [3] अप्रतौ ' जीवेसु हत्तेण ', काप्रतौ ' जीवेसु सुहत्तेण ' ताप्रतौ ' जीवेसु हत्तेण (महंतेण) ' इति पाठः ।

[4] वेउव्वि(व्वे)क्कारसगं उव्वल्लियं बंधिऊण अन्तद्धं। जिट्ठठिई निरयाओ उव्वट्टित्ता अबंधिलू ।। आवरणयस्स चिरउव्वलणो (णे) ××× क प्र. २,१०४-५. वेउव्वित्ति- देवद्विक-नरकद्विक-वैक्रियिकसप्तकलक्षणं वैक्रियैकादशकं एकेन्द्रियभवे उद्वर्तमानेनोद्वलितं पुनरपि पंचेन्द्रियत्वमुपगतेन सप्तसागरोपमस्थितिकं सत्कालमन्तर्मुहूर्तकालं

मणुसगइणामाए जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ? जो तेउक्काइओ वाउक्काइओ वा उव्वेल्लिदमणुसगइणामकम्मो जहण्णेण कम्मेण तेउ-वाउवज्जेसु सुहुमेसु खुद्दाभवग्गहणमच्छिऊण संजुत्तो, पुणो तेउजीवे वा वाउजीवे वा गदो तस्स सव्वमहंतेण उव्वेलणकालेण मणुसगइं उव्वेल्लमाणस्स जं दुचरिमुव्वेल्लणखंडयं तस्स चरिमसमए जहण्णओ पदेससंकमो* ।

तिरिक्खगइ-उज्जोवणामाणं जहण्णओ पदेससंकमो कस्स ? जो जहण्णएण संतकम्मेण मणुसगइं गदो, तिपलिदोवमिएसु उववण्णो, अंतोमुहुत्ते सेसे सम्मत्तं लद्धूण पलिदोवमिओ देवो जादो, तदो अपरिवडिदेण सम्मत्तेण मणुसगदिं गदो, पुणो वि अपरिवडिदेण एक्कत्तीसागरोवमिओ देवो जादो, अंतोमुहुत्तुववण्णो मिच्छत्तं गदो, तदो तस्स देवभवस्स अंतोमुहुत्तसेसे सम्मत्तं लद्धं तदो बे-छावट्ठिसेसा सम्मत्त-

---

मनुष्यगति नामकर्मका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? मनुष्यगति नामकर्मकी उद्वेलना करनेवाला जो तेजकायिक अथवा वायुकायिक जीव जघन्य कर्मके साथ तेजकायिक और वायुकायिकको छोड़कर शेष सूक्ष्म एकेन्द्रिय जीवोंमें क्षुद्रभवग्रहण काल रहकर उसको बांधता है, फिर तेजकायिक अथवा वायुकायिक जीवोंमें जाकर सबसे महान् उद्वेलनकालके द्वारा मनुष्यगतिकी उद्वेलना कर रहा है, उसका जो द्विचरम उद्वेलनकाण्डक है उसके आन्तम समयमें उसका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है ।

तिर्यंचगति और उद्योत नामकर्मका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसका होता है ? जो जघन्य सत्कर्मके साथ मनुष्यगतिको प्राप्त होकर तीन पल्योपम प्रमाण आयुवालोंमें उत्पन्न हुआ है, वहां अन्तर्मुहूर्त आयुके शेष रहनेपर सम्यक्त्वको प्राप्त कर पल्योपम प्रमाण आयुवाला देव हुआ, तत्पश्चात् अप्रतिपतित सम्यक्त्वके साथ मनुष्यगतिको प्राप्त हुआ, फिरसे भी अप्रतिपतित सम्यक्त्वके साथ इकतीस सागरोपम प्रमाण आयुवाला देव हुआ, वहां उत्पन्न होनेके पश्चात् अन्तर्मुहूर्तमें मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ, पश्चात् उस देवभवके अन्तर्मुहूर्त शेष रहनेपर सम्यक्त्वको प्राप्त हुआ, पश्चात् जो शेष दो छयासठ सागरोपम तक सम्यक्त्वका परिपालन करके चार

यावदित्यर्थः । बद्ध्वा, ततो ज्येष्ठस्थितिरुत्कृष्टस्थितिस्त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमस्थितिक इत्यर्थः। सप्तमनरकपृथिव्यां नारको जातः । ततस्तावन्तं कालं यावत् यथायोगं तद्वैक्रियैकादशकमनुभूय ततो नरकादुद्वृत्य पंचेन्द्रियतिर्यक्षु मध्ये समुत्पन्नः । तत्र च तद्वैक्रियैकादशकमबध्वा स्थावरेष्वेकेन्द्रियेषु मध्ये समुत्पन्नः । तस्य चिरोद्वलनया पल्योपमासंख्येयभागमात्रेण कालेनोद्वलनया तदुद्वलयतो यत् द्विचरमखण्डस्य चरमसमये प्रकृत्यन्तरे दलिकं संक्रामति, स तस्य वैक्रियैकादशकस्य जघन्यः प्रदेशसंक्रमः । मलय.

* ×××एयस्स एव उच्चस्स । मणुयदुगस्स य तेउसु वाउसु वा सुहुमबद्धाणं ।। क प्र. २, १०५. ××× इयमत्र भावना- मनुजद्विकमुच्चैर्गोत्रं च प्रथमतस्तेजोवायुभवे वर्तमाननोद्वलितम् पुनरपि सूक्ष्मैकेन्द्रियभवमुपागतेनान्तर्मुहूर्तं यावद् बद्धम्, ततः पंचेन्द्रियभवं गत्वा सप्तमनरकपृथिव्यामुत्कृष्टस्थितिको नारको जातः । तत उद्वृत्य पंचेन्द्रियतिर्यक्षु मध्ये समुत्पन्नः । एतावन्तं च कालमबध्वा प्रदेशसंक्रमेण चानुभूय तेजोवायुषु मध्ये समागतः । तस्य मनुजद्विकोच्चैर्गोत्रे चिरोद्वलनयोद्वलयतो द्विचरमखण्डस्य चरमसमये परप्रकृतौ यद्दलं संक्रामति स तयोर्जघन्यः प्रदेशसंक्रमः । मलय.

मणुपालिय, चदुक्खुत्तो कसाए उवसामिय, तिस्से उक्कस्सियाए सम्मत्तद्धाए अंतोमुहुत्ते सेसे खवणाए अब्भुट्ठिदो, तदो अधापवत्तकरणस्स चरिमसमए तिरिक्खगइ-उज्जोवणामाणं जहण्णओ पदेससंकमो ✡ ।

जहा गईणं तहा तासिमाणुपुव्वीणं पि वत्तव्वं । देवगदिवेउव्विय-वेउव्वियसरीर-अंगोवंग-बंधण-संघादाणं णिरयगइभंगो । आहारसरीर-आहारसरीरंगोवंग-बंधण-संघादाणं जहण्णपदेससंकमो कस्स ? जो अभवसिद्धियपाओग्गाणं जहण्णेण कम्मेण पढमदाए जहण्णियं संजमद्धमणुपालेयूण मिच्छत्तं गदो, तदो तस्स उक्कस्सउव्वेल्लणकालस्स जं दुचरिममुव्वेल्लणखंडयं तस्स चरिमसमए तेसिं ✡ जहण्णओ पदेससंकमो ✡ । ओरालियसरीर-ओरालियसरीरंगोवंग-बंधण-संघादाणं जहण्णओ पदेससंकमो कस्स? जो जहण्णएण कम्मेण तिपलिदोवमिएसु मणुस-तिरिक्खेसु उववण्णो तस्स चरिम-

---

बार कषायोंको उपशमा कर उस उत्कृष्ट सम्यक्त्वकालमें अन्तर्मुहूर्त शेष रहनेपर क्षपणामें उद्यत हुआ है, उसके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें तिर्यग्गति और उद्योत नामकर्मका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है ।

जैसे गतियोंके जघन्य प्रदेशसंक्रमकी प्ररूपणा की गयी है वैसे ही उनकी आनुपूर्वियोंकी भी प्ररूपणा करना चाहिये । वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकशरीरांगोपांग, वैक्रियिकबन्धन और वैक्रियिकसंघातकी प्ररूपणा नरकगतिके समान है । आहारकशरीर, आहारकशरीरांगोपांग, आहारकबन्धन और आहारकसंघातका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो अभव्यसिद्धिक प्रायोग्य उक्त प्रकृतियोंके जघन्य संक्रमके साथ प्रथमतः जघन्य संयमकालका पालन कर फिर मिथ्यात्वको प्राप्त हुआ है, उसके उत्कृष्ट उद्वेलनकालका जो द्विचरम उद्वेलनकाण्डक है उसके चरम समयमें उक्त प्रकृतियोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है ।

औदारिकशरीर, औदारिकशरीरांगोपांग, औदारिकबन्धन और औदारिकसंघातका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो जघन्य सत्कर्मके साथ तीन पल्योपम आयुवालों

✡ देवट्ठिसयं उदहीणं स चउपल्लाहियं अबंधिता । अंते अहापवत्तकरणस्स उज्जोव-तिरियदुगे ॥ क. प्र. २, १०७. ××× कथं त्रिषष्ट्यधिकं सागरोपमाणां शतं चतुःपल्याधिकं च यावद् बध्नेति चेदुच्यते- क्षपितकर्मांशस्त्रिपल्योपमायुष्केषु मनुजेषु मध्ये समुत्पन्नस्तत्र देवद्विकमेव बध्नाति, न तिर्यग्द्विकं नाप्युद्योतम् । तत्र चान्तर्मुहूर्ते शेषे सत्यायुषि सम्यक्त्वमवाप्य ततोऽप्रतिपतितसम्यक्त्व एव पल्योपमस्थितिको देवो जातः । ततोऽप्यप्रतिपतितसम्यक्त्वो देवभवाच्च्यत्वा मनुष्येषु मध्ये समुत्पन्नः । ततस्तेनैवाप्रतिपतितेन सम्यक्त्वेन सहित एकत्रिंशत्सागरोपमस्थितिको ग्रैवेयकेषु मध्ये देवो जातः । तत्र चोत्पत्त्यनन्तरमन्तर्मुहूर्तादूर्ध्वं मिथ्यात्वं गतः । ततोऽन्तर्मुहूर्तविशेषे आयुषि पुनरपि सम्यक्त्वं लभते । ततो द्वे षट्षष्टी सागरोपमाणां यावन्मनुष्यासुरसुरादिषु सम्यक्त्वमनुपालयति तस्याः सम्यक्त्वाद्धाया अन्तर्मुहूर्ते शेषे शीघ्रमेव क्षपणायां समुद्यतः । ततश्चैविधिना त्रिषष्ट्यधिकं सागरोपमाणां शतं चतुष्पल्याधिकं च यावत्तिर्यग्द्विकमुद्योतं च बन्धरहितं भवतीति । मलय. ✡ काप्रतौ ' जेसिं ' इति पाठः । ✡ हस्स कालं बंधिय चिरओ आहारसरीर गतुं । अविरइ मणुअबलंतस्स जा थोव उव्वेल्लणा ॥ क. प्र. २, १०६.

सयगतब्भवत्थस्स एदासिं पयडीणं जहण्णओ पदेससंकमो ✽ ।

तेजा-कम्मइयसरीर-तब्बंधण✿-संघाद-पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-अगुरुअलहुअ-परघाद--उस्सास--पसत्थविहायगइ-तस--बादर--पज्जत्त--पत्तेयसरीर-थिर--सुभ-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज-जसकित्ति-णिमिणणामाणं जहण्णओ पदेससंकमो कस्स? ⊡ जो कसाए अणुवसामेदूण ☮ सेसेहि पयारेहि जहण्णयं संतकम्मं कादूण तदो खवणाए अब्भुट्ठिदो तस्स आवलियअपुव्वकरणस्स एदासिं पयडीणं जहण्णओ पदेससंकमो ✿ ।

पसत्थसंठाण-संघडणाणं कम्मइयभंगो। अप्पसत्थवण्ण-गंध-रस-फास-उवघाद-अथिर-असुह-अजसकित्तीणं जहण्णओ पदेससंकमो कस्स? जो ❤ जहण्णेण कम्मेण चदुक्खुत्तकसाए उवसामेदूण गुणसेडीहि गालिय सव्वलहुं खवणाए अब्भुट्ठिदो तस्स चरिम-समयअधापवत्तकरणे वट्टमाणस्स जहण्णओ पदेससंकमो। अप्पसत्थसव्वसंठाणसंघड-णाणं अप्पसत्थविहायगइ-दूभग--दुस्सर-अणादेज्ज-णीचागोदाणं णवुंसयवेदभंगो ♠ । आदाव----थावर----सुहुम---अपज्जत्त---साहारणसरीराणं तिरिक्खगइभंगो ।

मनुष्यों या तिर्यंचोंमें उत्पन्न हुआ है उसके तद्भवस्थ होनेके अन्तिम समयमें इन प्रकृतियोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है ।

तैजस व कार्मण शरीर तथा उनके बन्धन व संघात, प्रशस्त वर्ण, गन्ध रस व स्पर्श, अगुरुलघु, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, स्थिर, शुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशकीर्ति और निर्माण नामकर्मोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है ? जो कषायोंका उपशम न करके शेष प्रकारों द्वारा जघन्य सत्कर्म करके तत्पश्चात् क्षपणमें उद्यत हुआ है; उस आवली कालवर्ती अपूर्वकरणके इन प्रकृतियोंका जघन्य प्रदेश-संक्रम होता है ।

प्रशस्त संस्थान और प्रशस्त संहननकी प्ररूपणा कार्मणशरीरके समान है । अप्रशस्त वर्ण, गन्ध, रस व स्पर्श, उपघात, अस्थिर, अशुभ और अयशकीर्तिका जघन्य प्रदेशसंक्रम किसके होता है? जो जघन्य सत्कर्मके साथ चार बार कषायोंको उपशमा करके गुणश्रेणियोंके द्वारा गलाकर सर्वलघु कालमें क्षपणामें उद्यत हुआ है, उसके अधःप्रवृत्तकरणके अन्तिम समयमें वर्तमान होनेपर उक्त प्रकृतियोंका जघन्य प्रदेशसंक्रम होता है । अप्रशस्त सब संस्थानों और संहननोंका तथा अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रकी प्ररूपणा नपुंसक-वेदके समान है। आतप, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणशरीरकी प्ररूपणा तिर्यंचगतिके

✽ णर-तिरियाण तिपल्लरसंते ओरालियस्स पाउग्गा। क. प्र. २, १११. ✿ काप्रतौ 'सरीर-बंधण', ताप्रतौ 'सरीर २-बंधण' इति पाठः ⊡ 'अ-काप्रत्योर्नोपलभ्यते पदमिदम्। ☮ अप्रतौ 'उवसामेदूण' इति पाठः। ✿ खत्तीसाए सुभाणं सेढिमणारुहिय सेसगविहीहिं। कट्टु जहण्ण खवणं अपुव्वकरणालिया अंते॥ क, प्र. २, १०९. ❤ अ-काप्रत्योः 'जे' इति पाठः। ♠ सम्मद्दिट्ठिअजोग्गाण सोलसण्हं पि अमुभधुवाईणं। थीवेएण सरिसगं णवरं पढमं तिपल्लेसु॥ क, प्र. २, ११०.

णवरि छट्ठीए पुढवीए अंते सम्मत्तं घेत्तूण सम्मत्तेण सह णिग्गदो, पुणो सव्वं पि पंचासीदिसागरोवमसदं पूरेदव्वं। एसो तिरिक्खगदीदो एदासिं विसेसो*। विगलिंदियजादिणामाणं साहारणसरीरभंगो।

उच्चागोदस्स मणुसगइभंगो। तित्थयरणामाए जहण्णओ पदेससंकमो कस्स? जहण्णएण कम्मेण पढमाए जहण्णजोगेण जो बद्धो समयपबद्धो तमावलियादीदं संकामेंतस्स जहण्णओ पदेससंकमो, चरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स वा विज्झादेण जहण्णसंकमो*। एवं सामित्तं।

समान है। विशेषता इतनी है कि छठी पृथिवीमें अन्तमें सम्यक्त्वको ग्रहण करके और सम्यक्त्वके साथ निकलकर फिर सभीको एक सौ पचासी सागरोपम तक पूरा करना चाहिये। यह इन प्रकृतियोंके तिर्यंचगतिमें विशेषता है।

